(4) ''श्रम और रोजगार मंत्रालय से संबंधित लंबित आश्वासनों की समीक्षा'' के बारे में 34वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(5) ''आश्वासनों को छोड़ने के लिए अनुरोध (माने गए)'' के बारे में 35वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(6) ''आश्वासनों को छोड़ने के लिए अनुरोध (न माने गए)'' के बारे में 36वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(7) ''स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग) से संबंधित लंबित आश्वासनों की समीक्षा'' के बारे में 37वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

(8) ''ग्रामीण विकास मंत्रालय (भू-संसाधन विभाग) से संबंधित लंबित आश्वासनों की समीक्षा'' के बारे में 38वां प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा)।

———

13.05 ½ hrs

COMMITTEE ON WELFARE OF SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES

Action Taken Statement

डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम) : अध्यक्ष महोदय, मैं "अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास में विश्वविद्यालयों, तकनीकी, चिकित्सकीय तथा अभियांत्रिकी सहित शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका – दिल्ली विश्वविद्यालय में आरक्षण नीति का कार्यान्यवन" विषय के संबंध में शिक्षा मंत्रालय (उच्च शिक्षा विभाग) से संबंधित 5वें प्रतिवेदन (16 वीं लोक सभा) पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के 22 वें प्रतिवेदन (16 वीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई अन्तिम कार्रवाई संबंधी विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

13.06 hrs

STANDING COMMITTEE ON AGRICULTURE

27th and 28th Reports

SHRI P. C. GADDIGOUDAR (BAGALKOT): Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of Standing Committee on Agriculture (2020-21):-

1. 27th Report on 'Demands for Grants (2021-22)' of the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying (Department of Fisheries).
2. 28th Report on 'Demands for Grants (2021-22)' of the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying (Department of Animal Husbandry and Dairying).

———

13.06 ½ hrs

STANDING COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS

8th Report

श्री पी. पी. चौधरी (पाली) : अध्यक्ष महोदय, मैं विदेश मंत्रालय की वर्ष 2021-22 की अनुदानों की मांगों के बारे में विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति का 8 वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

———

13.07 hrs

STANDING COMMITTEE ON URBAN DEVELOPMENT

(i) 6th and 7th Reports

SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ): Sir, I beg to present the following Action Taken Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Urban Development:-

1. Sixth Report on Action Taken by the Government on the Recommendations/Observations contained in the Twenty Fourth Report (Sixteenth Lok Sabha) on the subject, 'Rainwater Harvesting in Metropolitan Cities.'
2. Seventh Report on Action Taken by the Government on the Recommendations/Observations contained in the Twenty Fifth Report (Sixteenth Lok Sabha) on the subject, 'Solid Waste Management including Hazardous waste, Medical waste and E-waste.'

(ii) **Action Taken Statements**

SHRI JAGDAMBIKA PAL : Sir, I beg to present the following Final Action Taken Statements on First and Second Reports (Seventeenth Lok Sabha) of Standing Committee on Urban Development:-

(1) Statement on Final Action Taken on the Third Report on Action Taken by the Government on 1st Report (Seventeenth Lok Sabha) on Demands for Grants (2019-20) of Ministry of Housing and Urban Affairs.

(2) Statement on Final Action Taken on the Fourth Report on Action Taken by the Government on 2nd Report (Seventeenth Lok Sabha) on Demands for Grants (2020-21) of Ministry of Housing and Urban Affairs.

———

13.07 ½ hrs

STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS

16th to 22nd Reports

SHRI UDAY PRATAP SINGH (HOSHANGABAD): Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Chemicals and Fertilizers (2020-21):-

(1) Sixteenth Report on the subject 'Demand and Availability of Petrochemicals including Imports and Exports' of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Chemicals and Petrochemicals).

(2) Seventeenth Report on the subject 'Review of Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana' of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals).

(3) Eighteenth Report on the subject 'Revival of closed and sick Fertilizers Units' of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Fertilizers).

(4) Nineteenth Report on 'Demands for Grants (2021-22)' of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Chemicals and Petrochemicals).

(5) Twentieth Report on 'Demands for Grants (2021-22)' of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Fertilizers);

(6) Twenty-First Report on 'Demands for Grants (2021-22)' of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals).

(7) Twenty-second Report on the subject 'Status of COVID-19 vaccine production in India' of the Ministry of Chemicals and Fertilizers (Department of Pharmaceuticals).

———

13.08 hrs

STANDING COMMITTEE ON COMMERCE

159th and 160th Reports

SHRI MAGUNTA SREENIVASULU REDDY (ONGOLE): Sir, I beg to lay on the Table the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Commerce:-

(1) 159th Report on the Demands for Grants 2021-22 (Demand No.10) of the Department of Commerce, Ministry of Commerce and Industry.

(2) 160th Report on the Demands for Grants 2021-22 (Demand No.11) of the Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Ministry of Commerce and Industry

———

13.08 ½ hrs

STANDING COMMITTEE ON INDUSTRY

304th to 307th Reports

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं उद्योग संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं **:-**

(1) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-22) संबंधी 304वां प्रतिवेदन।

(2) लोक उद्यम विभाग (भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-22) संबंधी 305वां प्रतिवेदन।

(3) भारी उद्योग विभाग (भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-22) संबंधी 306वां प्रतिवेदन।

(4) पीएसयू पर कोविड-19 का प्रभाव और ''आत्मनिर्भर भारत अभियान'' के अंतर्गत पीएसयू द्वारा की गई पहलों संबंधी 307वां प्रतिवेदन।

13.09 hrs

STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE

291st Report

श्री सुनील कुमार पिन्टू (सीतामढ़ी) : अध्यक्ष महोदय, मैं परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी समिति के नागर विमानन मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2021-22) संबंधी 291**वां** प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

———

13.09 ½ hrs

STANDING COMMITTEE ON HEALTH AND FAMILY WELFARE

128th Report

DR. DNV SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI): Sir, I beg to lay on the Table the 128th Report (Hindi and English versions) on Demands for Grants 2021-22 (Demand No.4) of the Ministry of AYUSH of the Standing Committee on Health and Family Welfare.

———

13.10 hrs

STATEMENTS BY MINISTERS

(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 338th Report of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change on Demands for Grants (2020-21) pertaining to the Department of Space*

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION, MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS, MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH): Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 338th Report of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change on Demands for Grants (2020-21) pertaining to the Department of Space.

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 3886/17/21.

13.11hrs

(ii) (a) Status of implementation of the recommendations/observations contained in the 6th Report of the Standing Committee on Information Technology on Demands for Grants (2020-21), pertaining to the Department of Telecommunications, Ministry of Communications*

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपने सहयोगी श्री संजय शामराव धोत्रे की ओर से निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं:

दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के छठे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(b) Status of implementation of the recommendations/observations contained in the 7th Report of the Standing Committee on Information Technology on Demands for Grants (2020-21), pertaining to the Department of Posts, Ministry of Communications*

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं अपने सहयोगी श्री संजय शामराव धोत्रे की ओर से निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं:

डाक विभाग, संचार मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के सातवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

———

* Laid on the Table and also placed in Library, See Nos. LT 3887/17/21 and 3888/17/21 respectively.

13.11 ½ hrs

MOTION RE: TWENTY-FIRST REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Sir, I beg to move:

> "That this House do agree with the Twenty-first Report of the Business Advisory Committee presented to the House on 16th March, 2021."

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

> "कि यह सभा 16 मार्च, 2021 को सभा में प्रस्तुत कार्य मंत्रणा समिति के 21वें प्रतिवेदन से सहमत है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

13.12 hrs

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR), 2020-21

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I beg to present a statement (Hindi and English versions) showing the Supplementary Demands for Grants in respect of the Union Territory of Jammu and Kashmir for 2020-21.

13.12 ½ hrs

UNION TERRITORY OF JAMMU AND KASHMIR BUDGET, 2021-22

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I beg to present a statement (Hindi and English versions) of estimated receipts and expenditure of the Union Territory of Jammu and Kashmir for the year 2021-22.

13.13 hrs

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (UNION TERRITORY OF PUDUCHERRY), 2020-21

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I beg to present a statement (Hindi and English versions) showing the Supplementary Demands for Grants in respect of the Union Territory of Puducherry for 2020-21.

———

13.14 hrs

UNION TERRITORY OF PUDUCHERRY BUDGET, 2021-22

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I beg to present a statement (Hindi and English versions) of estimated receipts and expenditure of the Union Territory of Puducherry for the year 2021-22.

———

13.15 hrs

MATTERS UNDER RULE 377*

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आज नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है। आप अपने मामलों के अनुमोदित पाठ सदन के पटल पर रख सकते हैं।

(i) Regarding flouting of pollution control norms by Indian Oil Corporation Limited Refinery, Panipat, Haryana

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मैं सरकार को अवगत कराना चाहूंगा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि0 की पानीपत स्थित रिफाइनरी को प्रदूषण फैलाने और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का दोषी माना है। इस मामले में एनजीटी ने रिफाइनरी पर एक बार पुनः दिनांक 26-07-2020 में 25 करोड़ रुपये का जुर्माना किया है।

मैं इस तथ्य से भी अवगत कराना चाहूंगा कि प्रदूषण फैलाने और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का दोष साबित होने पर रिफाइनरी पर एनजीटी पहले भी दिनांक 17-05-2019 में 17.31 करोड़ रूपये का जुर्माना वसूल चुकी है। पानीपत रिफाइनरी द्वारा प्रदूषण फैलाने और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के आरोप में जाँच करने वाली संयुक्त कमेटी पानीपत रिफाइनरी पर 642.18 करोड़ रूपये जुर्माने की अनुशंसा कर चुकी है। संयुक्त समिति की जांच में रिफाइनरी के कारण भूजल के खराब होने, रिफाइनरी से निकलने वाली विभिन्न प्रकार की गैस से नागरिकों का स्वास्थ्य खराब होने की कड़वी सच्चाई सामने आई है। रिफाइनरी में पर्यावरणीय संयंत्र न लगाए जाने के परिणामस्वरूप प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है और पानी के दोहन से स्थानीय ग्रामीणों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है जिसके लिए आई0ओ0सी0 के अधिकारी जिम्मेवार है।

दूसरे, मेरी जानकारी में यह भी आया है कि सादिक नगर, नई दिल्ली स्थित इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि0 के सी0एम0डी0 कार्यालय को गत वर्ष करोड़ों रू0 की राशि व्यय करके सुसज्जित

* Treated as laid on the Table.

किया गया है। मैं समझता हूं कि आप भी इस तथ्य से जरूर सहमत होंगे कि आज जहां हमारा देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व कोविड जैसी महामारी से जूझ रहा है, वहां एक नवरत्न कम्पनी द्वारा करोड़ों रू0 की राशि को कार्यालय को सुसज्जित किए जाने की आवश्यकता नहीं थी।

अतः मेरा अनुरोध है कि पानीपत स्थित इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन लि0 की उत्पाद क्षमता बढ़ाए जाने के दौरान पर्यावरणीय संयंत्रों की व्यवस्था न किए जाने तथा विश्वव्यापी कोविड महामारी के दौरान सी0एम0डी0 कार्यालय को सुसज्जित करने के लिए करोड़ों रू0 की राशि व्यय किए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जिम्मेवारी सुनिश्चित करते हुए की गयी कार्यवाही से मुझे भी अवगत कराने का कष्ट करें।

(ii) Need to construct a RuB/Underpass/RoB at level crossing no. 18C between Kaptanganj and Khush hal Nagar in Maharajganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, उ.प्र. में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में गोरखपुर-सिसवां-नरकटियागंज रेल मार्ग पर कप्तानगंज से खुशहाल नगर रेलवे स्टेशन के मध्य रेल क्रासिंग सं.-18 सी बंद होने से पचीसों गांव की आबादी को खेती-बाड़ी तथा दाह संस्कार के लिये बनाये गये स्थल तथा ऐतिहासिक खूंटा मैदान तक आने जाने मे काफी परेशानी है। क्षेत्रीय जनता ने उक्त रेलवे क्रासिंग के बदले अन्डरपास/ आरयूबी /आरओबी का निर्माण कराये जाने का अनुरोध किया है। मैने भी इस रेलवे क्रासिंग के बदले अन्डरपास/ आरयूबी /आरओबी का निर्माण कराये जाने के लिये कई बार आग्रह किया है। इस रेलवे क्रासिंग के बदले अन्डरपास/ आरयूबी /आरओबी का निर्माण कराये जाने की अत्यन्त आवश्यकता है।

मेरा अनुरोध है कि गोरखपुर-सिसवां-नरकटियागंज रेलमार्ग पर कप्तानगंज से खुशहाल नगर के मध्य रेल क्रासिंग सं.- 18 सी पर आरयूबी/अन्डरपास/आरओबी का निर्माण कराने की कृपा करें।

(iii) Need to develop a waterway on Saryu river between Manjhi in Bihar and Ayodhya in Uttar Pradesh

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): बिहार में मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण जिला अंतर्गत मांझी, सरयू नदी (घाघरा) के किनारे स्थित है। मांझी पुरातात्विक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। धार्मिक दृष्टि से भी इस स्थल की प्रसिद्धि है। विशेष बात यह है कि यह स्थल उत्तर प्रदेश की बलिया जनपद की सीमा पर स्थित है। माना जाय तो मांझी पूर्वी उत्तर प्रदेश को सीधे तौर पर बिहार से जोड़ता है। पर्यटन की दृष्टि से भी लोग मांझी से बिहार के अन्य पर्यटन क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश के पर्यटक स्थल और धार्मिक स्थलों विशेष रूप से देश के धार्मिक केंद्र रामनगरी अयोध्या आना-जाना करते है। चूंकि अयोध्या भी मांझी की तरह सरयू (घाघरा) नदी के किनारे स्थित है। इसलिए मांझी एवं अयोध्या को सीधे तौर पर जलीय मार्ग से जोड़ते हुए जलीय यातायात शुरू किया जा सकता है। वर्तमान में यहाँ से उत्तर प्रदेश सहित अन्य स्थलों पर यातायात के लिए रेल एवं सड़क यातायात की सुविधा तो उपलब्ध है ही।

मांझी से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक सरयू नदी में एक जलीय मार्ग विकसित किये जाने से सड़क एवं रेल यातायात के भार को भी कम किया जा सकता है। सबसे प्रमुख बात यह है कि देश के जलीय पर्यटन एव धार्मिक स्थलीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकेगा। वैसे भी हमारी सरकार पर्यटन एवं जलीय यातायात को विकसित करने के प्रति गंभीर रूप से प्रयासरत है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि हमारे संसदीय क्षेत्र के मांझी से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक यातायात के लिए सरयू नदी (घाघरा) में एक वृहद जलीय यातायात मार्ग को शुरू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाया जाये जिससे की जनता को जलीय मार्ग से भी यात्रा करने की सुविधा मिल सके।

(iv) Regarding redevelopment of residential colonies falling under funnel zone near Mumbai Airport

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): मुम्बई शहर में फनल जोन में पड़ने वाले अधिकांश इमारते पुनर्विकास की प्रतिक्षा कर रही है। फनल जोन रनवे के दोनो ओर से बाहर और ऊपर की ओर फैला हुआ भाग होता है। मुम्बई शहर में इस फनल जोन में लगभग 6000 इमारते आती है जो 30 से 40 वर्ष पुरानी है जिसमें से अधिकांश की हालत बेहद ही जर्जर है। हवाई अड्डे के निकट विले पार्ले, सैंटाक्रूज, कुर्ला और घाटकोपर इलाके में हाईट रिस्ट्रिक्शन के कारण वर्षो से इन इमारतों का पुनर्विकास नहीं हो पा रहा है। इस क्षेत्र में एक अनुमान के अनुसार लगभग 4 से 5 लाख लोग रहते है और वर्षों से केन्द्र एवं राज्य सरकार से राहत की गुहार कर रहे है। इस जोन में बने मकानो को अधिक रहने योग्य बनाने के लिए पुनर्विकास की अत्यंत एवं तुरंत आवश्यकता है। ऊचाई की प्रतिबद्धता के कारण कोई भी डेव्लपर इस जोन पर आने वाले कालोनियो का पुनर्विकास करने में रूचि नही दिखाता है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि मुम्बई सघन आबादी वाला शहर है इस लिए यहाँ फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफ.एस.आई.) और जिन्होने एफ.एस.आई. का इस्तेमाल नहीं किया है उसे स्थानांतरित कर फनल जोन के कलोनियों को छूट देने पर विचार किया जाए। सरकार इस क्षेत्र के निवासियो को जल्द से जल्द राहत दे ताकि उनका पुर्नवास वित्तीय रूप से भी और व्यावाहरिक रूप से भी हो सके।

(v) Regarding Coronation Bridge over Teesta River

SHRI RAJU BISTA (DARJEELING): The Coronation Bridge, which connects Darjeeling, Sikkim and rest of 'Chicken Neck' region with Jalpaiguri district over Teesta River was built in 1937.

Today, the main pillars of the bridge on both sides of the Teesta banks are on the verge of being washed away, and damages have been caused by the 2011 earthquakes.

Though some temporary repair work has been undertaken, yet the bridge is a grave risk to the public, and our national security.

The bridge is vital for both civil and military purposes. Given that this region borders China, Bhutan and Bangladesh, it is important from the National Security perspective also.

The construction of the alternative bridge connecting Sevoke in Darjeeling to Ellenbari in Jalpaiguri is in process, but slow response by the West Bengal Govt is causing delay.

I urge the Union Govt to declare this project as being of National Significance and expedite construction of the alternative bridge.

(vi) Regarding inclusion of all Gurjar caste & sub caste in Central OBC list in Raver Parliamentary Constituency, Maharashtra

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): मेरे निर्वाचन क्षेत्र रावेर जिला जलगाँव, बुलढाना, एवं धुलिया व् नंदुरबार जिला के मूल निवासी गुर्जर, उपजाति लेवा गुर्जर, लेवे गुर्जर, रेवा गुर्जर, रेवे गुर्जर, सुर्यवंशी गुर्जर, बद गुर्जर आदि जाति व उपजाति समुदाय महाराष्ट्र राज्य के ओबीसी(OBC) सूची में सम्मिलित हैं और आरक्षण का लाभ राज्य में लेने के लिए पात्र है। महाराष्ट्र राज्य ने इस जाति व उपजाति समुदाय को केंद्र सरकार की ओबीसी (OBC) सूचीमें सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव पिछले कई दिनों से सरकार में लंबित है। इस संदर्भ में अनेक आवेदन सामाजिक न्याय मंत्रालय एवं NCBC कमीशन में किये है लेकिन आज तक कोई कार्रवाईनहीं हुई| यह भी ज्ञात हुआ है कि NCBC कमीशन ने यह प्रस्ताव रोहिणी कमीशन को संस्तुति के लिए वर्ग किया है, मै सरकार से निवेदन करती हूँ कि गुर्जर जाति व उपजाति समुदाय को जल्द से जल्द केंद्र सरकार की ओबीसी (OBC) सूची में सम्मिलित करने की अनुमति प्रदान करे और तब तक महाराष्ट्र के इन जाति व उपजाति के सभी पात्र उम्मीदवारों को केंद्र सरकार के सभी आरक्षण के लाभ मिले, यह सुनिश्चित करनेका अनुरोध मैं सरकार से करती हूँ|

(vii) Need for doubling of Phulera - Rewari railway section

श्री भागीरथ चौधरी (अज़मेर): उत्तर पश्चिमी रेलवे के जयपुर मण्डल में अहमदाबाद-अजमेर-जयपुर रेलमार्ग पर स्थित फुलेरा रेलवे स्टेशन राजस्थान का सबसेबडा एवं पुराना रेलवे जंक्शन है। वर्तमान में फुलेरा से रेवाडी रेलखण्ड मार्ग की दूरी लगभग 213 किमी है जिस पर विद्युतीकरण का कार्यपूर्ण है किन्तु इसके दोहरीकरण की महती आवश्यकता है। वर्तमान में उक्त रेलखण्ड मार्ग से मध्य राजस्थान का उत्तरी राजस्थान के शेखावटी क्षेत्र के सीकर, झूंझुनू, चुरू एवं नागौर जिले का सीधा जुड़ाव होने के साथ-साथ देशभर की धार्मिक आस्था का केन्द्र रिंगस खाटूश्यामजी, सालासर बालाजीधाम और शाकम्भरी माताजी से भी जुड़ा हुआ है। यदि इस फुलेरा-रेवाडी रेलखण्ड मार्ग का दोहरीकरण कार्य आगामी बजट वर्ष 2021-22 के रेल बजट प्रावधानों में स्वीकृत कर दिया जाता है तो देश भर के सैनिक भाईयो, विद्यार्थियों एवं व्यापारियों को हरियाणा एवं दिल्ली से ज्यादा सम्पर्क सुविधा मिलेगी और वर्तमान में जयपुर-अलवर-रेवाडी रेलखण्ड मार्ग पर चलने वाला रेल यातायात भार भी कम हो जाएगा एवं भविष्य में व्यावसायिक एवं औद्योगिक गतिविधियों के बढने से अतिरिक्त नवीन रेल मालगाड़ियां के संचालन का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

(viii) Regarding patients suffering from Lyosomal Storage Disorders (LSD)

DR. (PROF.) KIRIT PREMJIBHAI SOLANKI (AHMEDABAD WEST): I urge upon the Government to provide medical care and subsidized medicines to economically weaker patients suffering from Lysosomal Storage Disorders (LSD), which is a group of 50 rare genetically inherited disorders which can affect the metabolic functions in the human body by damaging Lysosomal functions. Lysosomes are sacs of enzymes within cells which digest large molecules and pass the fragments on to other parts of the cell for recycling. Medicines for most of these diseases are imported and thus expensive. Bombay High Court has asked State and Central government to look into this and make a plan to deal with this fatal disease.

(ix) Need to set up Mineral based industry in Tikamgarh district, Madhya Pradesh

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): मध्यप्रदेश के बुंदेलखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र का टीकमगढ़ जिला व्यवसायिक और औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है।यहाँ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उद्योग की स्थापना किया जाना अत्यंत आवश्यक है। टीकमगढ़ जिले अंतर्गत डायस्पोर/पायरोफिलाईट एवं बॉक्साईट खनिज प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यदि इन खनिजों से संबंधित उद्योग स्थापित किया जाता है तो टीकमगढ़ जिले में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। खनिज आधारित उद्योग स्थापित करने की दिशा में केन्द्रीय स्तर पर सर्वे कराकर किसी बड़े उद्योग को स्थापित करने का कार्य किया जाये तो यह कार्य मेरे संसदीय क्षेत्र के विकास में एवं लोगों को रोजगार प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। इसके लिए केन्द्रीय सर्वे एजेन्सी को सर्वें का कार्य प्रदान कर टीकमगढ़ जिले में खनिज आधारित उद्योग स्थापित किया जाये।

(x) Regarding extension of under-construction overbridge between railway platforms in Swaroopnagar in Sirohi district, Rajasthan

श्री देवजी पटेल (जालौर): मेरे लोक सभा क्षेत्र के सिरोही जिले के स्वरूपगंज नगर के आसपास के करीब 50 गाँवों की प्रमुख मंडी हैं। नगर की आबादी 20000 हजार से ऊपर हैं। दो पैसेंजर लाईन व दो पश्चिमी फ्रन्ट कोरीडोर की दो लाईन आने से नगर दो भागों में विभक्त हो गया हैं। पैसेंजर दो लाईनो पर रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा एक प्लेट फार्म सें दूसरे प्लेटफार्म यात्रियों के लिये ओवर ब्रिज निर्माणाधीन हैं। आपसे आग्रह हैं उस ओवर ब्रिज को नगरहित में डी एफ सी लाईन पर होकर नगर के पश्चिमी परिसर सें पूर्वी भाग को जोड़ते हुऐ एक्सटेंशन कर दिया जाय तो नगर वासियों एवं इस क्षेत्र के किसानो, आम नागरिकों एवं छात्रो को बहुत सुविधा होगी जिससे आये दिन रेल लाईन क्रॉस कर जाने आने वालों पर अंकुश लगेगा और दुर्घटनाएँ भी नही होगी।

(xi) Regarding Ch*ambal-Panchana-Jagar lift project* for drinking and irrigation purpose in Karauli Parliamentary Constituency, Rajasthan

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र के करौली जिले की चम्बल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना पेयजल एवं सिंचाई से संबंधित एक अत्यन्त महत्वपूर्ण परियोजना है। इसकी मांग कई दशकों पुरानी है। जगर बांध बीते कुछ दशकों में समीपस्थ पहाड़ियों में अवैध खनन होने के कारण आवक की कई प्रमुख धाराऐं बन्द होने से इसके सूखने से इसकी नहरें सूख गयी हैं। इस कारण हिण्डौन उपखण्ड के किसानों की खेती पर काफी प्रभाव पड़ा है। उक्त परियोजना के द्वारा लगभग 02 लाख की आबादी वाले हिण्डौन सिटी कस्बे की पेयजल समस्या का समाधान भी संभव हो सकेगा। वर्तमान में यह परियोजना ई.आर.सी.पी. में सम्मिलित है। क्योंकि उक्त ई.आर.सी.पी. काफी विस्तृत परियोजना है, इसमें पूर्वी राजस्थान के 13 जिले सम्मिलित हैं। राजस्थान की वर्तमान सरकार के रवैये के कारण इसमें चम्बल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना को पर्याप्त महत्व मिल पाने की संभावनाऐं सीमित हैं। अतः सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की चम्बल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना के लिए राज्य सरकार से पृथक से प्रस्ताव तैयार कर मंगवाने तथा उक्त योजना के कार्य को शीघ्र आरंभ करवाने की कृपा करें।

(xii) Regarding inclusion of Khasi language in 8th schedule to the Constitution

SHRI VINCENT H. PALA (SHILLONG): The Khasi language is spoken by over 14 lakh people in India, and has its own script, with a rich history of literature and traditions. Its academic development is also quite significant with it being a subject at both school and degree level. Yet, this language has not found a place in the 8th schedule to the Indian Constitution, which would significantly bolster its development and recognise the aspirations of its speakers. There is no comprehensive reply from the Government as to why it has not yet been included in the 8th schedule. There has been no update regarding the criteria for inclusion of languages either, to shed clarity on the matter. The development and protection of linguistic minorities is a constitutionally guaranteed right. Hence, inclusion of Khasi language, essential to preserving their culture, is a legitimate demand of the people, especially considering its remarkable evolution over the years.

(xiii) Regarding problems of bank retirees

SHRI MAGUNTA SREENIVASULU REDDY (ONGOLE) : I want to raise the problems of bank retirees. Bank retirees are demanding for Improvement of Family Pension as their present family pension is quite low i.e 15% of last pay. At present there are about 75,000 family pensioners (excluding SBI) in Banking Industry. Most of them are female. They are demanding to update their pension. Government has approved updation for RBI retirees in 2019. The retirees of other banks are drawing very low pension in the absence of even a single updation exercise during the last 20 years.

There is a need for improvement in Ex-gratia amount payable to pre 1986 retirees & their spouses: There are about 2,000 surviving retirees and about 1,500 surviving spouses who retired before 1986 and all are 93 plus in age and super senior citizens. They are getting paltry amount by way of ex-gratia amount from the banks. They are also requesting for revision in the amount on urgent basis. I request Hon'ble Minister to consider the demands of bank retirees favourably.

(xiv) Need to frame stringent laws and set up fast track courts to curb crimes against women

श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): भारत में महिलाओं को देवी और शक्ति का दर्जा दिया जाता है। परन्तु आज देश में महिलाओं पर अत्याचार और बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही है। सितंबर 2020 के नवीनतम सरकारी विभाग राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार देश में 2019 में प्रतिदिन औसतन 87 बलात्कार के मामले हुए जो वर्ष 2018 के दौरान हुए अपराधों की संख्या से अधिक है। यूoपीo के हाथरस में दलित महिला के साथ क्रूर बलात्कार हुआ बाद में महिला का निधन हो गया। ज्यादातर महिलाओं के खिलाफ आपराधिक कुकृत्य पति और रिश्तेदारों के द्वारा होते है। अभी हाल में केरल राज्य में 44 अपराधियों द्वारा एक लड़की से गैंग रेप किया गया । फास्ट कोर्ट में भी शीघ्र न्याय नहीं मिल पा रहा है। अपराधों की गंभीरता को देखते हुए सरकार को और कड़े कानून तथा अधिक फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने चाहिए जिससे महिलों की अस्मिता को सुरक्षा प्रदान की जा सके।

(xv) Need to set up an International Airport at Rajgir in Nalanda Parliamentary Constituency, Bihar

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में राजगीर का ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत बड़ा महत्व है। राजगीर नालंदा का एक अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक स्थल है। यहाँ बड़ी संख्या में देश-विदेश से साल भर सैलानी आते रहते हैं। नालंदा में अन्तराष्ट्रीय विश्वविद्यालय भी है। यहाँ पावापुरी जैन धर्म के अनुयायियों का भी धार्मिक स्थल हैं

राजगीर का अपना प्राचीन इतिहास और एक अपना ही महत्व है। राज्य सरकार भी राजगीर को विश्व के पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए वहाँ सभी प्रकार के विकास कार्य कर रही है। राजगीर में रक्षा मंत्रालय का आयुध कारखाना भी है। वहाँ विश्व का दूसरा ग्लास-ब्रिज बना है। पंच पहाड़ियों से घिरे हुए राजगीर में यात्रियों की सुविधा के लिए एक पाँच–सितारा होटल होना अनिवार्य है। इसी क्रम में मैं राजगीर में एक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने के लिए केन्द्र से माँग करता हूँ। बिहार सरकार भी इसके लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास भेज चुकी है। किन्तु यह प्रस्ताव अभी तक लंबित है। इसे अविलम्ब स्वीकृत करने की आवश्यकता है।

अत: केन्द्र सरकार से मेरी माँग है कि पर्यटक स्थल राजगीर में एक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा की स्वीकृति प्रदान करे जिससे वहाँ आने-जाने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को सहूलियत प्रदान की जा सके।

(xvi) Regarding creation of districts in Telangana

Dr. G. RANJITH REDDY (CHEVELLA) : People of Telangana are grateful to Home Minister for increasing the number of districts to 31 which help in easy administration. Subsequently, Telangana Government, for better governance, decided to create two more districts and include Vikarabad district – currently under Jogulamba Zone-VII – in Charminar Zone-VI. This proposal has been sent to the Home Ministry for getting Presidential assent.

Since above proposal is pending with Home Ministry, State Government is not able to take up recruitment process for zonal, multi-zonal and even district cadre posts. This is creating anxiety, tension and unrest among young people who are waiting for Home Ministry to clear proposal and State Government to issue notifications for recruitment. Now, recently, court has also given its green signal for Presidential assent. Hence, I request the Home Minister to intervene personally and get Presidential assent which would enable Government of Telangana to issue notification for recruitment to various Government posts.

———

13.16 hrs

UNION BUDGET (2021-22) – DEMANDS FOR GRANTS ….Contd.

Ministry of Health and Family Welfare

माननीय अध्यक्ष: अब सभा में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांग संख्या 44 और 45 को चर्चा तथा मतदान के लिए लिया जाएगा।

सभा में उपस्थित जिन माननीय सदस्यों के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों पर कटौती प्रस्ताव परिचालित किए गए हैं, यदि वे अपने कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो 15 मिनट के भीतर सभा पटल पर पर्चियाँ भेज दें, जिनमें उन कटौती प्रस्तावों की संख्याएं लिखी हों, जिन्हें वे प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इस प्रकार प्रस्तुत किए गए कटौती प्रस्तावों की क्रम संख्याओं को दर्शाने वाली सूची कुछ समय पश्चात् सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। यदि सदस्यों को उस सूची में कोई विसंगति मिले तो वे उसकी सूचना तत्काल सभा पटल पर मौजूद अधिकारी को दे दें।

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि अनुदानों की मांगों की सूची के स्तम्भ 2 में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से संबंधित मांग संख्या 44 और 45 के सामने दर्शाये गए मांग शीर्ष के संबंध में 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष में संदाय के दौरान होने वाले खर्चों की आदायगी करने हेतु अनुदानों की मांगों की सूची के स्तम्भ 3 में दर्शायी गयी राजस्व लेखा तथा पूंजी लेखा संबंधी राशियों से अनधिक संबंधित राशियाँ भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को दी जाएं।"

Demands for Grants for 2021-2022 submitted to the vote of the Lok Sabha

No. of Demand	Name of Demand	Amount of Demand for Grant submitted to the vote of the House	
		Revenue (Rs.)	**Capital(Rs.)**
44	Department of Health and Family Welfare	114771,54,00,000	4355,61,00,000
45	Department of Health Research	2663,00,00,000	_____

माननीय अध्यक्ष: आइटम नम्बर 29, श्री मनीष तिवारी।

SHRI MANISH TEWARI (ANANDPUR SAHIB): Hon. Speaker, Sir, thank you very much.

Hon. Speaker, Sir, if my eye sight serves me properly, I do not see the hon. Minister of Health and Family Welfare in the House. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: राज्य मंत्री जी यहाँ पर बैठे हैं।

SHRI MANISH TEWARI: The hon. Minister of State is there.

माननीय अध्यक्ष: कैबिनेट मिनिस्टर अभी मुख्यमंत्रियों के साथ कांफ्रेंस में हैं।

SHRI MANISH TEWARI: It is an extremely important discussion. That is why, I was wondering as to why the hon. Health Minister is not with us. …(*Interruptions*)

Jagdambika Pal Ji, I think, this is the most important discussion that this House is going to have considering what has happened in the past one year.

Mr. Speaker Sir, this discussion is taking place at a point in time when the world is being engulfed, if not overwhelmed, by the second wave of Coronavirus infections. However, there is one thing which is extremely surprising before I come to the Budget numbers. There are certain conceptual questions which need to be raised. COVID-19 originated in Wuhan in November, 2019. In fact, at that point in time, China locked down its own cities but it kept air travel open to the world which allowed the virus to spread across the world. In fact, there is empirical evidence which demonstrates the fact that not only China but even the World Health Organisation, going back to 6th January and 7th January, 2020, was completely and absolutely negligent in warning people about the dangers of this pandemic.

Now we see a very strange spectre where a joint team of the World Health Organisation has completely absolved the Chinese of any responsibility with regard to either the origin of Coronavirus or, for that matter, the proliferation of the Coronavirus pandemic. In fact, the only hypothesis which the WHO-China Joint Team has ruled out is that the virus could have spread as a consequence of a lab accident.

It would be instructive and I would just read out from the Press Conference of the World Health Organisation on the 9th of February, 2021. It says:

> "The hypothesis of the lab leak is put into the matrix of extremely unlikely as a conclusion of the research outcome of the Joint Expert Team."

Sir, this is at a point in time when even the Report of the World Health Organization with regard to the COVID-19 pandemic has not been formally put out in the public space. What surprises is that the World Health Organization is currently chaired by India. The Minister of Health of India is the Chair of the World Health Organization. Is this whitewash of China's culpability with regard to the origin and spread of the virus happening with the connivance of India? I think this is extremely a serious matter and that is why, I was being insistent, right at the beginning, that I wish the hon. Health Minister was here with us and I would like to urge him through his Minister of State for Health, since he chairs the Board of the World Health Organization, to please ensure that the investigation into the origin and proliferation of the COVID-19 virus which has claimed the lives of 2.64 million people till now - and there are 119 million cases - does not become a whitewash of

the culpability of China. That is the most important responsibility which India, as the Chair of the World Health Organization, has to discharge and I do hope that India will not be found wanting in its responsibility that we allowed the proliferators of the COVID-19 virus, the negligence committed by the World Health Organization, to go scot-free.

That is the single most important issue which the Government needs to address.

अध्यक्ष जी, मैं आपकी अनुमति से अगले विषय पर आता हूं, जो कि वैक्सीनेशन का विषय है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार आज तक 3 करोड़ 48 लाख लोगों को टीका लगाया जा चुका है। जिन लोगों की वैक्सीनेशन पूरी हो गई है, जिनको सेकेंड डोज़ मिल गई है, उनकी संख्या 61.68 लाख है।

इसका यह मतलब है कि भारत की 130 करोड़ की जनसंख्या में से 0.047 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण हुआ है। इसके विपरीत हम लोग आज तक 5 करोड़ 94 लाख वैक्सीन की डोज़ेज़ अन्य 72 देशों को एक्सपोर्ट कर चुके हैं। अगर टीकाकरण इसी गति से चलता रहा, तो इसका मतलब यह होगा कि सीरम इन्सटिट्यूट ऑफ इंडिया ने वैक्सीन का जो स्टॉक अभी तक प्रोड्यूस किया है, उसमें से 25 प्रतिशत स्टॉक अप्रैल के अंत तक व्यर्थ हो जाएगा, उसको हम इस्तेमाल ही नहीं कर पाएंगे।

अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा गृह मंत्रालय की स्थायी समिति ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण चिंता जताई है। वह महत्वपूर्ण चिंता यह है कि कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने वैक्सीन की अपनी दूसरी डोज़ नहीं ली है। इसका मतलब है कि वैक्सीन की उनकी पहली डोज़ व्यर्थ हो गई है। इसका सीधा-सीधा तात्पर्य यह है कि टीकाकरण की जो प्रक्रिया है, वह ठीक तरीके से नहीं चल रही है। हम अपने देशवासियों की कीमत पर बाहर के देशों में वैक्सीन एक्सपोर्ट कर रहे हैं। यह कितने विवेक की बात है, यह कितनी संजीदा बात है, इसके ऊपर सरकार को बहुत गंभीरता से विचार करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, मैं अगले विषय पर आता हूं। यह विषय लॉकडाउन का है। हमारे विदेश मंत्री जी यहां आ गए हैं। मैं वह बात दोबारा दोहराना चाहता हूं। इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि अपने

लोगों की कीमत पर यह वैक्सीन डिप्लोमेसी की जा रही है। हमारे यहां कुल 0.047 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण हुआ है, दूसरी तरफ आप वैक्सीन की 5 करोड़ 74 लाख डोज़ेज़ एक्सपोर्ट कर रहे हैं। इस प्रक्रिया के प्रति कितनी संजीदगी है, इसकी नीति पर कितनी संजीदगी है, इस पर विचार करने की जरूरत है।

मैं तीसरे विषय पर आता हूं। यह भी लॉकडाउन का विषय है। मुझे याद है पिछले वर्ष यही दिन थे, जब कोरोना वायरस की महामारी बढ़ रही थी। जिस दिन जनता कर्फ्यू लगाया गया, वह 23 मार्च, 2020 का दिन था। उस दिन भारत में 381 केस थे और 7 लोगों की मृत्यु हुई थी और आज भारत में 1 करोड़ 13 लाख केस हैं और 1.5 लाख लोगों की मृत्यु हो चुकी है। भगवान का बहुत-बहुत शुक्र है कि हमारी मृत्यु दर विदेशों के कई मुल्कों से बहुत नीचे है, लेकिन एक बहुत ही संजीदा सवाल पैदा होता है कि क्या इतना व्यापक लॉकडाउन करने की जरूरत थी? क्या जो माइक्रो कंटेनमेंट स्ट्रेटेजी है, जिसे आज इस्तेमाल किया जा रहा है कि कहीं पर कोविड-19 का वायरस बढ़ता है, तो वहां आप लॉकडाउन करते हैं। क्या उस रणनीति को पिछले साल नहीं अपनाना चाहिए था? उस समय की वास्तविकता यह है कि लॉकडाउन लगने के चार दिन के बाद ही लॉकडाउन टूट गया था और करोड़ों मजदूर पैदल चलकर अपने घर गए और उस दौरान 81385 रोड एक्सीडेंट्स हुए, 29415 लोग सड़कों पर मारे गए। ये आंकड़े मेरे नहीं हैं, ये आंकड़े सरकार ने एक प्रश्न के जवाब में लोक सभा में दिए हैं और इसके साथ-साथ हमने एक बहुत ही विचित्र और अद्भुत परिस्थिति देखी।

24 अप्रैल, 2020 को सरकार की तरफ से एक प्रेस कॉंफ्रेंस होती है। उसमें यह कहा जाता है कि 16 मई, 2020 तक कोविड-19 के केसेज शून्य पर आ जाएंगे। COVID-19 cases will come down to zero by the 16th of May, 2020. That is what the Government claimed in the Press Conference on 24th of April, 2020. 13 मार्च, 2021 को एक दिन में 24,482 केसेज आए। मैं यह बात इसलिए नहीं कह रहा हूं कि मैं सरकार पर कोई दोषारोपण करना चाहता हूं। मैं इस बात को मानता हूं कि वह एक बहुत तेजी से बदलती हुई एक परिस्थिति थी, लेकिन आज एक साल बाद जब हमारे पास इस बात का अनुभव है तो इस बात पर दोबारा गंभीरता से विचार करने की जरूरत

है कि पिछले मार्च, 2020 में जो रणनीति अपनाई गई थी, क्या उसकी जगह कोई ऐसी रणनीति नहीं अपनाई जा सकती थी, जो उससे बेहतर होती। इसीलिए मैं कहता हूं कि the irony of the past one year has been that economists became epidemiologists and epidemiologists became economists. While the former could not flatten the curve, the latter flattened the Indian economy! इसीलिए भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आज माइनस 7.7 प्रतिशत है। इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

अध्यक्ष महोदय, मैं अगले विषय पर आता हूं। इस वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए हमारे पास जो कानूनी ढांचा है, वह किस प्रकार का है। जब यह वैश्विक महामारी शुरू हुई तो हमारे पास एक Epidemic Diseases Act था। यह ऐक्ट सन् 1897 में बना था। सन् 1897 के कानून से, जो कि चार सैक्शन और एक पेज का है, उससे हमने यह लड़ाई लड़नी शुरू की। उसके साथ हमारे पास Disaster Management Act है और इस ऐक्ट में इसकी धारा 2(d) है, उसमें एपिडेमिक को डेफाइन भी नहीं किया गया और जिन धाराओं की मदद लेकर सैक्शन 6(2)(i) और सैक्शन 10(2)(i) की लॉकडाउन की सारी नोटिफिकेशन्स केंद्र सरकार ने इश्यू कीं, वे कोई सब्स्टैंटिव प्रॉविजन्स नहीं हैं, वे कॉन्सीक्वेन्शियल प्रॉविजन्स हैं। मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि अगर आप बाकी मुल्कों से तुलना करें, जैसे कि कनाडा में Emergency Act, 1988 और Emergency Management Act, 2007 का है। ऑस्ट्रेलिया में National Health Security Act 2007, National Security Health Arrangement Act 2008 और National Health Security Regulations 2008 के हैं। इंग्लैंड में 1984 का Public Health (Control of Diseases) Act है और वर्ष 2020 का Coronavirus Act है। यूएसए में 1994 का Public Health Services Act है। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि इस सदन की एक सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि यहां हम देश के लिए कानून बनाते हैं और इसीलिए हमको इस सदन में चुनकर भेजा जाता है। मैं सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि पिछले एक साल के अनुभव को संज्ञान में लेते हुए वह समय अब आ गया है कि आप ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए एक व्यापक कानून लेकर आएं।

अध्यक्ष महोदय, ऐसा नहीं है कि सरकार ने कानून बनाया नहीं था। वर्ष 2017 में Public Health (Prevention, Control and Management of Epidemics, Bio-terrorism and Disasters) Bill आपने, National Centre for Disease Control और Directorate General of Health Services ने इकट्ठे मिलकर तैयार किया था। माननीय मंत्री जी, मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि यह जो कानून है, जिसमें सोशल डिस्टेंसिंग भी डेफाइन की गई थी, जिसमें क्वारंटीन भी डेफाइन किया गया था, जिसमें पैनडेमिक भी डेफाइन किया गया था, उसे अभी तक आपकी सरकार ने क्यों पारित नहीं किया? मुझे लगता है कि इस सदन को इस बात का जवाब सरकार से मांगना चाहिए।

महोदय, मैं अगले विषय पर आता हूँ। यह बात बिल्कुल सही है कि हमारे जो डॉक्टर्स हैं, हमारे जो फ्रंट लाइन वर्कर्स हैं, उन्होंने बहुत दिलेरी से काम किया और उनको इस बात के लिए जितनी शाबाशी हम दें, जितनी उनकी सराहना करें, उतनी कम है, लेकिन इसके साथ-साथ इसका एक दूसरा पहलू भी है। वह दूसरा पहलू यह है कि उसी दौरान हमने वे खबरें भी देखीं कि निजी क्षेत्र के जो अस्पताल थे, उन्होंने किस तरह से कोविड-19 के मरीजों से ओवरचार्ज किया। ऐसी वैश्विक महामारी के समय जब पूरा देश, पूरी दुनिया इससे जूझ रही है, तो इस तरह की मुनाफाखोरी एक अपराध नहीं, एक पाप है और इसको खत्म करना बहुत जरूरी है। इसलिए मैं सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूँ, क्योंकि इस देश की 70 प्रतिशत जनता आज भी प्राइवेट हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स पर डिपेंड करती है। आंकड़ों के अनुसार अगर किसी के घर में कोई ऐसी हेल्थ इमरजेंसी हो जाए, कोई सेहत से जुड़ी आपदा आ जाए, तो जो हमारी 55 प्रतिशत जनसंख्या है, वह गरीबी रेखा के नीचे चली जाती है। इसलिए यह बहुत जरूरी है, क्योंकि अगर आप सरकारी एलोपैथिक डॉक्टर्स का रेश्यो देखें तो 11,268 मरीजों के लिए एक डॉक्टर है। आपके एक सरकारी अस्पताल में 1,843 लोगों के लिए एक बेड है। इसलिए प्राइवेट हेल्थ केयर का इस देश में एक अपना स्थान है, लेकिन उसे रेग्युलेट करने की जरूरत है। मैं सरकार से माँग करना चाहता हूँ कि आप तुरन्त एक कानून लेकर आइए, एक हेल्थ रेग्युलेटर अपॉइंट कीजिए, जो पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर दोनों में जो चिकित्सा सेवाएं हैं, उन्हें रेग्युलेट करे। मेरी आपसे यह माँग है।

मैं अब अगले विषय के ऊपर आता हूँ कि भारत का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर क्या है? अगर आप भारत के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को अपने संज्ञान में लें तो सबसे नीचे सब-सेन्टर्स हैं। हमारे देश में एक करोड़, 60 लाख, 713 सब-सेन्टर्स हैं। उसके ऊपर प्राइमरी हेल्थ सेन्टर्स हैं। हमारे देश में 30 हजार 45 प्राइमरी हेल्थ सेन्टर्स हैं। उसके ऊपर कम्युनिटी हेल्थ सेन्टर्स हैं। 5,685 कम्युनिटी हेल्थ सेन्टर्स हैं। 1,234 सब-डिविजनल अस्पताल हैं। 756 जिला अस्पताल हैं और 240 मेडिकल कॉलेजेज हैं। यहाँ इस सदन में जितने सांसद बैठे हैं, चाहे वे किसी भी दल से ताल्लुक रखते हों, वे इस बात को मानेंगे कि सबसे निचले स्तर के ऊपर की हमारी चिकित्सा सेवाओं की जो परिस्थिति है, वह जर्जर है और इसीलिए बहुत सारे सांसद अपनी सांसद निधि को, जिसे सरकार ने बंद कर दिया है, वे इस चीज के ऊपर, इस हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को ऑग्मेन्ट करने के लिए खर्च करते थे। मेरे अनुमान के अनुसार और मैं सेहत मंत्री को वे आंकड़े दे भी सकता हूँ, मैंने इसके ऊपर एक लेख लिखा था, भारत के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए छह लाख करोड़ रुपये की जरूरत है। मैं यह मानता हूँ कि यह अकेले केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, क्योंकि स्वास्थ्य राज्यों का विषय भी है, पर मैं आपसे यह आग्रह करना चाहता हूँ कि राज्य सरकारों से मिलकर आप एक पुख्ता नीति तैयार कीजिए, एक 5 वर्षीय योजना तैयार कीजिए, जिससे यह जो हमारा मूलभूत ढाँचा है, जो हमारे गरीब लोगों को चिकित्सा सेवाएं देता है, उसको हम चुस्त-दुरुस्त कर सकें, क्योंकि इस बजट में जो आपने प्रावधान किया है, "प्रधान मंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना", जिसके तहत आपने 64 हजार 180 करोड़ रुपये छह वर्ष में खर्च करने की पेशकश की है, उससे काम नहीं चलने वाला। इसके ऊपर एक बहुत व्यापक रणनीति राज्य सरकारों के साथ मिलकर आपको तैयार करनी पड़ेगी। इसके अलावा आज की तारीख में भारत अपनी जीडीपी का एक प्रतिशत हेल्थ के ऊपर खर्च करता है। यह जो संख्या है, इसको ऊपर लेकर जाना बहुत जरूरी है और जब तक हम इसको लगभग तीन प्रतिशत तक नहीं लेकर जाएंगे, unless three per cent of our national budget and State budgets is not spent on providing healthcare to our people, I am afraid, we will not be able to have the kind of health infrastructure which India requires.

अब आप इस साल के आंकड़े देखें कि हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर का जो डिपार्टमेंट है, उसको 71,259 करोड़ रुपये दिया गया है। उसमें से सबसे ज्यादा पैसा जो नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) है, उसको 36,576 करोड़ रुपये दिया गया है। अध्यक्ष जी, दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि वर्ष 2019-20 के मुकाबले इसमें जो वृद्धि है, वह केवल 3 प्रतिशत है। ऐसा कुछ हाल...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, मैं बस दो पॉइंट्स और कहकर अपनी बात खत्म करूँगा। इसके साथ-साथ आप हेल्थ रिसर्च को देखिए। हेल्थ रिसर्च के लिए सिर्फ 2663 करोड़ रुपये दिए गए हैं, जबकि स्वास्थ्य मंत्रालय की जो स्टैंडिंग कमेटी है, उन्होंने कहा था कि मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर का 10 प्रतिशत बजट रिसर्च पर खर्च होना चाहिए। इसी तरह पब्लिक हेल्थ रिसर्च को 0.65 परसेंट पैसा दिया गया है, जीडीपी का उसमें खर्च किया जाता है, जबकि दुनिया के मुकाबले यह बहुत कम है, क्योंकि दुनिया में बाकी देशों में 1.72 प्रतिशत पब्लिक हेल्थ रिसर्च पर खर्च किया जाता है। इसके कारण जो मेडिकल आउटपुट है, जो रिसर्च पेपर्स हैं, जो आईसीएमआर निकालती है, उसके ऊपर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है।

अध्यक्ष जी, मैं आखिरी बात सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि पिछले एक वर्ष से यह वैश्विक महामारी रही है। इस वैश्विक महामारी ने हमको क्या सिखाया? हमको यह सिखाया कि हमारी जो पृथ्वी है, उसके ऊपर इंसान 8.7 मिलियन जो प्लांट एंड एनिमल की स्पीशीज हैं, उनमें से एक है। इसलिए यह बहुत जरूरी हो जाता है कि जो कुदरत का मायाजाल है, जो कुदरत ने एक ढांचा बनाया है, उसके साथ हम ज्यादा टोका-टाकी न करें। We should learn to co-exist with nature because if we do not learn to co-exist with nature, thankfully, COVID-19 or this virus we were able to contain, the next virus may not be containable.

With these words, I conclude my speech.

TEXT OF CUT MOTIONS

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): मै प्रस्ताव करता हूँ कि:

(Token)

कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 155) में 100 रूपये कम किये जाएं।

"महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के लिए स्वीकृत सरकारी मेडिकल कॉलेज के कार्य को शीघ्र आरंभ किये जाने की आवश्यकता है।" (11)

"महाराष्ट्र के रत्नागिरि/सिंधुदुर्ग में बालिकाओं के लिए एक नया सरकारी फार्मेसी डिग्री कॉलेज खोले जाने की आवश्यकता है।" (12)

"महाराष्ट्र के रत्नागिरि/सिंधुदुर्ग जिलों के दूरदराज के क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केन्द्रों में मातृत्व सुविधाएं प्रदान करने के लिए ठोस योजना बनाए जाने की आवश्यकता है।" (13)

"अस्पतालों में विशेषकर महाराष्ट्र राज्य में चिकित्सकों/अधिकारियों की तथाकथित उपेक्षा के कारण प्रसव के दौरान महिलाओं की मौतों की जांच किए जाने की आवश्यकता है।" (14)

"सरकारी अस्पातालों विशेषकर महाराष्ट्र राज्य के अस्पतालों में चिकित्सकों उपकरणों की कमी को दूर किये जाने की आवश्यकता है।" (15)

"देश के विभिन्न भागों में "कोरोना वायरास" के प्रसार को रोकने के लिए कठोर उपाय किए जाने की आवश्यकता है।" (16)

"महाराष्ट्र राज्य में नि:शुल्क कोरोना वैक्सीन प्रदान किए जाने की आवश्यकता है।" (17)

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): मै प्रस्ताव करता हूँ कि:

(Token)

कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 155) में 100 रूपये कम किये जाएं।

"राजस्थान के नागौर जिले में अनुमोदित मेडिकल कॉलेज का शीघ्र संचालन सुनिश्चित किये जाने की आवश्यकता है।" (18)

"राजस्थान के नागौर जिले में सीजीएचएस औषधालय स्वीकृत किये जाने की आवश्यकता है।" (19)

"जोधपुर के एम्स के सभी विभागों के स्तर में सुधार करने और उसे एम्स दिल्ली की तरह बनाये जाने की आवश्यकता है।" (20)

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (मुंगेर): अध्यक्ष महोदय, हम लोग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदान की मांग पर चर्चा कर रहे हैं और आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

महोदय, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी माननीय सदस्य मनीष तिवारी जी की बहुत सारी बातें हम सुन रहे थे, लेकिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस सरकार ने पिछले सात वर्षों में जो काम किया है, वह अभूतपूर्व काम है। उन्होंने कई देशों की चर्चा की, यह ठीक है कि कई विकसित राष्ट्र हैं, मैं उस पर बाद में आऊंगा। मैं कोरोना पर जब चर्चा करूँगा तो मैं उस पर भी चर्चा करूँगा कि जो विकसित राष्ट्र हैं, जिनकी चर्चा आप कर रहे थे, उनकी तुलना में इस वैश्विक महामारी में हम कहां खड़े थे? हम उस पर आपको बताएंगे। लेकिन आज यह इस बात का प्रमाण है कि 2,23,846 करोड़ रुपये का उपबंध इस बार के बजट में है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 137 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष में क्या था, 94,452 करोड़ रुपये का प्रावधान था। यह इस बात के संकल्प को दोहराता है कि इस देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश को स्वस्थ देश बनाने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्री जी के बजट भाषण में पीएम आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना की भी चर्चा है। स्वस्थ भारत की योजना इसलिए है कि अगर इस देश के नागरिक स्वस्थ नहीं रहेंगे तो देश स्वस्थ नहीं होगा और अगर देश स्वस्थ नहीं होगा तो हम आत्मनिर्भर भारत का निर्माण नहीं कर सकते।

यही कारण है कि प्रधान मंत्री जी ने लगातार इसके उपबंध में बढ़ोत्तरी का काम किया है। मनीष तिवारी जी ने कोविड-19 की काफी लंबी चर्चा की है। पक्ष और विपक्ष होता है। होना भी चाहिए। लेकिन कई ऐसे सवाल हैं, कई ऐसे मुद्दे हैं, जहां पक्ष और विपक्ष को एक मत होना चाहिए। इस देश में कोविड-19 के फैलाव के समय से प्रधान मंत्री जी ने व्यक्तिगत अभिरुचि ले कर इसके फैलाव को जो रोका है, उसकी प्रशंसा आपको करनी चाहिए। लेकिन आपने आपने नहीं किया। आप राजनीति करते हैं। आप राजनीति मत कीजिए। यह वैश्विक महामारी है। 30 जनवरी, 2020 को पहला केस इस देश में चिन्हित किया गया। जिस दिन यह पहला केस चिन्हित किया गया, उस दिन से केंद्र की सरकार ने और स्वास्थ्य मंत्रालय ने उसकी लगातार मॉनिट्रिंग शुरू की और पूरे विश्व के साथ उसका समन्वय स्थापित

कर के उसकी मॉनिट्रिंग की। आने वाले जो सारे रास्ते थे, पोर्ट्स थे, हवाई अड्डे थे या जमीन के रास्ते से जो दूसरे देशों से प्रवेश करते थे, सभी रास्तों पर सघन निगरानी कायम की गई। सघन निगरानी कायम कर के लोगों को टेस्ट कर के, चिन्हित कर के उनको क्वारंटाइन करा कर, जब वे स्वस्थ हो गए, तभी उनको देश के अंदर प्रवेश करने की अनुमति दी। इस देश का जो ढांचा है, वह संघीय ढांचा है। संघीय ढांचे में केंद्र की सरकार अलग दल से निर्भर करती है, अलग गठबंधन की सरकार है, कई राज्यों की सरकार है, जो अलग-अलग दलों की है, लेकिन प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे संघीय ढांचे का पालन किया। पूरे कोविड-19 के दौरान, हर राज्य को, हर राज्य से, हर एक-एक छोटे विषय पर भी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित किया, राज्य सरकारों के साथ उन्होंने बातचीत की, राज्य सरकारों के साथ उन्होंने सलाह-मश्विरा किया, उनकी सलाह को उन्होंने अपने कार्यक्रम में शामिल किया। यह सारा काम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया। उन्होंने कोई राजनीति नहीं की। इस देश को बचाना है, वे इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जितने भी स्टेक होल्डर्स हैं, कोई स्टेक होल्डर आज इस बात का दावा नहीं कर सकता है कि पूरे कोविड-19 के दौरान प्रधान मंत्री जी ने उनसे चर्चा नहीं की। सारे स्टेक होल्डर्स से चर्चा की और उन्होंने समन्वय स्थापित करने का काम किया।

मैंने बताया कि देश के हर प्रवेश स्थान पर सघन निगरानी की व्यवस्था की गई। हवाई अड्डे, समुद्री तटों आदि पर यात्रियों की निगरानी की जा रही थी। 18 जनवरी से ही यह प्रारंभ किया गया था। 30 जनवरी को पहला केस आया। यह सारी कार्यवाही केंद्र की सरकार ने 18 जनवरी से ही प्रारंभ कर दी थी और 30 जनवरी के पूर्व ही यह काम किया। आपको यह सब कहना चाहिए था। अगर आप इन सारी चीजों की चर्चा नहीं करेंगे तो आप अपने दायित्व के प्रति और हम सब अपने दायित्व के प्रति सचेत नहीं हैं। राजनीति तो होती रहती है। राजनीति तो करते ही रहते हैं। बहुत सारे विषय हैं, जिन पर हम चर्चा करते हैं, और पक्ष और विपक्ष की अपनी बात रखते हैं।

लॉकडाउन की चर्चा उन्होंने की। 22 मार्च को पार्शियल लॉकडाउन इस देश में कायम हुआ। 25 मार्च से संपूर्ण लॉकडाउन कायम हो गया। मनीष तिवारी जी को इसका भी ध्यान होगा कि उस लॉक डाउन के पीरियड में, जो ये कह रहे हैं कि नियम तोड़ा गया, कौन नियम को तोड़ रहा था? केंद्र सरकार

ने तो यह व्यवस्था की कि जितने भी दूसरे राज्यों में काम करने वाले मजदूर थे, उनको मुफ्त में रेल के द्वारा, लाखों लोगों को उनके राज्यों में पहुंचाने का काम किया। हम लोग तो वहां नहीं थे। लेकिन अखबार में जो खबर पढ़ रहे थे कि एक हजार गाड़ियों की लिस्ट जारी कर रहे थे, कोई स्कूटर का, कोई टेंपो का, कोई खराब गाड़ी का, कोई गैराज में पड़ा हुआ, उन सारी गाड़ियों की लिस्ट जारी कर रहे थे। क्या वह राजनीति करने का समय था? वह राजनीति करने का समय नहीं था। प्रधान मंत्री जी ने जब लॉक डाउन 25 मार्च को लागू किया, उसके बाद आपने मजाक उड़ाया। उन्होंने ताली और थाली बजाने की घोषणा, इस देश के लोगों के साथ की और आपने उसका मजाक उड़ाया। हम सब लोग टीवी पर देख रहे थे। आप उसका मज़ाक उड़ा रहे थे।

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे क्यों किया था? वे देश में जन-जागृति पैदा करना चाहते थे, लोगों में जागरण पैदा करना चाहते थे कि लोग जाग्रत हों और लॉकडाउन का पालन करें। इस जागृति को पैदा करने का उन्होंने काम किया और आप उसका मजाक उड़ा रहे थे। आप उसको नागपुर और कहां-कहां के साथ, राजनीति के साथ जोड़ रहे थे। देश संकट में था, वह वैश्विक महामारी के दौर में था और उस समय सारे लोगों को, इस देश के हर नागरिक को और सारे दलों को प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ खड़ा होना चाहिए था। पर, इसका पालन आपने नहीं किया। इसके लिए आपको इस देश से क्षमा मांगनी चाहिए। आपको इस देश से क्षमा मांगनी चाहिए कि आपने राजनीति करने का काम किया।

मोमबत्ती जलाने की बात हुई, दीपक जलाने की बात हुई। यह क्यों हुई? यह बात इसलिए हुई कि देश के लोग जाग्रत हों, वे लॉकडाउन का पालन करें। जो सोशल डिस्टैंसिंग है, देश के लोग उसका पालन करें। देश के लोग मास्क लगाएं, हाथ धोएं और सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। इससे फ्रंटलाइन वर्कर्स और डॉक्टर्स का मनोबल बढ़े क्योंकि उन्होंने अपने पूरे परिवार के जीवन को दांव पर लगाकर जो सेवा की है, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। प्रधान मंत्री जी उनका सम्मान कर रहे थे और आप उस बात का मजाक उड़ा रहे थे। आप दीपक जलाने की बात को किसी पार्टी की स्थापना के साथ जोड़ने का काम कर रहे थे। अरे भाई! आप क्या कर रहे थे? राजनीति की भी एक सीमा होती है।

माननीय अध्यक्ष महोदय, आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो जन-जागृति पैदा की, उसका प्रभाव पड़ा। उसी का प्रभाव है कि हम अपने देश में, दुनिया की तुलना में जो कोरोना के फैलाव का दर है, उसमें हम सबसे कम दर पर खड़े हैं। यह वही कारण है। जब कोरोना प्रारम्भ हुआ, उस समय देश में क्या था? आज़ादी के बाद से, वर्षों से तो इस देश पर आप ही शासन कर रहे हैं। देश में कोई आधारभूत संरचना तो थी नहीं। यहां न मास्क का प्रोडक्शन होता था, न पी.पी.ई. किट का प्रोडक्शन, न यहां वेंटिलेटर था और न ही यहां टेस्टिंग किट की उपलब्धता थी। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एकाग्रता के साथ, बिना आपकी आलोचनाओं पर ध्यान दिए हुए एकाग्र होकर इस देश की सेवा के संकल्प के साथ इन सारी आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने का काम किया। इसलिए आज यहां जो भी इस्तेमाल हो रहा है, वह सब अपने देश में निर्मित चीजों का हो रहा है। आज आप जिस मास्क का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसके उत्पादन में लाखों लोगों को रोजगार मिला है। पी.पी.ई. किट्स का निर्माण शुरू हुआ, वेंटिलेटर्स का निर्माण शुरू हुआ और टेस्टिंग किट्स तो आज जितनी चाहिए, उतनी किट्स उपलब्ध हैं। टेस्टिंग लैब्स की संख्या भी बढ़ी। इस देश में एक टेस्टिंग लैब था और आज देश में 2400 टेस्टिंग लैब्स हैं। इस आधारभूत संरचना को माननीय प्रधान मंत्री जी ने विकसित करने का काम किया।

मांग और आपूर्ति के बीच जो अन्तर था, उस अन्तर को समाप्त करने का काम प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया और इसके लिए आपको उनकी प्रशंसा करनी चाहिए, इसकी तारीफ करनी चाहिए। पर, आप नहीं करेंगे क्योंकि अगर आप ऐसा कर देंगे तो ऊपर से हाई कमान का कुछ आदेश आ जाएगा। इसलिए आप नहीं करेंगे। हम जानते हैं कि आप नहीं करेंगे, लेकिन आपका दिल भी यह कहता होगा। अगर आप रात में अपने दिल के अन्दर देखते होंगे तो आपको जरूर यह लगता होगा कि इस देश में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कोविड-19 के दौरान जो काम किया, वह अभूतपूर्व था।

आप कोविड के उपचार की बात कर रहे थे। इस देश में डेडिकेटेड कोविड अस्पताल का निर्माण हुआ। वहां 24 घंटे हेल्थ वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स, डॉक्टर्स इलाज करने के लिए उपलब्ध रहते थे। आप प्राइवेट अस्पतालों में जाने के शौकीन हैं। बड़े लोग प्राइवेट अस्पतालों में अपनी सुख-सुविधा के लिए

जाते हैं, लेकिन सरकारी अस्पतालों में जो व्यवस्था थी, उससे बेहतर व्यवस्था किसी भी अस्पताल में नहीं थी। मैं खुद भी वहां था। मुझे भी कोरोना हुआ था। मैं पन्द्रह दिनों के लिए ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पटना में एडमिट था। यह माननीय मंत्री अश्विनी चौबे जी को पता है। उस ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पटना में पन्द्रह दिनों तक रहकर मुझे बहुत अच्छा अनुभव हुआ। आज जब कोई भी बात कहता है तो हम उसे कहते हैं कि आप एम्स, पटना में चले जाइए और अपना इलाज कराइए।

मैं पटना एम्स में एडमिट था। उन 15 दिनों तक 24 घंटे में 24 सेकेंड के लिए भी ऐसा नहीं हुआ कि कोई पारा मेडिकल और डॉक्टर उपलब्ध न हो। 24 सेकेंड भी मुझे ऐसा महसूस नहीं हुआ। इस प्रकार की वहां पर व्यवस्था थी। देश में 1.5 मिलियन बेड्स उपलब्ध कराए गए। यहाँ पर क्या आधारभूत संरचना थी। इस देश में आपने इतने लंबे समय तक राज किया। 0.25 मिलियन ऑक्सीजन युक्त बेड्स की व्यवस्था की गई। उन बेड्स के साथ ऑक्सीजन की भी सुविधा उपलब्ध है। 80 हजार आईसीयू, 40 हजार वेंटिलेटर्स सहित सब तरह की आधारभूत संरचना अपने देश में ही उन्होंने निर्मित की। इसके साथ ही डेढ़ सौ से ज्यादा देशों में इन्होंने इन सारी चीजों को भेजने का भी काम किया, मदद करने का काम किया। यह हमारी अंतर्राष्ट्रीय ऑब्लिगेशन है। क्या हम अंतर्राष्ट्रीय ऑबिल्गेशन का पालन नहीं करेंगें! आप क्या बात कर रहे थे कि हम दूसरे देश में वैक्सीन भेज रहे हैं। यह बहुत ही दुख की बात है। यह मानवता की लड़ाई थी। यह मानवता का काम था। …(व्यवधान) वह चले गए तो आप ही सुनकर उनको बता दीजिएगा। यह मानवता का काम है। वह तो अब चले गए। …(व्यवधान)

अनेक माननीय सदस्य: वह अभी बैठे हैं।…(व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): मनीष तिवारी जी अभी बैठे हैं।

श्री मनीष तिवारी : मैं ध्यान से आपकी बात सुन रहा हूँ।…(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन': अभी आपके नेता कह रहे थे कि वह चले गए, इसलिए हमने कहा है।…(व्यवधान) देखिए यह खुद ही कंफ्यूज है और पूरे देश को भी कंफ्यूज कर रहे हैं।…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, हम कह रहे थे कि 150 देशों ने आयात करने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वहाँ की सरकारों को पीपीई किट और मास्क देने का काम किया। यह बहुत बड़ा उपकार था। वहाँ दवाइयाँ दी गईं और हर चीज उपलब्ध करवायी गयी। यह हमारी अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेवारी थी।

अब सरकार ने जाँच कराने का काम शुरू किया। सरकार ने संकल्प लिया कि अगर हमें कोविड से लड़ना है, कोविड पर काबू पाना है तो हमें लक्ष्य निर्धारित करना होगा। लक्ष्य निर्धारित करने के लिए उन्होंने टेस्ट, ट्रीट और ट्रैक, इन तीन चीजों के संकल्प के साथ काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि आप टेस्ट कराइए, ट्रीट करिए और उसको ट्रैक करिए कि यह कहाँ फैल रहा है। इस प्रकार से उन्होंने काम करने का प्रयास किया। इस सूत्र पर उन्होंने काम किया। इसी सूत्र पर काम करने का नतीजा है कि आज हम कोविड-19 पर काबू पा सके हैं।

मैंने आपको बताया कि इस देश में एक जाँचशाला थी। अभी 2410 जाँचशाला इस देश में उपलब्ध हैं। मनीष तिवारी जी, आपकी जानकारी के लिए मैं बता रहा हूँ और आप थोड़ा सा करेक्ट कर लीजिए। इस देश में 225 मिलियन जाँच हुए और प्रतिदिन जाँच हुए। इसका एक ही लक्ष्य था कि जितना जाँच बढ़ाइए, जितने लोगों को चिन्हित कीजिए, चिन्हित करके उनको आइसोलेट कीजिए और आइसोलेट करके उनको क्वारंटाइन कीजिए। क्वारंटाइन करने के बाद जब वे स्वस्थ हो जाए तो उनको अपने घर भेज दीजिए। यही इलाज था, इसकी कोई दवा तो नहीं थी, कोई दूसरी व्यवस्था नहीं थी, बल्कि सिर्फ चिन्हित करने का काम था। आप कह रहे थे कि फ्रंटलाइन वर्कर्स, डॉक्टर्स और कोविड वारियर्स को कहाँ प्रशिक्षण प्राप्त था। कोविड-19 के कारण से पूरे देश में लॉकडाउन लगा था। आप कहीं प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं कर सकते थे, कहीं प्रशिक्षण कैंप नहीं लगा सकते थे। लेकिन, केन्द्र की सरकार ने एक-एक फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स, डॉक्टर्स और कोविड वारियर्स को ऑनलाइन प्रशिक्षित करने का काम किया।

ऑनलाइन प्रशिक्षित करने के बाद एक बहुत बड़ी फौज और सेना कोविड से लड़ाई के लिए केंद्र सरकार ने तैयार की और उस लड़ाई का परिणाम है कि आज हम उस पर नियंत्रण पा सके हैं।

आप कोविड केसेज़ के बारे में कह रहे थे। आज इस देश में टोटल केसेज़ कितने हैं? आप जरा दूसरे देशों से तुलना कर लीजिए। दूसरे देशों से तुलना आबादी के घनत्व के हिसाब से कर लीजिए। 130 करोड़ की आबादी वाले इस देश में मात्र 1 करोड़ 14 लाख 9 हजार 831 लोग बीमार हुए और टोटल 1 लाख 58 हजार 800 लोगों की मौत हुई। आप जरा आंकड़ा देख लीजिए। इस दुनिया के जो विकसित राष्ट्र हैं, अमेरिका, इटली, पूरा यूरोप, यूके, फ्रांस, जर्मनी सब देशों का आंकड़ा देख लीजिए, उनकी आबादी का घनत्व देख लीजिए और उस आबादी के घनत्व के हिसाब से इस देश की आबादी के घनत्व को देख लीजिए और उसको देखने के बाद आपको पता चलेगा कि हम कहां हैं। पूरी दुनिया में जो मृत्यु दर है, उस देश की मृत्यु दर 2.82 प्रतिशत है, जो विश्व में सबसे निचले स्तर पर, सबसे न्यूनतम स्तर पर है। क्या आपको नहीं पता चल रहा है? यह कैसे संभव हुआ? यह संभव ऐसे हुआ। …(व्यवधान) पूरे देश की मृत्यु दर 2.82 प्रतिशत है।

आप वैक्सीन की बात कर रहे थे। अब तक साढ़े 3 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाया। वैक्सिनेशन कब शुरू किया?…(व्यवधान) इनको अभी बतायेंगे, जो इन्होंने अफवाह फैलाई। 16 जनवरी से इसे शुरू किया। आज इतने दिन के अंदर, दो वैक्सीन्स इस देश में निर्मित हुई हैं और 7 अभी टेस्ट के अंदर हैं, अंडर ट्रॉयल हैं। कोवीशील्ड और कोवैक्सीन, साढ़े तीन करोड़ लोगों को लगाई गई। आप एक समय अगर फ्लड गेट खोल दीजिएगा, तो भी इस देश के सभी नागरिकों को आप एक दिन में वैक्सीन नहीं लगा सकते हैं। सरकार ने फैसला किया कि जो कोरोना वैरियर्स हैं, डॉक्टर्स हैं, आर्मी के जवान हैं, जो बॉर्डर पर रहते हैं, उनको हम पहले फेज में लगायेंगे। दूसरे फेज में उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से ऊपर वाले लोगों को लगायेंगे और 45 से 59 साल के ऐसे लोगों को लगायेंगे, जो किसी अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं। सब लोग वैक्सीन लगवा रहे हैं। हमने भी पटना में वैक्सीन लगवाई। हम गए और 5 मिनट में लगवाकर चले आए। ऐसी सुंदर व्यवस्था तो कहीं नहीं है। आपने क्या किया? जब वैक्सीन बन रही थी, तब आप उसके खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे थे, अफवाह फैला रहे थे। आज भी जो आप भाषण दे रहे थे, वह लोगों को डराने वाला भाषण था। लोगों को डराइए मत, इस देश में पैनिक मत क्रिएट मत करिए। आप लोगों में विश्वास पैदा कीजिए और लोगों में भरोसा पैदा कीजिए कि हम कोरोना

पर काबू पायेंगे, आपका सहयोग चाहिए। यह काम करने की जरूरत है। आप मत डराइये। आप जितनी बात बोल रहे थे, उससे लोगों में भय पैदा होता है, लोगों में डर पैदा होता है और वैक्सीन के प्रति अविश्वास पैदा होता है। पता नहीं आपने वैक्सीन लगाई है या नहीं मनीष जी, हम नहीं जानते हैं।…(व्यवधान) लगवा ली है।

आप कोवैक्सीन की बात कर रहे थे कि दूसरे देशों को भेज रहे हैं। आपने कहा कि 72-77 देशों को भेज रहे हैं। हम क्यों नहीं भेजेंगे? यह तो हमारी उपलब्धि है। हमारी उपलब्धि को अगर पूरे विश्व में हम नहीं बांटेंगे, तो हम विश्व के सामने कैसे सिर ऊंचा करके खड़े हो सकेंगे। विश्व के सामने हम सिर झुकाकर नहीं खड़े होंगे। यह काम आप करते रहे हैं। विश्व के सामने आप सिर झुकाकर खड़े होते रहे हैं। हम लोग सिर झुकाकर खड़े नहीं होते हैं, सीना तानकर खड़े होते हैं।

14.00 hrs

हमने यह काम किया है और हम इसको पूरा कर रहे हैं। आज मोनिटरिंग हो रही है, आप वैक्सीन की बात कर रहे हैं। आज स्वास्थ्य मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफार्म डेवलप किया है। जब मंत्री जी जवाब देंगे तो इस बारे में बताएंगे। अभी कोविड 2.0 है, पूरे देश में वैक्सीन की उपलब्धता है, वैक्सीनेशन की जो दर है, लोगों को वैक्सीन दी जा रही है, कहां-कहां वैक्सीन की कमी हो रही है। इस देश में कहीं भी वैक्सीन की कमी नहीं है। हम 77 देश में नहीं बल्कि 100 देशों को वैक्सीन देंगे तब भी हमारे देश में वैक्सीन की कमी नहीं होगी।

आज आप जिस अस्पताल में भी चले जाइए कहीं कोई वैक्सीन की कमी नहीं है। लेकिन आप कह रहे हैं कि वैक्सीन की कमी है। दूसरे देशों को वैक्सीन दे रहे हैं, यहां के लोगों को भी वैक्सीन लग रहे हैं। जो भी आएंगे सभी को फेजवाइज वैक्सीन लगाएंगे। हम लोगों ने फेजवाइज तय किया है। जो जहां से आएगा, सभी को वैक्सीन लगाने का काम करेंगे। आज स्वास्थ मंत्रालय ने एक नया डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया है और उसके माध्यम से इसकी निगरानी भी कर रही है, हम उसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। केन्द्र सरकार लगातार जानकारी प्राप्त कर रही है। आज आप वैक्सीन की बात कर रहे थे।

16 जनवरी को आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने वैक्सीनेशन लांच किया तो पहले दिन ही जो वैक्सीनेशन हुआ, उसका विश्व रिकार्ड कायम हो गया।

कोविड-19 के दौर में आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 130 करोड़ नागरिकों का विश्वास अर्जित किया। लोगों के विश्वास के बल पर ही कोविड-19 को नियंत्रित करने का काम किया, इसके फैलाव को देश में रोकने का काम किया। कई जगहों पर अगर थोड़ा-थोड़ा बढ़ता है तो उसका भी कारण है। आप मॉनिटरिंग कीजिए न, आप भी कई राज्यों में शासन कर रहे हैं। पंजाब में क्यों बढ़ रहा है? अभी वहां लॉकडाउन हो रहा है। वहां की सरकार क्या कर रही है। यह फेडरल स्ट्रक्चर है।

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना): महोदय, आप पंजाब के सीएम से सीखिए।

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन': अध्यक्ष महोदय, अभी तो सिखा रहे हैं, इसीलिए लॉकडाउन करना पड़ रहा है। यही न सिखा रहे हैं? प्रधानमंत्री जी का बड़प्पन है कि जो उनकी आलोचना करता है उसकी भी प्रशंसा करने का काम करते हैं। यह उनका बड़प्पन है। आपको सीखने की जरूरत है, आप जरा सीखिए। प्रधानमंत्री जी से कुछ शिक्षा लीजिए और इसे ग्रहण करके आत्मसात कीजिए, तब पता चलेगा कि लोगों का क्या होता है।

पीएम आत्मनिर्भर स्वास्थ्य भारत योजना को 64,180 करोड़ रुपये के उपबंध के साथ छह वर्षों के लिए लांच किया। उसमें कई तरह की योजनाएं हैं, इसमें 17,788 ग्रामीण और 11,024 शहरी स्वास्थ वेलनेस केन्द्रों के लिए कोष के माध्यम से समर्थन दिया जा रहा है। ग्यारह राज्यों के सभी जिलों में एकीकृत लोक स्वास्थ प्रयोगशाला और 3,382 ब्लॉक में लोक स्वास्थ इकाइयां स्थापित की जाती हैं, 602 जिले और 12 केन्द्रीय संस्थानों में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक स्थापित करने हैं। आप उसी की चर्चा कर रहे थे। इसमें पीएम आत्मनिर्भर स्वास्थ्य भारत योजना में इसका प्रावधान है। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर रहे हैं, परमानेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोक नियंत्रण केन्द्र एनसीडीसी की पांच क्षेत्रीय शाखाओं और बीस महानगर स्वास्थ निगरानी इकाइयों को सुदृढ़ किया जा रहा है। हम इसे इसलिए सुदृढ़ कर रहे हैं कि आने वाले समय में हम किसी भी खतरे से निपटने के लिए

तैयार रहें। एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल का सभी राज्य क्षेत्रों में विस्तार करना है ताकि सभी लोग स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं को इससे जोड़ा जा सके।

नई लोक स्वास्थ्य इकाइयों को चालू करना, 33 लोक स्वास्थ्य इकाइयों के प्रवेश बिंदु को सुदृढ़ करना, जो 32 विमानपत्तनों और 11 बंदरगाहों और 7 लाइन क्रॉसिंग पर अवस्थित हैं। स्वास्थ्य आपातकालीन ऑपरेशन केंद्र और दो मोबाइल अस्पतालों की स्थापना करना, डब्ल्यूएचओ दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान प्लेटफार्म के लिए एक राष्ट्रीय संस्थान, नौ बायोसेफ्टी लैवल प्रयोगशालाएं और विषाणु विज्ञान के लिए चार क्षेत्रीय संस्थाओं की स्थापना करना आदि, ये सब इन्फ्रास्ट्रक्चर आगे के लिए विकसित किया जा रहा है।

आपने तो इतने दिन शासन किया, कितने मेडिकल कॉलेज आपके शासन काल तक थे? आधारभूत संरचना क्रिएट करते हैं तो सबसे ज्यादा जरूरत किसकी होती है, डॉक्टर्स की होती है। सबसे ज्यादा आवश्यकता पैरा मेडिकल स्टाफ की होती है। कितने मेडिकल कॉलेज थे? अब 541 मेडिकल कॉलेज देश में हैं। वर्ष 2014 तक 381 थे। पिछले सात वर्षों में 45 परसेंट वृद्धि हुई है। आप कहां इन्फ्रास्ट्रक्चर डैवलप कर रहे थे? आप दूसरों की आलोचना करने के बजाय अपने गिरेबान में झांक कर देख लेते तो आपको पता चल जाता कि आप कहां खड़े हैं? 80312 मेडिकल सीट देश में उपलब्ध हैं और प्रति वर्ष 80300 डॉक्टर देश को उपलब्ध हो रहे हैं। यह सब हो रहा है इसलिए मैं अनुदानों की मांगों का पूर्ण समर्थन कर रहा हूं।

माननीय मोदी जी की सरकार ने जो काम किया है, वह अभूतपूर्व है। यहां माननीय मंत्री जी तो नहीं है, अश्विनी चौबे जी बैठे हैं। मैं अंत में बिहार के बारे में कहना चाहता हूं कि दरभंगा वाली एम्स की यूनिट जल्दी चालू करवा दीजिए और इसके बाद अपनी बात को बिहार में जाकर बताइए। आप दरभंगा पर क्या झंझट लगाए हुए हैं?

मैं इन्हीं बातों के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे आज शून्य काल के जो विषय मिले हैं, जिनका नाम लॉटरी में आया है, गिलोटिन के बाद उनको बोलने का मौका दिया जाएगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

<u>14.08 hrs</u> (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

DR. SANJEEV KUMAR SINGARI (KURNOOL): Thank you hon. Chairperson for giving me this opportunity to participate in the discussion on Demands for Grants under the control of Ministry of Health and Family Welfare. I am Dr. Sanjeev Kumar from Andhra Pradesh and I rise to represent YSRCP Party.

'Arogyame Maha bhagyam' which means, health is wealth. *'Desamante matti kadoi, Desamante manushuloi'*, which means that the country does not mean soil; country means people. COVID crisis proved once again that these age-old proverbs are correct. Health of people is the foundation upon which happiness and power of the State depends. COVID crisis sensitized the global community to revisit and redefine development and growth of a nation.

History taught us many a time about the importance of good healthcare system. Lord Buddha attained *parinirvana* due to gastrointestinal infection. Mathematician, Ramanujan succumbed to tuberculosis at the age of 32. Swamy Vivekananda succumbed to cardiopulmonary disease at the age of 39. Thus, India has lost many legends due to health issues. We have lost 1.6 lakh people, and more than 500 healthcare personnel due to COVID crisis.

The public health system and preventive health care in India is in disarray, even after seven decades of Independence. Health care measures taken by the Government of India during COVID crisis are laudable, despite several lacunae. Digital initiatives like Aarogya Setu, iGOT, e-Sanjeevani, Webinars from Centers of Excellence such as AIIMS, were very helpful in management of the COVID crisis.

Timely supply of medical disposables and laboratory equipment was very helpful. The fatality rate was very low when compared to many of the so-called

developed nations. Many factors played a key role; like good governance, innate immunity of the people and probably because India is a Spiritual Capital of the world.

Since ages, India has taught culture to the world. Now we are teaching and helping the world with our medicines and vaccines. India is really a Viswa Guru.

Sir, the origin of dharma dates back to Shanti Parva of Mahabharata. The Government of India followed Rajya Dharma and it is because of a great visionary Leader and a true Indian who is at the helm of affairs. My *pranam* to the hon. Prime Minister, Modi ji.

We have a word of caution from our scientists and economists: it is called 'salience bias' towards COVID-19. Crisis like COVID-19 occurs once in hundred years. So, let us not give much importance to it. The Government has proposed to spend Rs.35,000 crore on COVID-19 vaccine. In my view as a doctor, this is a waste of money. COVID-19 vaccine can help us only for six to nine months, and after that Rs.35,000 crore will get evaporated. So, I would suggest the Government to divert Rs.35,000 crore to Primary Health Care, which is very essential for India.

Sir, 60 per cent seropositivity is considered as immunity. Many cities like Hyderabad have already recorded 54 per cent seropositivity. So, universal vaccination is neither possible nor warranted. Hence, I would request the Government not to spend much on COVID-19 vaccination.

Sir, the health initiatives taken by the Government of Andhra Pradesh, under the able leadership of Shri Y.S. Jagan Mohan Reddy, have received wide acclaim.

Shri Roderico Ofrin of WHO lauded the measures taken by the Government of AP during COVID-19 crisis.

Digital initiatives like Chatbot app and Arogya Andhra Apps played a crucial role.

The unique volunteer system was a game changer in the management of COVID-19 crisis in Andhra Pradesh. It was possible to update the health records of five crore people in just three days. I think, it was not replicated in any part of the world.

Medical infrastructure was improved and thousands of medical personnel were appointed. Every COVID-19 patient was paid Rs.500 during admission. Thousands of people of neighbouring States were treated at AP hospitals, which stands testimony to the governance of our beloved leader, Shri Y.S. Jagan, Sir.

One more landmark scheme, Dr. YSR Arogyasri, treats lakhs of people every year. Almost every disease is covered under this scheme. Through Arogyasri Asara every patient, who is discharged from the hospital, is given Rs.5,000, which is not a feature found in any of the schemes of India. Arogyasri became a trendsetter in India, which is exemplified by similar schemes being launched by many State Governments. Even Ayushman Bharat launched by the Government of India is one such scheme. Thanks to Dr. YSR legacy.

Through *Nadu-Nedu* Programme of the Government of Andhra Pradesh, upgradation of thousands of health care facilities has been done, and 11,000 Dr. YSR Village Health clinics are being opened shortly. This will again be a

trendsetter in India. Sir, 10,000 health care professionals are being recruited by the Government of Andhra Pradesh.

Presently, we have eleven Government medical Colleges and we propose to start 16 new Government medical colleges in Andhra Pradesh. The Government of India has obliged to fund three such colleges. I would request the Government of India to sponsor funds to all of the 16 proposed new medical colleges.

I would like to put forward a list of 15 items for the kind consideration of the Ministry of Health and Family Welfare with regard to the Demands for Grants.

In the past six financial years, the Ministry of Health and Family Welfare has spent more than 100 per cent of the allocated funds which was never seen in the past 70 years. Thanks to the present hon. Minister of Health and Family Welfare.

In 2014, the fund allocation for health sector was 0.9 per cent of GDP, and it was 1.1 per cent in 2020.

As envisaged in National Health Policy of 2017, our target for 2025 is 2.5 per cent of GDP. It would have been better had the Government of India allocated more funds to health sector in the present Budget. India ranks 184th out of 191 in terms of GDP per cent spent on health care as per WHO. We spend roughly Rs. 6000 per person. But whereas, countries like Sri Lanka and Thailand spend three times more than this amount. We need to compensate the families of health workers who have sacrificed their lives in COVID war. Ringing bells, showering flowers from jet planes, and candle light praising, are all welcome. It has inspired people. But it is the minimum Dharma of the Government of India to compensate the bereaved families. A High Level Group on Health Sector and 15th Finance

Commission have stressed the need to focus on primary health care in India. This will ease out workload at secondary and tertiary care centers. More funds need to be allocated for primary health care. Atmanirbhar Swasth Bharath Yojana, wherein Rs. 64,000 crore are proposed to be spent in the next six years, is highly commendable. As envisaged in Ayushman Bharat Health Wellness Centers scheme, 1.5 Lakh centres are to be established by 2022, that is, in the next one year. But the ground reality is completely different. To realize this dream, we need to speed up the process. India has less than one hospital bed per 1000 population, whereas the global average is 2.9 beds. To achieve this target by 2025, we need to open 5000 of 200-bedded hospitals in India. This has to be taken care by the Ministry. The aggregate density of health workers per 10,000 population in India is 20.6, whereas WHO recommendation is 44.5 per 10,000. We need to start new Colleges. Mandatory Infrastructure Norms should be eased out in order to encourage private as well as Government colleges.

About 70 per cent of our population is in rural areas, whereas only 30 per cent of qualified doctors go to rural areas to serve these people. This anomaly needs to be corrected by way of encouraging rural medical establishments. Various incentives like income tax discounts, property tax discounts, electricity bill discounts, and equipment subsidies should be given for rural medical establishments. Majority of the rural population is at the mercy of unqualified doctors. It is shocking to note that one out of five rural doctors are not qualified. This needs urgent attention. Let us incentivize qualified rural doctors.

I would like to bring to the kind notice of this august House about a manmade catastrophe called mixopathy. We have heard about allopathy, homoeopathy, and naturopathy. But what is this mixopathy? Mixopathy is a new word coined by lakhs of allopathic doctors of India. It indicates mixture of Allopathy and Ayurveda. We respect Ayurveda because it comes from the ages of Vedic period. But there are some lacunae. We know that COVID crisis is an act of God but mixopathy is a manmade catastrophe. I request the Government of India to prevent this manmade catastrophe in the making. On 29.09.2020, NITI Aayog had constituted a Committee to suggest on evolution of Integrative Health Care System. Within two months of the formation of the committee, the Central Council of Indian Medicine had issued a Gazette notification wherein Indian Medicine Central Council Regulations were amended. The IMCC regulations amendment is inappropriate and is dangerous to the society. On the other hand, evidence-based Allopathic science has developed over a period of centuries and not over a period of two-three years. As per the notification, Ayurvedic surgeons can suffix their names with MS General Surgery. This will deliberately confuse the ill-informed poor rural patients. Any ayurvedic surgeon after three years of PG course can perform sixty types of surgeries. These sixty surgeries are in the domain of various specialties and super-specialties of Allopathic system. Ayurvedic Surgeons will be allowed to perform procedures in ENT, Ophthalmology, Dental Surgery, General Surgery, Plastic Surgery, Orthopedic Surgery, Surgical Gastroenterology, Urology, Thoracic surgery, Vascular surgery, Gastroenterology, and Interventional medicine. These allopathic specialties are evolved over a period of 100 years. But

these ayurvedic surgeons are being authorized to do the surgeries within three years of training.

The CCIM notification envisages to create Swayambhu Ayurvedic surgeons. So, who should train these surgeons? A trained ayurvedic surgeon can train a new ayurvedic surgeon. But how can a Swayambhu surgeon operate on so many sixty specialties. This self-manifestation of ayurvedic surgeons is very dangerous to the society.

In allopathy, the same sixty surgeries are done by twelve different specialists. They acquire knowledge after three to six years of rigorous training in MS General Surgery and MS Super-specialty courses. How can a budding ayurvedic surgeon trained by an inexperienced ayurvedic surgeon, operate in twelve different specialties? I am afraid that this manmade catastrophe in the making is very dangerous to our nation. Kindly note that there is no Anaesthesia specialty in Ayurveda. How can an Ayurveda doctor operate on sixty specialty without anaesthesia?

I request the hon. Health Minister to take note of this.

Sir, world over, Indian doctors have respect because of their skills and hardworking nature. If this CCIM misadventure is unchecked, Indian respect will be at stake in the international scenario.

Sir, Integrative Medical system can be achieved by making available doctors of various specialities of medicine under one roof so that doctors of different specialities and different systems of medicine can cross-refer the patient. Doctor of one system should not be allowed to practice medicine of another system. This

is being debated since many decades. Till an international consensus is reached in respect of Integrative system of Medicine, the Government of India should stop mixopathy. This ill-advised adventure of CCIM transgresses the purview of National Medical Commission. The Supreme court and many High courts have pronounced time and again that Medical Councils should not issue notifications, circulars or guidelines beyond the purview of their respective medical systems.

Sir, the next point of my Demand for Grants is related to Jan Aushadi Stores. It is no exaggeration, if I say that Jan Aushadi scheme can prevent thousands of suicides in India.

Sir, with 7400 outlets - Pradhana Mantri Jan Aushadi Pariyojana is the biggest retail pharma chain in the world. Drugs are available at 50-90 per cent cheaper rates. Total sales were to the tune of 580 crore rupees in 2020. The scheme has generated lakhs of self-employment opportunities. Jan Aushadi scheme is such a wonderful idea through which poor Indians saved 3,500 crore rupees per year. The immediate precipitating cause of most of the suicides in India is related to health issues. As a social worker, I have visited many houses of suicide families and I have noted that many of them become bankrupt mainly because of health issues. So, out of the pocket expenditure on health care is enormous in rural areas. The Jan Aushadi stores can definitely reduce these problems and India with a population of 136 crore requires Jan Aushadi Stores in lakhs but not in thousands.

Now, we have only 7400 but we need lakhs of Jan Aushadi stores in order to reduce the rates of the drugs.

Sir, less than hundred crores of rupees were allocated for Jan Aushadi stores in the present Budget. Please increase the allocation to one thousand crores of rupees. Please increase incentives and promote new stores. Please appoint a marketing officer to the State of Andhra Pradesh. Many States have marketing officers but Andhra Pradesh is lacking in that.

Sir, I have point of concern. That is about privatization of five Pharmaceutical PSUs. PSUs were originally started with the intent of creating employment. But today, we are trying to undo this aim. Privatization will not only reduce the job opportunities but will also reduce reservations to the oppressed classes of the society. If there is any hidden agenda, kindly desist from it. There would be a social revolution. If the Government of India wants to privatize most of the PSUs as a policy matter, please make a law to apply rule of reservations to all those private companies, which use subsidies, tax breaks, cheap bank loans, cheap land, etc.

Sir, through Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana, 20 new AIIMS and 71 State Government Hospitals were sanctioned. AIIMS of Mangalagiri in the State of Andhra Pradesh is still under construction even after five to six years. I request the Government of India to release funds to speed up the process.

Sir, this is my final point. It is about health research. The Standing Committee on Health recommended ten per cent of health Budget to be ear marked for research. This is not reflected in the present Budget allocations. The number of research papers published by ICMR depends on this allocation, so allocation needs to be enhanced. The COVID crisis reminds us of this fact.

Through Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, I request the Government of India to help the three aspirational districts of Andhra Pradesh, namely Kadapa, Visakhapatnam and Vizianagaram on priority basis with regard to establishing tertiary care hospitals. Due to inappropriate State bifurcation, we do not have any reputed primary or tertiary care hospitals in Andhra Pradesh. So, kindly sanction tertiary care hospitals to the State of Andhra Pradesh.

Sir, to conclude, I request the Government of India to increase allocations for health sector and make a healthy India.

Jai Hind.

माननीय सभापति: जो भी माननीय सदस्य अपना लिखित भाषण देना चाहते हैं तो वे सभा पटल पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत।

DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR): Thank you, hon. Chairperson Sir. I rise to support the Demands for Grants for the Ministry of Health and Family Welfare (2021-22).

Sir, the Covid pandemic was an unprecedented event which has not only changed the normal functioning of our daily lives but also exacted a heavy toll in terms of healthcare infrastructure. However, the pandemic has also brought to the forefront the need to have a robust and strong healthcare system in place.

Sir, as a medical professional it is my great pleasure to state that the Union Budget 2021-22 has taken pro-active steps in the healthcare domain by focussing on a holistic approach to health and well-being by targeting to improve the preventive care, curative care and well-being. This is in tune with the recommendations of the Economic Survey 2020-21 which called for improving the health infrastructure. By recognising health and well-being as one of the six target pillars this fiscal year, the hon. Prime Minister and the hon. Finance Minister has demonstrated the focus on building a more resilient healthcare system. In an unprecedented move, a sum of Rs. 2.23 lakh crore has been allocated towards health sector in the Union Budget 2021-22 as compared to the Budgetary Estimates of Rs. 94,000 crore during the last year. This is almost an increase of 137 per cent and the highest allocation so far since Independence. I congratulate the hon. Finance Minister and the Health Minister for giving a special focus on the healthcare system.

Sir, India's public health expenditure has increased from 0.9 per cent of GDP in 2015-16 to 1.1 per cent of GDP in 2020-21. The National Health Policy,

2017 aims at increasing the public health expenditure to 2.5 per cent of the GDP by the year 2025. The Ministry of Health and Family Welfare broadly has two Departments, one is Department of Health and Family Welfare which implements the health schemes and regulates medical education and training and the Department of health research which is broadly responsible for conducting medical research. In the Department of Health and Family Welfare, 96 per cent of Ministry's allocation has been given, that is, Rs. 71,000 crore and 4 per cent allocation has been given for health research and that is Rs. 2663 crore. As we all are aware, last entire year has been a COVID pandemic year and that is why the Government's focus has also been on improving the COVID-19 vaccination in the country and that is why the Government has given Rs. 35,000 crore for vaccination programme and the hon. Finance Minister has also promised that if any additional funds are required, then that will be given.

Sir, I was hearing many of my friends from the Opposition. They asked what the Government has done during the last one year during the COVID-19 pandemic. I would like to draw the attention of this august House towards the action taken towards the COVID-19 pandemic management. The first case of COVID-19 in India was found on 30th January, 2020. But our Health Minister had very early, that is on 8th January, 2020 made a Joint Monitoring Group, that was a technical group, under DGHS and the first meeting was held on the 8th of January, 2020. Now, health being a State subject also, India is federal political structure and so while taking any decision all State Governments were also taken into confidence. Various stakeholders and the different community organisations were

all brought on one platform to fight against the COVID-19 so as to minimise the impact of the disease.

Sir, Surveillance was started at the points of entry. The proper surveillance of people was started at the points of entry. The proper surveillance of people coming from different parts of the world started for airports, sea ports and land ports. Also, surveillance within the community was started by Integrated Disease Surveillance network. Travel advisories were also issued and continuous update of the travel advisories was also done. Active screening and isolation of the travellers also started on 18th January, that is almost 12 days before the first case of COVID-19 was reported. Partial lockdown was announced on 22nd March and complete lockdown was imposed on the 55th day, that is on 25th March, 2020.

Sir, I was listening to our friends from the Opposition and they were asking as to why there was a complete lockdown. अगर हमारे देश में कम्पलीट लॉकडाउन नहीं हुआ होता तो हम कल्पना भी नहीं कर सकते कि कितने सारे लोग कोविड-19 से इनफेक्ट हो सकते थे। आज हमारे देश में सही समय से लॉकडाउन लागू करने के कारण हम लाखों लोगों की जानें बचा सके। कोविड-19 के मैनेजमेंट में प्रमुख रूप से टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीटिंग के फार्मूले से काम शुरू किया गया।

जब कोविड-19 वैश्विक महामारी से पूरी दुनिया पीड़ित थी और खास तौर पर जब हम वेस्टर्न कंट्रीज की बात करते हैं, जिन्हें हम डेवलप्ड कंट्रीज मानते हैं, जहां पर सारा हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, वे कंट्रीज भी अपने लोगों को इस वैश्विक महामारी से बचा नहीं पाईं। हम जो आंकड़े देखते हैं कि जो डेवलप्ड कंट्रीज हैं, सबसे ज्यादा मोर्टालिटी उन देशों में हुई है।

एक तरफ हमारा भारत देश है, जहां 130 करोड़ की आबादी है और हमारे यहां उतना हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध नहीं था, लेकिन ऐसे में हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने लॉकडाउन के

समय एक संपूर्ण डेडिकेटेड कोविड-19 क्लीनिकल मैनेजमेंट फ्रेमवर्क तैयार किया, जिसमें हजारों कोविड केयर सेंटर्स, कोविड हेल्थ सेंटर्स और कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल्स, जिसमें प्रमुख रूप से आइसोलेशन बेड्स, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स, आईसीयू विद वेंटीलेट्री सपोर्ट इन सभी पर स्पेशल फोकस किया गया। हमारे देश में, क्योंकि इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड होने के कारण कई जगह टेंपरेरी हॉस्पिटल्स बनाए गए, जो कि डेडिकेटेड कोविड-19 मैनेजमेंट सेंटर्स की तरह काम कर रहे थे। आइसोलेशन बेड्स की संख्या बढ़ाकर 1.5 मिलियन की गई और 0.25 मिलियन ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स, 80 हजार आईसीयूज और 40 हजार वेंटीलेटर्स की व्यवस्था की गई।

हम सभी यह जानते हैं कि वेंटीलेटर्स, पीपीई किट्स, एन-95 मास्क्स हमारे देश में नहीं बनते थे। हम इन सभी को इंपोर्ट करते थे। कोविड के इस चुनौतीपूर्ण समय में हमारे देश में पीपीई किट्स का निर्माण शुरू हुआ, टेस्टिंग किट्स का निर्माण शुरू हुआ, वेंटिलेटर्स, एन-95 मास्क्स इत्यादि इन सभी वस्तुओं का निर्माण लॉकडाउन के समय में हमारे देश में शुरू हुआ। अगर हम संपूर्ण लॉकडाउन का पीरियड देखें तो ऐसा हमें कहीं भी महसूस नहीं हुआ कि कहीं पीपीई किट्स कम पड़े, कहीं एन-95 मास्क्स नहीं मिले। जो डिमाण्ड और सप्लाई का गैप था, वह पूरी तरह से पूर्ण करने का काम इस सरकार ने किया। अगर हम जनवरी, 2020 में देखें तो देश में केवल एक टेस्टिंग लैब थी। आज हमारे देश में 2,410 लैब्स का निर्माण पिछले एक साल में किया गया है। इसका कारण यह था कि अगर केसेज अर्ली आईडेंटिफिकेशन होते हैं तो सही समय पर उनका ट्रीटमेंट हो सकता है। हमारे प्रधानमंत्री जी यह जानते हैं कि low testing will lead to under-reporting. इसीलिए भारत में 225 मिलियन कोविड-19 टेस्टिंग की गईं, जो आज दुनिया की सेकेंड हाईएस्ट टेस्टिंग का नंबर है। रिस्पोंस स्ट्रेटजी का एक महत्वपूर्ण भाग यह भी था कि हमें रैपिड अप स्किलिंग और कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफ हेल्थ केयर एंड फ्रंटलाइन वर्कर्स करना पड़ा, क्योंकि कोविड-19 पेंडेमिक को पहली बार हमारा देश फेस कर रहा था और इसमें हमारे जो फ्रंटलाइन वर्कर्स हैं, इनको प्रॉपर ट्रेनिंग देना, इनकी स्किलिंग करना यह भी बहुत जरूरी था तो यह काम भी हमारी सरकार ने किया।

सर, ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल शुरू किया। इस ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल पर जो हेल्थ केयर वर्कर्स थे, इनकी ट्रेनिंग हुई, फ्रंटलाइन वर्कर्स की भी ट्रेनिंग हुई और उसी के साथ-साथ कम्युनिटी बेज्ड ऑर्गेनाइजेशंस वॉलिंटियर्स की भी ट्रेनिंग करवाई गई। इसके कारण 60 मिलियन स्ट्रांग आर्मी ऑफ कोविड वॉरियर्स हम हमारे देश में बना सके। एएनएम, आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स की भी मदद से प्रचार-प्रसार का काम किया गया, सर्वे का काम किया गया। हमने देखा कि लोगों के बीच में कोविड-19 के समय बहुत सारी अफवाहें इस बीमारी के बारे में फैल रही थी तो सही जानकारी देने का काम सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से किया गया।

आरोग्य सेतु ऐप लाकर हमारे देश में एक्टिव सर्विलेंस और कांटेक्ट ट्रेसिंग की भी एक बहुत बड़ी मदद इसके कारण हुई। इसके कारण जो इवॉल्विंग हॉटस्पॉट्स थे, सरकार को उनकी सही समय पर जानकारी मिलती गई और सही तरीके से सारे इवॉल्विंग हॉटस्पॉट्स को मैनेज किया गया।

सर, वैक्सीन रिसर्च का काम भी शुरू था। जब कोविड-19 का लॉकडाउन चल रहा था तो दूसरी साइड वैक्सीन रिसर्च का काम भी हमारे देश में अलग-अलग संस्थाओं में शुरू था। इसका फल यह मिला कि आज हमारे देश में दो वैक्सीन्स तैयार हो चुकी हैं, एक कोविशील्ड है और दूसरी कोवैक्सीन है। वैक्सीनेशन ड्राइव की बात करते हुए मैं यह बोलना चाहूंगी कि COVID-19 vaccination drive is so far the world's largest vaccination drive which has been launched by our hon. Prime Minister on 16th January, 2021. The Government of India has established a National Expert Group on vaccine administration for COVID-19 to provide guidance on all aspects of COVID-19 vaccination including prioritisation of population, procurement, inventory management, vaccine selection, vaccine delivery tracking mechanism, etc.

Two vaccines have been made in India. One is Covishield which is manufactured by Serum Institute of India and the second is Covaxin which is manufactured by Bharat Biotech International Limited. The vaccine which is

prepared by Bharat Biotech is researched and developed in India under Atmanirbhar Bharat Scheme.

Sir, many Members who were speaking here were asking as to what will happen if the vaccine will get exhausted. I would like to draw the attention of the entire House to the fact that in addition to these two vaccines, seven other vaccines are in clinical trial and 12 additional vaccines are in pre-clinical trial stage of development. The group that was formed for prioritising certain population groups for vaccination was based on extensive review to maximise the COVID-19 vaccination drive impact.

Prioritisation has been done on humanitarian principle of giving vaccine to those who need it first. So, the first priority group includes all the healthcare workers, second group includes the frontline workers and third group includes the people who are above the age of 60 or those who are between the age of 45 and 59 who have 20 identified comorbidities.

Sir, COVID-19 vaccination utilises the existing infrastructure of the universal immunisation programme including the cold chain system. Capacity building of an entire human resource has been conducted in a cascading manner.

When vaccination programme had to be started, people who are vaccinators or the team of the people in the vaccination group also had to be trained. So, that training part has also been done. So far, 2.64 lakh vaccinators and 4.76 lakh other vaccination team members were trained.

A unique digital platform called, ‘Co-WIN 2.0’ has been developed to facilitate vaccination drive. It helps in registration and tracing of every beneficiary

along with real time information on storage of available stock of vaccine, their storage temperature, etc.

Sir, as on 11th March, 2021, a total of 2. 57 crore doses have been administered to 2.10 crore beneficiaries of which around 47 lakh beneficiaries have completed both the doses scheduled.

After facing the COVID-19 pandemic, the Government has taken a very long-sighted decision of increasing the investment in public health and health reforms to prepare India for current and further pandemics. In future, if there is any pandemic, we should be prepared, and keeping that in mind, this Budget has majorly focussed on two different parts. One part is short-term that is on COVID management and second is long-term to prevent further any such pandemics in the country.

The COVID-19 pandemic has brought forth public health challenges and related needs to strengthen health system to make it more resilient and responsive to emergent health situations.

Sir, the Union Finance Minister announced the launching of a new Centrally-sponsored scheme, Pradhan Mantri Atmanirbhar Swasth Bharat Yojana with an outlay of Rs.64,180 crore over six years. This Scheme aims to strengthen the health infrastructure by seeking to improve primary, secondary and tertiary healthcare centres along with existing and future national institutions working in this sphere of detection and cure of new and emergent diseases. This will be an addition to the National Health Mission. The main intention under this Scheme is giving support to 17,788 rural and 11,024 urban welfare and wellness centres;

setting up of integrated public health labs in all districts; establishing critical care hospital blocks in 602 districts and 12 Central institutions; strengthening of the National Centre for Disease Control, its five regional branches and 20 metropolitan health surveillance units; operationalisation of 17 new public health units and strengthening of 33 existing public health units at point of entry; setting up of 15 health emergency operation centres and two mobile hospitals and setting up of national institution for One Health; a regional research platform for WHO South East Asia Region Nine Biosafety Level Laboratories and four regional/national Institutes of Virology.

Sir, Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana which is meant for improving access to hospitalisation services at secondary and tertiary levels is also focussed and has been given increased fund under this year's budget allocation. Along with this, a special focus has been laid on the Mission POSHAN 2.0. On the one side, we are fighting COVID-19 pandemic; on the other side, we are also battling the issue of malnutrition/under nutrition. A special focus has been given on this also by merging the Supplementary Nutrition Programme and the POSHAN Abhiyan together and now it is Mission POSHAN 2.0 and the total budget allocated for this mission is Rs. 20,105 crore. The allocation for the Social Services sector which includes nutrition and social security and welfare has increased from Rs. 2,411 crore to Rs. 3,575 core.

While focussing on nutrition, drinking water and sanitation is important because there are many diseases which are caused due to unhealthy environment, impure water etc. Most of the child deaths happen because of

diarrhoeal diseases and that is why the Government has given around Rs. 60,000 crore for Drinking Water and Sanitation Programme.

Sir, while talking of increasing human resource, I would like to thank the hon. Minister for setting up a new Medical College in my constituency Nandurbar which is an aspirational and a tribal district.

With these words, I support the Demands for Grants of the Ministry of Health and Family Welfare and I thank the hon. Health Minister.

***श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़):** मुझे आज स्वास्थ्य मंत्रालय की अनुदान मांग पर अपने विचार रखने के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए आपका आभार। इस कोरोना काल में हमारी सरकार ने जिस प्रकार से स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं हेतु जितनी शीघ्रता से प्रयास किया, उसी का नतीजा है की आज हमारे देश में कोरोना की भयावह स्थिति नहीं रही है। इसके लिए हम सब हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करते हैं साथ ही हमारे स्वास्थ्य मंत्री जी का दिल से आभार करते है की इस कोरोना महामारी में भी उन्होंने बहुत ही संयम से काम लिया और देश को कोरोना की मार से बचाने में सफल हुए इसके लिए भी हम माननीय स्वास्थ्य मंत्री का धन्यवाद तथा आभार प्रकट करते हैं।

आज हेल्थकेयर तेजी से बदल रहा है और आज हमारा देश एक मजबूत, किफायती और ग्लोबल स्टैंडर्ड वाली हेल्थकेयर व्यवस्था की नींव हमारी सरकार ने देश में रख दी है। देश में पिछले कुछ सालों में हेल्थकेयर सेक्टर में जिस तरह के बदलाव देखने को मिले हैं, इसकी तारीफ पूरी दुनिया कर रही है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह के काम हेल्थकेयर सेक्टर में हुए हैं, इसकी गूंज दुनिया के विकसति देशों तक सुनाई पड़ रही है। कोरोना काल में जिस तरह के कदम उठाए गए और इतनी बड़ी आबादी को संतुलित तरीके से नियंत्रित करने के साथ हेल्थकेयर व्यवस्था को बनाए रखने की वजह से दुनिया के बड़े देशों को भी हमने अचंभे में डाल दिया। इतनी बड़ी आबादी को मेडिकल सेवाएं देने के साथ हमने कोरोना वायरस से लड़ने के लिए जरूरी मास्क और अब वैक्सीन का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। 'सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामयाः' को सही मायने में हमने साबित किया है।

आज दुनिया की नजर भारत में बन रहे वैक्सीन पर है। वहीं पिछली सरकार होती तो वैक्सीन के लिए हमें चीन और बाकी देशों पर निर्भर होना पड़ता और वैक्सीन इंपोर्ट में उस सरकार में कई घोटाले भी हो गए होते। लेकिन हमारी सरकार ने देश में बनी वैक्सीन को दुनिया भर के कई देशों ने सबसे ज्यादा कारगर बताया है। हमारी सरकार का जोर हेल्थकेयर पर निवेश के साथ देश के अलग-अलग

* Speech was laid on the Table

इलाकों तक भी सुविधाएं पहुंचाने की भी है। इसके जरिए स्वास्थ्य के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। आज हमारी तेजी से आधुनिक हो रही हेल्थकेयर व्यवस्था पर सबकी नजर है।

ESIC Medical College & Hospital has been built at an area of 50 acres with all the facilities required under “Challenge Method Criterion” is ready to upgradation and utilization of the facilities in line of AIIMS. The major issue is the land where it is mentioned that 200 Acres required for the set up of AIIMS. So, I would like to state that the Campus of Gulbarga University is around 860 acres of land which is adjacent to ESIC Kalaburagi and after the bifurcation of Gulbarga University and Raichur University under the Karnataka State Universities (Amendment) Act, 2020 (Karnataka Act No. 16 of 2020) can be utilized for the purpose of establishment of AIIMS as more than 60 per cent of Gulbarga University land is unutilized.

I would like to mention here that govt of Karnataka has agreed to give additional land of 150 acres from the Gulbarga University to setup AIIMS. Therefore, it is my sincere request to kindly take the necessary action to send a proposal to Ministry of Labour & Employment and Health & Family Welfare to consider the proposal of upgradation of ESIC Kalaburagi in line of AIIMS.

I would like to mention that without putting extra burden on the Government of India, it is ideal to start AIIMS in ESIC Kalaburagi where the infrastructure and resources are readily available. However, the Govt of India is obliged to sanction and establish a unit of AIIMS for all the States. ESIC Kalaburagi is ideal in all the way to upgrade into AIIMS like facility institute. Kalaburagi being regional headquarters of Public Administration and located on borders of Telangana and Maharashtra is emerging as health hub in addition to educational hub. It is well

connected with airway, railway and roadway. Therefore, I urge upon you to consider establishing AIIMS at ESIC, Kalaburagi.

I would like to bring it to the kind notice of hon. Minister that speaking at the 24th Convocation of the National Institute of Mental Health and Neuro Sciences, he said the Government must also ensure that all treatment gaps are eliminated and hon. Minister lauded the efforts of Karnataka towards providing better psychiatric care by ensuring that a district mental health team is established in every district. I would like to bring it to kind notice of hon. Minister has said the ESIC hospital in Kalaburagi had sought to start a NIMHANS centre. He also stated that once the MoU is signed, the centre would act as an extension of NIMHAS at ESIC Kalaburagi. Therefore, I would like to urge upon the minister to kindly expedite the process of starting a NIMHANS centre in Kalaburagi.

The death rate of people with tuberculosis is highest in Karnataka's Government hospitals, according to the recent India TB Report 2019. The report indicates that 6.20 per cent of people with tuberculosis, treated at Government-run hospitals have died.

In view of the above, I would like to request the hon. Minister to start a tuberculosis hospital at Kalaburagi (like Indra Gandhi TB Hospital Bengaluru). This will help the complete north karnataka region which consist of 10-12 district to fight with tuberculosis-disease.

Due to the non-availability of super speciality hospitals for children in Kalaburagi District, in a recent survey the overall percentage of institutional births recorded in Kalaburagi is lower in Karnataka. In Kalaburagi only 91.3 percent institutional births are recorded, compared to 94.3 percent births in Karnataka. The institutional birth record rate in public healthcare units in Kalaburgi is lower 59.7 percent than in Karnataka 61.4 percent. Hence, I would like to request the hon. Minister to consider my request for opening children's super speciality Hospital in Kalaburagi.

Kidwai cancer hospital require ICCU setup for major surgeries because major cases were referring to Bengaluru and manpower like HRM paramedical staff.

Establish dialysis unit with ICCU setup in all Talukas of Kalaburagi District has to establish dialysis unit with ICCU setup.

I would like to conclude with the saying that “the wealth of a nation depends on the health of the people”, so it is very much necessary to enhance the health index by providing the best health facility to this region which is backward in all the aspects. Thank you once again for giving me this opportunity.

*SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI): We exist as a nation, not as a Government and so we must grow as a nation building upon our experiences. Today, India is being lauded for playing a key role in global recovery due to its innovation and vaccine manufacturing capacity. It is helping us, as a nation, economically, in health, diplomacy and also in building international relations. The credit is to go to the infrastructure and investment in research that has been done in the last 70 years which by 2014 itself had enabled us to build 1 billion vaccine every year. It is a success story of vaccine development wherein we laid down a huge network of research institutes, namely –

1. International Centre for Genetic Engineering & Biotechnology (ICGEB), Delhi.
2. National Institute of Virology (NIV), Pune
3. National Aids Research Institute (NARI), Pune
4. National Institute of Cholera and Enteric Diseases (NICED), Kolkata
5. Tuberculosis Research Centre (TRC), Chennai
6. Regional Medical Research Centre (BBSR), Bhubaneshwar
7. Central Drug Research Institute (CDRI), Lucknow
8. Institute of Microbial Technology (IMTECH) Chandigarh
9. Centre for Cellular and Molecular Biology (CCMB), Hyderabad
10. Indian Institute of Chemical Technology (IICT), Hyderabad
11. Indian Institute of Chemical Biology (IICB), Kolkata

* Speech was laid on the Table.

12. All India Institute of Medical Sciences (AIIMS), New Delhi

13. Indian Institute of Sciences (IISC), Bengaluru

14. Anna University, Chennai

15. Mahatma Gandhi Institute of Medical Sciences (MGIMS), Wardha

16. Indian Immunological Limited (IIL), Hyderabad

17. Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Medical Sciences (SGPGIMS), Lucknow

18. Delhi University (DU), South Campus

19. Pasteur Institute of India (PII)

20. Coonoor Haffkine Institute (HI)

21. Mumbai Tata Memorial Cancer Hospital (TMC), Mumbai.

India should learn from its experience that the vaccine manufacturing capacity has brought us glory and further investment in its vaccine manufacturing capacity, however, on the contrary the Budget allocated for the Ministry of Health and Family Welfare declined by 10.8 per cent in 2021-22, compared to the spending in FY 2020-21. The contribution of manufacturing sector to the GDP in 2013-14 was 16.3 per cent and under the Make in India initiative the Government had aimed to make it 25 per cent by 2022 (later revised to 2025).

However, 2022 is next year and we have recorded a dismal 17.4 per cent of contribution to GDP by manufacturing sector in FY 2020. Probably, this is why the Government does not talk about the Make in India lion anymore, now we have shifted our focus to another label `Atma Nirbhar Bharat' which also is a good

programme but hopefully is not another temporary label that will fade away with change in season.

Also, let us all recall that we had small pox vaccine given for free, BCG vaccine, DPT vaccine, Measles vaccine, Polio vaccine all given for free that too without propaganda or chest thumping. It was done as a duty.

With regard to Budgetary allocation to health, just how students take up supplementary subjects during their Board examinations to increase their overall percentage, this Government has clubbed one time vaccination cost, allocation to the Department of Drinking Water and Sanitation among other things to the Health Budget to better the overall optics of the Budgetary allocation. However, having supplementary subjects does not mean we shift focus away from the core subjects and that is what has happened with this Budget.

I have this apprehension because last year, the Prime Minister had announced for a Rs. 7000 crore scheme to reduce dependence on China for Active Pharmaceutical ingredients. Howe successful has this scheme been? I request the Government to give a performance report of this scheme to the House.

The Economic Survey argues for the need to increase public spending on healthcare to 2.5-3 per cent of the GDP – its about 1.5 per cent currently. The Standing Committee notes the inadequacy of funds allocated to the Department of health and Family Welfare in the 2021-22 Budget. The Committee noted that in reality the Budgetary allocation for health is just 32 per cent of the much hyped Rs. 2,23,486 crore funds, while the rest of the funds belong to Departs of Drinking water and Sanitation, AYUSH and Finance Commission grants. Despite the

repeated recommendations by the Committee, the Budget allocated to the Ministry of Health and Family welfare is just 58.5 per cent of the projected demand, with a shortfall of more than Rs. 50,000 crore. Since such a huge shortfall in funds will hamper the implementation of health sector schemes, the Committee recommended the Health Ministry to seek more funds from the Ministry of Finance. Dismayed at the present Government health expenditure to the GDP ratio of 1.4 per cent, the Committee strongly recommended an increase in health Budget gradually to 5 per cent of the GDP by 2025.

The Committee further pointed out that the actual Budgetary allocations for many flagship schemes – like National Urban and Rural Health Missions, Rashtriya Swasthya Bima Yojana, Ayushman Bharat is less than the projected demand. The Pradhan Mantri Atma Nirbhar Swasthya Bharat Yojana (PMANSY) has an announced allocation of Rs. 64,180 crore over six years, but it does not find a place in the present Budget documents (there is no Budget allocation).

In the National Family Health Survey (NFHS-5) 2019-20, the proportion of children below 5 years suffering from chronic malnutrition (underweight, stunting) increased. But the ICDS Budget (supplementing nutrition) declined. The funds allocated for the flagship nutrition programme, Integrated Child Development Scheme (ICDS) was reduced by 19.4 per cent in 2021-22 compared to previous Budget allocation. Taking note of the very high maternal mortality rate (MMR) of 113 (while the SDG target is 70, the Standing Committee recommended continued efforts towards ensuring institutional deliveries, proper nutrition to pregnant women especially in backward and remote areas. There is no mention of Anganwadis,

ASHAs, ANMs in the Budget speech. The Standing Committee applauded the efforts of ASHA workers in the fight against the pandemic and recommended the Health Ministry to allocate specific funds for them to ensure fair minimum wage. There is a need to increase wages of these frontline health workers, who are risking their lives during the pandemic.

There is no increase in allocations for mental health in this Budget, despite there being a surge of mental health issues during lockdown in the country. To overcome the shortage of skewed deployment (high concentration in urban areas) of psychiatrists and clinical psychiatrists in the country, the Standing Committee recommended rationalised deployment of manpower under the National Mental Health Programme to address the shortage of mental healthcare professionals in rural areas. The Committee recommended that the Ministry must undertake measures to remove stigma attached to mental health issues and integrate mental health into primary care.

Under the Central Government Health Scheme (CGHS), 484 gazetted officer posts and 1390 non-gazetted posts are vacant. Inadequate manpower is also interrupting healthcare service delivery at Safdarjung hospital, Vardhaman Mahavir Medical College, AIIMS and many other medical institutions of repute. The Standing Committee recommended filling up of these vacancies on priority basis and establishment of a robust mechanism to ensure easy accessibility and delivery of medicines to all CGHS dispensaries. The Committee also suggested the Ministry to upgrade the nursing education in the country to global standards

and increase the nurse-patient ratio from the present 1.7 nurses per 1000 population.

To encourage the Medical Device industry in India under the Make in India initiative, the Standing Committee suggested that the medical institutions must be encouraged to procure medical devices with BIS certification *vis-à-vis* the USFDA certification for basic equipment. Recognising the importance of Population Research Centres (PRCs) in providing research related inputs for health and family welfare programmes, the Committee recommended their revitalisation with adequate Budgetary support.

The Standing Committee cautioned the Government that Anti-Microbial Resistance (AMR) is a major threat to public health which is projected to cause 10 million deaths by 2050. As India is termed as the AMR capital of the world, the Committee recommended the Centre to take combative measures beforehand to keep the threat of AMR at bay. The Committee also recommended that the Centre must give impetus to the Health Sector Disaster preparedness and Response scheme for human response while combating health disaster. The Committee also recommended the setting up of CBRN Medical Management Centre and augmenting specialised capacity building to combat the potential threat of chemical, biological, radiological and nuclear disasters. Taking cognisance of the detrimental health effects caused by acute exposure to high concentrations of Aflatoxins (like cancer), the Committee recommended the FSSAI to control Aflatoxin contamination in foodgrains and milk.

Commenting on the COVID-19 pandemic, the Committee noted that the threat is yet to be over and the Health Ministry must prepare itself to combat new variants of the Coronavirus. The exposure to COVID-19 pandemic is more for women than men because a larger share of women are in health sector and as home and family caregivers, which makes them more exposed to contagion. Occupational sex-segregation also results in different levels of exposure – women are more present in client facing roles in retail, travel, leisure and hospitality. Girls face constraints to access healthcare services. As per the report by the WHO, in India, boys are more likely (and sooner) taken t a qualified health professional for treatment than girls. To current this inherent gender bias, providing protective equipment and materials and COVID-19 testing to higher risk populations will be key to prevent their contagion. Public health emergency usually entails shift in resources disrupting the reproductive health services of women. To check this, pregnant women and maternity wards require particular attention during the containment phase.

The 2021-22 Budgetary allocation for the National Health Mission was slashed by Rs. 38,825 crore compared to the projected demand. Since the scheme supplements the States in ensuring accessible, affordable healthcare at the primary level, the Committee strongly recommended increasing Budgetary allocation. Also, given the importance of primary healthcare centres in healthcare delivery, the Committee suggested that the primary healthcare expenditure be increased to at least two-thirds of the total health expenditure, as envisaged in the National Health Policy.

To ensure last mile delivery of healthcare services to rural and remote areas, the Standing Committee recommended the use of technology enabled platforms like tele-medicine for healthcare service delivery. In the challenging times of the pandemic, I urge the Centre to consider the above suggestions and ensure their implementation.

Thank you.

*__श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम):__ मुझे केन्द्रीय स्वास्थ बजट पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर देने के लिए आभार।

किसी भी देश के आर्थिक बजट में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विषय महत्वपूर्ण होता है। मेरी भी कुछ स्वास्थ्य से संबंधित मांगे हैं, जैसे - केन्द्रीय बजट में स्वास्थ्य के लिए 64 हजार करोड रुपयों की घोषणा करते हुए स्वास्थ्य बजट में 137 प्रतिशत की वृद्धि करने की बात माननीय वित्त मंत्री जी ने की है, परंतु कोरोना काल में महाराष्ट्र की जनसंख्या व कोरोना मरीजों की संख्या को देखते हुए महाराष्ट्र के लिए अत्यंत कम निधि दी जा रही है। सितम्बर, 2020 से आज तक केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र को एक भी PPE कीट नही दी है।

राज्य के मुख्यमंत्री माननीय उद्धव जी ठाकरे का मैं तहेदिल से आभार मानता हूं कि उन्होंने पुरी विनती लगन और मेहनत से कोरोना को काबू में रखा है। माननीय उद्धव जी ने सपूर्ण महाराष्ट्र में कोरोना मरीजों के लिए जम्बो सेन्टर खड़े कर प्रत्येक सेन्टर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स, नर्सेस व एम्बुलेंस की तैनाती की है। सभी मरीजों को मुफ्त पोषक आहार के साथ ही सभी डॉक्टर्स और नर्सेस को घर से अस्पताल तक जाने-आने के लिए वाहन की व्यवस्था की है। निजी अस्पतालों में 50 प्रतिशत बेड कोरोना मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध किए हैं।

अतः मै केन्द्र सरकार से विनती करता हूँ कि कोरोना को राज्य से पूरी तरह समाप्त करने हेतु महाराष्ट्र राज्य को पांच हजार करोड रुपये की आर्थिक मदत जाहिर करे। कैन्सर का ही प्रकार ऑस्टोमी बीमारी से पीड़ित मरीजों को नैसर्गिक मल विसर्जन की प्रकिया नही होने से उनको पेट पर मल मूत्र जमा करने हेतु एक प्लॉस्टिक बैग हमेशा रखनी पडता है। इस बैग के लिए उन्हें प्रत्येक महीने तीन हजार रुपये खर्च करने पडते हैं। इस बीमारी का स्थायी इलाज न होने के कारण मरिजों को आर्थिक भार और जीवनभर विकलांग का जीवन जीना पड़ रहा है।

अतः मै सरकार से विनती करता हूं कि, विदेश से आयात होने वाले इस बैग पर लगने वाला आयात कर व जीएसटी पूरी तरह माफ किया जाए। देश में प्रतिदिन बढ़ रहे शुगर मरीजों को शुगर लेवल

* Speech was laid on the Table

हर दिन चेक करना पड़ता है, जिसके लिए ग्लुकोमीटर का वापर करना पडता है। एक ग्लुकोमीटर स्ट्रीप की कीमत 25 रुपये पडती है। गरीब मरीजों पर पडने वाला अतिरिक्त आर्थिक भार कम करने हेतु ग्लुकोमीटर स्ट्रिप पर लगने वाले सभी टैक्स रद्द किए जाए। इस आर्थिक बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने देशभर में 15 अत्यावश्यक आपातकालीन व दो मोबाइल अस्पताल बनाने की घोषणा की है।

मेरी सरकार से विनती है कि, मुंबई-गोवा हाइवे पर होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या को देखते हुए खेड, रत्नागिरी, या संगमेश्वर में एक अत्यावश्यक अस्पताल को मंजूरी दी जाए। देश के हर राज्य में एक एम्स हॉस्पिटल बनाने का केन्द्र सरकार के निर्णय के अनुसार महाराष्ट्र की उप राजधानी नागपुर में एम्स हास्पिटल बनाने की घोषणा का मैं स्वागत करता हूं, परंतु मुंबई देश की आर्थिक राजधानी, मुंबई की आबादी, मुंबई मे आने वाले प्रवासी और पूरे देशभर के शहरी और ग्रामीण इलाके से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए मुंबई आते है। मरीजो की भारी संख्या को देखते हुए राज्य सरकार और मुंबई महानगरपालिका के अस्पताल कम पड़ रहे हैं।

इसलिए मेरी विनती है कि मुंबई उपनगर में केन्द्र सरकार के विविध मंत्रालयों की खाली पड़ी जमीन पर एक एम्स अस्पताल बनाने की घोषणा की जाए। कई मरीजों को C T Scan एवं MRI करने की जरुरत पडती है। मेरी मांग है कि एक विशेष पैकेज देकर पूरे देशभर के जिला अस्पतालों मे MRI और C T Scan मशीन लगाई जाएं।

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, शुक्रिया। मैं सबसे ज्यादा जोर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर देना चाहता हूं। प्राइमरी हेल्थ सेंटर का क्या हाल है, यह हमसे और आपसे छिपा हुआ नहीं है। कितने प्राइमरी हेल्थ सेंटर ऐसे हैं, जहां डॉक्टर्स नहीं हैं, दवाइयां नहीं हैं, दवाइयां पैरा-मेडिकल स्टाफ बांटता है लेकिन कहीं-कहीं दवाइयां स्वीपर तक बांटते हैं।

मेरे क्षेत्र बरहपुर कस्टीट्यूएंसी का बहुत बड़ा कस्बा है। वहां प्राइमरी हेल्थ सेंटर में आज तक कोई भी क्वालिफाइड डॉक्टर नहीं पहुंचा है। हमें प्राइमरी हेल्थ सेंटर को बहुत मजबूत करना चाहिए। अभी आपने मिक्सोपेथी की बात की, यकीनी तौर पर इसे आपने पास कर दिया।

मैं हेल्थ मिनिस्टर जी से मालूम करना चाहता हूं कि आयुर्वेदिक बीएमएस को आपने सर्जरी के लिए एलाउ कर दिया लेकिन बीएमयूएस को क्यों नहीं किया, जबकि सेम कोर्स है। सिर्फ लैग्वेज का फर्क है, आयुर्वेदिक संस्कृत का नाम है, यूनानी अरबी और फारसी नाम है। उसे एक ही बॉडी गवर्न करती है।

मैं हेल्थ मिनिस्टर जी से कहना चाहता हूं , मैंने वह लिस्ट पढ़ी है, जिसमें आपने ऑपरेशन की इजाजत दी है। मेरी आपसे दरख्वास्त है कि मेजर ऑपरेशन और सुपर स्पेशलिटी ऑपरेशन करने की इजाजत इनको नहीं मिलनी चाहिए। इनको पहले तीन साल की विगरस ट्रेनिंग देनी चाहिए, ट्रेनिंग में टीचिंग भी शामिल हो, इनको इस काबिल बना दिया जाए। इंसानी जिन्दगी एक बार चली जाती है तो दोबारा नहीं आती है। इंसानी जिन्दगी कोई खेल नहीं है। ट्रेनिंग के बाद इनको इस बात की इजाजत दी जाए कि उसमें अपना कोआपरेशन कर सके।

मैं खासतौर से कोविड के लिए अपने हेल्थ मिनिस्टर साहब को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने वार-फुटिंग पर काम किया है, अब कोविड कंट्रोल में है। हम सभी हेल्थ मिनिस्टर साहब के साथ खड़े हैं। जहां-जहां उनको जरूरत हुई है, विपक्ष ने भी उनका साथ दिया है। मैं वैक्सीन के लिए अपने साइंसस्टिों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इतनी जल्दी ऐसी वैक्सीन बना ली। दुनिया नहीं बना पाई, लेकिन अफसोस इस बात की है कि वैक्सीन का भी राजनीतिकरण कर दिया गया, जो नहीं होना चाहिए था।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि कितने डॉक्टरों की कोविड के दौरान डेथ हो गई, पैरामेडिकल्स की डेथ हो गई, उनके कम्पेनसेशन के बारे में सोचें, उनको कम्पेनसेशन देना बहुत जरूरी है ताकि दूसरे डॉक्टर्स डिस्करेज न हो, पैरामेडिक्लस के लोग डिस्करेज न हों। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री मलूक नागर (बिजनौर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद।

अभी हमारे साथी मनीष तिवारी जी बोल रहे थे**!** हमने यूथ कांग्रेस में साथ काम किया था। वह बोल रहे थे जब लॉकडाउन लगा था, चार-पांच दिन बाद मजदूरों को एलाऊ कर दिया। मैं इसमें संशोधन करना चाहता हूं, चार-पांच दिन नहीं थे, दो महीने थे। जब कांग्रेसी साथी यहां बोलते हैं, जिन प्रदेशों में उनकी सरकार है, ज़रा उसे भी देख लें। यहां उनका बोलना उनके प्रदेशों की सरकारों को कांट्राडिक्ट करता है। अगर लॉकडाउन लगने से करीब चार, पांच या छ: दिन पहले मजदूरों को जाने की इजाजत दे दी जाती तो न भगदड़ मचती, न मजदूर परेशान होते, न बेरोजगार होते, न रास्ते में मरते और सही तरीके से अपने गांवों में पहुंच जाते। जब लॉकडाउन खुला, चाहे किसी प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी या किसी और की सरकार थी, मजदूरों को बुलाती, उनको खर्च की सुविधा दी जाती। मेट्रोपोलिटन सिटीज़ में बहुत बड़े प्रोजेक्ट रुके, इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट रुके, वे नहीं रुकते, तमाम बिजनेस लाइन पर आ जाता, देश की इकोनॉमी ठीक रहती और मोदी जी का 5 ट्रिलियन डॉलर का सपना पूरा हो जाता। आप देखिए कि कहां कमी रही? आप लोग इनमें कमियां निकालते रहते हो, इनमें कमियां निकालना छोड़ दो, इनका तो अपने आप काम हो लिया। आप लोग भी थोड़ा-बहुत काम कर लो ताकि देश की जनता को ठीक तरह की सुविधाएं मिल सकें। …(व्यवधान) बिट्टू जी का थैंक्यू, इन्होंने मुझे एक बात याद दिला दी। मनीष तिवारी कुछ बातें बहुत बढ़िया बोले। जब वह यहां बैठे थे तो बिट्टू ने कहा कि वह तो चले गए, क्योंकि ये खुद तो नेता बनकर बैठ गए और अब उनको पार्टी से भी भगाना चाहते हैं। …(व्यवधान)

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। कोरोना महामारी के बाद जो चीजें चल रही हैं, जैसे मोदी जी थाली बजवाई, गलत काम किया, दीपक जलवाए गलत काम किया। अरे, मंदिर में जाते हो, घंटी बजाते हो तो इसका क्या अर्थ है? सुबह के टाइम मंदिर में जोत जलाते हैं, पूजा करते हो, अग्नि जलाते हो तो इसका क्या अर्थ है? साइंटिफिक तरीके से या वैचारिक तरीके से मनोबल बढ़ाने का कोई काम करता है

तो उसकी खिलाफत मत करो। हर जगह खिलाफत करना जरूरी नहीं है, सही बात का समर्थन भी करना चाहिए।...(व्यवधान)

महोदया, यहां मुलायम सिंह जी बैठे हैं। देश में जो मेहनतकश हैं, मजदूर, गरीब और पिछड़े लोग हैं, जो खेतों में काम करते हैं, उनकी इम्युनिटी स्ट्रांग थी इसलिए वे झटका झेल गए। कोरोना आया, उनके शरीर में लड़ाई हुई और उसके बाद खून गाढ़ा हुआ। इसके बारे में लोगों को पता भी नहीं है। बहुत सी मौतें हो रही हैं, कुछ हार्ट अटैक से हो रही हैं, कुछ ब्रेन हैमरेज से हो रही हैं। मेरा कहना है कि इंजेक्शन के साथ सरकार सुविधा उपलब्ध कराए। गांव और देहात में पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और अकलियत के लोग, जिनको पता भी नहीं है कि कोरोना कब आया और कब गया, उनको पता ही नहीं है कि इम्युनिटी कब स्ट्रांग हुई, उनको पता भी नहीं है कि खून गाढ़ा हुआ या नहीं हुआ, मेरा निवेदन है कि उन लोगों का टैस्ट कराकर दवाई उपलब्ध कराई जाए ताकि उनको मौत से बचाया जा सके। इससे हमारे देश के गरीब मजदूरों, दबे-कुचले लोगों की रक्षा हो सकेगी।

कोरोना काल में सरकार ने बहुत से सैक्टर्स को सुविधाएं उपलब्ध करवाईं। इसमें गरीब और अकलियत के लोगों के लिए भी सोचा जाए। मुलायम सिंह जी किसानों की बातें कहते रहे हैं।

मायावती जी, हमेशा किसानों की, गरीबों की और मजदूरों की बात कहती रही हैं। उनके लिए हमेशा लड़ती रही हैं। इन ... * की तरह जाकर फोटो खिंचवा लिया और फोटो चिपका दिया, इससे वे हमेशा हंड्रेड परसेंट दूर रही हैं। इनको देखिए, ये हंस रहे हैं। क्या कभी राहुल गांधी जी मेरे सामने सदन में बैठे हैं या कभी ... * जी बैठी हैं? कभी कहीं ऐसा हुआ, जब किसी गरीब के घर में जाकर खाना खाया हो? कहीं पर फोटो खिंचवाया हो? ये कहीं पर गये हों और इनका फोटो न खिंचा गया हो, वास्तविकता में कभी खबर आई हो, जाकर फोटो खिंचवाया और वापस आ गए। ...(व्यवधान) देखिए, अगर आप शोर मचाएंगे, तो मैं नहीं बोलूंगा। हम और क्या कर सकते हैं। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति: जसबीर जी प्लीज बैठ जाइए।

... (*Interruptions*)

---

* Not recorded

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

… (*Interruptions*) *

श्री मलूक नागर: माननीय सभापति जी, ये विवाद करना चाहते हैं। असलियत में दिक्कत यह है कि इनकी गलत नीतियों की वजह से हमारी पार्टी अस्तित्व में आई। इनकी गलत नीतियों की वजह से आप लोग अस्तित्व में आए।

माननीय सभापति: आप इस बात को छोड़ दीजिए।

श्री मलूक नागर: मैडम, मैं खत्म कर रहा हूं। इनको हम लोगों ने बगैर हिस्सेदारी लिये दस साल तक भारत सरकार में सपोर्ट किया और पांच साल राजस्थान सरकार में सपोर्ट किया। ये दस साल को भूल गए और पांच साल के सपोर्ट को भी भूल गए। हमारे छ: विधायक तोड़कर ले गए। इन्होंने … * डाल दिया। हम इन्हें कैसे छोड़ दें, कैसे इन्हें बख्श दें। …(व्यवधान)

माननीय सभापति: अब आप अपनी बात खत्म कीजिए।

…(व्यवधान)

श्री मलूक नागर: मैडम, मैं खत्म कर रहा हूं। हमें एक्चुअल में उधर की चिंता नहीं और न हमें हमारे जाने वालों की चिंता है। …(व्यवधान) तुम लोग न भाग जाओ, यह सोच लीजिए। हमें देश की चिंता है। विपक्ष खत्म हो गया। यदि आप लोग पॉजिटिव भूमिका नहीं निभाएंगे तो देश को दिक्कत होगी, गरीबों को दिक्कत होगी और किसानों को दिक्कत होगी। असलियत में, आपके द्वारा विपक्ष की भूमिका अदा नहीं की जा रही है। …(व्यवधान) मैं एक आखिरी बात कहकर अपनी बात खत्म कर रहा हूं। जो गरीब किसान हैं, उन्हें कोरोना काल में सुविधा दी गई। जिन किसानों की फसल नष्ट हुई, दूध खराब हुए, सब्जियां सड़ गईं, उनका सर्वे कराकर, उनकी भी भरपाई करने के लिए सरकार को कुछ सुविधा देनी चाहिए।

* Not recorded.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत): माननीय सभापति जी, मुझे समय देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपनी बात एक वेद मंत्र से शुरू करना चाहता हूं-

'ओ३म् *स्वस्ति पन्थामनुचरेम* सूर्याचन्द्रमसाविव पुनर्ददताघ्नता जानता सं गमेमहि।'

हम सब लोग मिलकर कल्याण के मार्ग पर चलें। स्वास्थ्य से बड़ा दूसरा हमारा किसी का कल्याण नहीं हो सकता । इसमें न कोई पक्ष है, न कोई विपक्ष है। हम सब लोगों की तंदुरुस्ती अच्छी कैसै रहे, इस पर हम सब मिलकर अपने ज्ञान का संवर्द्धन कैसे करें, कैसे समाज की बुराइयों को, रोगों का दमन करें, ये ऋषि ने इस वेद मंत्र के अंदर प्रार्थना की है। मैं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदान की मांगों के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। मैं आंकड़ों के बखेड़े में और कुछ भी रिपिट न करते हुए, क्योंकि हमारे कई साथियों ने आंकड़े दिए हैं, लगभग सवा दो लाख करोड़ रुपये स्वास्थ्य के लिए भारत सरकार ने दिए हैं, उसके लिए मैं भारत सरकार का अभिनन्दन करता हूं। लेकिन, मैं दो-तीन बातें विशेष रूप से कहना चाहता हूं। पहली बात, जिसको मैं जरूर रिपिट करना चाहता हूं। इस कोविड के जमाने में, वैश्विक महामारी के बीच में हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी ने जो करिश्माई नेतृत्व न केवल इस देश को, बल्कि दुनिया को दिया, जो अनुशासन इस देश के लोगों को सिखाया, वह वास्तव में तारीफे काबिल है। सारी दुनिया में हमने यह सिद्ध किया कि हम वास्तव में, जिस बात को प्रधान मंत्री जी बार-बार कहते रहे-

"वसुधैव कुटुम्बकम, भवति विश्वम् एक नीड्म।"

ये सारी की सारी दुनिया एक नीड है, एक कुटुम्ब है। उन्होंने लगभग 150 देशों को दवाएं भेजी हैं। हमारे देश में जिस प्रकार से स्वास्थ्य से संबंधित चीजें बढ़ी हैं, चाहे वह मास्क हो, टेस्टिंग कीट हो, लेबोरेट्रीज हों, वेंटिलेटर्स हों, हॉस्पिल्स हों, जिस प्रकार से काम हुआ है, वह वास्तव में बहुत अच्छा हुआ है।

मैं इसी क्रम में माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन जी, राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे जी और उनके पूरे मंत्रालय और हमारे जितने भी स्वास्थ्यकर्मी और पुलिस वाले हैं, जिन्होंने इस कोविड के समय में अच्छा काम किया है, मैं उन सबका अभिनंदन करता हूं।

देश के दूरदर्शी और आरोग्यवान प्रधान मंत्री जी ने अभी फरवरी माह के अंत में एक वेबिनार में बोलते हुए कहा था कि अगर इस देश को स्वस्थ्य बनाना है, तो हमको चार मोर्चों पर एक साथ काम करना होगा। उन्होंने सबसे पहले कहा है कि हमें बीमारियों को रोकना है और आरोग्य को बढ़ावा देना है। चाहे उसमें स्वच्छ भारत अभियान हो, योग हो, पेयजल हो, पोषण हो।

दूसरा, उन्होंने सभी के लिए एवं विशेष रूप से गरीब लोगों के लिए सहज व प्रभावी इलाज की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कहा है। चाहे वह आयुष्मान भारत की स्कीम हो, चाहे उसमें प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्र खोले गए हों। तीसरा, उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जो मूलभूत संरचना है, जैसे एम्स खोले गए हैं, नए मेडिकल कॉलेजेज़ खोले गए हैं। जैसा कि मैंने कहा है कि वेंटिलेटर्स और टेस्टिंग किट्स हैं। हम लोगों ने इस बजट में लोकल बॉडीज़ को 70,000 करोड़ रुपये दिए हैं।

उन्होंने चौथी बात कही है कि कुछ ऐसी बीमारियां हैं, जिनका इलाज मिशन मोड में करना पड़ेगा। उन्होंने डिजिटल हेल्थ मिशन की बात की है। उन्होंने मिशन इन्द्रधनुष की बात की है कि किस प्रकार से हम आत्मनिर्भर और स्वस्थ्य भारत का निर्माण कर सकेंगे। इस कोरोना काल में हम सभी लोगों का यह अनुभव रहा है कि कोरोना काल में योग, आयुर्वेदिक और पारंपरिक औषधियों का जो प्रभाव रहा है और हमारे भोजन करने की जो पद्धति है, उसने जो प्रभाव दिखाया है, उसी के कारण डब्ल्यूएचओ ने भारत के अंदर ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह एक बहुत बड़ी विजय है। जहां एक तरफ मोदी जी का नेतृत्व भी है, उसके साथ-साथ हमारी योग और आयुर्वेद परंपरा भी दुनिया के अंदर विजय का एक प्रतीक है।

सभापति महोदया, समय का अभाव है, लेकिन मैं स्वास्थ्य मंत्री जी और सम्मानित सदन का ध्यान कुछ बातों की तरफ जरूर आकर्षित कराना चाहता हूं। हम सभी लोग ऐसा मानते हैं कि जितने भी जीव हैं, उनमें मानव सबसे ज्यादा बुद्धिमान और सबसे ज्यादा सर्वश्रेष्ठ है। लेकिन अगर दुनिया में सबसे ज्यादा कोई बीमार होता है, तो वह आदमी ही बीमार होता है। किसी ने नहीं सुना होगा कि किसी

जानवर की आंख कमजोर हो गई हो, किसी के कान कमजोर हो गए हैं, तो इसका कारण क्या है**?** कोई जानवर आत्महत्या नहीं करता है। हमारे ऋषियों ने कहा है **-**

'शरीरमाद्यम् खलु धर्मसाधनम्, धर्मार्थ काम मोक्षणां, आरोग्यं मूलमुत्तमम्।'

हम जो भी कुछ करना चाहते हैं, उसका जो मूल है, वह आरोग्य होना चाहिए। इसलिए आयुर्वेद के चरक ऋषि ने कहा है **-**

'सर्वमन्यत् परित्यज्य शरीरमनुपालयेत्, तद्भावे ही भावानां सर्वाभावः शरीरिणाम्।'

जब तक शरीर स्वस्थ है, इसलिए पॉलिटिक्स छोड़ो, बिजनेस छोड़ा, पैसे कमाना छोड़ो, कुछ भी करना छोड़ो, अगर सबसे पहले किसी चीज का ध्यान देना है, तो वह अपने शरीर के स्वास्थ्य पर देना है। हम शरीर के स्वास्थ्य पर किस प्रकार से ध्यान दे सकते हैं, इसलिए हमारे पुरखे कहते हैं **-** 'एक तंदुरुस्ती हजार नियामत'। लेकिन यह देखने में आता है कि जैसे**-**जैसे स्वास्थ्य की सेवाएं बढ़ रही हैं, मेडिकल कालेज बढ़ रहे हैं, मेडिकल ऑफिसर्स और डॉक्टर्स बढ़ रहे हैं, वैसे ही बीमारियां भी बढ़ रही हैं।

हम सभी लोग इस बात को मानते हैं कि जो हमारे पुरखे हैं, हमारे दादा**-**परदादा इतने बीमार नहीं होते थे, जितने हम लोग बीमार होने लगे हैं। इसके पीछे क्या कारण हैं? हमारे स्वास्थ्य मंत्रालय को इसको भी देखना चाहिए कि हमारा खाना**-**पीना, हमारा आहार**-**विहार किस प्रकार से बदल गया है। हम बोलते हैं कि जो गाय**-**बैल हैं, वह मर जाएंगे, लेकिन वे मीट नहीं खाएंगे। शेर भूखा मर जाएगा, लेकिन वह घास नहीं खाएगा। लेकिन आदमी का जो कुछ भी मन करता है, वह खा सकता है।

प्राकृतिक चिकित्सा में एक कहावत है कि बीमारी आती नहीं, हम उसको बुलाते हैं। हम अपने कर्मों और अपने खाने**-**पीने से बीमारी को बुलाते हैं। मैं कई वर्ष पहले मॉरीशस गया था। वहां पर एक 85 साल का बूढ़ा था, मैं उसके पास गया। उसका नाम ब्रत मंगरु था। मैंने उससे पूछा कि क्या आप कभी बीमार हुए हैं? तब उसने कहा कि मैं तो कभी बीमार ही नहीं हुआ हूं। मैंने उससे पूछा कि इसका कारण क्या है? उसने कहा कि मैं बारह महीने सवेरे चार बजे उठता हूं। उसने मुझे एक फार्मूला दिया कि सवेरे की हवा, सबकी दवा। लेकिन हम लोग धीरे**-**धीरे उन बातों को भूलते जा रहे हैं।

मैं इस सम्मानित सदन को स्वस्थ रहने का एक देशी फार्मूला बताना चाहता हूं। यहां पर हमारे स्वास्थ्य मंत्री जी भी बैठे हुए हैं, मैं उनको भी बताना चाहता हूं। पैर गरम, पेट नरम और सिर ठंडा, आए बीमारी तो दिखाओ डंडा। पैर को गरम रखने की जरूरत है। रोजाना व्यायाम करने की जरूरत है। चाहे वह बच्चा हो, बूढ़ा हो, किसी भी उम्र का हो, अपने लिए 10 मिनट, 15 मिनट, 20 मिनट निकालिए, लेकिन डेली व्यायाम, डेली एक्सर्साइज़ करना जरूरी है। नंबर दो पेट नरम रहे। पेट रोजाना ठीक से साफ हो, इसलिए सुपाच्य भोजन करना जरूरी है।

नम्बर 3, टेंशन फ्री जीवन बिताना जरूरी है। अगर हम सिर को ठंडा रखें तो बीमारी को दूर कर सकते हैं। मैं एक बात और बात बताना चाहता हूँ कि जहां तक हो सके, आप एलोपैथिक दवाइयों से जितना ज्यादा परहेज करेंगे, उतना ही अच्छा रहेगा। यहाँ पर डॉक्टर साहब भी बैठे हैं। अभी एक किताब आई है, जिसे अमेरिकन डॉक्टर ने लिखी है। किताब का नाम 'डेथ बाय प्रिस्क्रिप्शन' है। यह किताब रे स्ट्रैंड ने लिखी है। उसमें लिखा है कि प्रिस्क्रिप्शन से किस प्रकार से मौत हो रही है। मैडम, मैं अपनी बात जल्दी ही खत्म करना चाहता हूँ।…(व्यवधान)

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): ये इस बात को इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि हमारे सदन के …* …(व्यवधान)

माननीय सभापति : यह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

डॉ. सत्यपाल सिंह: मैं यह कहना चाहता हूँ कि जे.आर.डी. टाटा इस देश के बहुत सम्मानित इंडस्ट्रियलिस्ट हुए। उन्होंने किताब की भूमिका में हेल्थ के बारे में लिखा। उन्होंने कहा, If you feel sick, go to the doctor, get his prescription, and pay his fees because he has to survive. डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन लेकर के केमिस्ट की दुकान में जाओ, दवाई खरीदो और उसको पैसे दो, because chemist has to survive. दवाई घर में लाकर रखो, but do not take it because you have to survive. यह मेरा विशेष निवेदन है और माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी भी यहां पर हैं। हम जितना खर्चा एलोपैथी पर कर रहे हैं, अगर हम उसका दसवां भाग योग, शिक्षा और स्वास्थ्य रक्षक का

* Not recorded.

कैडर तैयार करने में करें तो अच्छा होगा। गाँव-गाँव में जाकर उसको तैयार करना चाहिए। आज हम योग पर जरूर ध्यान दे रहे हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य के बारे में बेसिक बातें सिखाए जाने की जरूरत है।

मैं एक बात यज्ञ विज्ञान पर भी कहूंगा, जिसे हम हवन भी कहते हैं। यह कोई धार्मिक प्रक्रिया नहीं है। यह काम प्रदूषण को दूर करने और पर्यावरण की शुद्धि का है। आज नैनो टेक्नोलॉजी का जमाना है। नैनो टेक्नोलॉजी के जमाने में नैनो मेडिसिन्स की ऐफिकेसी के बारे में बताया जाता है। नैनो मेडिसिन्स 10 से 100 गुना ज्यादा अफैक्टिव हैं। उनका साइड इफेक्ट भी बहुत कम है। हम जो यज्ञ करते हैं, उसमें जो सामग्री डालते हैं, उससे नैनो मेडिसिन्स बनती हैं। इस पर रिसर्च करने की जरूरत है। भारत सरकार को यज्ञ विज्ञान के ऊपर रिसर्च करने की जरूरत है। इसी प्रकार मैं बताना चाहता हूँ कि नाड़ी विज्ञान हमारे देश का प्रसिद्ध विज्ञान था। मशीन यह नहीं बता सकती है कि आदमी में कौन सी बीमारी है और कौन सी होने वाली है। नाड़ी विज्ञान इस देश में काफी चलता था, लेकिन धीरे-धीरे नाड़ी विज्ञान खत्म होता जा रहा है।

मैं भारत सरकार से इसके लिए भी निवेदन करूंगा कि हम इस पर भी रिसर्च करवाएं। मैं लास्ट में यह बताना चाहता हूँ कि हम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के अंतर्गत सिर्फ फैमिली प्लानिंग पर जोर देते हैं। इस देश में सभी बातों के लिए प्लानिंग है, लेकिन अच्छे बच्चों का निर्माण कैसे हो, इस बात की प्लानिंग हमारे यहां पर नहीं है। हम आयुर्वेद को पढ़ेंगे तो जानेंगे कि अच्छे बच्चों का निर्माण कैसे हो सके, सुसंस्कृत और दीर्घजीवी बच्चे कैसे हो सके। हमें इस बात पर जोर देने की जरूरत है। हमारे बच्चे किस प्रकार से आगे बढ़ सकें, हमें इस पर भी ध्यान देना पड़ेगा कि हम स्वस्थ कैसे बने, समाज को कैसे स्वस्थ बनाएं। हमें पक्ष-विपक्ष को भूलकर के इस दिशा में काम करना चाहिए। मैडम, आपने मुझे समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

*__श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज) :__ मुझे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुदानों की मांगों पर अपने विचार रखने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी ने कोविड-19 के प्रकोप के कारण देश में आम जनता को होने वाली विभिन्न प्रकार की मुश्किलों व परेशानी आदि को देखते हुए केन्द्र व राज्य सरकारों से खासकर गरीबों, मेहनतकश लोगों व मध्यम वर्गीय परिवारों को फ्री में कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध कराने की सरकार से मांग की है। सरकार इस मांग को गंभीरता से ले और इसे पूरा करने की कोशिश करें, जैसा कि आंकड़ों से पता चलता है कि अब तक पूरे देश में मात्र 0.047 प्रतिशत ही वैक्सीन लोगों को लग पायी है। सरकार इस काम में तेजी लाए।

सरकार 5 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन अन्य देशों में निर्यात कर रही है जो कि अच्छी बात है, लेकिन सरकार को चाहिए कि पहले अपने देश के नागरिकों को पूर्ण रूप से इस वैक्सीन को उपलब्ध कराए बाद में इसे निर्यात करे। इस आम बजट में सरकार ने स्वास्थ्य बजट को 137 करोड़ बढ़ाने का दावा किया है, लेकिन यह बजट जो सरकार ने दिया है, वह छोटे देश जैसे पाकिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार के बजट के मुकाबले काफी कम है। हेल्थ रिसर्च और डेवलपमेंट जो हेल्थ मिनिस्ट्री के अन्दर आते हैं, उस पर मात्र 4 प्रतिशत आवंटित किया गया है। जहां हमारे देश में इस तरह के वायरस और अन्य खतरों से लड़ने के लिए रिसर्च पर ज्यादा मात्रा में ध्यान देना चाहिए। सरकार ने उस पर बहुत कम बजट आवंटित किया है।

प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत जो आयुष्मान कार्ड बनाये जाते हैं, उसमें ऐसा देखने में आ रहा है कि कुछ अधिकारी फर्जी कार्ड बनाकर फर्जी लोगों को फायदा पहुंचा रहे हैं, लेकिन जो पात्र हैं, वह इस सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीण अंचलों में सीएचसी और पीएचसी आते हैं, उनमें कई जगह डॉक्टर्स उपलब्ध नहीं हैं, महिला डाक्टरों की काफी कमी है और जो दवाइयां जैसे रैबीज की, सांप

* Speech was laid on the Table.

काटने की कई बार इनमें उपलब्ध नहीं होती है। दवाओं के मूल्य में भी काफी हेराफेरी है। बड़ी कंपनियां अपनी दवाओं पर काफी सारा मूल्य वसूलती हैं, जोकि उस केमिकल की मूल्य बाजार में काफी कम होती है। सरकार ऐसी कंपनियों को नियंत्रित करे और आम जनमानस को सुविधाजनक मूल्यों पर दवाएं उपलब्ध कराए।

मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज बाजार में एक महिला अस्पताल काफी सालों से बन्द था। बहुत कहने के बाद उसे खोला तो गया, लेकिन वहां सिर्फ टीकाकरण ही होता है। महिला डॉक्टर उपलब्ध न होने के कारण वहां के क्षेत्र के लोगों को बहुत परेशानी होती है। अगर वहां महिला डाक्टर के साथ-साथ सोनोग्राफी और लेबर कक्ष की व्यवस्था हो जाए तो वहां के क्षेत्र के लोगों को सुविधा हो जाएगी।

श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग): चेयरमैन साहिबा, शुक्रिया। मैं डिमाण्ड्स के समर्थन में खड़ा हुआ हूँ। मैं पिछले साल कोविड 19 के खिलाफ जो भी प्रयास किए गए, उसके बारे में आलोचना करने के लिए इस अवसर को इस्तेमाल नहीं करूंगा।

15.59 hrs (Shrimati Rama Devi *in the Chair*)

मैं यह नहीं कहूंगा कि we were caught napping. हम कुछ कर नहीं पाएं। मैं यह भी नहीं कहूंगा कि हमारा देश जो 1.3 बिलियन का देश है, उसमें सिर्फ 40 हजार के करीब वेंटिलेटर्स थे, जो किसी भी सूरत में पर्याप्त नहीं थे। मैं यह भी नहीं कहूंगा कि हमने क्रिमिनल नेग्लिजेंस से काम लिया। हमने जो लॉकडाउन किया था, वह बैटर प्लान से हो सकता था। मैं उन सब बातों पर नहीं जाऊंगा। उस पर बड़ी बहस हुई है। मैं एक बात जरूर कहूंगा कि कोरोना की जो समस्या थी, वह वेक अप कॉल होनी चाहिए थी। हमारी सारी तवज्जों हेल्थ पर होनी चाहिए थी, लेकिन जब हम डिमाण्ड्स पर जाते हैं तो यह सब नहीं दिखता है। प्रोविजन में यह नहीं दिखता है। It is not evident from the allocations that have been proposed.

16.00 hrs

वास्तव में हम डाउनस्लाइड कर गए हैं। हमारा इस साल हेल्थ का बजट एलोकेशन रिवाइज्ड एस्टीमेट से 11 प्रतिशत कम है। 73932 करोड़ रुपये दिए गए हैं, उससे पहले 82928 करोड़ रुपये बजट एलोकेशन था। यह प्रैक्टिकली सात प्रतिशत की कोई बढ़ोत्तरी नहीं है। इसी तरह से एनएचएम में हमने मात्र चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है। यह अनदेखी की गई कि हमें किन समस्याओं का मुकाबला करना है। यही बात है कि जो इनिशियल नेग्लिजेंस हुई, उसके बाद मामला संभाला गया। खासकर हमारे विदेश मंत्री जी और डिफेंस मंत्री जी ने जो रोल प्ले किया, क्योंकि किर्गिस्तान, बांग्लादेश, दुबई या बाकी हिस्सों में रहने वाले कश्मीर के लोगों से मेरी तकरीबन रोज ही बात होती थी, जो लोग वहां फंसे थे, जो विद्यार्थी लोग थे, उनको वापस लाना था। वह काम बहुत अच्छा रहा। लेकिन जैसा मैंने पहले जिक्र किया, हम वेक-अप कॉल का आंसर नहीं दे पाए।

जनाब, अब हम कोविड को एक तरफ छोड़कर, क्योंकि उसके लिए व्यवस्था की गई है और वह मामला ठीक चल रहा है, उसके अलावा जो हमारी दूसरी चुनौतियां हैं, उन पर ध्यान दें। हमारा एक लक्ष्य है कि मुल्क में प्राइमरी, सेकण्डरी और टर्शियरी लेवल हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथेन करना है, एनएचएम के तहत या इसके जो सब-मिशन्स हैं, जैसे नेशनल रूरल हेल्थ मिशन और नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन उनके द्वारा इस सिस्टम को स्ट्रेंथेन करें। लेकिन इस बजट एलोकेशन से यह नहीं लगता है कि आप इस पोजीशन में होंगे कि इन चुनौतियों का मुकाबला कर पाएं। दो अहम चीजों की ओर ध्यान देना है। कोविड के साथ हम जूझ रहे हैं, उसकी वैक्सीनेशन हो रही है और हम बाकी मुल्कों को भी मदद दे रहे हैं, लेकिन दो बड़ी समस्याएं इमर्ज हो रही हैं। इनमें से एक समस्या डायबिटीज की है। इस वक्त मुल्क में, जो आंकड़े उपलब्ध हैं, सात करोड़ 70 लाख लोग डायबिटीज से मुतास्सिर हैं। क्या हमारा हेल्थ सिस्टम इन पेशेंट्स को कोई भी हेल्प दे रहा है? इसके इलाज का सारा खर्च उनकी आउट ऑफ पॉकेट जा रहा है। जहां तक मुझे मालूम है, अपना पब्लिक हेल्थकेयर सिस्टम उनको कोई भी सहायता नहीं दे रहा है। करोड़ों-अरबों का अपनी पॉकेट से इस्तेमाल हो रहा है, जबकि इस तरफ तवज्जुह देने की जरूरत है। कोविड-19 को हमें एलाऊ नहीं करना चाहिए कि जो हमारे इनपुट्स और एप्रोच होनी चाहिए, उसमें हम बाकी समस्याओं की अनदेखी करें।

जनाब, दूसरी बात, जो इसी का एक हिस्सा है, वह है क्रिटिकल किडनी डिजीज। जो क्रॉनिक किडनी डिजीजेज हैं, पहले ही 8.9 प्रतिशत आबादी डायबिटीज से मुतास्सिर है और फिर जो सीकेडी है, एंड स्टेज रेनल डिजीज है – ईएसआरडी – उसमें तकरीबन एक लाख से ज्यादा लोगों को डायलिसिस की जरूरत है। क्या हमारे पब्लिक हेल्थ सिस्टम में डायलिसिस का कोई प्रॉविजन है? यह सही है कि प्राइम मिनिस्टर साहब ने पीएम नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम का एलान किया था, उसकी व्यवस्था की थी, उसके बारे में कहा गया था, लेकिन ग्राउण्ड पर उसकी कोई इम्प्लीमेंटेशन नहीं हुई है। जहां तक मेरा अपना अनुभव है, ग्राउण्ड पर किसी भी डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल या सब-डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में इस तरफ कोई तवज्जुह नहीं दी जा रही है। हमारे 30 प्रतिशत पेशेंट्स को ईएसआरडी का सामना करना पड़ रहा है, उन 30 प्रतिशत लोगों में से सिर्फ 10 प्रतिशत पेशेंट्स ही डायलिसिस कर पा

रहे हैं, उसका इस्तेमाल कर पा रहे हैं। उनको एक साल में 156 बार इसके सेशन्स करने पड़ते हैं, इसके लिए उनके पास रिसोर्सेज नहीं हैं कि वे इसका मुकाबला कर पाएं।

जनाब, इन बातों पर, कोविड के साथ रहते हुए भी हमें तवज्जुह देनी चाहिए। …(व्यवधान) दो मिनट समय दे दीजिए।

माननीय सभापति: छ: मिनट हो गए हैं।

श्री हसनैन मसूदी: मेरी एक गुज़ारिश है कि डॉक्टर्स, बेड्स और हॉस्पिटल्स का जो हमारा प्रपोर्शन है, अगर हम अपने पड़ोस के देशों से तुलना करें तो वह बहुत कम है।

अगर हम पड़ोसी देशों से तुलना करें और वहां देखें की प्रति हजार पर कितने डॉक्टर्स अवेलेबल हैं, प्रति हजार पर कितने बेड्स हैं तो इन्फ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग की तरफ तवज्जोह देने की जरूरत है, ताकि जो भी आपने लक्ष्य रखे हैं, प्राइमरी, सेकण्डरी, टर्शिएरी को स्ट्रॉन्ग करने का, वह प्राप्त हो और एक रियल्टी बन जाए। आशा वर्कर्स की बात है तो यह क्या बात हुई कि सोशल सेक्टर में जो भी हमारा छोटा मुलाजिम है, उसके साथ भेदभाव क्यों हो? दो हजार रुपये पर कौन सा चूल्हा जल सकता है, वह कौन सी सस्टेनेबल इनकम हो सकती है? इसके बारे में तवज्जोह देने की जरूरत है। मैं स्किम्स (शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) की बात कहूंगा। शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में जो प्रोफेसर्स हैं, उनको लिटिगेशन की ओर पुश किया जा रहा है। यहां पर हेल्थ मिनिस्टर साहब नहीं हैं। मैं चाहूंगा एम्स में और हर जगह 65 की एज है …(व्यवधान)

माननीय सभापति: आपका टाइम ज्यादा हो गया है। आपका टाइम 8 मिनट का हो गया है।

श्री हसनैन मसूदी: मैडम, लास्ट बात रह गई है। मुझे दो मिनट दीजिए।

माननीय सभापति : आपके टाइम से समय बहुत ज्यादा हो गया है, फिर दूसरे का समय कट जाएगा। प्लीज आप बैठ जाइए।

श्री हसनैन मसूदी: मैडम, मुझे बस एक मिनट दे दीजिए। मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

माननीय सभापति : आपका समय समाप्त हो गया है। आपने सब कुछ बोल लिया है।

श्री हसनैन मसूदी: मैडम, बायो मेडिकल टीचर्स के रिक्रूटमेंट की जो समस्या है, उसकी तरफ तवज्जोह दी जाए। इसके अलावा हमारे इलाके में एक इंडस्ट्रियल एरिया है, उस इंडस्ट्रियल एरिया में एक टर्शिएरी हास्पिटल की जरूरत है, जो ख्रेव का इंडस्ट्रियल एरिया है, उसमें उसकी स्थापना की जरूरत है। मैं बाकी मिनिस्टर साहब को लिखित रूप से दूंगा। धन्यवाद।

*__डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):__ मुझे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बजट की अनुदान मांगों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद।

आज भारतवासियों के स्वास्थ्य और उसके लिए आवश्यक सेवाओं जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत को पूरा करने के लिए सरकार बहुत गम्भीर है इसका उदाहरण आज हमारे सामने है। कोरोना जैसी विकट महामारी से लड़ना कोई आसान काम नहीं था। आज बड़े बड़े पूर्ण संपन्न देश इस महामारी के दौरान धराशाही हो गये। परन्तु, "हेल्थ इज वेल्थ" जीवन के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने और माननीय श्री हर्ष वर्धन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी ने इस विकट आपदा से भारत के नागरिकों को कैसे बचाया ये हम सब जानते है कोई भी इस विषय से अनभिज्ञ नहीं है। इस दौरान भारत के प्रत्येक नागरिकों की परेशानी व चिन्ता को देखते हए उनके अच्छे स्वास्थ्य उपचार व जल्द स्वस्थ होने के लिए नये एम्स हॉस्पिटलों को बनाया, नई लैबों का निर्माण किया, नये अनुसंधान को बढ़ावा देना ये सब आज बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इस बजट में के.एम.आर. को 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2 हजार 358 करोड़ रूपये का प्रावधान निश्चित ही स्वास्थ प्रबंधन और भविष्य में होने वाले खतरों से बचने में सहायता प्रदान करेगा। स्वास्थ्य संबंधी अनुसंधान को बढ़ावा देने, नई लैबों की स्थापना जो कि पूरे भारत में होगी और भविष्य की महामारियों जैसी समस्या से निपटने के लिए रणनीति व्यवस्थाओं को अच्छा बनाने के लिए 177 करोड़ रूपये का प्रावधान सरकार के द्वारा किया गया जो कि अत्यंत ही सराहनीय कार्य है।

भारत सरकार द्वारा भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य का संकल्प इस बजट में प्रस्तावित 2.23 लाख करोड़ रूपये के प्रावधान से प्रदर्शित होता है।

महत्वपूर्ण विषय यह है कि सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर हर स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आधारभूत ढांचे की व्यवस्था और अत्याधुनिक सुविधा प्राप्त कराने के लिए किया जायेगा।

---

* Speech was laid on the Table.

"प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना" शुरू करने का कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय कार्य है। इस महत्वपूर्ण योजना में अगले 6 साल में 64 हजार 180 करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। इस योजना से निश्चित ही स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति आयेगी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें नागरिकों को मिल सकेगी।

हम सभी ने एक बात देखी है कि इस कोरोना महामारी से लड़ने में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अगर सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जायें तो लोगों की निजी अस्पताल में जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

इस कोरोना काल में एक बात और स्पष्ट हुई है कि भारत में न प्रतिभा की कमी है और न अच्छी तकनीक की कमी है। यदि सुविधायें और अपेक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाये तो भारत विश्व स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनायेगा।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 104 करोड़ रूपये का प्रावधान अत्यंत सराहनीय है और इस क्षेत्र के विकास के लिए अवश्य ही सफल सिद्ध होगा।

मैं अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य विकास हेतु कुछ महत्वपूर्ण विषय रखना चाहूंगा जिन्हें सरकार अपनी योजना में शामिल कर बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र के चिकित्सा विकास में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें

वर्तमान में कोरोना वैश्विक महामारी के संकट के इस दौर में संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ (टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना) और उत्तर प्रदेश के बार्डर (महोबा, राठा, बांदा) से जुड़े जिलों में मेडिकल सुविधा की बहुत कमी रही है। सभी आमजन 300 बिस्तर वाले छतरपुर जिला अस्पताल पर ही निर्भर है व छतरपुर मेडिकल कॉलेज जल्द प्रारंभ करने की मांग कर रहें हैं। इस संबंध में, भारत सरकार द्वारा छतरपुर में मेडिकल कॉलेज के निर्माण व शुभारम्भ करने हेतु अपने लिये गये निर्णय को चौथे चरण से प्रथम चरण में लेकर संबंधित अधिकारी को दिशानिर्देश देते हुए अतिशीघ्र मेडिकल कॉलेज हेतु कार्य प्रारंभ कराया जाये।

मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ अंतर्गत कैंसर पीड़ितों की संख्या अत्यधिक बढ़ रही है। यहां के लोगों को भोपाल या अन्य दूर स्थानों पर इसके परीक्षण व चिकित्सा हेतु जाना पड़ता है। इस कारण से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लोगों की इस गम्भीर समस्या को दृष्टिगत रखते हुए यदि कैंसर पीड़ितों की सुविधा हेतु संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ अंतर्गत कैंसर विभाग बना दिया जाता है तो यहां के लोगों को परीक्षण व चिकित्सा हेतु काफी सुविधा होगी।

टीकमगढ़ जिला स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है। टीकमगढ़ से लगभग 100 किमी दूरी पर मेडीकल कॉलेज की सुविधाएं उपलब्ध है एवं आस पास नए मेडीकल कॉलेज भी 100 किमी दूर प्रस्तावित है। गंभीर बीमारी का इलाज कराने में क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। टीकमगढ़ जिले में गुणवत्तापूर्ण "स्वास्थ्य सेवाओं व स्वास्थ्य शिक्षा' के विस्तार के लिए टीकमगढ़ में मेडीकल कॉलेज की स्थापना की जाये।

वर्तमान में समूचे विश्व के साथ - साथ भारत देश में कोरोना संक्रमण जैसी महामारी के संकट का सामना लोगों ने किया है इस दौरान देश के सभी जिलों में, विशेषकर पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किस स्तर तक किए जाने की आवश्यकता है यह लगभग समझ में आ गया है। ऐसी परिस्थिति में प्रत्येक जिलों में बेहतर मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, जिन जिलों में खास तौर पर टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा नहीं है वहाँ के जिला अस्पतालों में मेडीकल कॉलेज स्तरीय स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराई जाए और प्रत्येक जिले में 2-3 एडवांस लाईफ सपोर्ट एंबूलेस, आधुनिक ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू, सीटीस्केन/एमआरआई जैसी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मेडीकल कॉलेज में मिलने वाली सुविधाओं के समान ही जिला अस्पताल में सुविधाएं और आधुनिक उपकरणों के साथ उन्हें ऑपरेट कराने के लिए ऑपरेटरों की भी व्यवस्था जिला अस्पताओं में कराई जाए।

साथ ही कोरोना संक्रमण काल के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों, संविदा और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के रूप में अपनी सेवाएं विभिन्न स्वास्थ्य स्थानों पर दी हैं संक्रमण के समय में भी इन्होंने अपने जीवन की परवाह किये बिना अपनी सेवाएं प्रदान की है। जिन लोगों ने कोरोना वारियर्स के रूप में कार्य किया है उनकी सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए संवेदनशीलता के साथ उन पर विचार कर उन्हें सेवाओं से पृथक न कर यथावत बनाए रखा जाए।

*DR. SUBHASH RAMRAO BHAMRE (DHULE): I support the Demands for Grants of the Ministry of Health and Family Welfare.

I congratulate the hon. Prime Minister and the hon. Health Minister for allocating sufficient money for the Health Ministry. This is the first time when there is 137 per cent increase in the budget of this Ministry.

I would like to congratulate the hon. Prime Minister for taking steps to save the Indian population from the dreaded disease like COVID-19. COVID-19 has created havoc in the whole world. This pandemic has created havoc in America and in many European countries which are known for good healthcare system. A large number of people dies in those countries due to this pandemic. But the Government of India has provided oxygen, ventilator and other things for the treatment of COVID-19 patients. A complete lockdown was also imposed in our country at the right time.

स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए 2663 करोड़ रू0 आवंटित किया गया है, जो स्वास्थ्य बजट का टोटल 4 प्रतिशत है। मेरा मानना है कि सवा सौ करोड़ आबादी वाले इस देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधान करने के बावत यह रकम बहुत ही कम है। अतैव स्वास्थ्य अनुसंधान के क्षेत्र में इस रकम को और बढ़ाया जाना उचित होगा।

मा0 वित्त मंत्री ने अपने बजटीय भाषण में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कुछ योजनाओं को लागू करने बावत कहा था जैसे अरबन स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा कार्यकाल 5 वर्ष के लिए वर्ष 2021-26 तक 1.4 लाख करोड़ रू0 से लागू किया जाय। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य कंपलीट स्लज मैंनेजमेंट दूसरा

* Speech was laid on the Table.

सिंगल यूज प्लास्टिक की खपत को कम करना, एयर पाल्यूशन को हटाना और कूड़ कर्कट के निस्तारण के संबंध में। इसी प्रकार एक नई केन्द्र सरकार की स्कीम पीएम आत्म निर्भर, स्वस्थ्य भारत योजना लॉच करने के बारे में भी बताया गया।

मेरा यह मानना है कि अरबन स्वच्छ भारत मिशन के लिए आवंटित धन 1.4 लाख करोड़ बहुत ही कम है। उस पर केन्द्र सरकार को एक बार पुनः विचार करना चाहिए। हमें बहुत ही खुशी है कि वैश्विक स्तर पर फैले महामारी कोविड-19 के वैक्सीन की सफल खोज हमारे देश के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। और पूरे देश में वैक्सीनेशन का कार्य भी चल रहा है, लेकिन इतने बड़े देश में वैक्सीनेशन की जो गति है वह बहुत ही धीमे है, अब तक .047 प्रतिशत लोग ही कोविड-19 के टीकाकरण को प्राप्त किये हुए है। इस प्रकार यह समझा जा सकता है कि देश में शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए दशकों लग जायेगें।

हमारी पार्टी की बहन कुमारी मायावती जी का यह कहना है कि इसके पहले दोबारा कोरोना का प्रकोप पूरे देश में फैले इस खतरे को भापते हुए कोविड वैक्सीन को अन्य कहीं किन्हीं देशों को न देकर अपने जनता को अधिकाधिक लगाया जाय। सर्वप्रथम इस वैक्सीन पर इस जनता का ही हक बनता है क्योंकि जनता द्वारा दिये गये टैक्स को ही अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को धन मुहैया कराया जाता है।

इसके साथ ही मैं और बहन कुमारी मायावती जी की मॉग है कि कोविड का टीका गरीब, मजलूम, निःशक्त व्यक्तियों को निःशुल्क लगाया जाना चाहिए। केन्द्र सरकार एलोपैथिक दवाओं के प्राइस को कंट्रोल करने के लिए द नेशनल फार्मास्यूटीकल प्राइसिंग अथॉरिटी का संगठन किया है जिसका काम ड्रग्स की प्राइसिंग को पूरे देश में कंट्रोल करने के लिए काम करती है। एनपीए ही ड्रग्स और उपकरणों को अलग-अलग शेडयूल बनाकर कौन सी दवा आवश्यक मेडिसिन है और कौन सी नहीं है। मुझे यह कहने में कोई आपत्ति नहीं है कि ड्रग्स प्राइसिंग के मामले में देश में फैले सिंडिकेट काम करता है और अपने मन के मुताबिक आर्थिक हित में अथॉरिटी को प्रभावित करता है साथ ही अपने आर्थिक हित में नीति निर्धारित करवाता है।

इसको भी मा० मंत्री जी गंभीरता से देखें। मा० मंत्री जी मै मॉग करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना में एक भी उच्च गुणवत्ता का हास्पिटल नहीं है और यदि कोई है भी तो वहॉ डाक्टर्स की कमी और दवाओं की कमी, नर्से की कमी, सुविधाओं की कमी मिलती है। इन्हीं कारणों के विलोपन के लिए एक अस्पताल केन्द्र सरकार पहल कर बनाने की कृपा करें ताकि जनपद बिजनौर के अतिरिक्त मुरादाबाद व सीमांचल से सटे उत्तराखण्ड के जनपद के लोग भी लाभान्वित हो सके।

*__श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):__ मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की 2021-22 अनुदानों की मांग का समर्थन करते हुये अपनी बात रखना चाहता हूँ। देश के स्वास्थ्य क्षेत्र की सेहत सुधारने और उसे मजबूत बनाने के लिए वर्ष 2021-22 के बजट अनुमान में स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए बजट परिव्यय 2,23,846 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो वर्ष 2020-21 में 94,452 करोड़ रूपये था, जिसमें 137 प्रतिशत वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए इतना पैसा पहले कभी आवंटित नहीं हुआ। यह वृद्धि दर्शाती है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को देश के हर नागरिक के स्वास्थ्य की चिन्ता है। वर्तमान में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ो लोगों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की है। कोरोना संकट के कठिन दौर में माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने जनता को स्वस्थ-सुखी रखने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसकी सराहना सम्पूर्ण विश्व समुदाय ने की है। इतने विशाल देश में कोरोना टीकाकरण की कठिन चुनौती को स्वीकार करते हुए यह सरकार सधे कदमों से लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।

स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट में जो रकम बढ़ाई गई है, उसे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर हर स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं और महामारी की पहचान और जांच के लिए अत्याधुनिक ढांचा तैयार करने पर खर्च किया जाएगा।

बजट में कोविड-19 का टीका बनाने के लिए 35,000 करोड़ रूपये दिये गये हैं। इस राशि से कोविड-19 के टीके के निर्माण में मदद मिलेगी। कोरोना महामारी में विश्व के कई देश भारत से मदद की उम्मीद लगाये हुये हैं, उन्हें सहायता प्राप्त होगी। भारत के वैज्ञानिक कोरोना महामारी की वैक्सीन ज्यादा से ज्यादा निर्मित करने में लगे हुये हैं। केन्द्र सरकार ने इस राशि के माध्यम से भारतीय वैज्ञानिकों को काम करने का स्वतंत्र और चिन्तामुक्त वातावरण प्रदान किया।

बजट में मेड इन इंडिया न्यूमोकोकल वैक्सीन जो वर्तमान में केवल पांच राज्यों में ही मिल रही थी, अब पूरे देश में उपलब्ध होगी। इसका उद्देश्य हर वर्ष 50,000 बच्चों को मौत के मुंह में जाने से

* Speech was laid on the Table.

बचाना है। इससे झारखण्ड में चतरा, लातेहार एवं पलामू जिलों में भी बच्चों की होने वाली मौतों में कमी आयेगी।

बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण योजना – प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना लाई गई है। जिसमें आगामी 6 वर्ष में 64,180 करोड रूपये का व्यय किए जाएंगे, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अलावा अतिरिक्त राशि होगी। इस राशि से भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के ठोस नींव का निर्माण होगा। इससे प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्वास्थ्य प्रणालियों की क्षमता विकसित होगी, मौजूदा राष्ट्रीय संस्थान मजबूत होगें और नये संस्थानों का सृजन होगा। जिससे नई और उभरती बीमारियों की पहचान एवं इलाज करने में आसानी होगी। इस योजना के तहत किये जाने वाले मुख्य उपाय निम्नलिखित हैं –

1. 17,788 ग्रामीण और 11,024 शहरी स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों के लिए आवश्यक सहायता दी जाएगी ।

2. 11 राज्यों के सभी जिलों और 3382 प्रखंड सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।

3. 602 जिलों और 12 केन्द्रीय संस्थानों में गंभीर बीमारी की देखभाल से जुड़े अस्पताल ब्लॉक स्थापित किये जाएगें।

4. राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, इसकी 5 क्षेत्रीय शाखाओं और 20 महानगरों में स्थित स्वास्थ्य निगरानी इकाइयों को मजबूत किया जाएगा।

सवा सौ करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले भारत में सैंतीस हजार सात सौ पच्चीस छोटे-बड़े सरकारी अस्पताल, प्राथमिक व सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र हैं। आबादी और वैश्विक पैमाने के हिसाब से यह काफी कम है। देश में आज चौदह लाख डॉक्टरों और बीस लाख नर्सों की कमी है। ग्रामीण इलाकों के ज्यादातर स्वास्थ्य केन्द्रों में तो प्रसव जैसी सुविधाएं भी नहीं हैं। ईलाज के लिए दूसरी जगह ले जाने में मरीज की मौत हो जाने की घटनाएं आम हैं। ऐसे में ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की सख्त जरूरत है।

मैं यहां पर झारखण्ड के लिए मुख्य रूप से मेरे लोक सभा क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य संबंधित मांग बजट में आपके माध्यम से सरकार से करना चाहूंगा। चतरा, लातेहार, पलामू में हेपेटाइटिस से संबंधित रोगों में हो रही वृद्धि चिन्ताजनक और गंभीर है। यहां स्थिति और भयावह इसलिए हो जाती है कि इन क्षेत्रों में जिला मुख्यालय पर भी इन रोगों से प्रतिरक्षण हेतु उचित स्वास्थ्य सरंचना मौजूद नहीं है। इन क्षेत्रों में मातृत्व और शिशु से संबंधित सुविधाओं का घोर अभाव है। सुरक्षित प्रसव, टीकाकारण, महिला रोग इत्यादि के निदान हेतु आवश्यक संरचना के दिशा में काम करने की शीघ्र आवश्यकता है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चलने वाली विभिन्न योजनाएं धरातल पर कहीं नजर नहीं आती हैं। इसलिए, प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के तहत झारखण्ड में इन बीमारियों के लिए स्थाई निदान करने के उपाय किये जायें।

झारखंड मलेरिया से प्रभावित राज्य है। यहां मलेरिया से मरने वालो की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। अतः मंत्रालय को इसके निषेध के लिए प्रभावी एवं ठोस कदम उठाना चाहिए। झारखंड में मलेरिया उन्मूलन के लिए पहले की तुलना में अधिक राशि का प्रावधान होना चाहिए।

मैं आग्रह करूंगा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से अन्य चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल संस्थान की स्थापना, चतरा, लातेहार जैसे पिछड़े और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में करना आवश्यक होगा। अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड में मेडिकल कॉलेजों की भारी कमी है। राज्य गठन के 20 साल गुजरने के बाद भी सरकारी क्षेत्र में कोई नया मेडिकल कॉलेज नहीं खुला है।

दुःखद यह है कि हजारीबाग, पलामू इत्यादि मेडिकल कॉलेज प्रारंभ तो हुये है, परन्तु संस्थानों और शिक्षकों के अभाव में इनमें नामांकन भी ठप्प हैं और अस्पताल भी बन्द पड़ा हुआ है। भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत देश के आंकाक्षी जिलों में पूर्व से कार्यरत जिला/ रेफरल अस्पताल को नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की योजना प्रस्तावित है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में दिनांक 25 मार्च 2018 को कहा है कि हर 3 जिलों के बीच एक नया मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। ज्ञातव्य रहे कि मेरे लोक सभा क्षेत्र चतरा में 3 जिलें हैं तथा तीनों जिले आंकाक्षी जिलों में शामिल हैं, जिनका क्षेत्रफल लगभग 8,500 किलोमीटर

है। यह पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र है। इसके अन्तर्गत झारखण्ड प्रदेश का चतरा, लातेहार और पलामू जिले का एक विधान सभा क्षेत्र पाँकी आता है। मेरे लोक सभा में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें से चार विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हैं। यह पूरा क्षेत्र विकास की दृष्टि से अत्यन्त पिछड़ा तथा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित (LWE) क्षेत्र है। इस क्षेत्र की बहुसंख्यक आबादी गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़े और कमजोर तबकों की है। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का अत्यन्त अभाव है।

लातेहार एवं चतरा जिला में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। अतः मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि झारखण्ड राज्य के चतरा एवं लातेहार जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करने की दिशा में अग्रिम कदम उठाये जायें।

झारखण्ड राज्य में केन्द्रीय मनोरोग विज्ञान संस्थान, रांची के उन्नयन और संवर्धन की दिशा में मंत्रालय को ओर से सकारात्मक पहल होनी चाहिए। माननीय अध्यक्ष जी मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुये निवेदन करना चाहता हूँ कि चतरा, लातेहार, पलामू एक अत्यन्त पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, जहां स्वास्थ्य सुविधा संबंधी संरचनाओं का भारी अभाव है। मैं अत्यन्त दुःख के साथ यह बताना चाहूंगा कि चतरा जो कि जिला मुख्यालय है, वहां एक भी महिला एवं बाल रोग का डॉक्टर नहीं है। लातेहार जिला व पांकी विधानसभा क्षेत्र भी स्वास्थ्य की अत्यन्त दयनीय स्थिति है।

मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि इस दिशा में कोई ठोस पहल करें। माननीय प्रधानमंत्री जी ने जो पूर्वी भारत के विकास का स्वप्न देखा है, उसके लक्ष्य की सिद्धि इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधित ठोस संरचना खड़ी करने पर ही प्राप्त होगी। स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि मातृत्व एवं बाल रोग संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण क्षेत्र में सही तरीके से कार्य करें। झारखण्ड के इन क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (PHC) की स्थिति अत्यन्त दयनीय है। इसको सुधारना अत्यन्त आवश्यक है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जो वेलनेस सेन्टर खुलने थे, वो भी अभी तक नहीं खुल पाये हैं। इस पर त्वरित गति से कार्य होना चाहिए।

कोरोना महामारी के दौर में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिस तरह सही समय पर उचित निर्णय लिया उससे भारत इस महामारी से उभरने में सक्षम सिद्ध हुआ। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर बनाने का कार्य किया है, जिसकी सराहना विश्व के सभी देश कर रहे हैं। भारत ने वैक्सीन मैत्री के क्षेत्र में अत्यन्त प्रसंशनीय कार्य किया है। विश्व के अनेक देशों को वैक्सीन और मेडिकल सहायता के माध्यम से हमने विश्व बन्धुत्व की अपनी संकल्पना को साकार रूप दिया है। भारतीय वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाकर बहुत बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। मैं सभी सभी कोरोनो वॉरियर्स के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। हमारी सरकार, हमारी संस्कृति और हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की एक ही सोच है और वह है -

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।

सर्वे भद्राणि पश्यन्तुः मा कश्चिदुः खभाग्भवेत्।।

सभी सुखी हो, सभी निरोगी हो, सभी कल्याणकारी देखे, किसी को भी किसी प्रकार का दुःख न हो।

अन्त में मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदानों की मांगों का समर्थन करते हुये हमारे शास्त्रों से एक श्लोक उद्धृत करना चाहता हूँ:-

आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम्।

यावत्स्वस्थो ह्ययं देहो यावन्मृत्युश्च दूरतः।।

अर्थात् आरोग्य या स्वस्थ्य रहना परम भाग्य है। अन्य सभी कार्य स्वास्थ्य के बल पर ही सिद्ध होते हैं। जब तक हम स्वस्थ हैं, शरीर हमारे नियंत्रण में है।

*__श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद):__ वर्ष 2021-22 की स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुदान मांगों पर अपने विचार रखने का अवसर देने के लिए मै सहृदय आपको धन्यवाद देता हूँ।

भारत विश्व का सबसे बड़ा जनसंख्या वाला देश बनने बनने जा रहा है। WHO के निष्कर्ष के अनुसार भारत की लोकसंख्या चीन से बढकर होने जा रही है। यही लोक संख्या हमारी ताकत है और हमारी मजबूरी है। मजबूरी को ताकत में बदलाव लाने के लिये हमें स्वास्थ पर ध्यान देना चाहिये। हाल ही में भारत के साथ पूरा विश्व कोविड-19 का सामना कर रहा है। यह अब तक पूरी तरह से खत्म नही हुआ है। हमारी लड़ाई अब तक शुरु है और मुझे पुरा विश्वास है की हम जरुर कामयाब होकर इसपर विजय प्राप्त करेंगे किसी कवि ने कहा है,

“हम होंगे कामयाब, हम होंगे कामयाब, मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास।

लेकिन इसी के साथ भारत कई रोगों से जूझ रहा है, जैसे एड्स, कॅन्सर, फ्लोरासिस, आयोडीन की कमतरता से खेका, लेपरसी, मेंटल हेल्थ, अंधत्व, प्रमेह (डायबेटीज) कार्डिओव्हॅस्कुलरडिसीज (हृदय से संबंधीत रोग) अस्थमा आदि महाभयानक रोगों से भारत की जनता त्रस्त है। स्वास्थ्य के बारे में कुपोषण मे हम बांग्लादेश और श्रीलंका के पीछे हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भारत में हर साल कुपोषण के कारण मरनेवालों की संख्या 10 लाख से भी ज्यादा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्यों के कुछ इलाके के बच्चे भुखमरी का शिकार बन रहे हैं।

ए.सी.एफ. (93) रिपोर्ट के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजाति 28%, अनुसूचित जाति 21%, पिछड़ी जाति 20% और ग्रामीण समुदाय में 21% कुपोषण का प्रमाण है। कुपोषण को मिटाने के लिये राष्ट्रीय स्तर पर मिशन की तरह से इसे चलाना चाहिये। इस विषय पर जागतिक बैंक की रिपोर्ट में कहा है कि "बांग्लादेश 48 प्रतिहजार और भारत में 67 प्रति हजार का शिशु मृत्युदर है जब की फ्रिका में यह दर 27 प्रतिशत है। मेरे चुनावी क्षेत्र में कुल 1 लाख 40 हजार बालक हैं इसमें से कुल 14 हजार से

* Speech was laid on the Table.

बढकर कुपोषण से ग्रस्त हैं। उस्मानाबाद जिला महाराष्ट्र के उन चार जिलो में से है जो बालकों का तीव्र कुपोषण से ग्रस्त है। इसे मिटाने के लिये संतुलित आहार और अन्य उपायों की जरुरत है।

भुखमरी के साथ कई अन्य महामारियों से हमारे देश की जनता लड़ रही है। हमारा उत्तरदायित्व है की हमें इसे मिटाने के लिये कुछ नई योजनाएँ बनाकर स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार लाने की जरुरत है। अन्यथा थॉमस ब्राऊन की रिलीगो मेडीसीन “Disease is cure but patient is die.” इस विधान की तरह कुपोषण गंभीर स्वरुप लेगा और दुर्भाग्यवश हमारे देश में इसी की तरह स्वास्थ्य क्षेत्र का हाल शुरु है।

मै आपसे अनुरोध करता हूँ कि 2011 की जनगणना के अनुसार मेरे जिले की कुल जनसंख्या 16 लाख 60 हजार 311 है। मेरे जिले में 42 प्राथमिक आरोग्य केंद्र और 206 उपकेंद्र है। जो कि इतनी आबादी के लिये अपर्याप्त हैं। इसी में सुधार लाने के लिये प्राथमिक आरोग्य केंद्र की संख्या बढाने के लिये उचित कदम उठाये । इसी के साथ उस्मानाबाद को महाराष्ट्र सरकार द्वारा एम. बी. बी. एस. कॉलेज शुरु करने के लिये अनुमति मिली है | लेकिन कोरोना का प्रादुर्भाव देखते हुए नंदुरबार (महाराष्ट्र) जैसी जिले में मदद करने की आवश्यकता है | उस्मानाबाद जिले का अंतर्भाव नीति आयोग के आकांक्षी जिले में (aspirational district) है | मै आपसे अनुरोध करता हूँ कि आकांक्षी जिला होने के कारण तथा कोरोना आपात स्थिति में नागरिकों को सुविधा प्रदान करने हेतु विशेष सहायता का प्रावधान करें। इसी के साथ उस्मानाबाद के आयुर्वेदिक महाविद्यालय तथा माजी सैनिकों के पॉली क्लिनिक को स्वतंत्र वस्तु तथा माजी सैनिकों को पूरी सुविधा देने के लिये विशेष निधि का प्रावधान करें।

नीति आयोग द्वारा महाराष्ट्र के चार जिलों को आकांक्षी जिलों में शामिल किया गया है, इसमें से एक उस्मानाबाद जिला भी है! इस आधार पर सरकार से अनुरोध है कि इस उस्मानाबाद जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त किया जाए ! मेरे चुनावी क्षेत्र में एक भी अस्पताल प्रधानमंत्री सहायता निधि की तालिका में प्रविष्ट नही है। इस असुविधा के कारण कई नागरिकों के इलाज नही हो पा रहे हैं । इलाज

पाने हेतु नागरिकों को लातुर सोलापुर तथा पुणे जाना पड़ रहा है । यदि मेरे चुनाव क्षेत्र में से कई अस्पताल प्रधानमंत्री सहायता निधि की तालिका में प्रविष्ट होने पर इस समस्या का हल हो सकता है । मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि मेरे जिले में से कई अस्पताल इस तालिका में प्रविष्ट करें।

अभी उचित समय है कि हम स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार कर हमारी आनेवाली पीढ़ी या विरासत को सदृढ एवं आरोग्यदायी बनाये रखे।

जब पूरी दुनिया कोविड १९ महामारी से लड़ रही है, इस बीच देश के समस्त राज्य सरकारों और केंद्र सरकार ने इससे निपटने के लिए अपनी उच्च प्राथमिकता दी है यह सच है कि अगर हम कोरोना महामारी के चपेट में नहीं आते तो देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो दुर्दशा है उसे हम नहीं समझ पाते । अब जब पूरे देश को कोरोना ने अपने चपेट में ले लिया तो यह अनुभव हुआ कि देश में चिकित्सा सुविधा का बहुत ज्यादा आभाव है और हम महामारी जैसे संकट से निबटने के लिए कितने लाचार हैं! देश के निजी अस्पतालों द्वारा जन मानस के साथ मनमानी किये जाने के भी कई मामले सामने आये, निजी अस्पतालों ने आम जन मानस को इस कोरोना महामारी के बीच महंगा इलाज देकर परेशान किया और इसकी बहुत सी शिकायत भी सरकार के पास की गई, इतना महंगा इलाज देने के बाद भी निजी अस्पताल लोगों को बेहतर और गुणवत्ता स्वास्थ्य सुविधा देने में नाकाम रहे हैं।

आज ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य की सुविधा के बदतर हालात हैं कई गाँव में तो प्राथमिक सुविधा का भी आभाव है। इस आभाव के कारण इलाज के लिए दूसरी जगह ले जाने पर रास्ते में ही मरीज की मौत हो जाती है और ऐसी घटना ग्रामीण क्षेत्रों में होना आम बात है। ऐसे में हमें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

इस महामारी में भी केंद्र सरकार के द्वारा महाराष्ट्र राज्य से सौतेला व्यवहार किया गया और 1 सितम्बर, 2020 से केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र सरकार को मेडिकल में दी जाने वाली सुविधा बंद कर दी, जबकि महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मरीज सामने आ रहे थे। ऐसे में मास्क, सेनीटाईजर, वैंटिलेटर,

ऑक्सीजन, पी पी ई किट और अन्य मेडिकल उपकरण भी ज्यादा मात्रा में महाराष्ट्र को दिए जाने की आवश्यकता है! महाराष्ट्र राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से कई बार आवश्यक धनराशि जारी करने का अनुरोध भी किया है। केंद्र सरकार की मेडिकल इंस्पेक्शन टीम भी कई बार महाराष्ट्र में कोविड का जायजा भी लिया, फिर भी केंद्र द्वारा राज्य सरकार को अपेक्षित सहायता नहीं मिली

अब फिर से महाराष्ट्र में कोरोना के नए केस सामने आ रहे हैं। इनका आंकड़ा प्रतिदिन बढ़ रहा है। केंद्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र को ज्यादा से ज्यादा मेडिकल सहायता दिए जाने की आवश्यकता है और केंद्र से महाराष्ट्र राज्य को कोरोना की वैक्सीन ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराने की जरुरत भी है जिससे समय पर सभी लोगो को यह वैक्सीन मिल सके और इस महामारी को रोका जा सके।

*__श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत):__ आज से करीब 1 साल पहले पूरे देश को कोरोना महामारी ने अपने पंजे में ले लिया था। तब की स्थिति और आज की स्थिति का आकलन करते हैं, तो कुछ बातें ध्यान में आती हैं, जो सही मायने में गर्वनेंस के साथ-साथ व्यवस्था खड़ी करना लोगों को महामारी से लड़ने हेतु तैयार करना, वैज्ञानिकों एवं उद्योगों को इस परिस्थिति में देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु, लोगों की जरूरतों को पूरा करने हेतु, आर्थिक मोर्चे पर देश की स्थिति को संभालना ऐसे कई कार्यों को एक साथ करने की जरूरत खड़ी हुई थी। ऐसी परिस्थिति में सरकार ने मान्यवर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश को संभालने के साथ-साथ आगे बढ़ाया और समस्या का निवारण करने की दिशा में भी कार्य किया एवं भारतीय संस्कृति के मूलभूत सिद्दांत 'वसुधैव कुटुम्बकम' को सार्थक करते हुये अन्य देशों को भी इस महामारी से लड़ने हेतु योग्य सहायता करते हुये, पूरे मानव जाति की सेवा करने का भागीरथ कार्य करने के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, केन्द्र एवं राज्य सरकार की पूरी टीम, फ्रंटियर वॉरियर्स, सरकार के कर्मचारी, चिकित्सा कर्मचारी सभी अभिनंदन के पात्र हैं।

जब 23 मार्च को इस देश में लॉकडाउन लगाना पड़ा तब की और आज की स्थिति का आकलन भी जरूरी है कि तब हमारा देश कहा खड़ा था और आज हम कहां खडे हैं। महोदय, अब हमारे देश में इस महामारी के प्रति लोगो में जागरूकता का अभाव, समस्या की जानकारी का अभाव, स्वास्थ्य-चिकित्सा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का अभाव, इस महामारी के लिए सबसे आवश्यक मास्क एवं वेन्टीलेटर मशीन का उत्पादन करीब-करीब शून्य प्रतिशत था और आज उस आपत्ति को अवसर में बदलकर मान्यवर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमने मास्क बनाना मात्र शुरू नहीं किया अपितु दूसरे देशों की भी आवश्यकताओं को पूर्ण किया। दुनिया में शायद सस्ते से सस्ते परंतु गुणवत्तापूर्ण एवं आवश्यकता अनुसार वेन्टीलेटर मशीन को बनाकर इस महामारी को फैलने से रोकने में एक बड़ा कदम भी उठाया है। अगर आज की बात करें तो आज पूरे देश में करीब-करीब 23 करोड़ लोगों की टेस्टिंग हो

* Speech was laid on the Table.

चुकी है। आज केसेज़ बढ़ रहे हैं परंतु उसके सामने अच्छे होने का जो रेशियो है, उसमें भी हम सफल हो रहे है।

जब हम वैक्सीनेशन की बात करते हैं, तो हमारे वैज्ञानिकों का अभिनंदन करना बनता है, परंतु उन्हें उस मार्ग पर प्रोत्साहन देने हेतु तैयार करने हेतु एवं पूरा ढांचा तैयार करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कार्य हुआ, उसके लिये मैं सरकार का अभिनंदन करना चाहती हूं, क्योंकि ये सारी जटिलतायें आम जनता की हैं, उनकी जानकारी भी कम रहती है। जैसा मैंने आज कहा कि यह भगीरथ कार्य है, क्योंकि वैक्सीन बनाकर उसकी क्लिनिकल ट्रायल सफलता पूर्वक करने के बाद प्रोडक्शन भी हो जाये, परंतु यदि उसे आम जनता को पहुंचाने के लिए यंत्र खड़ा करना भी आवश्यक था। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री जी कहते हैं की 'सबका साथ-सबका विकास एवं सबका विश्वास' यह सूत्र यहां पर भी सार्थक हुआ दिखता है, क्योंकि एक और वैक्सीन का काम हो रहा था, तब सितम्बर से दिसम्बर 2020 के बीच क्लिनिकल ट्रायल रिसर्च कैपेसिटी को विकसित करने हेतु भी कार्य किया गया, ताकि क्लिनिकल ट्रायल में अच्छे परिणाम प्राप्त हो। मुझे यह कहते हुए आनंद होता है कि मेरी जानकारी के मुताबिक अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भुटान, मालदीव, मॉरिशियस, ओमान, नेपाल, वियतनाम, म्यानमार जैसे देशों से भी हमें सहयोग मिला। उससे आगे चलकर वैक्शीनेशन करने हेतु करीब 2 लाख 60 हजार वैक्सीनेटर्स को तैयार किया गया और करीब दूसरी 4 लाख 75 हजार की टीम भी तैयार की गई।

पूरा देश एक ओर जब कोरोना से जूझ रहा था, तब बहुत दुःख होता है कि हमारे विरोधी पक्ष इस स्थिति को भी राजनैतिक एवं संकुचित दृष्टिकोण का परिचय देते हुए ओछी राजनीति करने का मौका ढूंढ रहे हैं। आज की बात की जाये तो सरकार परिस्थिति को नियंत्रण में लाने हेतु सभी प्रकार के प्रयास कर रही है। परंतु आज सुबह माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा बुलाई गई मुख्यमंत्रियों की बैठक से भी कई मुख्यमंत्री अलग रहे हैं। वैक्सीन हमारे देश के वैज्ञानिकों ने बनाई है। उन्होंने दिन-रात काम करके अंतिम छोर पर व्यक्ति को ध्यान में रखकर वैक्सीन बनाई, जिसकी सराहना पूरे विश्व में हो रही है, परंतु

हमारे यहां विरोधी पक्ष उसको प्रधानमंत्री जी के नाम की वैक्सीन बताकर ऐसा सोच रहे हैं कि वे प्रधानमंत्री जी को नीचा दिखा सकेंगे परंतु वास्तविक तौर पर देश के बच्चे- बच्चे की जबान पर उन्होंने वैक्सीन को प्रधानमंत्री जी के नाम से जोड़कर राजनैतिक दृष्टि से भी सरकार को फायदा ही पहंचाया है। परंतु उन्होंने वैज्ञानिकों के मनोबल को ठेस भी पहुचाई है, जो निंदनीय है।

मैं सरकार का ध्यान उस ओर भी दिलाना चाहती हूं कि आज भी कई ऐसे लोग हैं जो शायद लोगों को या यूं कहें की मेडीकल स्वेटरनीति को भी जानकारी नही है या तो एक कोने में किसी एक व्यक्ति के होने के कारण इतने बड़े देश में लोगों को जानकारी का अभाव रहता है। सरकार ऐसी व्यवस्था खड़ी करें, ताकि ऐसे लोग देश के किसी भी कोने में किसी व्यक्ति को हो तो उसे राष्ट्रीय स्तर पर तवज्जो मिले एवं उसके कार्य का उदाहरण देते हुए बताना चाहूंगी की अभी गुजरात में एक बच्चे को दिक्कत होने पर चिकित्सा एवं सहायता दोनों दिशा में बहुत तकलीफें उठानी पड़ी। जब परिवार को पता चला, इस रोग का इलाज करोड़ों रुपये से होगा, तब वे हिम्मत हार रहे थे परंतु सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों की मदद से वह खर्चा कर सके। इस परिस्थिति में परिवार को गुजरात सरकार एवं लोगों ने अपने आर्थिक सहयोग से मदद की। ऐसे रोगों के विषय में आगे चलकर भविष्य की दृष्टि से कोई योजना बने, ऐसी मेरी सरकार से प्रार्थना है।

*__डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी):__ मैं हमारे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी का और केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्री हर्ष वर्धन जी का विशेष रूप से आभार व्यक्त करती हूँ की उन्होने 2021- 2022 का स्वास्थ्य बजट बढ़ाकर कोरोना के संकट मे देशवासियों की सुरक्षा देने मे अभूतपूर्व काम किया है। आज भारत ने कोरोना वैक्सीन पूरे देश में और अन्य देशों को भी देने का महत्त्वपूर्ण काम किया है।

मैं माननीय मंत्री हर्ष वर्धन जी से मेरे चुनाव क्षेत्र दिंडोरी, महाराष्ट्र के लिए वर्तमान परिस्थितियों को लेकर कुछ खास अनुदान की मांग करना चाहती हूँ जैसा की आप जानते हैं महाराष्ट्र में कोरोना फिर एक बार तेजी से फैलने लगा है मेरे चुनाव क्षेत्र के नागरिकों को बींमारियों का इलाज करवाने के लिए नासिक शहर स्थित civil Hospital मे जाना पड़ता है। कोरोना महामारी की वजह से वैसे ही अस्पतालों में beds की कमी है। इसलिए मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करती हूँ कि Civil Hospital की मौजूदा Bed capacity को 500 Beds तक और बढाई जाए। जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके।

सार्वजनिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे जो विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है, उसे तुरंत पूरी की जाए नासिक जिले मे जो रिक्त पद हैं उन पदों पर जल्द से जल्द विशेषज्ञ डॉक्टरो की नियुक्ति कर दी जाए।

मेरा लोकसभा क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इन क्षेत्रों में 108 Ambulance सेवा बहाल की जाय। इसका बहुत लाभ ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा। दूर दराज इलाकों से उन्हे जल्द से जल्द शहर के अस्पतालों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। मैं इस बजट का समर्थन करती हैं। धन्यवाद।

* Speech was laid on the Table.

*SHRI D.K. SURESH (BANGALORE RURAL): Thank you for allowing me to participate in the discussion on Demands for Grants under the control of the Ministry of Health and Family Welfare for the year 2021-22.

The overall allocation for healthcare sector is Rs. 32.23 lakh crore the next financial year 2021-22. It is 137% more than the budgeted spending in 2020-21.

The allocation includes, Department of Health and Family welfare - Rs. 71,269 crore; Department of Health Research - Rs 2,663 crore; Ministry of AYUSH - Rs 2,970 crore; COVID-19 vaccines - Rs 35,000 crore; Department of Water and Sanitation - Rs 60,030 crore; Nutrition - Rs 2,700 crore; Finance Commission grants for water and sanitation - Rs 36,022 crore; Finance Commission grants for Health - Rs 13,192 crore. The total allocation is Rs. Rs. 2,23,846 crore.

The Union Budget 2021-2022 has made some provisions regarding health and well-being. Mainly, the Government proposes to implement Urban Swachh Bharat Mission 2.0 with a capital outlay of Rs 1.4 lakh crores over five years (2021-26). The Government also announced to launch a new Central Scheme, that is, PM AtmaNirbhar Swasth Bharat Yojana with an outlay of Rs 64,180 crore over six years.

We have seen how the people of country suffered due to lack of health infrastructure to face the challenges of COVID-19 last year. So, I believe that this budget will boost the capacity of the country's health-care system to detect and

* Speech was laid on the Table.

cure new and emerging diseases in the aftermath of the COVID-19 pandemic. The Government has set a target to vaccinate at least 300 million high risk people in the first phase of COVID-19 vaccination drive, which is expected to last till August. I would say that it is a great step taken by the Government and a far-reaching announcement of the Budget, as it is providing Rs. 35,000 crore for COVID-19 vaccination in 2021-22.

We have seen how the people of the country suffered due to lack of health infrastructure to face the challenges of COVID-19 last year.

As per recent reports, states such as Kerala, Maharashtra, Punjab, Karnataka, Tamil Nadu and Gujarat continue to report an upsurge in COVID-19 new cases. In the wake of increasing cases of COVID- 19, I would like to suggest that the Government should hold high level review meetings, and the Centre should advise States to maintain Strict Vigil and undertake measures for effective containment and management of COVID-19 in the country. According to Rural Health Scheme 2017, India has 1,56,231 sub-health centres, out of which 78,569 are functioning without male health workers, 6,371 are functioning without auxiliary nurse midwives, and 4,263 are without either of them. The PHCs require 25,650 Doctors across India to tend to a minimum of 40 patients per Doctor per day for outpatient care, as per Indian Public Health Standards. If these standards are met, 1 million patients could be benefit every day. But with a shortage of around 3,500 Doctors, 2000 PHCs are without Doctors. This means that 12%, or 121,080 patients, go without access to primary health care every day.

Sub-centres are at the forefront, covering 5,000 people. PHCs are equally important for the Ayushman Bharat Yojana to succeed because they are the first link to a consultation with a Medical Doctor and act as referral points for specialist consultations at community health centres.

Strengthening both the PHCs and sub-centres will ease the burden on secondary (district hospitals and block community health centres) and tertiary health institutions (specialist and super-specialist services in hospitals-cum-medical colleges). Failure to find enough doctors will also set back universal health coverage. As a result of this, the health sector in India is largely dominated by private sector across the country. It is confined to urban areas as the number of people per square kilometre is more in cities and towns than in the rural areas.

As the private hospitals charge exorbitant prices for health-related services, it is not affordable to the lower strata of the society, particularly below the poverty line. The poor are dependent on Government hospitals for their healthcare needs as they get free of cost consultation, or some time nominally charged. But these public hospitals are not equipped with better infrastructure, and there are no medical staff including Doctors etc. as these Government Hospitals are not allocated adequate funds to meet their basic needs.

So, the Government should see that adequate funds be allocated to healthcare, particularly in rural areas to meet the demands of skilled Medical Attendants and staff, Doctors and Labs etc.

I would also request the Government to take necessary steps to impart timely training to all the Medical Attendants and Doctors, Nurses so that they can equip themselves with advanced skills in the health care sector.

Our UPA Government has taken a historic step to provide quality health services to people by setting up of six new AIIMS in the country, other than the one at New Delhi. After BJP came to power, we have made several requests to set up a new AIIMS in Bengaluru. But this Government is not sanctioning it to the State of Karnataka.

*__श्रीमती रीती पाठक (सीधी) :__ मैं आभार व्यक्त करती हूँ कि स्वास्थ्य जैसे अत्यंत आवश्यक विषय पर मुझे अपनी बात रखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मैं आभारी हूँ, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की, जिन्होंने हमेशा से देशवासियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखा है, उपचार में भेदभाव, अमीर-गरीब जैसे शब्दों का उपयोग धीरे-धीरे बंद हो रहा है। यह माननीय प्रधान मंत्री जी की सकारात्मक सोच तथा देशवासियों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है। मैं धन्यवाद ज्ञापित करती हूं, देश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री माननीय डॉ, हर्षवर्धन जी का, जिन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र मे माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में तथा अपनी सूझ-बूझ से दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है।

आज मैं वैश्विक महामारी कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में अपना सर्वोच्च योगदान देने वाले देश के सभी स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को भी नमन करती हूँ, जिन्होंने इस लड़ाई को लड़ते-लड़ते स्वयं को न्यौछावर कर दिया।

आज यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व का ही परिणाम है कि हमारे देश के वैज्ञानिकों ने इस भयावह महामारी की वैक्सीन बनाई तथा भारत ही नहीं, अपितु अन्य कई देशों मे भी हमारी वैक्सीन लोगों को जीवन दान देने का काम कर रही है। इस हेतु मैं सभी का धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

वर्ष 2014 में आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार बनने के पश्चात् से ही स्वास्थ्य सेवाओं मे अभूतपूर्व सुधार हुआ है। देश के गरीबों को भी बेहतर और सुदृढ़ स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही है। हमारी सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों को प्रतिवर्ष अच्छे अस्पतालों मे 5 लाख तक का मुफ़्त उपचार कराना लोगों के लिए जीवनदायिनी सिध्द हुआ है। जन औषधि केंद्र के माध्यम से सस्ते दर (न के बराबर शुल्क) में दवाइयाँ मिल रहीं हैं।

* Speech was laid on the Table

ये हमारे प्रधानमंत्री जी का ऐतिहासिक निर्णय था, जिसका लाभ आज देश के प्रत्येक गरीब को मिल रहा है। मुझे यह साझा करते हुए अत्यंत गर्व है की प्रधान मंत्री राष्ट्रीय सहायता कोष से मेरे आग्रह पर मेरे कई ऐसे संसदीय क्षेत्र वासी जो गंभीर रोगों से ग्रसित थे, उन्हें नया जीवन प्राप्त हुआ है। इस हेतु भी मै माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूं।

इस बजट में भी हमारी सरकार द्वारा स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखा गया है तथा स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए तीन क्षेत्रों को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है - निवारक, उपचारात्मक सुधारात्मक और कल्याण, जो अभिनंदनीय है। हमारी सरकार ने इस वित्तीय वर्ष मे एक और ऐतिहासिक निर्णय लिया है - प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वास्थ्य भारत योजना 64,180 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ 6 वर्ष के लिए लॉन्च की जाएगी। इसके अलावा और भी कई व्यवस्थाएं हमारी सरकार द्वारा इस बजट मे की गई है, जिनके लिए मै हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने संसदीय क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण मांगे रखना चाहती हूं। सीधी संसदीय क्षेत्र के सीधी जिला मुख्यालय में चिकित्सा महाविद्यालय की स्वीकृति प्रदान की जाय। सीधी जिला मुख्यालय में महिला अस्पताल की स्थापना की जाए। सीधी व सिंगरौली जिला मुख्यालय मे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना की जाय। सीधी जिला मुख्यालय में जिला चिकित्सालय से अलग आधुनिक सुविधाओं वाला ट्रौमा सेंटर स्थापित किया जाए। शहडोल जिले के जनपद मुख्यालय ब्योहारी मे वृहद आधुनिक सुविधायुक्त ट्रौमा सेंटर की स्थापना की जाए।

मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि इन मांगों को पूर्ण करें। मेरे सहित समस्त संसदीय क्षेत्रवासी सदैव आपके आभारी रहेंगे।

*__श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर):__ माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी वर्तमान में रायपुर में अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान (एम्स) के प्रारंभ हो जाने से न केवल छत्तीसगढ़ राज्य अपितु निकटस्थ राज्य के मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से प्राप्त हो सकी हैं। कोविड की परिस्थिति में भी रायपुर एम्स ने न केवल भारत में अपितु विश्व स्तर पर एक अच्छे संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इसी तरह रायपुर में मध्य भारत का एक विषाल कुष्ठ अनुसंधान केन्द्र स्थापित है। उक्त संस्थान केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किया जाता है। किन्तु वर्तमान परिदृष्य में उक्त संस्थान में मूलभूत सुविधाओं की कुछ कमियाँ हैं, जिसे मैं आपसे निवेदन करता है कि उचित मार्गदर्शन से उक्त कमियों को दूर किया जा सकेगा।

रायपुर स्थित कुष्ठ अनुसंधान केन्द्र में न केवल छत्तीसगढ़ अपितु छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्य जैसे उड़िसा, महाराष्ट्र, आंध प्रदेश के अलावा भी अन्य राज्यों से कुष्ठ रोगी अपने इलाज हेतु आते हैं। उक्त अनुसंधान केन्द्र मध्य भारत का वृहद कुष्ठ अनुसंधान केन्द्र है। वर्तमान में उक्त केन्द्र के ऑपरेशन थियेटर को विकसित किये जाने की आवश्कता है।

रायपुर स्थित कुष्ठ अनुसंधान केन्द्र लगभग, 12, एकड़ जमीन के क्षेत्रफल में स्थित है, वर्तमान में राजधानी राज्य में 12 एकड़ जमीन में स्थित अनुसंधान केन्द्र के क्षेत्रफल का उचित उपयोग किया जाए तो अनेक सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र में अनेक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्य भी संपन्न हुए हैं। मेरा ऐसा मानना है कि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के अतिरिक्त इस केन्द्र को संचारी रोगों के अनुसंधान केन्द्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

* Speech was laid on the Table

श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील (औरंगाबाद): सभापति महोदया, आज तक हम यह समझते थे कि हैल्थ बजट का मतलब यह होता है कि हैल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के नाम पर जितनी भी हैल्थ की स्कीम्स चलाई जाती हैं, उन पर कितना पैसा खर्च किया जाए, सामान्यत: इसे हैल्थ बजट कहा जाता था। जब वित्त मंत्री जी ने इस बार का हैल्थ बजट पेश किया, तो उन्होंने इस बजट में जो कम्पोनेंट्स डाले, जैसे पीने के पानी की स्कीम का जितना भी पैसा है, उसे हैल्थ बजट में डाल दिया। सार्वजनिक स्वच्छता का पैसा हैल्थ बजट में डाल दिया और पोषण आहार जैसी स्कीम्स पर जितना भी पैसा खर्च किया जाने वाला था और कुछ स्कीम्स जो रूरल डेवलपमेंट के नाम से थीं, उन्हें भी हैल्थ बजट में डाल दिया। जब इस बात का ऐलान किया कि हमने 137 परसेंट हैल्थ बजट में इंक्रीज किया है, तब सारे सदन ने तालियां बजाकर इसका स्वागत किया था। हमें इसका यकीन नहीं हुआ, तो हमने जाकर आंकड़ों को अच्छी तरह से पढ़ा, तब समझ में आया कि यह आंकड़ों का खेल था। आप यदि अलग-अलग स्कीम्स को इसमें इन्क्लूड कर देंगे और कहेंगे कि यह हैल्थ का बजट है, तो यह अलग बात है। इस बजट का नाम पहले 'Health and Family Welfare' हुआ करता था और अब इसे 'Health and Well-Being' नाम दे दिया गया है। यानी कि 'well-being' के अंदर आपने पानी, स्वच्छता का बजट मिला दिया है और दावा हैल्थ बजट का किया है।

महोदया, यह हकीकत है कि आज हम जीडीपी का महज एक या डेढ़ परसेंट भी हैल्थ पर खर्च नहीं करते हैं, जबकि इस मुल्क को ढाई से तीन परसेंट अपनी जीडीपी का पैसा हैल्थ सैक्टर पर खर्च करना चाहिए। मैं मंत्री जी से सवाल करना चाहता हूं कि मंत्री जी के विभाग रूरल हैल्थ स्टेटिस्टिक्स की रिपोर्ट है जिसमें बताया गया है कि जितने भी देश में पब्लिक हैल्थ सैंटर्स हैं, उनमें से महज 10 परसेंट सैंटर्स ही पब्लिक हैल्थ स्टैंडर्ड के हिसाब से काम कर रहे हैं यानी 90 परसेंट पब्लिक हैल्थ सैंटर्स में डाक्टर्स नहीं हैं, वहां नर्सिंग स्टाफ नहीं है, यह आपकी रिपोर्ट ही बता रही है।

अगर यह आपकी रिपोर्ट बता रही है और सदस्य यह दावा कर रहे हैं कि बहुत अच्छा काम हुआ है तो फिर या तो यह रिपोर्ट गलत है या फिर आप जो दावा कर रहे हैं, वह गलत है। इन दोनों में सही बात का खुलासा होना चाहिए। आपने कहा कि 35 हजार करोड़ रुपये हेल्थ बजट के नाम पर आप 30

करोड़ लोगों का वैक्सीनेशन करेंगे, लेकिन जिस तरीके से यह किया जा रहा है, उसे देखते हुए जितने भी हेल्थ एक्सपर्ट्स हैं, उनका यह अनुमान है कि 30 करोड़ लोगों का वैक्सीनेशन करना बहुत दूर की बात है, महज 10 करोड़ लोगों को ही एक साल में यह वैक्सीनेशन मिल सकेगा। अगर एक साल में आप 10 करोड़ लोगों तक ही पहुंच सकेंगे तो इसका मतलब है कि एक साल में केवल 10 से 12 हजार करोड़ रुपये ही इस पर खर्च होंगे। 35 हजार करोड़ रुपये में से शेष रुपये का कैसे हिसाब दिया जाएगा, वह कहां खर्च होगा? अगर आप यह हमें बताएं तो बहुत मेहरबानी होगी।

सभापति महोदया, मैं दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि यह कैसा देश है कि हमारे लोग मर रहे हैं। आज वैक्सीनेशन के लिए हमारे लोग लाइन में खड़े हैं, क्योंकि उनको वक्सीनेशन चाहिए। हमारे इस मुल्क की यह तहजीब है, यह संस्कृति है कि हमें दूसरों की भी मदद करनी चाहिए। आपने अभी यह कहा है कि हम 72 देशों को अपना वैक्सीन पहुंचा रहे हैं। आप पहले अपने देश के लोगों को पूरी तरह से वैक्सीन दीजिए। जिस दिन हमारे देश के एक-एक शख्स का वैक्सीनेशन हो जाएगा, उसके बाद आप पूरी दुनिया में इसे बांटिए। हकीकत यह है कि आज हमें वैक्सीनेशन चाहिए, पर वैक्सीनेशन नहीं हो पा रहा है, वहीं दूसरी तरफ यह दावा किया जा रहा है कि इतने सारे लोगों का हम वैक्सीनेशन कर रहे हैं।

माननीय मंत्री जी, मैं इसके लिए आपसे हाथ जोड़कर एक विनती करना चाहता हूं। इसके अलावा रेयर डिजीज एक बहुत बड़ा सब्जेक्ट है। बहुत कम लोग इससे प्रभावित होते हैं, लेकिन उनके लिए कोई खास स्कीम नहीं है। एक स्कीम आरएएन है, जिसके जरिए आप वन टाइम 15 लाख रुपये देते हैं।

सभापति महोदया, मैं आपसे भी कहना चाहता हूं, क्योंकि आप भी एक मां हैं। आपको मालूम है कि बच्चों का दर्द क्या होता है। कुछ दिन पहले रुतुजा नाम की एक सात साल की बच्ची मेरे पास आई थी। उस बच्ची को एक रेयर डिजीज हुई है। स्किन में ऐसी प्रॉब्लम हुई है, जिसका हमारे देश में इलाज ही नहीं है। उसके पास पैसे ही नहीं हैं। उसके पिताजी एक छोटी सी कंपनी में काम करते हैं। वह बच्ची मास्क लगाकर मेरे दफ्तर में आई और कहा कि मेरी मदद कीजिए, मेरा इलाज कहीं पर भी नहीं हो रहा

है। वह बच्ची टुकटुकी लगाकर दूसरे लोगों को देख रही थी कि सब लोग तो अच्छे हैं, फिर मैं ऐसी क्यों हूं। उसके पूरे शरीर पर ऐसी स्किन डिजीज है, जिसका हमारे यहां कोई इलाज नहीं है। अगर उसके मां-बाप उसका इलाज करवाना भी चाह रहे हैं, तो रेयर डिजीज के लिए सरकार की तरफ से जो पैसा दिया जाना चाहिए, वह आपने नहीं दिया है।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि उस बच्ची की जान किसी भी तरह से बचा लें। मैं आपसे यही गुजारिश करना चाहता हूं, धन्यवाद।

DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR): Thank you hon. Chairperson for giving me an opportunity to speak on the Demands for Grants relating to the Ministry of Health and Family welfare and Department of Health Research.

In the last one year, the world has seen a crisis like never before in the form of the COVID-19 pandemic. Even in these challenging situations, our country has emerged as a torchbearer for the entire world under the leadership of hon. Prime Minister, Mr. Narendraji Modi and under the effective administration of our Health Minister, Dr. Harsh Vardhanji.

Madam, the discussion on the health budget would be incomplete without mentioning the frontline and health warriors who have worked day and night to strengthen our system for the fight against COVID-19 pandemic. It was only possible under the leadership of hon. Prime Minister that these frontline warriors were the first to receive the vaccination and no VIP treatment or privileges have been given during the administration of this vaccine for any other person.

My colleagues such as Dr. Heena and others have already spoken on the budgetary allocations related to the Health Department and I would not repeat the same. But, definitely, I would like to mention a few things raised by my friends from the Opposition. The role of the Government during the COVID-19 period needs to be emphasised as I being a member of the Health Committee, have seen the entire journey of the Government, the preparedness being done by the officials during this period of one year. The announcement of the lockdown was the decision which has saved many lives more than one person can imagine. Our

country was not prepared for such a pandemic. We did not have an infrastructure for isolation. We did not have isolation beds. We did not have lab set-ups to make diagnosis of COVID-19. The citizens of this country were not aware of the words such as 'masks', 'sanitisation', and 'social distancing'. Most importantly, the social stigma related to the disease was such that people were not allowed to come back to their home after getting a complete treatment. This lockdown made a thought-process in the minds of the people so that people start accepting people who are getting cured from the COVID-19 disease and also the doctors who are treating these patients are returning home.

Madam, I come from the State of Maharashtra, and I would like to specially mention to my friends from the Opposition who were blaming the role of the Central Government in handling the situation that we cannot deny the amount of funds used by the Government of Maharashtra from NHM to pay the salaries of Nursing staff and Doctors during the initial phase of COVID-19. We cannot deny the number of ventilators being supplied by the hon. Prime Minister from the PM CARES Fund which were really helpful in tackling the first wave where majority of the treatment was related to respiratory diseases, and because of that, we could save many more lives. We cannot not deny the COVID-19 fund which was given to the State Government which was used for recruitment of staff, PPE kits, and other such things. …(*Interruptions*) Madam, I would just take two more minutes.

I would like to address a few issues to the hon. Health Minister regarding my Ahmednagar Constituency. Firstly, the funds that are disbursed from the PM's National Relief Fund for various medical ailments need to be disbursed in a swift

manner. When we, as Members of Parliament, issue letters for people undergoing transplantations, joint replacements, cancer treatments, these funds take a lot of time to reach those patients, and probably, the patients do not get treatment on time.

Secondly, my point is to bring in a regulation for the people who are passing out from the Government Medical Colleges. A lot of people have mentioned that they have built a lot of medical colleges and there are about 80,000 people who are passing out every year. But I would like to ask, are they really working in rural India? In my Ahmednagar Constituency, when I visit PHC sub-centres, rural hospitals, I cannot see any of the interns or the people, who have passed out from Government Medical Colleges, working over there. We have a regulation but we do not have a software to keep a monitoring on these people. So, I would request the hon. Health Minister to develop a software so that we could monitor these things. It would be more helpful.

Lastly, my point is to make the role of Members of Parliament more important in disbursement and utilisation of funds from the Centre. During this COVID-19 pandemic, we could see that the funds from NHM and the COVID-19 funds released from the Centre were disbursed and utilised without taking the hon. MPs' suggestions into consideration. We, being Doctors and also the Members of the Health Committee, were also not taken into consideration. We would like to work more effectively for implementation of the dream of the hon. Prime Minister. In the end, I would like to support the Demands for Grants. Thank you.

SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI): Thank you, Madam Chairperson, for giving me this opportunity.

At the very outset, I salute the healthcare workers of India who did marvellous service during the COVID-19 pandemic. The entire country is proud of them.

Coming to the Demands for Grants, the Budget allocation for health is quite inadequate. There is every reason to argue that the Government has not given due consideration to health sector of this country. It is to be re-considered.

My next point is regarding the imbalance of the rural and urban areas with regard to availability of healthcare services. The percentage of hospitals in the rural areas is 31.5, and the percentage of hospital beds in those hospitals is 16. You know, Madam, 75 per cent of the country's population is in rural areas only. But this kind of imbalance is prevailing. I would appeal to the hon. Minister to take it very seriously and solve the issue.

The other point is regarding the shortage of healthcare personnel. Many of the other hon. Members have spoken about that. It is acute. I would like to say that emergency steps should be taken to fill up the vacancies.

The expenditure in the healthcare centres is unaffordable to common people. That is a very serious thing to be addressed by the Government. Similarly, in respect of affordability, we have to give enough emphasis to healthcare sector. A survey says:

"About 55 million Indians were dragged into poverty in a single year due to patient-care costs, according to a study by the Public Health Foundation of India."

This is the situation in the country. So, the healthcare services should be made affordable to the common man. When we talk about health for all, the socially disadvantaged groups, economically marginalised sections, and systematically marginalised sections should be considered properly.

Madam, the application of technology in health sector is very important. This technology can make wonders. There is also a need for giving emphasis on primary healthcare.

Another thing I would like to point out is that there is a need for a legislation for the right of the patient.

In various countries of the world, there are legislations for right of the patients. That is to be done in India also.

With regard to kidney diseases, as we all know, it is increasing in an alarming way. …(*Interruptions*) I am coming to the end.

So, I request the Government that digital tool kind of a thing has to be given the maximum consideration. That will improve the healthcare in the country.

With these words, I conclude my speech. Thank you very much.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदया, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद दूंगा कि स्वास्थ्य मंत्रालय की अनुदान मांगों पर जो चर्चा आरंभ हुई है, उस पर आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया। महोदया, निश्चित रूप से कोरोना के अंदर जब हम उस साइड में थे, तब भी भाषण हुआ था और मैंने एक बात कही थी कि हिंदुस्तान के अंदर वर्ल्ड यह सोच रहा था कि पता नहीं कितना बड़ा नुकसान होगा, हिन्दुस्तान के अंदर कोरोना का कितना बड़ा विस्फोट होगा? हिन्दुस्तान के अंदर करीब 2 लाख मौतें हुईं। ये कम मौतें नहीं हैं, सरकारी आंकड़े यह बता रहे हैं। लेकिन इन दो लाख मौतों को भी रोका जा सकता था। जब देश के अंदर 30 जनवरी, 2020 को दक्षिण भारत के केरल राज्य में कोरोना का पहला केस आया, उस समय यदि इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर जाँचों में सख्ती कर दी जाती तो भारत में कोरोना इतना नहीं फैलता। इसके लिए भी किसी न किसी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पंजाब, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में अभी कोरोना की दूसरी लहर आ गई। निश्चित रूप से हिन्दुस्तान वैक्सीन लाया और वर्ल्ड के अंदर इसकी तारीफ भी हुई। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता। जहां हिन्दुस्तान का नाम होगा, हमारा भी सिर गर्व से ऊँचा हो जाता है कि हम भी हिन्दुस्तानी हैं। लेकिन हम सिर्फ भाषण ही भाषण करते रहें और लोग मरते जाएं, बीमारी बढ़ती जाए और कोरोना वापस आ जाए। आपने सितम्बर महीने के अंदर लोक सभा चलाई, मैं अध्यक्ष जी और सभी माननीय सदस्यों को धन्यवाद दूंगा कि उन विकट परिस्थितियों के अंदर कोरोना काल में आपने लोक सभा चलाई। दुर्भाग्य इस बात का था कि अब की बार तो हम खड़े होकर बोल रहे हैं, हम पिछली बार तो किसी तरह पैक होकर और मुंह छिपा कर बोल रहे थे। यह स्थिति भी वर्ल्ड ने देखी।...(व्यवधान) सभापति महोदया, मेरा सरकार से यही निवेदन रहेगा कि गलतियों की शुरुआत कहां से हुईं? हो सकता है कि कोरोना पूरा गया नहीं है, लेकिन दूसरी लहर जो आई है, इसको कैसे रोका जा सके? वैक्सीन लग रही है, वैक्सीन आ भी रही है, इस वैक्सीन के नतीजे क्या होंगे? यह तो आने वाले दो-तीन-चार महीनों के बाद पता लगेंगे। जिनको कोरोना पहले हुआ था, उनको दोबारा भी हो गया और तीन बार भी कोरोना हो गया। हम

सिर्फ वाहवाही इसी बात की लूटे कि हमने यह कर दिया, वह कर दिया और उससे हिन्दुस्तान ठीक हो गया।

सभापति महोदया, यह सही है कि प्रधान मंत्री सहायता कोष से जो पैसा मिलता है, उससे प्रत्येक व्यक्ति तक मदद जाती है। एमपीज़ को सबसे ज्यादा जो दुआ मिलती है, वह इसी बात की मिलती है कि हम किसी गरीब मरीज के लिए प्रधान मंत्री जी को पत्र लिखते हैं और उसके लिए प्रधान मंत्री रिलीफ फंड से पैसा आता है। उसमें भी बढ़ोतरी की आवश्यकता है।

सभापति महोदया, मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि आपने सांसदों का फंड दो साल का रोक दिया। वह सिर्फ कोरोना के लिए रोका। कम से कम उस बजट को कोरोना के लिए, मेडिकल हेल्थ के अंदर चालू करवा दीजिए कि एमपीज़ को जो पाँच करोड़ रुपये का फंड मिलता है, वह मेडिकल हेल्थ में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने के लिए वहां दे सकें। ऐसी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए।

सभापति महोदया, आप मुझे पांच मिनट का समय दीजिए। आपने एक मिनट में घंटी बजा दी। मैं अपनी दो-तीन जरूरी बातें करता हूं।…(व्यवधान) महोदया, वर्ष 2020-21 में 54,452 करोड़ रुपये की तुलना में इस बार के बजट में बढ़ोतरी की, इसके लिए निश्चित रूप से धन्यवाद देता हूं। आपने 2,23,846 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया, इसमें 137 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो एक अच्छी बात है। आज विकसित देशों की तुलना में यदि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें, तो आज गाँवों के अंदर सब-सेंटर नहीं है और कई जगह सब-सेंटर खुल गए तो किराये के भवन के अंदर नर्स, कम्पाउंडर रहते हैं। प्रत्येक पंचायत मुख्यालय में पीएसईओ और प्रत्येक गाँव के अंदर सब-सेंटर है, यह आज़ादी के 70 साल बाद व्यवस्था हुई है।

सभापति महोदया, मैं एक-आध मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। आज स्वास्थ्य मंत्रालय की डिमांड थी और राजस्थान विधान सभा का सत्र चल रहा है। वहां एक शेल्बी हॉस्पिटल है, वहां आईसीयू के अंदर एक महिला के साथ बलात्कार हुआ। इससे बड़ी घटना क्या होगी। हमारे कांग्रेस के सांसद साथी भी बैठे हैं, मैं इनका ध्यान भी आकर्षित कराना चाहूंगा कि राजस्थान के अंदर विधान सभा का सत्र चल रहा है, फोन टैपिंग को लेकर तो राजस्थान के सारे के सारे विधायक परेशान हैं। इसका फोन

टैप हो गया, उसका फोन टैप हो गया, यह कोई नई बात नहीं है। फोन टैप पहले भी होते थे। राजस्थान विधान सभा का सत्र चल रहा है और आईसीयू में महिला के साथ रेप हो जाए, इससे बड़ी घटना नहीं हो सकती। मंत्री जी, जो शेल्बी हॉस्पिटल है, आप इसका लाइसेंस रद्द करें। बहुत बड़ा ग्रुप है, कह रहे हैं कि किसी के काबू में नहीं आते। मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि आप इनको काबू में लाएं और आप इसका संज्ञान लें तथा लाइसेंस रद्द करें।

मेरा एक निवेदन एम्स जोधपुर के लिए है, जो मेरे क्षेत्र नागौर से लगता है। देश में एम्स को स्थापित करने की सोच बहुत अच्छी है और हम भी चाहते हैं कि दिल्ली एम्स की तरह जोधपुर एम्स में सभी विशेषज्ञ उपलब्ध हों। लेकिन वहां गड़बड़-घोटाला हुआ है और वहां वेकेंसी न निकालकर, कॉन्ट्रेक्ट बेसिस पर तीन हजार से ज्यादा वॉर्ड बॉय, सुरक्षा गार्ड और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर लगा दिए गए हैं। उसमें भी कुछ जाति विशेष के लोगों को लगाया गया है। यह मामला मैंने पहले भी उठाया था। इस तरह से लोगों को लगाकर आप क्या संदेश देना चाहते हैं? हम आपका हर बार धन्यवाद करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारे पड़ोस में कोई गुंडागर्दी चलती रहेगी और हम चुपचाप बैठेंगे। जोधपुर मेरे नागौर संसदीय क्षेत्र से लगा हुआ इलाका है और वहां के एम्स में आप लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भर देंगे, चाहे जिसकी नौकरी लगा देंगे तो इससे एम्स पर से लोगों का भरोसा उठ जाएगा। मैं इस पर मंत्री जी का सपोर्ट चाहूंगा कि जोधपुर एम्स में जो फर्जी नियुक्तियां हुई हैं, उन प्रकरणों की समय पर जांच करवाकर, उन सभी को निकालें। …(व्यवधान)

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय सभापति जी, मैं स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए प्रस्तुत अनुदान मांग संख्या 44 व 45 का समर्थन करते हुए, माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने पिछले वर्ष की अपेक्षा 137 प्रतिशत बजट बढ़ाकर प्रस्ताव दिया है। इसके साथ ही साथ उन्होंने अपने बजट भाषण में यह भी आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर और निधियां भी अग्रसरित की जाएंगी।

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से लोगों से यह कहना चाहता हूं कि वर्ष 2014 में जब हम सरकार में आए थे तो उस समय हमारे देश की कुल जनसंख्या 125 करोड़ थी और विश्व स्वास्थ्य संगठन के पैरामीटर्स के अनुसार हमारे पास स्वास्थ्य सेवाएं नहीं थीं। डॉक्टर्स, नर्सों और अस्पतालों की कमी थी और जागरुकता की भी कमी थी। लोगों में जागरुकता न होने के कारण मां और बच्चों की मृत्यु दर बहुत अधिक थी। हमारे सामने बड़ी चुनौती थी और उस चुनौती का सामना प्रधानमंत्री जी ने किया और उनके स्वास्थ्य मंत्री जी ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अस्पताल, प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या को बढ़ाया। हमने 22 नये एम्स स्थापित किए। 175 नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की। मेडिकल एजुकेशन में स्नातक और डिग्री की 50 हजार से अधिक नयी सीटें बढ़ायीं। मेडिकल काउंसिल की स्थापना के साथ-साथ मेडिकल सुविधाएं आधुनिक हों और उनके आधुनिकीकरण के साथ-साथ बीमारी से बचाव के लिए कई कार्यक्रम चलाए गए। पोषण अभियान, फिट इंडिया, खेलो इंडिया जैसे बहुत सारे अभियानों को चलाने के साथ-साथ आयुष्मान भारत के द्वारा डेढ़ करोड़ लोगों को हमने स्वास्थ्य की फ्री सुविधा दी। इसके साथ-साथ सात हजार जन औषधि केन्द्रों की स्थापना करके हमने देश का 35 हजार करोड़ रुपया बचाया। ...(व्यवधान) मैडम, अभी तो मैंने बोलना शुरू किया है।

माननीय सभापति: अभी बहुत से माननीय सदस्य बोलने बाकी हैं।

श्री अजय मिश्र टेनी: मैं स्वास्थ्य मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मेरे जिले में मेडिकल कॉलेज दिया और साथ ही साथ उनका ध्यान आकर्षित करूंगा कि 200 बैड के तीन हास्पिटल पूरे

उत्तर प्रदेश में दिए, उनमें से एक हमारे यहां मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल दिया है, उसका काम पूरा हो गया है और उसका जल्दी उद्घाटन करें। इसके साथ ही साथ वर्ष 2015 में एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। यह केवल छ: जगह शुरू हुआ था। उत्तर प्रदेश में लखीमपुर जिले में एक दिया गया। उसकी समय-सीमा 30 अप्रैल, 2021 को समाप्त हो रही है। मैं माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि उसको दो वर्ष के लिए आगे बढ़ाने का काम करें। अभी कोविड के विषय में बहुत सारे माननीय सदस्यों ने चर्चा की है। हमारा देश एक बड़ी जनसंख्या वाला देश है। हमारे पास जगह कम है और जनसंख्या घनत्व अधिक है, जिसके कारण संक्रमण की संभावना अधिक थी, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री जी ने समय पर निर्णय लेकर कोविड-19 को नियंत्रित रखा। लेकिन आज मैंने देखा कि सदन में बहुत सारे लोग इसकी प्रशंसा करने के बजाय आलोचना कर रहे थे। मैं आपके माध्यम से सदन को कहना चाहता हूं कि श्री हरिशंकर परसाई एक बड़े व्यंग्यकार हुए हैं। उन्होंने कहा है कि सब रसों में निंदा रस सबसे प्रमुख होता है। कुछ लोग निंदा रस की पूंजी से ही अपना व्यापार चलाते हैं और ऐसे लोग, दूसरे ऐसे लोगों की, जो स्वयं कुछ काम नहीं कर पाते हैं, दूसरे जो लोग काम करते हैं, उनकी आलोचना करके ही अपने मन को हल्का करते हैं।

माननीय सभापति जी, मैं केवल दो बात कहकर ही अपनी बात समाप्त करूंगा कि हमने यह जो बजट बढ़ाया है, उससे तीन बड़े गेम चेंजर स्वास्थ्य के क्षेत्र में आए हैं। एक कोविन पोर्टल हम लोगों ने शुरू किया है, जिसमें करोड़ों आंकड़े इकट्ठे होंगे।...(व्यवधान)

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज): मैडम, आपका शुक्रिया जो आपने मुझे बोलने का मौका दिया है। मैडम, डब्ल्यूएचओ की रिक्मेंडेशंस के हिसाब से एक डॉक्टर पर एक हजार लोग होने चाहिए और एक नर्स पर तीन सौ लोग होने चाहिए। लेकिन अफसोस की बात है कि हिंदुस्तान में एक डॉक्टर पर 1550 के लगभग लोग हैं। बिहार में तो स्थिति और दयनीय है। ...(व्यवधान) वहां पर एक डॉक्टर पर 28 हजार से ज्यादा लोग निर्भर हैं। नर्स का यह हिसाब है कि एक नर्स पर तीन सौ के बजाय लगभग छह हजार लोग निर्भर हैं। डॉक्टर्स की पोस्ट बिहार में करीब 12,200 है और नर्स 19000 हैं, जबकि चार लाख होनी चाहिए। यह सब देखते हुए मैं किशनगंज का बताना चाहता हूँ कि वहां पर सिर्फ 139 पोस्ट्स हैं, जिनमें से 48 डॉक्टर्स हैं और 101 पोस्ट्स खाली हैं, जबकि वहां पर कम से कम तीन हजार डॉक्टर्स की जरूरत है। यह सब देखते हुए मैं आदरणीय हेल्थ मिनिस्टर साहब से आग्रह करना चाहता हूँ कि वहां दो सौ एकड़ सरकारी जमीन है। वहां पर एम्स की एक शाखा खोंलें और नर्स और जो एलाइड कोर्सेज़ हैं, उसके लिए फार्मेसी कॉलेज बाइसी, बहादुरगंज और आमौर में खोलने की कृपा करें। साथ ही नर्सिंग कॉलेज, कोठिया ठाकुरगंज, डगवा, टेराघाट में और कॉलेज फॉर मेडिकल लैबोरेट्रीज़ एण्ड एलाइड कोर्सेज़, दीगल बैंग, कोचादामन, रौटा में जरूर खोलें।

मैडम, एक और बात कह कर मैं बैठना चाहता हूँ कि मेंटल हेल्थ के लिए हेल्थ का 0.81 पर्सेंट एलोकेट किया गया है, जबकि हिंदुस्तान के 14 पर्सेंट लोग ऐसे हैं, जिनको कोई न कोई मेंटल तकलीफ है। उसका उदाहरण, हम लोगों के अपने दो कुलीग सस्पेक्टिड सुसाइड में मारे गए हैं। मेरी गुजारिश होगी कि ऐसा क्यों हुआ, इसकी भी छानबीन करें और जो मेंटल हेल्थ का एलोकेशन है, इसको बढ़ाएं।

शुक्रिया।

डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं): सभापति महोदया, आपने मुझे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदान की मांगों पर अपनी बात को रखने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूँ। महोदया, समय की बाध्यता होने के कारण मैं भारतीय जनता पार्टी के सभी सांसदों के साथ अपनी बात को बिना दोहराए हुए, अपनी बात को संबद्ध करती हूँ।

मैं माननीय मंत्री जी के सामने सिर्फ कुछ मांग रखना चाहती हूँ। माननीय मंत्री जी मैं आपके सामने मांग रखूं, उससे पहले कोरोना के दौरान जो कुछ भी और जिस भी दशा में हमारा देश गुजरा और हमारे देश को संभालने के लिए आपने, आदरणीय प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी ने इतना अच्छा बजट ला कर जो देश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया है, उसके लिए आप तीनों लोगों को मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए और आभार व्यक्त करते हुए माननीय मंत्री जी का ध्यान महिलाओं की तरफ आकृष्ट करना चाहूंगी। माननीय मंत्री जी, महिलाएं मुख्यत: दो तरह के कैंसर से पीड़ित होती हैं – ब्रेस कैंसर और सर्वाइकल कैंसर। सर्वाइकल कैंसर, जिसको ज्यादातर इग्नोर कर दिया जाता है, मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि 15 साल तक की बच्चियों के लिए एचपीवी वैक्सीन की व्यवस्था की जाए और वह तभी कम्पलसरी हो पाएगा, जब हम उन्हें नेशनल इम्युनाइजेशन शेड्यूल में स्थान देंगे। हम अपनी बच्चियो को सुरक्षित रख पाएंगे और दूसरा माननीय मंत्री जी का तो बहुत अच्छा तरीका रहा है, पोलियो ड्रॉप घर-घर पहुंचा कर के पोलियो मुक्त भारत बनाने का। तो मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगी कि जो महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र की हों या शहरी क्षेत्रों में भी बहुत सी महिलाएं ऐसी हैं, जो अपनी तरफ ध्यान नहीं देती हैं। अगर हम उनके लिए भी पोलियो की तरह ही घर-घर महिलाओं के चेक-अप का अभियान चलाएं, जिससे पूरे देश को, घर को चलाने वाली महिलाएं सुरक्षित रह सकें, इसके लिए भी मैं माननीय मंत्री जी से इसलिए भी अनुरोध कर रही हूँ कि क्योंकि आपका तजुर्बा पोलि◌ियो को ले कर बहुत अच्छा है, ताकि महिलाएं सुरक्षित हो सकें।

17.00 hrs

महोदया, मैं अपील करना चाहूंगी कि हमारे लोक सभा क्षेत्र में एक गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र है, जो सम्भल जिले में है। वहां के लिए मैं ट्रॉमा सेन्टर की मांग करती हूं। हमारे लोक सभा क्षेत्र बदायूं में मेडिकल कॉलेज है, लेकिन वहां पर पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। हालांकि, माननीय प्रधान मंत्री जी और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री जी के द्वारा अभी कोरोना के समय में वहां पर लैब्स और वेंटिलेटर्स भी आए, उसके लिए मैं आभार व्यक्त करती हूं, लेकिन वहां प्रॉपर सुविधाएं हों, ऐसी मैं आपसे मांग करती हूं। हमें बोलने का मौका मिला, इसके लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए सिर्फ दो लाइन्स कहते हुए अपनी अपनी वाणी को विराम देना चाहूंगी - 'जिन्दगी को रखना है खुशहाल, तो रखो स्वास्थ्य का ख्याल।'

सर्वे भवन्तु सुखिन:, सर्वे सन्तु निरामया:।

हर कोई सुखी हो, स्वस्थ हो।

श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह): माननीय सभापति महोदया, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के बारे में बोलने का मौका दिया।

जब बजट पेश हुआ, तब माननीय वित्त मंत्री जी ने 2.23 लाख करोड़ रुपये का बजट स्वास्थ्य सेक्टर में दिया। मैं यह कहना चाहूंगा कि कोरोना ने हमें एक चीज सिखाई है कि चाहे दुनिया कितनी भी डेवलप हो जाए, हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर कितना भी डेवलप हो जाए, मगर हेल्थ से बड़ा कुछ भी नहीं है। मैं यही कहना चाहूंगा कि हेल्थ के बजट पर हमें खास ध्यान देना है और इसे बढ़ाना है, क्योंकि अगर हमारी हेल्थ सही रहेगी तो दुनिया में सब कुछ ठीक रहेगा।

मैडम, चूंकि समय कम है, इसलिए मैं सीधा अंडमान और निकोबार में हेल्थ सेक्टर के बारे में बात करना चाहूंगा। सबसे पहले तो मैं इस सदन से, अंडमान और निकोबार में हेल्थ सेक्टर में काम करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने बहुत अच्छा काम किया और हम सबकी जान बचाई, हमारी सेवा की ।

मैडम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के हेल्थ सेक्टर में चिंता की बात है। वहां काम बहुत अच्छा हो रहा है, लोग कोशिश कर रहे हैं, पर हमें कहीं न कहीं टेक्निकली सोचना है, समझना है, क्योंकि अगर हम नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे, जो पाँच सालों में एक बार होता है, अगर उसे देखें तो वर्ष 2015-16 में फिमेल सेक्स रेशियो 977 था, जो अब वर्ष 2019-20 में 963 हो गया। सरकार 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के ऊपर विशेष ध्यान दे रही है। मगर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में ये चीजें उतने अच्छे से नहीं हो रही हैं। मैं आपके माध्यम से अपने माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इस पर खास ध्यान दिया जाए। साथ ही, जो पाँच साल से छोटे बच्चे हैं, जो अन्डरवेट हैं, उनकी संख्या 21.6 प्रतिशत से बढ़ कर आज 23.7 प्रतिशत हो गई है। स्त्रियों के भी कुछ इश्यूज हैं, जैसे हाइपरटेंशन में महिलाओं का प्रतिशत 25.3 प्रतिशत है और पुरुषों का प्रतिशत 30.2 प्रतिशत हो गया है। इन सारे पैरामीटर्स को देखते हुए मेरा यह निवेदन है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में

सरकार को कुछ स्टेप्स उठाने चाहिए। मैंने बार-बार इस संसद में कहा है कि यह एक दूरदराज वाला क्षेत्र है। हमें हेल्थ सेक्टर में अपने आपको सक्षम करना है। उसके लिए जिस तरीके से 'प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' के तहत हर जगह को एक एम्स दिया गया, उसी तरह मैं सदन से मांग करता हूं कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी एक एम्स अस्पताल की स्थापना हो।

अंडमान और निकोबार प्रशासन ने वहां पर एक 'अनीशी' स्कीम शुरू की थी, जिसमें जो गरीब लोग हैं, जिनकी आय तीन लाख रुपये से कम है और जो पेंशनधारक हैं, अगर उन्हें कोई बड़ी बीमारी होती थी, उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह प्रशासन की तरफ से पाँच लाख रुपये देकर इलाज के लिए चेन्नई, कोलकाता भेजा जाता था। जब से आयुष्मान भारत स्कीम आई है, तब से इस स्कीम को बंद कर दिया गया है। मैं अपने माननीय स्वास्थ्य मत्री श्री हर्ष वर्धन जी से निवेदन करूंगा कि इस स्कीम को फिर से चालू किया जाए क्योंकि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर जो बीपीएल लोग हैं, सिर्फ उन्हें ही आयुष्मान भारत स्कीम का लाभ मिलता है जबकि आम तौर पर वहां लोग गरीब हैं। इसलिए इसे फिर से चालू किया जाए।

मैडम, मुझे बस एक मिनट का समय दीजिए । वहां बहुत सारे रिक्त पद हैं। वहां सुपर स्पेशियलिस्ट डॉक्टर्स नहीं हैं। वहां पर नर्सेज के पद खाली पड़े हैं। आया, वार्ड ब्वॉय, लैब टेक्नीशियन, स्वीपर, फार्मासिस्ट, ड्राइवर वगैरह के पदों को भरा जाए। हर स्कूल में एक नर्स का अपॉइंटमेंट किया जाए। हर पी.एच.सी. में एक अल्ट्रासाउण्ड मशीन दी जाए। हर सी.एस.सी. के अन्दर डायलिसिस मशीन हो। वहां जो जी.बी. पन्त मुख्य अस्पताल है, वहां ट्रॉमा सेन्टर हो। मेरा निवेदन है कि जितनी भी पी.एच.सीज़. या सी.एच.सीज़. हैं, उनके लिए एक फुल-फ्लेज्ड ऑपरेशन थिएटर हो, ताकि वहां के गरीब लोगों का इलाज हो सके।

मैडम, वहां एयर एम्बुलेंस की भी बहुत जरूरत है। दूरदराज के क्षेत्रों में जब कोई सीरियस होता है तो एक हेलिकॉप्टर हो, एयर एम्बुलेंस हो, जो उन्हें ला सके। जो वहां आशा वर्कर्स हैं, उन्हें रेगुलराइज किया जाए।

*__SHRIMATI POONAMBEN MAADAM (JAMNAGAR):__ I support the Demands for Grants for the Ministry of Health and Family Welfare for the financial year 2021-2022. I express my gratitude to the Chair and my party leadership for the opportunity to participate in this important discussion.

Considering the COVID-19 pandemic situation not only in our country but at the global level, the health budget of our country needs special attention. Before I speak on the Demands for Grants, I bow my head to the COVID warriors; doctors, nurses, health workers, sanitation workers, police and other front-line workers who helped us to fight against the pandemic.

I would like to congratulate our hon. Prime Minister Shri Narendrabhai Modi Ji, Hon. Finance Minister Smt. Nirmala Sitharaman Ji and our Hon. Health Minister Shri Harsh Vardhan Ji for this historic health budget. The budget has come at a time when the entire world is still under the cloud of COVID-19 pandemic. In this context, I see this budget as good as *amrit* for the healthcare system of India.

Before the BJP government came to power, the UPA had messed the Indian healthcare system. It had failed to bring a health policy during its 10-year rule. After Atal Ji's regime, such a Government assumed power which used to hate development. It did not have any empathy for the people. The previous Government did not pay attention to increase the number of seats in medical colleges. Owing to the rules formulated by the Congress-led Governments, very few students were able to secure admission in the medical colleges. Thus, Modi Ji have taken up the task of opening one medical college for every three to four Lok

* Speech was laid on the Table

Sabha constituencies across the country. Due to the relentless efforts of his Government, the prices of stents as well as medicines have drastically reduced. The prices of stents were around Rs 1.5 lakh to almost Rs 2 lakh each. Someone would get a heart attack by just hearing such a high price. Then the Modi Government called the manufacturers and asked them not to rob the poor by charging such high price. Today, the stents are available at just 40 per cent of the original price. Same is with medicines. The PM Jan Ausudhi bhandars are benefiting crores of people at the nook and corners of our country. Prime Minister Shri Narendra Modi Ji has said that a nation like India has to have proper medical infrastructure and medical education infrastructure. Ayushman Bharat, the world's largest healthcare scheme, belongs to India and in less than two years, more than one crore people have benefitted from the scheme. Women and those staying in villages are among the major beneficiaries of this scheme. Advances in tele-medicine, Make in India in health sector and IT related tools have augmented capacities for healthier societies. At the root of India's brave fight against COVID-19 is the commitment and vision of our Hon. Prime Minister, hard work of the medical community and the Covid warriors. In fact, doctors and medical workers are like soldiers, but without the soldiers' uniform. As the Prime Minister has said, the virus may be an invisible enemy, but our warriors, medical workers are invincible. In the battle of Invisible Vs Invincible, our medical workers are sure to win. Violence, abuse and rude behaviour against front-line workers is not acceptable.

Earlier our country was export-dependent on healthcare equipment. Even for small-to-small items like syringes, we were dependent on other countries. Now, India is on the rapidly path of becoming Aatmanirbhar Bharat. A total of 5.94 crore doses of Indian-made COVID-19 vaccine has been exported to 72 countries till March 15th but it is, in no way, being sent at the expense of the people of India. The vaccine is being given free of cost at Government COVID-19 vaccination centres while at private facilities, it is available at an affordable rate. We believe in *Vasudhaiba Kutmbakam*. Our priority is that the benefits of science should reach globally. The technology could be local, but the entire humanity should benefit from it.

The Budget 2021 is all about reviving the economy that got severely hit by the unprecedented pandemic. To bring the country back on track, the focus has been laid on healthcare and infrastructure with an eye on achieving the vision of Atmanirbhar Bharat. Of the six pillars of the budget proposed by the Hon. Finance Minister, the very first is based on 'health and well-being'. This was much on the expected lines post the virus outbreak. The pandemic was a wake-up call towards particularly investing in Research and Development (R&D), immunization, nutrition programs and preventive and curative healthcare. It drew attention of the Government towards the fragile healthcare infrastructure that we have and the gaps in the sector that need to be filled to ramp up the overall system.

Under the PM Atmanirbhar Swasth Bharat Yojana, more than 17,000 rural and 11,000 urban health and wellness centres will be supported. Besides, integrated public health laboratories will be set up in all districts; and 3,382 block

public health units will be established in 11 states. Critical care hospital blocks will be created in 602 districts and 12 central institutions.

Besides, the allocation of Rs. 124.42 crores on various initiatives for development of pharmaceutical industry shows the Government has recognised the importance to invest in the sector. The pharma industry should use the opportunity to accelerate essential drugs and raise awareness towards preventive and curative aspects among the masses. It is time that players in the pharma sector hammered home the need for budget allocation in proportion to what is required for cutting pharma imports from China, something that will help make drugs affordable for the common masses.

The budgetary boost will also provide pharma an impetus to invest in new and innovative media, especially in the digital space that has emerged as a powerful medium with huge potential for pharma brands to cut marketing costs, the effect of which would reflect upon reduced drug prices. All this would make healthcare more accessible and affordable.

So far as my constituency is concerned, I am thankful to Hon. Prime Minister, Shri Narendrabhai Modi Ji and Hon. Chief Minister of Gujarat, Shri Vijay Rupani Ji for the robust health infrastructure.

When the COVID-19 pandemic struck, our nation came together to fight back. In my constituency, Jamnagar, the building which was inaugurated by Hon. Prime Minister in 2019 was used as COVID hospital treating hundreds of patients daily. In civil hospital in Jamkhmbhaliya too, there was an efficient supply of PPE kits, N-95 masks and sanitizers. We received ventilators from PM Cares Fund

which saved many lives. Expensive medical equipment-ventilators etc were provided within no time.

The entire central government administration under the leadership of Hon. Prime Minister Modi Ji and Hon. Health Minister stood behind us and there was no delay in any supplies of life saving medicines, injections. We managed to combat COVID-19 as there was constant support by the Government.

I take this opportunity to request that work for sanctioned medical college in Jamkhmbhaliya may be started as early as possible. This college will be a very crucial public health institute in my area where we face health HR issues also.

SHRI INDRA HANG SUBBA (SIKKIM): Thank you, Madam. I rise in support of the Demands for Grants of the Ministry of Health and Family Welfare.

At the very outset, I would like to express our gratitude to the healthcare workers and the frontline warriors. Still, they are working selflessly and sacrificing in the frontline so that we can have a better healthcare system.

I would also like to congratulate the Ministry of Health & Family Welfare and the hon. Minister for the outstanding work. I would also like to express my gratitude to the Ministry for all the help in establishing the virology lab during the time of COVID pandemic. In our country, we still have the problem of accessibility to the healthcare system and the non-availability of healthcare system leads to unnecessary and various difficulties to the people in remote areas. Especially in the rural areas, we do not have enough healthcare opportunity there. So, I would like to bring to the notice of the Ministry that at least one community health centre must be there at the sub-division level as well. We faced pandemic and we are well aware that the people in the rural areas are not aware of not only the dreaded diseases, but also of the most common communicable diseases. So, to make it better in the future, we must also have a better awareness programme in the rural areas. In the Budget of this Ministry, the allocated amount of Rs. 73,932 crore excluding the amount for vaccination and Atmanirbhar Swasth Bharat Yojana, only four per cent has been allocated for health research. I feel that health research must be our priority and we should put it in the front, so that we can have better research and development programme to cope up with the unforeseen

situations like the COVID pandemic that hit us all of a sudden in 2020. So, if we can have better research programmes, then we can cope up with these kinds of situations.

With these words, I conclude my speech.

17.07 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

*__श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर):__ आज भारत ही नहीं, बल्कि पूरा विश्व आर्थिक मंदी की मार झेल रहा है, जिसका मुख्य कारण है कोरोना महामारी, बावजूद इसके वित्त मंत्री महोदया ने देश को एक मजबूत व साहसिक बजट दिया है । इस बजट के माध्यम से उन्होंने देश व दुनिया को सन्देश दिया है कि 'स्वस्थ भारत' और 'मजबूत बुनियाद' पर ही हमारा देश आगे बढ़ेगा।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी केंद्र सरकार एक नए भारत के निर्माण हेतु प्रयासरत है, पिछले 06 वर्षों का सफल कार्यकाल इसका प्रमाण है। इस प्रयास की देश ही नहीं, बल्कि दुनिया ने भी प्रशंसा की है।

आदरणीया वित्त मंत्री महोदया ने इस बजट में ग्रामीण विकास, स्वच्छता, साफ़ जल, पर्यावरण व जलवायु को प्रदुषण मुक्त करने, गरीब व पिछड़े तबके के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार आदि पर विशेष ध्यान दिया है।

वित्त मंत्री महोदया के द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए कुल 34 लाख 83 हजार 236 करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया है।

यह बजट 6 स्तंभों स्वास्थ्य और कल्याण, भौतिक और वित्तीय पूंजी, और अवसंरचना, आकांक्षी भारत के लिए समावेशी विकास, मानव पूंजी में नवजीवन का संचार करना, नवप्रवर्तन और अनुसंधान एवं विकास और न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन पर केन्द्रित है।

पिछले 06 वर्षों में हमारी सरकार ने देश के गांव, गरीब, समाज के पिछड़े व वंचित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है और नई नई जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके सफल क्रियान्वन के बल पर आज हम एक नए भारत के निर्माण की ओर अग्रसर है। दुनिया में छाई आर्थिक मंदी के बावजूद वित्त मंत्री महोदया ने इस दशक का पहला और एक साहसिक बजट देश व दुनिया के समक्ष रखा । इस बजट में उनके द्वारा सभी वर्गों को साधा गया

* Speech was laid on the Table.

है। इस बजट के माध्यम से बेहतर भारत बनाने की कोशिश की गई है। केंद्र सरकार के सभी विभागों को उनकी योजनाओं के अनुसार उचित बजट उपलब्ध करवाने का सफल प्रयास इस बजट में दिखता है।

मैं, पूर्ण रूप से आशा करता हूँ कि केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वन सुचारू रूप से होगा और विभागों द्वारा तय किये गए लक्ष्यों को समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा, साथ ही सभी योजनाओं का लाभ भी देश के जरुरतमंद व्यक्ति तक समय पर पहुंचेगा।

इस बजट के प्रावधानों के अनुसार मेरा केंद्र सरकार से मेरे संसदीय क्षेत्र जिला श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ के सर्वांगीण विकास हेतु निम्नलिखित अनुरोध भी है:-

1. संसदीय क्षेत्र जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान) में एक डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाए।

2. मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) में एक आईआईएम (IIM) की स्थापना की जाए।

3. जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में एक-एक सैनिक स्कूल की स्थापना की जाए।

4. संसदीय क्षेत्र श्रीगंगानगर में एक कृषि विश्वविद्यालय (Agriculture University) की स्थापना की जाए, जिसकी मांग लम्बे समय से की जा रही है।

5. जिला हनुमानगढ़ में पिछले लगभग 10 वर्षों से बंद पड़े IOCL व HPCL के तेल डिपो को पुन: बहाल किया (खोला) जाए।

6. हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन, जिला हनुमानगढ़ में एक वाशिंग लाइन का निर्माण किया जाए, जिसकी मांग भी लम्बे समय से की जा रही है।

*__श्रीमती रमा देवी (शिवहर):__ आजादी के सात दशक बाद भी देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में संसाधनों की जो कमी है वह किसी से छिपी नही है। कोरोना काल में यह अनुभव भी हआ कि देश में चिकित्सा सविधाओं का क्या आलम है और महामारी जैसे संकट से निपटने में हमें कितनी कठिनाईयां हुई। अस्पतालों में बिस्तरों, दवाईयें से लेकर जीवन रक्षक प्रणालीयों और चिकित्साकर्मियों तक की भारी कमी महसूस हुई। ऐसे में सबसे जरूरी था कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति को सुधारा जाये और आने वाली हर नई चुनौतियों का सामना करने के लिए हर स्तर पर तैयार रहा जाए।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एंव वित मंत्री जी को बधाई देना चाहती हं कि उन्होने देश के स्वास्थ्य क्षेत्र की सेहत सधारने के लिए इस बजट में अब तक के रिकॉर्ड 2 लाख 23 हजार करोड़ रूपये का प्रावधान सुनिश्चित किया है। पिछले बजट की तुलना में यह रकम एक सौ सैंतीस फीसदी ज्यादा है। यह इस बात का प्रमाण है कि देश के हर नागरिक को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह मोदी सरकार कृत संकल्पित है।

आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व की देन है कि कोरोना वैश्विक महामारी में भारत ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी दुनिया को नई उम्मीद एंव नई राह दिखाने का काम किया। विश्व के पटल पर आज भारत की पहचान दवा एंव वैक्सीन निर्यातक एक प्रमुख देश के रूप में उभरी है। इस वक्त भारत दुनियां के सौ से ज्यादा देशों को वैक्सीन का निर्यात कर रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मौजूदा बजट में जो राशि बढ़ाई गई है उससे निश्चित रूप से देश की स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हो सकेंगी क्योंकि, सवा सौ करोड़ से अधिक आबादी वाले हमारे देश में लगभग सैंतिस हजार सात सौ पच्चीस छोटे-बड़े सरकारी अस्पताल, प्राथमिक एंव सामुदायिक चिकित्सा केन्द्र उपलब्ध है, जो आबादी के हिसाब से काफी कम है।

मैं बिहार राज्य से आती हूं और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में बिहार देश के कई अन्य राज्यों की तुलना में आज भी काफी पीछे है। लगभग 12 करोड़ आबादी वाले बिहार के सरकारी अस्पतालों में

* Speech was laid on the Table.

मात्र 500 के लगभग आईसीयू और वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कई जिले ऐसे है भी जहां पर इसकी संख्या शून्य है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपने जिले के सरकारी अस्पतालों में आईसीयू बेड और वेंटिलेटर की पर्याप्त सुविधा न होने से समुचित उपचार के अभाव में दम तोड़ देते है।

मेरा माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से अनुरोध होगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर, सीतामढ़ी एंव पूर्वी जिले सहित बिहार के सरकारी अस्पतालों में जनसंख्या के अनुपात में पर्याप्त संख्या में आईसीयू और वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध करायी जाये जिससे कि यहां के गरीब लोगों को समुचित स्वास्थ्य की सुविधा मिल सकें। मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वास्थ्य भारत योजना के लिए 64 हजार 180 करोड़ रूपए अलग से आवंटित किए है। इसका एक बड़ा हिस्सा 17 हजार 7 सौ 88 ग्रामीण और 11 हजार 24 शहरी स्वास्थ्य एंव कल्याण केंद्र, सभी जिलों में जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं बनाने तथा 6 सौ से अधिक जिलों में गहन चिकित्सा ब्लॉक बनाने में खर्च किया जायेगा।

मेरे संसदीय क्षेत्र का शिवहर, सीतामढ़ी एंव पूर्वी चम्पारण जिला स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से काफी पिछड़ा हुआ ईलाका है जहां स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। यहां के लोगों को समुचित उपचार के लिए बिहार के दसरे जिले में जाना पड़ता है। कई बार समय पर उपचार न होने से लोगों की जाती चली जाती है। इसलिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से मेरी मांग है कि बिहार के शिवहर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना करायी जाये। जिससे कि बिहार के इस पिछड़े इलाके के लोगों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो सके।

*__श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):__ यद्यपि बजट के कुल व्यय में वित्तीय वर्ष 2021-22 में पिछले वर्ष की तुलना में 137% की वृद्धि का बखान किया गया, लेकिन सच्चाई यह है कि पेयजल, पोषण, और स्वच्छता जिसका स्वास्थ्य बजट से कोई लेना देना नहीं है, उन्हें भी इस मद में package करके सरकार एक बार फिर आम जनमानस की आँखो में धूल झोंक रही है। आख़िर सरकार के पास अलग से जल शक्ति, महिला और बाल विकास जैसे मंत्रालय हैं लेकिन तब भी वित्त मंत्री ने इन मंत्रालय के कुछ ख़र्चों को स्वास्थ्य विभाग से जोड़कर headline लूटने का काम किया है। सत्य तो यह है कि इस वर्ष के अनुमानित ख़र्च की तुलना में अगले वित्तीय वर्ष के स्वास्थ्य बजट में 14% कटौती की है यानी की क़रीब 12000 करोड़ रुपय घटाया गया है। अप्रत्याशित कोविड-19 जैसी महामारी जिसने विकसित देशों की अव्वल स्वास्थ्य सेवाओं को धूल चटादी, इससे से भी यदि हमारी सरकार ने सीख ना लेने का फैसला किया है तो यह प्रश्न उठता है - आख़िर क्या यह सरकार देश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गम्भीर है? किसी भी सरकार के जनता के प्रति 4 प्रमुख दायित्व होते हैं: विकास, शिक्षा, सुरक्षा, और स्वास्थ्य । स्वास्थ्य पर खर्च करने के लिए भारत सरकार disinvestment यानी कि सरकारी संस्थाओं को बेच कर प्राप्त किए गए पैसे पर निर्भर है। लेकिन विगत वर्षों में national investment fund से प्राप्तियों की समीक्षा करने पर यह पता चलता है कि 2019-20 जिसमें कोविड जैसा कोई प्रकोप नहीं था उस वर्ष में विनिवेशिकरण यानी disinvestment से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कुछ धन नहीं मिला लेकिन फिर भी इस बजट में सरकार ने पुनः वही दुःसाहस कर दिखाया और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा मिशन और AIIMS जैसे तमाम मेडिकल कॉलेज का धन अवाँटन विनिवेश के भरोसे छोड़ दिया। जब सरकारी कंपनियों को कोई नहीं खरीदना चाह रहा है तो स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सेवा के लिए उनसे धन प्राप्तियों के सपने क्यों देखे जा रहे। हाल ही में एक नए फंड प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि की घोषणा की गयी है जिसका धन health and education cess के माध्यम से

* Speech was laid on the Table.

income tax पर जोड़ा जाता है। मात्र 2% से कम लोग income tax देते हैं। क्या देश का स्वास्थ्य बजट इन 2 प्रतिशत लोगों पर चल सकता है?

2. Mental Health: मेरा दूसरा मुद्दा मानसिक स्वास्थ्य पर है। WHO जिसने भारत की कोविड महामारी का सामना करने के लिए खूब सहराना की थी, उसी WHO ने पिछले वर्ष भारत को दुनिया के सबसे depressing देशों का खिताब दिया। दुनिया की कुल आत्महत्या की संख्या का 36% हिस्सा भारत से आता है - चाहे वे छात्र हो, किसान हो, महिलाएँ हो । WHO ने यह अनुमानित किया है कि भारत में लगभग 8% लोग मानसिक रूप से पीड़ित है और यह आँकड़ा इस वर्ष के आखरी तक 20% हो जाएगा। इस आगामी आपदा को देखते हुए हमारी तैयारी निम्न स्तर की है । आज भारत में, 3.5 लाख लोगों के लिए कुल 1 psychiatrist है, 8 लाख लोगों के लिए 1 नर्स है, 14 लाख लोगों के लिए 1 psychologist और मानसिक स्वास्थ्य पर सरकार का निर्धारित बजट जो पहले से ही तिनके बराबर था, उसको भी पिछले 3 साल में पूरी तरह से नहीं ख़र्च पा रही है। National Mental Health Program पर सरकार ने 2018 से हर साल 40 करोड़ आवंटित किया है, लेकिन 2019 में सरकार ने कुल 2 करोड़, 2020 में कुल 2.5 करोड़ रुपया ख़र्च करके सरकार ने देश की जनता के स्वास्थ्य के साथ एक बहुत बड़ा विश्वासघात किया है।

3. Medical Education • WHO के हिसाब से प्रति 1000 लोगों के लिए 1 doctor होना चाहिए,प्रति 1000 लोगों के लिए 5 hospital bed उपलब्ध होने चाहिए। • लेकिन भारत की वास्तविक स्थिति यह है कि 1500 लोगों के लिए 1 doctor है, और 1000 लोगों के लिए आधा बिस्तर है और इन परिस्थितियों में सरकार ने नए medical कॉलेज बनाने अथवा medical की सीटों को बढ़ाने, nurses को बढ़ाने, और डिस्ट्रिक्ट अस्पतालों का maintenance आदि पर इस वर्ष के अनुमानित ख़र्च की तुलना में 500 करोड़ घाटा दिया है। मेरे ग्रामीण क्षेत्र अम्बेडकर नगर जैसे ज़िला के अस्पतालों में technican और doctors की कमी है, और देश भर में चिकिस्ता व्यवस्था में लाखों पद रिक्त हैं जो देश के तमाम बेरोज़गार लोगों को एक सम्मान-जनक नौकरी दे सकते थे।

*__श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना):__ आपने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रण वाले अनुदानों की मांग के समर्थन में अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद। साथ ही, देश को कदम दर कदम आगे बढ़ाते हुए अपने यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी का और देश की साख स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर मजबूत करने वाले स्वास्थ्य मंत्री आदरणीय श्री हर्ष वर्धन जी का, मैं आभार प्रकट करता हूँ।

इसी सदन में पिछले साल कोविड वैश्विक महामारी को लेकर तरह तरह की आशंकाएं जताई गयी और जहाँ देश के संकट में होने को लेकर चर्चाएँ हुई और आज हम एक वर्ष पश्चात अपने यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पहली पंक्ति में खड़े तीन 'स'कारों (स्वास्थ्यकर्मी, सुरक्षाकर्मी और सफाईकर्मी) की सकारात्मक और सहयोगी भूमिका से हम सभी भारतवासी आज इस महामारी से उबरने की स्थिति में पहुंच गए हैं जबकि एक साल पहले विकसित कहे जाने वाले सुविधा संपन्न यूरोपीय देश इस महामारी के आगे घुटने टेक चुके थे। वहीं आपदा को अवसर बनाने की प्रेरणा हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी देते रहे। हमारे प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी और देशप्रेम से परिपूर्ण राष्ट्रवादी सोच ने हमें इस संकटकाल में भी आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न दिखाया। चाहे वो वेंटिलेटर हो या पी.पी.ई. किट, जिन उपकरणों का हम सामान्यतः आयात करते थे, उनका निर्यात करने की स्थिति में आ गए। यह सब किसी चमत्कार से कम नहीं है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के सपनों का नया भारत गढ़ने में हमारे वैज्ञानिकों का भी योगदान अविस्मरणीय है कि हमने दो वैक्सीन को भी दुनिया भर में विश्वसनीयता के साथ बनाया, जिससे भारत न केवल देश में सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू कर पाया, बल्कि साथ ही विदेशों में बिक्री या अनुदान भी कर रहा है।

* Speech was laid on the Table.

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के स्वास्थ्य के प्रति सजगता ही है कि प्रधानमंत्री जी ने स्वस्थ भारत के लिये एक चार-स्तरीय रणनीति को अपनाते हुए प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना लागू किया।

आकड़ों की बात करें तो सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय बढ़ाकर 1.6 प्रतिशत किया गया, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के लक्ष्य - 2025 तक, जीडीपी के ढाई प्रतिशत तक करने की ही दिशा में है। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, स्वायत्त निकायों के बजट को बढ़ाया गया है।

तब साथ ही सरकार से, मैं मांग करूँगा कि आयुष के बजट में भी और बढ़ोत्तरी की जाय।

मैं एक आयुर्वेदिक डॉक्टर हूँ, आयुर्वेद के क्षेत्र में भी अनुसन्धान को बढ़ावा देने का अलग से प्रावधान किया जाय, इसकी मांग करता हूँ। आज ये केवल हम ही नहीं, बल्कि अब समूचा विश्व आयुर्वेद की महिमा को मानने को तैयार है। इस कोविड काल में, हमारे देश की मिट्टी का ही कमाल कहें कि आयुष के अन्तर्गत आयुर्वेद, योगा, होम्योपैथी, सिद्धा, यूनानी और प्राकृतिक चिकित्सा ने भारत को अन्य देशों की तुलना में बेहतर स्थिति में ला खड़ा किया है। आरोग्य है तो सब संभव है - आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थ साधनम् ॥ अर्थात् निरोगी होना परम भाग्य है और स्वास्थ्य से अन्य सभी कार्य सिद्ध होते हैं। महान चिकित्सक और आयुर्वेद के क्षेत्र में अग्रणी महर्षि चरक ने कहा है - धर्म अर्थ काम मोक्षाणाम् आरोग्यं मूलम् उत्तमम्, अर्थात् धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थों के जड़ में उत्तम आरोग्य ही है और इस आरोग्य की प्राप्ति में आयुर्वेद का विशेष योगदान है। इसीलिए इसे चिकित्सा पद्धति मात्र कहना उपयुक्त नहीं है, यह तो जीवन का दर्शन भी है।

आयुर्वेद महिमा के इस क्रम में मेरी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवपुरी जिले में वन क्षेत्र की बहुलता है, जिसमें औषधीय गुण वाली वनस्पतियाँ भी बहुतायत में उपलब्ध हैं तो यदि आयुर्वेदिक महाविद्यालय और अनुसन्धान केंद्र की स्थापना इस क्षेत्र में कर दी जाय तो इन वनस्पतियों के

सदुपयोग के साथ आयुर्वेद के क्षेत्र में बहुत बड़ी पहल होगी और मेरा ऐसा मानना है कि ऐसे प्रयासों से देश में मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं को मोटे तौर पर तीन प्रकारों में वर्गीकृत कर सकते हैं – प्राथमिक देखभाल सेवा, माध्यमिक देखभाल सेवा, और तृतीयक देखभाल संस्थान।

इसी क्रम में, मैं सरकार का ध्यान मध्य प्रदेश की ओर दिलाना चाहूंगा जहाँ प्राथमिक केंद्रों के ढांचागत उन्नयन कार्यों की नितांत आवश्यकता है। साथ ही डॉक्टरों की कमी की पूर्ति की जाय और नए पैथोलॉजी केंद्र खोले जाएं व मेडिकल कॉलेजों के साथ-साथ आयुर्वेदिक व होम्योपैथी कॉलेज की स्थापना की जाए।

साथ ही अपने संसदीय क्षेत्र के आकांक्षी जिला गुना के 300 बेड वाले जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में बदलने का भी निवेदन करता हूँ। मेरी ये मांग यशस्वी प्रधानमंत्री जी के स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वाकांक्षी योजना, जिला अस्पतालों को सुदृढ़ करना और मेडिकल कॉलेज में बदलने, के आधार पर है क्योंकि मेरे क्षेत्र-वासियों को इलाज के लिए 200 किलोमीटर से भी अधिक यात्रा करके ग्वालियर या भोपाल या इन्दौर जाना पड़ता है।

अब बात करें एम्स की, तो भोपाल एम्स में अभी कई महत्त्वपूर्ण विभाग जैसे हृदय और वक्ष रोग विभाग का शुरू होना बाकी है। मेरा अनुरोध है कि इसे शीघ्रातिशीघ्र शुरू किया जाय, ताकि दिल्ली एम्स के मरीज भार का विकेन्द्रीकरण हो सके और रोगियों को भी लम्बी यात्रा और यात्रा खर्च से निजात मिल सके।

मैं मंत्री महोदय से ये अपेक्षा करता हूँ कि वे मध्य प्रदेश और मेरे संसदीय क्षेत्र के सम्बन्ध में किये गए निवेदनों पर निश्चित रूप से विचार करते हुए कुछ ठोस कदम उठायेगें।

*__एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर):__ मैं आभारी हूँ कि आपने मुझे स्वास्थ्य विभाग की अनुदान मांगों पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। मैं अनुदान मांगों का समर्थन करता हूँ।

बजट में एक से बढ़कर एक अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं यह सर्वग्राही, सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी बजट है।

हम सब जानते हैं कि कोविड-19 से भारत ही नही बल्कि पूरे विश्व को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिका, इग्लैंड, जर्मनी, कनाडा समेत विश्व के सभी बड़े छोटे देशों की स्थिति काफी गंभीर हो गई जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत आगे थे उनकी स्थिति अधिक खराब रही।

हमारे देश की जनसंख्या के घनत्व को देखा जाए तो दुनिया के देशों की जनसंख्या के घनत्व से काफी अधिक है। यदि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सूझ-बूझ से काम नही लेते तो आज देश की स्थिति बहुत ही खराब हो जाती और देश में भी लाशों का ढेर लगा होता।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को बर्बाद होने से बचा लिया जब 3 जनवरी को पहला मामला केरल मे पाया गया उसके तुरन्त बाद से ही प्रधानमंत्री जी ने एवं स्वास्थ्य मंत्री जी ने कोविड- 19 को बहुत गम्भीरता से लिया। तुरन्त विदेशों से आने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही क्वैरन्टीन कर दिया और 14 दिनों तक पूरी देख रेख करने के बाद ही उन्हे जाने दिया और जो पॉजीटिव आये उन्हे हस्पतालों में भर्ती कराया ताकि आगे कोरोना न फैल सके।

130 करोड़ के देश में “लॉकडाउन” किया, कोरोना की जंग लड़ने वाले डॉक्टर, नर्सेज ,चालक, आशा कार्यकर्ता, सफाई कर्मचारियों समेत सभी उन लोगों को जो कोरोना को हराने में लगे हुए थे ताली बजाकर, थाली बजाकर, दीपक जलाकर मनोबल बढ़ाया।

---

* Speech was laid on the Table .

देश के प्रधानमंत्री जी ने लोगों को विचलित न होने का संदेश दिया वहीं विपक्ष की गैर जिम्मेदारी से सरकार का मजाक उड़ाया जबकि ऐसे समय में जब देश में जबरदस्त आपदा आयी हो विपक्ष को सरकार से कन्धे से कन्धा मिलाकर चलना था।

ऐसे गंभीर अवसर पर भी कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष राजनैतिक रोटियां सेकने में लगा रहा देश के लिए विपक्ष का व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है।

मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद करता हूँ कि उन्हाने विपक्ष के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के बाद भी कोरोना का डट कर मुकाबला किया। किसानों के खातों में धनराशि, वृद्ध , विधवा, विकलांगों को सीधे धनराशि भेजी विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की 80 करोड़ लोगों को 6 महीने मुफ्त में अनाज दिया। कोरोना से पीड़ित लोगों को अस्पतालों एवं तात्कालिक तौर पर बनाये गये अस्पतालों में भर्ती करवा कर इलाज करवाया। प्रवासी लोगों को विदेश से भारत बुलाया। मजदूर और गरीब जो अपनी रोजी रोटी के लिए अपने गांव एवं मोहल्ले एवं शहरों से दूसरे शहरों में गये थे और कोविड में उनका रोजगार बन्द हो गया। उन्हे उनके घर को भिजवाया, इंस्टीट्यूशन क्वैरन्टाइन एवं होम क्वैरनटाइन करवाया, जिसके पास भोजन व्यवस्था का कोई साधन नही था उसकी व्यवस्था करवाई। इस प्रकार इस गंभीर महामारी से जबरदस्त युद्ध करते रहे उसी का परिणाम है कि आज हमारे देश में मृत्युदर बहुत ही न्यून है और पुन: हमारी आर्थिक स्थिति सुधर रही है।

कोई प्रदेश ऐसे नही रहा जहां माननीय प्रधानमंत्री जी ने स्वयं देख रेख न की हो। हमारी दवाओं की डिमांड विश्व स्तर पर बढ़ गई और हमने कोविड-19 को अवसर में बदल दिया।

हमारे पास पी.पी.ई. किट ,मास्क, सैनीटाइजर, वेन्टीलेटर जैसे आवश्यक उपकरण नही थे परन्तु मोदी जी ने इस प्रकार की व्यवस्थाएं की कि आज हमारे पास पर्याप्त मात्रा में पी.पी.ई. किट , मास्क, सैनीटाइजर एवं वेंटीलेटर हैं तथा कई देशों को हम भेज भी रहे हैं।

हमारी वैक्सीन ने दुनिया की वैक्सीनों से बेहतर होना प्रमाणित किया है। आज हम दुनिया में कई देशों को वैक्सीन भेज रहे हैं हमारी वैक्सीन की तारीफ पूरे विश्व में है।

इस बजट में कोविड-19, स्वास्थ्य एवं सेहत को उच्च प्राथमिकता दी गई है। माननीय वित्त मंत्री जी ने प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के लिए 64180 करोड़ रूपये अलग से आवंटित किये हैं। इसका एक बड़ा हिस्सा 17788 ग्रामीण और 11024 शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों हेतु आवंटित किये हैं। साथ ही सभी जिलों में जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं बनाने तथा 600 से अधिक जिलों में गहन चिकित्सा सेवा ब्लाक बनाने में खर्च करने का प्रावधान किया है।

400 शहरी निकायों में स्वच्छ जल आपूर्ति हेतु एवं 3 लाख करोड़ शहरी जल कनेक्शन देने का प्रावधान भी किया गया है।

*SHRI ANNASAHEB SHANKAR JOLLE (CHIKKODI): Thanks for giving me the opportunity to express my views on the Demands for Grants for 2021-22 for the Ministry of Health and Family Welfare.

The system of healthcare and health delivery facility is so designed in the country that it aims to provide the requisite health related facilities to the entire population with special focus on the marginalised and vulnerable groups including inter alia the tribal populace, the critically sick individuals, and victims of violence. Special attention is given on addressing the health challenges of women who form almost half of the total populace, children and the elderly through various programmes meant for strengthening the maternal and child health and senior citizens health.

According to India Voluntary National Review (VNR) 2020 Decade of Action taking SDG from Global to Local; India has made remarkable progress in providing universal aces to affordable health care solutions with special emphasis on groups in situations of vulnerability.

An array of initiatives, primarily under the National Health Policy, 2017, have been instrumental in achieving considerable progress in several areas – improving child and maternal health, reducing mortality, raising life expectancy and strengthening the defence against major communicable diseases. As the largest supplier of vaccines and generic drugs, India is widely acknowledged as the 'pharmacy of the world'.

* Speech was laid on the Table.

The accolades being showered on India globally for this work along with the essence of our age-old cultural tradition of 'Sarve Santu Niramayaha' and are imparting strength to our efforts. By placing health and well being at the core of the Union Budget 2021-22, the Government has ushered in a revolutionary paradigm shift in the pattern of Budget allocation.

This Budget has acknowledged health and well being as the topmost of the six fundamental pillars of growth and development and has prominently positioned health along with the holistic sector of wellness.

The health sector has witnessed an overall hike of 137 per cent in the Budget allocation this year with Rs. 2,23,846 crores from Rs. 94,452 crore the previous year (BE 2020-21). I bring to hon. Minister's attention through the Chair that Taluka Health Hospital (TLH) at Kittur in Belagavi district was approved under NHM ROP of Karnataka 2020-21 by upgrading CHC to THL. But only Rs. 150 crores were approved under the budget which is insufficient to complete the TLH. So, it is my sincere request to the hon. Minister to allocate balance fund of Rs. 193.50 crore so that TLH becomes reality and our Government's goal of 'Health care to all' will be a reality soon.

*__श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर):__ मैं हेल्थ मिनिस्ट्री की अनुदानों की मांग पर हो रही चर्चा पर अपने विचार व्यक्त करती हूँ। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही है, तब पहले से ही इस बात की उम्मीद थी कि इस बार बजट में हेल्थ पर फोकस सबसे ज्यादा रहेगा। वित्त मंत्री ने बजट पेश करते समय बताया कि अगले साल स्वास्थ्य पर 2.23 लाख करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है, जबकि पिछली बार स्वास्थ्य पर 94,452 करोड़ रुपये खर्च किए थे। इस तरह इस बार स्वास्थ्य पर खर्च 137% बढ़ा है। इस बात पर खूब तालियां बजीं, लेकिन क्या सच में हेल्थ बजट में 137% की बढ़ोतरी हुई है?

दरअसल हर बार ऐसा होता था कि जब हेल्थ बजट की घोषणा होती थी तो उसमें सिर्फ हेल्थ मिनिस्ट्री और उसके अंडर में आने वाली स्कीम के बजट की घोषणा की जाती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। इस बार वित्त मंत्री ने हेल्थ एंड वेलबीइंग पर खर्च बता दिया और इसमें उस मंत्रालय और विभाग का बजट भी जोड़ लिया गया, जो हेल्थ मिनिस्ट्री के अंडर में आते ही नहीं हैं।

इस बार इतना ज्यादा खर्च इसलिए दिख रहा है, क्योंकि इसमें हेल्थ मिनिस्ट्री के अलावा आयुष मिनिस्ट्री, डिपार्टमेंट ऑफ ड्रिंकिंग वॉटर एंड सैनिटेशन और कोरोना वैक्सीन पर होने वाले खर्च को भी जोड़ लिया गया है। आयुष मिनिस्ट्री पूरी तरह से अलग है। डिपार्टमेंट ऑफ ड्रिंकिंग वॉटर एंड सैनिटेशन जलशक्ति मंत्रालय के अधीन आता है।

पिछले साल हेल्थ मिनिस्ट्री को 67,112 करोड़ रुपये मिले थे। हालांकि उस वक्त कोरोना का कोई असर देश पर नहीं था। बाद में कोरोना आ गया। इस वजह से बाद में हेल्थ मिनिस्ट्री का बजट रिवाइज करके 82,928 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इस बार हेल्थ मिनिस्ट्री को 73,931 करोड़ रुपये मिले हैं। ये आंकड़ें पिछले साल रिवाइज बजट से 11% कम हैं। हालांकि बजट में जो फंड मिला था, उससे 10% ज्यादा है।

---

* Speech was laid on the Table.

पिछले साल नवंबर में नीति आयोग के सदस्य वी. के. पॉल ने देश में हेल्थकेयर पर खर्च को लेकर चिंता जाहिर की थी। उनका कहना था कि यूरोपीय देशों में GDP का 7 से 8% खर्च हेल्थ पर होता है, लेकिन भारत में ये 1.5% ही है।

बजट दस्तावेज के मुताबिक वर्ष 2020-21 में सरकार ने हेल्थ पर GDP का 1.8% खर्च किया। इससे पहले वर्ष 2019-20 में 1.5% खर्च हुआ था। हेल्थ पर सरकार खर्च जरूर बढ़ा रही है, लेकिन उतनी रफ्तार से नहीं, जितना बढ़ना चाहिए। साइंस जर्नल लैंसेट के मुताबिक, हेल्थकेयर एक्सेस और क्वालिटी इंडेक्स में भारत की रैंक 195 देशों में 145वीं है।

नेशनल हेल्थ प्रोफाइल 2019 के मुताबिक, वर्ष 2017-18 में हर व्यक्ति की हेल्थ पर होने वाला सरकारी खर्च 1,657 रुपये था, यानी हर दिन सिर्फ 4.5 रुपये। वहीं नेशनल हेल्थ अकाउंट्स 2016-17 से अलग जानकारी मिलती है। इसके मुताबिक वर्ष 2016-17 में लोगों ने साल भर में खुद अपनी जेब से 3.40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए। अगर इसका एवरेज निकाला जाए तो हर व्यक्ति ने अपनी जेब से अपनी हेल्थ पर 2,570 रुपये खर्च किए। इसका मतलब यह हुआ कि हेल्थ पर सरकार से ज्यादा लोग ही खर्च कर रहे हैं। इसके अलावा और भी महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट है जिनका बजट बहुत कम कर दिया है।

The Department of Health Research had projected an amount of Rs 3312 crore, allocated only Rs 2663 cr, a shortfall of Rs 649 cr.

ICMR projected Rs 2957 cr, allocated only Rs 2358 cr, a shortfall of Rs 599 cr.

Both are crucial for conducting research in combating infectious diseases in the post-Covid world, yet both their budgeted amounts is significantly less that their projected amount.

As per standing committee report on DFG for Health, If taken as a percentage of GDP (real), the public expenditure for health research is a meagre 0.02%.Establishment of Network of Viral Diagnostic & Research

Laboratories for Managing Epidemics - Only 67% of budgeted funds utilised until 12th Feb.

Establishment of Model Rural Health Research Units (MRHRUs) in the States - Only 30% of budgeted funds utilised until 12th Feb.

Total utilisation of the Department of Health research - 73%.

Development of Tools/ Support to Prevent Outbreaks of Epidemics - Less than 56% of budgeted funds for 2020-21 actually utilised. इसलिए मेरा हेल्थ मिनिस्टर जी से अनुरोध है कि जो जरूरी विभाग है, उनको भरपूर बजट मिले, उनके बजट में कटौती न हो।

*श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): मुझे वर्ष 2021-22 के वित्तीय बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से संबधित अनुदान पर मांग के विषय में अपने विचार व्यक्त करने के लिये धन्यवाद।

अनुदान की मांग 2021-22 विश्लेषण - स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के दो विभाग हैं, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग सभी कार्यों के लिए जिम्मेदार है, स्वास्थ्य योजनाओं को लागू करना, चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण को विनियमित करना। वित्त मंत्री आदरणीय श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण बजट के लिए महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। स्वास्थ्य और सेहत के बारे में बजट में शहरी स्वच्छ भारत मिशन 2.0 को पांच साल (2021-26) से 1.4 लाख करोड़ रुपये के पूंजी परिव्यय के साथ लागू किया जाएगा। मिशन के उद्देश्यों में शामिल हैं: पूर्ण मल कीचड़ प्रबंधन, एकल उपयोग प्लास्टिक में कमी, कचरे का स्रोत अलगाव और वायु प्रदूषण में कमी।

छह वर्षों में 64,180 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक नई केंद्रीय योजना प्रधान मंत्री निर्भय स्वच्छ भारत योजना शुरू की जाएगी। इस योजना पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक हेल्थकेयर सिस्टम विकसित करना, मौजूदा राष्ट्रीय संस्थानों को मजबूत करना, नई बीमारियों का पता लगाने और उनके इलाज के लिए नए संस्थान बनाना। वित्त मंत्रालय के तहत कोरोना-19 वैक्सीन के लिए 35,000 करोड़ रुपये आबंटित किए गए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को बजट आबंटन के अलावा 13,192 करोड़ रुपये स्वास्थ्य के लिए वित्त आयोग अनुदान के रूप में आबंटित किए गए हैं, 36,022 करोड़ रुपये पानी और स्वच्छता के लिए वित्त आयोग अनुदान के

* Speech was laid on the Table.

रूप में आबंटित किए गए हैं। वित्त का अवलोकन कुल मिलाकर, भारत का सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय 2015-16 में सकल घरेलू उत्पाद के 0.9 प्रतिशत से बढ़कर 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद का 1.1 प्रतिशत हो गया है।

2021-22 में, मंत्रालय को 73,932 करोड़ रुपये का आबंटन (2019-20 में वास्तविक व्यय से अधिक 7 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि) है। मंत्रालय के तहत, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने मंत्रालय के 96 प्रतिशत आबंटन के लिए 71,269 करोड़ रुपये का आबंटन किया है, जबकि स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग को 2,663 करोड़ रुपये (आबंटन का 4 प्रतिशत) आबंटित किया गया है।

प्रमुख योजनाएं और मुद्दे - राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में दो उप मिशन होते हैं, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन । एनएचएम का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और स्वास्थ्य सेवा वितरण को मजबूत करना है। एनएचएम के तहत विभिन्न घटकों में शामिल हैं: प्रजनन, मातृ, नवजात और बाल स्वास्थ्य सेवाएं (आरसीएच फ्लेक्सी पूल), स्वास्थ् संसाधन प्रणाली, नवाचारों और सूचनाओं को मजबूत करने के लिए एनआरएचएम फ्लेक्सी पूल, पल्स पोलियो सहित टीकाकरण कार्यक्रम, बुनियादी ढाँचा रखरखाव, और (अ) राष्ट्रीय रोग नियंत्रण कार्यक्रम । राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण -5 के चरण -1 के परिणाम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण -4 की तुलना में कुछ सुधारों का संकेत देते हैं। इनमें शामिल हैं: पूर्ण टीकाकरण कवरेज में तेजी से वृद्धि, बेहतर स्वच्छता सुविधा वाले घरों में वृद्धि और 22 राज्यों में स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन और संस्थागत जन्मों में वृद्धि । भौतिक मूलढांचा आवश्यक देखभाल के स्तर के आधार पर, भारत में स्वास्थ्य सेवा को मोटे तौर पर तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है। इस वर्गीकरण में प्राथमिक देखभाल (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रदान की गई), माध्यमिक देखभाल (जिला अस्पतालों में प्रदान की गई) और तृतीयक देखभाल संस्थान (एम्स जैसे विशेष अस्पताल में प्रदान किए जाने वाले) शामिल हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचा स्वास्थ्य पेशेवरों और आबादी के बीच संपर्क का पहला स्तर प्रदान करता है।

मोटे तौर पर, आबादी के आधार पर और प्रदान की गई सेवाओं के प्रकार के आधार पर, ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में त्रिस्तरीय प्रणाली शामिल है। इसमें उप-केंद्र (एससी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शामिल हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र पर उच्च स्तरीय समूह (2019) और आयुष्मान भारत पर 15 वें वित्त आयोग की रिपोर्ट ने देखा है कि स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम और शुरुआती प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने से तृतीयक स्तर पर प्रदान की जाने वाली जटिल विशेषज्ञ देखभाल की आवश्यकता कम हो सकती है। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि छह वर्षों में 64,180 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम आत्मनिर्भर स्वास्थ्य योजना शुरू की जाएगी। इस योजना पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा: (1) प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक हेल्थकेयर सिस्टम विकसित करना, (2) मौजूदा राष्ट्रीय संस्थानों को मजबूत करना और (3) नई बीमारियों का पता लगाने और उनके इलाज के लिए नए संस्थान बनाना।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - आयुष्मान भारत कार्यक्रम सितंबर 2018-19 में लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य प्रति वर्ष 10.7 करोड़ गरीब परिवारों को प्रति परिवार पांच लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान करना है। इस योजना ने दो केंद्र प्रायोजित योजनाओं, अर्थात् राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना को सब्सक्राइब किया।

लाभ - योजना माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवा के लिए बीमा कवरेज प्रदान करती है। यह योजना 1,350 मेडिकल पैकेज जैसे सर्जरी, दवाइयों की लागत, डे केयर ट्रीटमेंट और डायग्नोस्टिक्स प्रदान करती है। इसके अलावा, योजना पूर्व और बाद के अस्पताल में भर्ती के खर्चों के लिए प्रदान करती है।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना - प्रधान मंत्री सुरक्षा योजना को 2003 में उद्देश्य के साथ पेश किया गया था। सस्ती और विश्वसनीय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को सही करना, और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए सुविधाएं बढ़ाना। इसमें संस्थानों की तरह एम्स की स्थापना और राज्य के कुछ सरकारी अस्पतालों को अपग्रेड करना शामिल हैं। वर्षों से इस

योजना का विस्तार करके 20 नए एम्स और 71 राज्य सरकारी अस्पतालों को कवर करने के लिए किया गया है। विगत वर्षों के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में केन्द्र सरकार के प्रायोजित कार्यक्रमों के माध्यम से चाहे वे राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन हो या शहरी क्षेत्रों के लिये हो, चिकित्सा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के लिये अस्पतालों का भवन निर्माण हो, वहाँ पर चिकित्सकीय सुविधाओं में वृद्धि करने का कार्य करना हो, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण किया गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में, जिला चिकित्सालयों में आधारभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का निर्माण किया गया। इसके साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र में संभाग स्तर पर सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया गया।

इसके साथ ही चित्तौड़गढ़ जिले के लिये नवीन मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मोदी सरकार में की गयी। मेरे संसदीय क्षेत्र के प्रतापगढ़ जिला जो कि काफी दुर्गम आवागमन व प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों वाला जिला है, वहाँ पर भी मेडिकल कॉलेज को खोले जाने की अत्यन्त आवश्यकता है। प्रतापगढ़ जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोले जाने पर वहाँ पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के होने से वहाँ के निवासियों को इसका लाभ मिलेगा तथा दुर्घटना एवं विशेष रोगों के लिये मरीजों को उदयपुर अथवा अन्य कहीं रेफर नही करना पड़ेगा।

कोरोना काल के दौरान मेरे संसदीय क्षेत्र के लिये केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से निवेदन करने पर निम्बाहेडा हेतु आग्रह करते ही जांच हेतु त्वरित निर्णय लेते हुये विशेषज्ञों की टीम को भेजा गया था, इसके साथ ही चित्तौड़गढ़, उदयपुर एवं प्रतापगढ़ के लिये विभिन्न वैन्टिलेटरों को आवश्यकता के अनुसार केन्द्र के द्वारा भिजवाया गया। उसके लिये माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री महोदय जी का आभार व्यक्त करता हूं।

मुझे आशा है कि सर्वे सन्तु निरामया का जो संदेश भारत के द्वारा विश्व के स्वास्थ्य की कामना के उददेश्य से प्रधानमंत्री महोदय जी के मार्गदर्शन में भारत विश्व को जो नयी दिशा दिखा रहा हैं उससे देश का मान एवं सम्मान विश्व में बढा है तथा सम्पूर्ण विश्व भारत की तरफ जिस प्रकार से उम्मीद भरी

नजर से देख रहा है, उससे यह इंगित होता हैं आज कोरोना के इस दौर में भारत के कुशल नेतृत्व एवं प्रबन्धन से स्वास्थ्य सेवाओं में सुदृढ़ता एवं वहाँ के चिकित्साकर्मियों के हौसलों से हम सभी स्वस्थ्य हैं तथा कामना करते हैं कि आगे भविष्य में आने वाली हर प्रकार की चुनौती से सामना करने का साहस हम देशवासियों में पैदा होगा।

इसी के साथ मैं बजट वर्ष 2021-22 के लिये स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिये अनुदान की मांगो का समर्थन करता हूं, धन्यवाद।

*__श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर):__ सर्वप्रथम मैं आपका धन्यवाद देता हूँ कि आपने मुझे वर्ष 2021-22 के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणधिन अनुदानों की मांगो पर चर्चा तथा मतदान पर अपनी बात रखने का अवसर दिया।

आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने बजट के जरिए आत्मनिर्भर स्वास्थ्य योजना का तोहफा देश के लोगों को दिया है। स्वास्थ्य बजट में 135 पर्सेट का इजाफा हुआ है और इसे 94 हजार से 2.38 लाख करोड़ किया गया है यह अपने आप मे सराहनीय है तथा यह देश के प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रहने का अधिकार देगा। मा, वित्त मंत्री जी ने केंद्रीय बजट-2021 पेश करते हए सबसे पहले हेल्थ सेक्टर का जिक्र किया यह हमारी सरकार की लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता को दर्शाता है। हम सब ने बीते साल 2020 की तमाम चुनौतियों और कोरोना महामारी के बारे में सोचा नहीं था कि ऐसी भी कोई स्थिति देश झेलेगा।

हमारे देश ने ऐसी विकट परिस्थिति में भी दो वैक्सीन तैयार की हैं और टीकाकरण भी हो रहा है यह करोड़ों देशवाशियों के लिए सकन की बात है। इस बजट में कोरोना टीकाकरण के लिए 35 हजार करोड़ का आवंटन किया और यह आश्वश्त किया की जरुरत पड़ी तो आगे इसे बढाया भी जा सकता है। कोरोना काल में इस बात की उम्मीद जताई जा रही थी कि हेल्थ सेक्टर को हमारी सरकार की तरफ से कुछ ना कछ खास मिलेगा। हमारी सरकार ने कोरोना को देखते हए स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए बजट में बढ़ोतरी की है और एक खास स्कीम भी चलाई है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट में आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत स्कीम की अनाउंसमेंट की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने कहा कि सरकार इस मद में अगले 6 सालों में करीब 61 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी। तथा इसे प्राइमरी लेवल से लेकर उच्च स्तर तक की स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जाएगा। नई बीमारियों पर भी फोकस होगा, जो नेशनल हेल्थ मिशन से अलग होगा। स्वास्थ्य बजट में

* Speech was laid on the Table.

घोषणा की गई है कि 75 हजार ग्रामीण हेल्थ सेंटर खोले जाएंगे। भी जिलों में जांच केंद्र, 602 जिलों में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल खुलेंगे। नेशलन सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल, इंटिग्रेटेड हेल्थ इंफो पोर्टल को और मजबूत किया जाएगा। 17 नए पब्लिक हेल्थ यूनिट को भी चालू किया जाएगा। इन सभी सेवाओं का लाभ देश के आम जनमानस को अवश्य मिलेगा।

अब मैं अपने संसदीय क्षेत्र से सम्बंधित कुछ मांगों को माननीय मंत्री जी के समक्ष रखता हूँ। जैसा की ज्ञात है की जांच करने के नाम पर अस्पताल मरीजों से हजारों रूपये वसूलते हैं, इसमें खास कर के झारखंड में बहुत परेशानी हो रही है। मेरा जिला आकांक्षी जिला है और हमारा प्रदेश चिकित्सा के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। साथ ही यह आदिवासी और नक्सल प्रभावित इलाका है। यहाँ मजदूरी से जीवन यापन करने वालों की संख्या काफी अधिक है। जिला अस्पताल में व्यवस्थित उपकरण नहीं होने के कारण यहाँ एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ब्लड की जांच की जांच नहीं हो पाती है इसलिए मेरी मांग है की जिला अस्पताल में जांच की व्यवस्था की जाये साथ ही डाइलसीस की व्यवस्था की जाये। हमारे यहाँ हार्ट पेशेंट की संख्या में काफी वृद्धि हुई है जिसके कारण एंजियोग्राफी में तथा हार्ट सम्बंधित जांच में काफी पैसा खर्च करना पड़ता है जिसमे गरीब जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त झारखंड में डाक्टरों का काफी आभाव भी है इसलिए जो 5 मेडिकल कॉलेज बन रहें हैं वह जल्द से जल्द बनाये जाएँ जिससे की डाक्टरों की कमी कुछ पूरी हो सके। इसके अतिरिक्त झारखंड के सभी जिले के अस्पतालों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है एवं साधन संसाधन से परिपूर्ण करने की आवश्यकता है। धन्यवाद,

*__श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व):__ मुझे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अनुदान की मांगों पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय वित्त मंत्री महोदया जी के द्वारा पेश किए गए बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बजट में 137 प्रतिशत का इज़ाफा करने के लिए अभिनंदन करता हूं और अनुदान मांगों का मैं समर्थन करता हूं।

कोरोना की वैश्विक महामारी के बाद पेश किए गए इस पहले बजट में माननीय वित्त मंत्री महोदया ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य में स्वास्थ्य आपदा से निपटने के लिए देश अब दृढ़तापूर्वक तैयार रहेगा और उसकी रूपरेखा इस बजट में दिखाई दे रही है। सरकार ने स्वास्थ्य बजट को 137 प्रतिशत बढ़ाते हुए यह तय किया कि पूरे देश में तीन स्तरों पर स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के लिए मजबूत आधारभूत ढांचा तैयार किया जाएगा। इस बजट के माध्यम से सरकार में अपनी जिम्मेदारी तय कर ली कि अच्छे और सस्ते इलाज के लिए लोगो को सिर्फ निजी अस्पतालो के भरोसे में नहीं छोड़ सकते बल्कि सरकार अपने स्तर पर भी अच्छी और सस्ती चिकित्सा सुविधा लोगों को उपलब्ध कराएंगी। पिछले वर्ष 2020-21 में सरकार ने 94,452 करोड़ रूपये की व्यवस्था स्वास्थ्य बजट के तौर पर किया था। इस वर्ष इसे बढ़ाकर 2,33,846 करोड़ कर दिया गया। सरकार की मंशा सिर्फ बिमारियों का बेहतर इलाज करने के लिए ढांचा तैयार करना नहीं है बल्कि बिमारियों को होने से रोकने के लिए आवश्यक उपायों पर समान रूप से जोर देना हैं।

आज चर्चा की शुरूआत में कांग्रेस के माननीय सासंद मनीष तिवारी जी ने सरकार के द्वारा कोरोना के कारण लॉकडाउन लगाए जाने पर सरकार पर सवाल खड़े किए। मैं यह बताना चाहता हूँ कि आज़ादी के बाद से देश में कांग्रेस शासन करती आ रही थी और पिछले 70 वर्षों में से 55 वर्ष कांग्रेस ने इस देश में राज किया। यदि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था को कांग्रेस ने थोड़ा भी दुरूस्त करने के लिए सोचा होता तो माननीय प्रधानमंत्री को पुरे देश में लॉकडाउन लगाते हुए पूरे देश की जनता को स्वास्थ्य

* Speech was laid on the Table.

सेवा मुहैया कराने बारे में इतनी गम्भीरता से नहीं सोचना पड़ता। आजादी के बाद से ही भारत किसी आपात काल में स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए तैयार नहीं था यह हमारे लिए बड़ी दुर्भाग्य की बात है। हमें भगवान का लाख-लाख शुक्रिया अदा करना चाहिए कि हमारे देश को एक यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के रूप में मिले हैं जो देश की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उतना ही गम्भीर हैं जितना परिवार का एक अभिभावक होता है।

मनीष तिवारी जी ने देश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी सवाल उठाया। लेकिन वे भूल गए कि यह हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर कांग्रेस की ही देन है। इसी स्वास्थ्य व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने का हमारे प्रधानमंत्री ने बीड़ा उठाया है। अब देश में कांग्रेस का राज नहीं है अब देश मोदी जी के सुरक्षित हाथों में है। स्वास्थ्य को बड़ी प्राथमिकता हमारी सरकार ने दी है और इस बजट में 137 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी भी की है। मेरा कांग्रेस के मित्रो से अनुरोध रहेगा की कुछ भी आरोप हमारी सरकार पर लगाने से पहले यह अवश्य तय कर ले कि पिछले 6 वर्षों से पहले कांग्रेस की ही सरकार अधिकतम समय तक शासन में रही है। अब देश सुरक्षित हाथों में है।

श्री मनीष तिवारी जी ने कोविड टीकाकरण की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए। मैं बताना चाहता हूं कि पूरे देश में कहीं भी वैक्सीन की कमी नहीं है। सरकार के पास टीके बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं और सरकार की इच्छाशक्ति जल्द से जल्द पूरे भारतवासियों का टीकाकरण करने की है। आज तक मुझे कोई ऐसा व्यक्ति नहीं मिला जिसे टीका लेना था और उसे कोई परेशानी हुई। इसलिए सिर्फ दोषारोपण करने के लिए विरोध दर्ज कराना ठीक नहीं है। कई राज्यों ने टैस्ट, ट्रैक, ट्रीट को उसी गंभीरता से लिया है, जितना पिछले सालों से करते रहे हैं। अब भी कोरोना पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ। सिर्फ दोषारोपण न करें जहां प्रधान मंत्री जी की प्रशंसा करने की इच्छा हो तो पार्टी लाइन से हटकर अवश्य करें।

इस बजट में “प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत” की घोषणा की गई। इस योजना के अर्न्तगत पूरे देश के स्वास्थ्य सेवा को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया है। इस योजना के लिए सरकार ने

अगले 6 वर्षों के लिए 64,180 करोड़ के बजट का प्रस्ताव किया है। इस बजट के माध्यम से देश में अस्पताल एवं प्रयोगशलाएं विकसित की जाएगी। इस योजना में रिसर्च पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जिससे कि आने वाले समय में उत्पन्न होने वाली बिमारियों से देश के नागरिको को सुरक्षा प्रदान की जा सके। प्रधानमंत्री "आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना 2021' के तहत इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फार्मेशन पोर्टल की भी स्थापना करने की योजना है जिससे पूरे देश की जनता को समय पर और समूचित जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके। यह योजना नेशनल हेल्थ मिशन के अन्तर्गत संचालित की जाएगी।

इस योजना के लिए पूरी फंडिंग केन्द्र सरकार के द्वारा ही की जाएगी। इसके अन्तर्गत 17000 ग्रामीण और 11000 शहरी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को समर्थन प्रदान करने की परियोजना है। सरकार की योजना अगले 5 वर्षों में देश के 3382 ब्लॉक में एकत्रित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की स्थापना करने का प्रावधान है। कुल मिलाकर मैं यह कह सकता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता और वित्त मंत्री जी के समर्थन के कारण देश स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा, ऐसा हमारा विश्वास है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने स्वास्थ्य के लिए आधारभूत और आधुनिक ढांचे के निर्माण के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की कमान प्रशिक्षित और पेशेवर स्वास्थ्य कर्मियों के हाथों में सौंपने का ऐलान किया जो स्वागत योग्य है। प्रशिक्षित और स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी दूर करने के लिए नए सुधारों का ऐलान किया। इसके तहत नर्सिंग प्रशिक्षण को नियमित करने के लिए विशेष नर्सिंग एंड मिडवाईफ कमीशन बनाने का फैसला किया।

सरकार ने कोविड वैक्सीनेशन के लिए 35 हजार करोड़ फंड का प्रावधान बजट में किया है। सरकार ने पूरे देशवासियों को वैक्सीन उनके कामों के आधार पर और उम्र के आधार पर फेज़वाइज़ लगाने का ऐलान किया। आज तक लगभग 3 करोड़ 50 लाख 64 हजार 536 से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाया जा चुका है और काफी तेजी से वैक्सीन लगाने जाने का काम चल रहा है। जल्दी ही

सभी भारतीयों को वैक्सीन लग जाएगा। अब प्रतिदिन वैक्सीनेशन की गति तेजी से बढ़ रही है और एक दिन में 30 लाख से अधिक लोगों का आंकड़ा पार कर चुके हैं।

जब पूरा विश्व वैक्सीन बनने का इंतजार कर रहा था तब पूरे विश्व के साथ भारत के वैज्ञानिक दिन-रात वैक्सीन बनाने के लिए कार्य कर रहे थे। हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी और स्वास्थ्य मंत्री जी इस पर हो रहे डैवलपमेंट को बारीकी से मॉनीटर कर रहे थे और सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जा रही थी। जब भारत ने स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण कर लिया तो माननीय प्रधान मंत्री जी ने सिर्फ अपने देश के नागरिकों के लिए नहीं सोचा। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना पर काम करते हुए उन्हेांने पूरे विश्व के लिए सोचा और वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 75 से ज्यादा देशों में 60 मिलियन से ज्यादा वैक्सीन भेज चुके हैं और लगातार वैक्सीन भेजा जाना जारी है। विदेशों को वैक्सीन उपलब्ध कराने के क्रम में भी स्वदेश के लिए वैक्सीन की कमी नहीं हुई। यह माननीय प्रधानमंत्री जी का मानवता के प्रति समर्थन हमेशा रहा है जिसके कारण पुरे विश्व के लोगों की चिंता इस वैश्विक महामारा वक्त उन्होंने की। पूरे विश्व में कोई भी आपदा आती है तो सबस पहले हमारा देश खड़ा होता है। यहाँ तक की माननीय प्रधानमत्रा ने पाकिस्तान जैसे क्रूर पडोसी देश को भी वैक्सीन भेजने में कमी नहीं की। यह पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है और यह हमारा सौभाग्य है कि हमें ऐसा प्रधानमंत्री मिले जो पूरे विश्व का ख्याल रखते है।

मुझे संयुक्त राष्ट्र के जनरल सेक्रेटी अंटोनियो गुतारिश का बयान याद आ रहा है जिसमें उन्होनें कहा कि भारत की टीका उत्पादन क्षमता पूरे विश्व के लिए वरदान है।

जब कोरोना वायरस ने भारत में दस्तक दी उस वक्त PPE Kit और वेंटिलेटर का उत्पादन नहीं के बराबर होता था। परन्तु जब कोविड आया तो इसकी आपात अवश्यकता पड़ी। चूंकि आयात उस वक्त नहीं किया जा सकता था उस वक्त माननीय प्रधानमंत्री जी ने घरेलू उत्पादको को इसके उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया और दक्षता बढ़ाने का आग्रह भी किया। इसका नतीजा यह हुआ कि जिस उत्पाद का हम आयात करते थे, आज भारत उसका ही निर्यात कर रहा है। देश के भीतर आत्मनिर्भर

बनने की पूरी क्षमता है। बस जरूरत है प्रोत्साहन की जो हमारे प्रधान मंत्री समय-समय पर करते रहते हैं। कोविड के समय यह हमें देखने को मिला।

आज भारत का सिर पूरे विश्व के सामने ऊंचा हुआ है। देश के वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाया भी और देश के प्रधान मंत्री जी ने पूरे देश को वैक्सीन पहुंचाने की व्यवस्था भी की। पूरा विश्व हिंदुस्तान को अलग नजरिए से देख रहे हैं। चूंकि समय की थोड़ी कमी है और बोलने वालों की संख्या ज्यादा है, इसलिए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

*SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ): I would like to lay my views on the Demands for Grants of Ministry of Health and Family Welfare for the year 2021-22 which are as follows :

The 2021-22 Budget is based on 6 Pillars

(i) Health and well-being,

(ii) Physical and financial capital and infrastructure,

(iii) Inclusive development for aspirational India,

(iv) Reinvigorating human capital,

(v) Innovation and Research & Development, and

(vi) 'Minimum Government, Maximum Governance'.

As the largest supplier of vaccines and generic drugs, India is widely acknowledged as the '**pharmacy of the world**'.

The World Health Organisation has repeatedly stressed the importance of clean water, sanitation, and clean environment, as a **pre requisite to achieving universal health.**

According to India Voluntary National Review (VNR) 2020 Decade of Action: Taking SDG from Global to Local; India has made remarkable progress in providing universal access to affordable healthcare solutions with special emphasis on groups in situations of vulnerability.

* Speech was laid on the Table

A provision of Rs. 2,23,846 crore has been made in the 2021-22 Budget for **health and wellbeing** in the, which is an increase of 137% as compared to this year's budgeted estimates.

In 2021-22, the Ministry has an allocation of Rs 73,932 crore (an annualised growth of 7% over the actual expenditure in 2019-20). The Budgetary allocation towards Depart of Health Research has been increased by 20% in 2021-22. It is nor Rs. 2,663 Crore.

Urban Swacch Bharat Mission 2.0 will be implemented with a capital outlay of Rs 1.4 lakh crores over five years (2021-26).

The objectives of the Mission include:

(i) complete faecal sludge management,

(ii) reduction in single use plastic,

(iii) source segregation of garbage and

(iv) reduction in air pollution.

A new central scheme **PM AtmaNirbhar Swasth Bharat Yojana** will be launched with an outlay of **Rs 64,180 crore over six years**.

The scheme will be focused on:

(i) developing primary, secondary, and tertiary healthcare systems,

(ii) strengthening existing national institutions, and

(iii) creating new institutions for detection and cure of new diseases.

Rs 35,000 crore has been allocated for COVID-19 vaccine under the Ministry of Finance.

To tackle the problem of air pollution, an amount of Rs. 2,217 crores for 42 urban centres. The government has also brought voluntary vehicle scrapping policy with the help of which old and over-polluted vehicles can be removed in a controlled manner.

Today the historical remains found in Sinauli, Uttar Pradesh are proof of the ancient roots of this country and its soil. We were slowly forgetting the centuries-old knowledge of this country which is still useful today.

But it is the government of Shri Narendra Modi who through the Ministry of AYUSH has given a new energy and new direction to the achievements and knowledge of our culture for the benefit of the people.

Total 278 AYUSH Hospitals and 4713 AYUSH dispensaries have been supported for Upgradation of infrastructure and other facilities. 1926 Yoga Wellness Centres and 496 AYUSH Gram units have been supported. 72 Under-Graduate and 33 Post-Graduate, AYUSH educational Institutes have been supported. More than 140 Classical Medicines have been validated for 70 conditions since 2019. This indicated how the Government has taken decisive and impactful steps for improving the health of the citizens of the country.

Nutrition is necessary for a healthy and happy life. Not only this, Hon'ble Finance Minister has mentioned in her budget speech that special emphasis will be given on nutrition outcomes in 112 aspirational districts. The government had made a provision of free ration for 8 months for 80 crore families so that no one sleeps hungry at the time of Lockdown. The Government has special focus on

nutrition and health through this new thinking and inclusive approach. This year Rs. 2700 crore have been provisioned for nutrition.

The number of deaths due to starvation and thirst in extreme natural events across India:

From 2010-2014 -- 722

From 2015 onwards -- 0

The Government has also provided funds to ICMR for setting up a National Institute for One Health. This shows the awareness of the Government for need of providing appropriate funds and thrust to the concept of One Health.

The Ayushman Bharat programme - Pradhan Mantri Jan Aarogya Yojana (PMJAY) was launched in September 2018. It aims to provide an insurance cover of Rs 5 lakh per family per year to 10.7 crore poor families, thus benefitting almost 50 crore individuals in the country. The scheme provides insurance coverage for secondary and tertiary healthcare. The scheme provides 1,350 medical packages such as surgery, cost of medicines, day care treatments, and diagnostics. In addition, the scheme provides for pre- and posthospitalisation expenses. In 2021-22, PMJAY has been allocated Rs 6,400 crore, which is double the actual spend in 2019-20. The Economic Survey 2020-21 notes that PMJAY enhanced health insurance coverage. The proportion of health insured households increased by 54% in states that implemented PMJAY and decreased by 10% for states which did not implement it. The infant mortality rate also decreased by 20% in states with implementation whereas in states without implementation the mortality rate declined by 12%.

The allocation for National Health Mission in 2021-22 (Rs 36,576 crore) is 4% higher than the revised estimates of 2020-21.

Infant Mortality Rate has reduced to 32 in 2018 as compared 36.9 in 2014

Maternal Mortality Rate has reduced to 113 in 2016-18 as compared to 167 in 2011-13.

Total Fertility Rate has reduced to 2.2 in 2018 (as compared to 2.3 in 2014).

Annual Malaria Incidence is 0.02 in 2019.

India is running the biggest vaccination programme in the world against COVID-19. Covaxin and Covisheild are the two vaccines rolled out under COVID-19 vaccination programme are produced indigenously by Bharat Biotech International Limited in collaboration with the Indian Council of Medical Research (ICMR) and National Institute of Virology (NIV), and the Serum Institute of India respectively.

India came up as second biggest manufacture of PPE kits and made significant strides in production of N-95 masks and ventilators and become self-reliant.

India now has more than 11,000 COVID-19 facilities and more than 11 lakh isolation beds.

To check the spread of the COVID-19 pandemic, the expedited development of a contact and tracing application called 'Aarogya Setu', is one such outcome of India's efforts to exponentially increase capacity through the use of digital platforms.

Apart from developing the physical infrastructure, the country has also managed to swiftly ramp up its human resources including paramedics, ASHA workers and Anganwadis, who have played a significant part in controlling the spread of the pandemic.

Further, a 1,000 bed hospital, including 250 ICU beds, dedicated to treating patients of corona virus disease outbreak was built in record time of 12 days in Delhi.

Located in Mumbai, Dharavi, Asia's largest slum followed aggressive screening strategy in which around 7 lakh people were screened and 14,000 tests were done. This screening and testing of individuals checked the spread of infection to a great extent and WHO whole heartedly praised the Dharavi Model for controlling the COVID19 outbreak

The cumulative number of COVID 19 vaccine doses administered in the country has crossed 3.64 crore by 16th March. These include 75,47,958 Health Care Workers (HCWs) who have taken the 1st dose and 46,08,397 HCWs who have taken the 2nd dose. 76,63,647 Frontline Workers (FLWs) 1st dose and 17,86,812 FLWs 2nd dose. 1,24,74,362 beneficiaries more than 60 years old and 23,86,568 beneficiaries aged 45 and above with specific co-morbidities.

India stands as the "pharmacy of the world". The way it reached out to nations in the midst of a global crisis and supplied vaccines to 72 nations under the "Vaccine Maitri" initiative has been appreciated and recognized by many countries and International Bodies including WHO and IMF.

.

Aspirational Districts attempts to mainstreaming the overall well-being of the tribal population in which 'health and nutrition' is maintained as one of the prime indicators in the overall assessment of these districts. 20 Efforts in these districts have been largely successful in attaining better health outcomes through co-operation at all the levels of administration, real time e-monitoring of the health indicators and public participation. Unique initiatives like Mamta Brigade, birth companion programme, birth waiting homes, Saas Bahu Sammelan, Kilkari: tablet-based IEC, lifeline express and Siraha Guniya Sammelan have been taken up in these districts to spread awareness about health issues and encourage public participation.

Therefore, in light of all the points mentioned, I would again like to express my support for the Demand for Grants 2021-22 for the Ministry for Health and Family Welfare.

*__श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख) :__ हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री आदरणीया निर्मला सीतारमण जी का मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं, जिसमें लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर बजट को कृषि एवं किसानों, गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाए जाने पर केन्द्रित किया गया है तथा समाज के गरीब तबकों का भी विशेष ध्यान रखा गया है । इसमें कोई संदेह नहीं है कि काफी मुश्किल समय में यह बजट पेश किया गया है तथा इसमें मूलतः आधारभूत संरचना पर जोर दिया गया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। देशवासियों ने इस बजट को लेकर हेल्थ सेक्टर में बहुत सारी उम्मीदें जताई थीं, जिन्हें माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री महोदया ने पूरा किया है। वास्तव में यह बजट भारत की वृद्धि पर केंद्रित है और विकास दर में तेजी लाने के लिए पूर्णतः अनुकूल है। यह बजट 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए है, इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यह भी प्रसन्नता की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के केन्द्रीय नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत पैकेज कई योजनाओं को कोरोना काल में देश के सामने लाया गया, ताकि अर्थव्यवस्था की रफ्तार को आगे बढ़ाया जा सके और आत्मनिर्भर भारत पैकेज में कुल कई लाख करोड़ रुपये की मदद जारी की गई, जो सभी पांच मिनी बजट के समान थी। यह भी प्रसन्नता की बात है कि भारत के पास कोविड की वैक्सीन उपलब्ध है। सौ और उससे अधिक देशों को उसकी सुविधा मुहैया कराई गई है। हमारे लोकप्रिय आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमारे वैज्ञानिकों को इसके लिए धन्यवाद दिया है और इस अभियान की शुरुआत की है, जिससे आत्मनिर्भर पैकेज से ढांचागत सुधारों को गति मिली है। कोरोना काल में पांच मिनी बजट पेश किए गए और आठ करोड़ लोगों को मुफ्त गैस, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया गया।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत वित्त बजट का हृदय से पुरजोर समर्थन करते हुए सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मिश्रिख, जनपद सीतापुर की प्रमुख समस्याओं की ओर आकर्षित करते

* Speech was laid on the Table

हुए निवेदन करना चाहूंगा कि मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य देखरेख केन्द्र की समुचित व्यवस्था की जाए। मिश्रिख संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य देखरेख केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों को पदस्थ किया जाए। कानपुर-बिल्हौर-कन्नौज-एटा-बेवर-अलीगढ़-बुलन्दशहर-गाजियाबाद-दिल्ली मार्ग पर एक प्रत्येक निश्चित दूरी के पश्चात् समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराए जाने के साथ-साथ बिल्हौर के निकट एक ट्रामा सेन्टर की स्थापना की जाए।

मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा सदन में प्रस्तुत स्वास्थ्य मंत्रालय की अनुदान मांगों का पुरजोर समर्थन करते हुए निवेदन करता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र, जो अनुसूचित बाहुल्य एक अति पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, में समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु समुचित कदम उठाए जाएं।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (डॉ. हर्ष वर्धन): माननीय अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद, सबसे पहले मैं सभी माननीय सदस्यों का और विशेषकर जिन्होंने इस डिसकशन में भाग लिया, उनका हृदय से आभार व्यक्त करना चाहता हूँ।

श्री मनीष तिवारी जी, श्री राजीव रंजन सिंह जी, डॉ. संजीव कुमार जी, डॉ. हिना गावीत जी, डॉ. राजश्री मल्लिक जी, श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार जी, डॉ. जी. रणजीत रेड्डी जी, डॉ. श्रीकांत शिंदे जी, डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे जी, डॉ. एस.टी. हसन जी, श्री मलूक नागर जी, डॉ. सत्यपाल सिंह जी, श्री हसनैन मसूदी जी, श्रीमती परनीत कौर जी, श्री जयदेव गल्ला जी, श्री पी.पी.चौधरी जी, श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी, श्री सैयद इम्तियाज ज़लील जी, डॉ. सुजय विखे पाटील जी, श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर जी, श्री हनुमान बेनीवाल जी, श्री अजय मिश्रा जी, श्री मोहम्मद जावेद जी, डॉ. संघमित्रा मौर्या जी, श्री कुलदीप राय शर्मा जी, श्री इंद्रा हांग सुब्बा जी, अगर कोई नाम रह गया हो तो मैं क्षमा चाहता हूँ। इस डिसकशन में लगभग 26 लोगों ने भाग लिया है। मैं देख रहा हूँ कि इन 26 में से 10 डॉक्टर्स हैं। कम से कम उनके नाम के आगे डॉक्टर लगा है, शायद एक-दो पीएचडी होंगे, बाकी तो मैं समझता हूँ कि कुछ एक के बारे में मैं जानता हूँ कि वे मेडिकल डॉक्टर हैं। जिनके बारे में मैं एकदम श्योर नहीं हूँ कि वे मेडिकल डॉक्टर है, मैं मानकर चलता हूँ कि वे मेडिकल डॉक्टर ही हैं। ...(व्यवधान) मैंने जो एक-दो संख्या कम की थी तो फिर हम वापिस 10 की संख्या पर पहुँच गए, 11 में से 10 डॉक्टर्स हैं। पहले तीन-चार को छोड़कर सबकी बात सुनने का सौभाग्य मुझे मिला।

मैं पहले तीन-चार वक्ताओं को नहीं सुन पाया। मैं जब आया तो डॉ. हिना गावित शायद चौथे नंबर पर बोल रही थीं। उनका वक्तव्य मैंने थोड़ा सा सुना। आज प्रधान मंत्री जी ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों के साथ दिन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की थी। कोविड के संदर्भ में वे कांटीन्युअसली मीटिंग करते हैं। मैं समझता हूं कि एक साल के अंदर यह उनकी दसवीं-बारहवीं मीटिंग होगी। उसी समय यहां पर डिबेट शुरू होनी थी। उस समय मेरे सहयोगी मंत्री यहां पर उपस्थित थे। उन्होंने भी मुझे फीड बैक दिया, जो मेरे आने से पहले वक्ताओं ने बोला।

इंडीविजुअल कुछ बातें रेज की गई हैं, मेरी कोशिश होगी कि उनका भी मैं स्पेसिफिक जवाब दे दूं, लेकिन जितनी भी समय की सीमा और मर्यादा है, उसमें ब्रॉड इश्यूज़ जो यहां पर उठाये गये हैं और उनके संदर्भ में मैं जो कहना चाहता हूं, वह मैं आपके बीच में रखने की कोशिश करूंगा। उसमें से शायद आपको बहुत सारी बातों का जवाब मिलेगा। इंडीविजुअली भी जो विषय सब ने रखे हैं, उनकी भी बातचीत हम करने का प्रयास करेंगे।

जो डॉक्टर लोग हैं, वे जानते हैं कि हेल्थ की डेफीनिशन क्या है? Health is a state of complete physical, mental, social and spiritual well-being of an individual, and it is not merely the absence of disease or infirmity. यह मेरी अपनी डेफीनिशन नहीं है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की डेफीनिशन है, जो जगजाहिर है। हेल्थ में डॉक्टर लोग शायद इसको ज्यादा अच्छा एप्रीशिएट कर सकते हैं कि 80 पर्सेंट हेल्थ जो है, वह प्रिवेंशन, प्रमोशन, पॉजीटिव हेल्थ है और 20 पर्सेंट से ज्यादा नहीं होता, जिसको थेरेपेटिक्स कहते हैं, जिसको दवा की मदद से, अस्पताल की मदद से, हेल्थ सेंटर की मदद से हम किसी की बीमारी को दूर करते हैं। हमारी सरकार की शुरुआती दौर से हमेशा हेल्थ के प्रति यही होलिस्टिक अप्रोच रही है। हेल्थ का मतलब केवल अस्पताल खोलना और दवाई बांटना नहीं है। व्यक्ति बीमार ही न पड़े, इसके लिए सरकार का भी प्रयास होना चाहिए। इस होलिस्टिक अप्रोच पर, इस सोच पर हमारी सरकार काम करती है। इसी होलिस्टिक अप्रोच के तहत यहां पर बहुत डिसकशन हुआ। यहां हेल्थ के बारे में कहा, उन्होंने अपनी स्पीच में कहा, वाटर को भी उसमें डाल दिया, सैनिटेशन को भी उसमें डाल दिया, न्यूट्रीशियन को भी उसमें डाल दिया, आयुष को भी उसमें डाल दिया, हेल्थ रिसर्च को भी उसमें डाल दिया और हेल्थ एंड फेमिली वेलफेयर को भी उसमें डाल दिया। बेसिकली हम सब जानते हैं कि आप कैसे भी इसको मेजर कर लीजिए, कैसे भी नाप लीजिए।

आयुष की कितनी इंपोर्टेंस है, इसके लिए 9 नवंबर, 2014 को प्राइम मिनिस्टर ने आयुष का एक अलग से डिपार्टमेंट ही यहां पर स्थापित किया था, जो अपने आप में इस देश के अंदर एक इतिहास था। नेशनल आयुष मिशन, 2014 में शुरुआती दौर के अंदर, उसकी कल्पना की गई थी। इस नाते हम

यह भी जानते हैं कि अगर किसी गांव में हम समाज के लोगों को शुद्ध जल प्रोवाइड कर दें, वहां सैनिटेशन सिस्टम्स को इंप्रूव कर दें, बच्चों के लिए उपयुक्त न्यूट्रीशियंस की व्यवस्था कर दें, तो शायद जो मेजोरिटी ऑफ दी हेल्थ इश्यूज़ हैं, वे उसी से हैंडल हो जाते हैं। इसलिए, इस होलिस्टिक अप्रोच पर जिसमें हम हेल्थ एंड वेल बीइंग की बात कर रहे हैं, जो डेफीनिशन के अनुरूप भी है और जो देश में हमने डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स क्रिएट करने की बात की, जिसमें 66 हजार से ज्यादा ऑलरेडी क्रिएट हो चुके हैं, उनमें से 35 हजार हमने कोविड के दौरान सारे देश में फंक्शनल किए हैं। वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मैं नागालैंड और मणिपुर में भी, दूरदराज के इलाकों में देखकर आया कि उस कांसेप्ट के कारण कितना बड़ा लोकल हेल्थ का एक सोशल मूवमेंट वहां पर विकसित हो रहा है।

हम प्रधानमंत्री की सोच को एक प्रकार से नतमस्तक होकर प्रणाम करना चाहते हैं। इस ब्रॉड पैरामीटर्स के अंतर्गत ही आप सभी लोग बातें कर रहे हैं।

वर्ष 2020-21 के अंतर्गत 94,452 करोड़ रुपये हेल्थ बजट में था। वर्ष 2021-22 में 94,452 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,23,846 करोड़ रुपये हो गया है, यानी 137 परसेंट का जम्प है। हेल्थ सेक्टर के अंदर केवल यही नहीं है, हेल्थ सेक्टर में बाकी क्या-क्या हुआ है, इसे भी हम समझने की कोशिश करें।

प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वास्थ्य भारत योजना के तहत 64,180 करोड़ रुपये इसके अलावा हैं, जो अगले छह वर्षों के लिए रखे गए हैं। आपने देखा कि हम कोविड के समय टेस्ट, ट्रैक एंड ट्रीट फार्मूले लेकर काम करते रहे हैं। आने वाले समय में यदि भविष्य में कोई पैनडेमिक आए, उसके लिए देश को आज से भविष्य के लिए रेडी होना शुरू करना होगा। आपने बजट स्पीच में सुना कि इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब ब्लॉक लेवल तक क्रिएट करने की बात की गई है। उसी बजट में फील्ड के अंदर क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल की बात कही गई है।

इसी तरह से ट्रेस करने के लिए इंटिग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन पोर्टल की बात की गई है। लाखों लोगों के सर्विलेंस के खिलाफ लड़ाई में हमारे लिए एक प्रकार से बहुत सफल रहा है। हम इसके कारण दुनिया के मुकाबले अच्छी तरह से कोविड कंट्रोल कर पाए। उसके लिए पाइंट ऑफ एंट्री सर्विलेंस पर

स्ट्रैन्थिंग के बारे में भी आपने सुना कि 32 एयरपोर्ट, 11 सी-पोर्ट और लैंड क्रॉसिंग के पास न्यू पब्लिक हेल्थ यूनिट क्रिएट होगी। रूरल एंड अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर क्रिएट होगा।

यह सब मैं बजट के अलावा चीजों की चर्चा कर रहा हूं। पहली बार फाइनेंस कमीशन ने हेल्थ के बारे में एक स्पेशल चेप्टर लिखा, चैप्टर 7,9 और 10 में हेल्थ के बारे में विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि लोकल अर्बन और रूरल बॉडीज को 1,06,000 करोड़ रुपये सरकार दे, लेकिन फाइनेंस डिपार्टमेंट ने सत्तर हजार करोड़ रुपये एक्सेप्ट किए, यानी यह हेल्थ सेक्टर के लिए हमारी लगातार एडवोकेसी के कारण फाइनेंस मिनिस्ट्री से अलग से सत्तर हजार करोड़ रुपये मिले, लोकल बॉडीज के द्वारा हेल्थ केयर सिस्टम की स्ट्रेन्थिंग होगी।

आखिर यह वैक्सीन क्या है? यह वैक्सीन प्रिवेन्शन के लिए है। सबकी हेल्थ की रक्षा के लिए है, हमारे हेल्थ को सुदृढ़ करने के लिए है। आज सारे देश में दूरदराज के इलाके में भी वैक्सीन के लिए पैसे की व्यवस्था है। शुरूआती दौर में हेल्थ केयर वर्कर्स और दूसरे वर्कर्स को वैक्सीन दी जा रही थी तो पीएम केयर फंड से प्रधानमंत्री जी ने व्यवस्था की।

अभी फाइनेंस मिनिस्टर जी ने पैंतीस हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। इसके साथ यह भी कहा कि और भी अगर जरूरत होगी तो हम करेंगे। यह उन सबसे अलग है। न्यूमोकोकल वैक्सीन की चर्चा हुई। आप जानते हैं कि न्यूमोकोकल हमारे लंग्स को प्रभावित करता है। डॉक्टर लोग प्रशंसा कर सकते हैं, सिर्फ पांच स्टेट में उपलब्ध होती थी। आज सारे देश में न्यूमोकोकल वैक्सीन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई, अकेले न्यूमोकोकल वैक्सीन पचास हजार से ज्यादा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मौत को प्रिवेंट करने में बहुत बड़ा योगदान करेगी। अभी हमारी मोर्टेलिटी रेट अंडर फाइव है, दूसरी चीजों के अंदर इससे इम्प्रूवमेंट होगा, जो बिल्कुल क्लासिकल रेग्युलर फैमिली एंड हेल्थ वेलफेयर को मिलता है, आप सभी भी तीन घंटे की डिसकशन में उसी के इर्द-गिर्द घूमते रहे हैं।

इसे भी करंट ईयर में देखें, यह 65,012 करोड़ रुपये है और अगले साल के लिए 71,259 करोड़ रुपये है। बहुत लोगों ने हैल्थ रिसर्च के बारे में चर्चा की है। करंट ईयर में 2100 करोड़ रुपये है और अगले साल के लिए 2636 करोड़ रुपये है। इसके अलावा पूरे साल में सप्लीमेंटरी है, यानी जैसे ही

कोविड आया था, 11400 करोड़ रुपये का कोविड के लिए एक्सट्रा बजट दिया गया। जैसा कि अभी कहा गया, वैक्सीन के लिए 35,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई। यह आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत का बजट है, यह रैगुलर बजट में नहीं है। हमने जो 64000 की अलग से बात की, यह रूटीन बजट से अलग है। फाइनेंस कमीशन की ग्रांट्स फॉर हैल्थ देखें, इसके अलावा अलग से 13,192 करोड़ रुपये है। अगर आप इस साल को डिवाइड करें तो 2,000-3,000 करोड़ रुपया हो जाता है।

महोदय, हमने और डिटेल में विश्लेषण किया। वर्ष 2014 में हमारी सरकार आई, 2014 से आज तक बजट एलोकेशन का परसेंटेज इन्क्रीज ही हुआ है। वर्ष 2015 से 2020-21 के बीच 95.99 प्रतिशत हुआ है, यानी 2014 में सारा मिलाकर 39,237 करोड़ रुपये टोटल सब चीजों का था और अब 76,901 करोड़ रुपये है, जो कि 95.99 परसेंट इन्क्रीज है। यहां कई लोगों ने एक्सपेंडिचर ऑन हैल्थ एज़ परसेंटेज ऑफ जीडीपी की बात कही। वर्ष 2014 में यह 1.3 परसेंट था और वर्ष 2020-21 में जीडीपी की परसेंटेज 1.8 हो गई। .5 परसेंट का इन्क्रीज जीडीपी का होता है, यह इकोनामिक सर्वे है, हमारा डाटा नहीं है। आप देखें कि नेशनल हैल्थ पॉलिसी 2017 में बनी थी, तब कहा गया था कि 2025 तक हम 2.5 तक पहुंचेंगे। इसे .5 ग्रोथ समझने की जरूरत नहीं है, हम 1.8 परसेंट तक आए हैं तो यह काफी है।

महोदय, इसी तरह एक्सपेंडिचर ऑन केपेक्स यानी कैपिटल एंड जीआईए कैपिटल, 2014-15 में अगर 6553 करोड़ रुपये था और अब यह 12,067 करोड़ रुपये हो गया है, यानी इस पीरियड में 84.14 परसेंट इन्क्रीज है। हमने की-सैक्टर्स भी देखा। एनएचएम में 49.30 परसेंट का इन्क्रीज है। नई स्कीम्स में 166.67, पीएमएसएसवाई, जिसके कारण जगह-जगह एम्स और अन्य एक्टिविटीज़ हो रही हैं, इसका बजट 1906 करोड़ रुपये वर्ष 2014-15 में था और वर्ष 2021-22 में 7,000 करोड़ हो गया, यानी 267.26 परसेंट इन्क्रीज हुआ। नाको में वर्ष 2014 में 1785 करोड़ रुपये था और अब यह 2900 करोड़ है। यह सिग्निफिकेंट इन्क्रीज है।

सैंटर अस्पतालों के अंदर 153.74 प्रतिशत का इन्क्रीज है। इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इम्पॉर्टेंस में 193.60 परसेंट इन्क्रीज है। मैंने 2014 से 2021, इस साल और पिछले साल का आंकड़ा देखा,

कोविड के पूरे काल का आंकड़ा देखा, आप इस बारे में मन में कोई शक या शंका न रखें। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार का हैल्थ के प्रति ध्यान है। वे इस बात को गहराई से समझते हैं कि हैल्थ, एजुकेशन और न्यूट्रिशन की समाज के विकास के लिए कितनी इम्पॉर्टेंस है।

इसलिए, एजुकेशन के लिए भी नई पॉलिसी लाई गई। पोषण के लिए नेशनल न्यूट्रिशन मिशन जैसा बड़ा पोषण अभियान देश के अंदर चल रहा है। पानी का जो महत्व है, उसको समझते हुए पानी के लिए कितना बड़ा आंदोलन चल रहा है। आंदोलन खाली बातों का आंदोलन नहीं है, *Andolan* is also supported and strengthened by budgetary allocation. इसलिए, ऐज ए हेल्थ मिनिस्टिर मैं बहुत खुश हूं कि पोषण के लिए बढ़ रहा है, सैनिटेशन के लिए बढ़ रहा है, वाटर के लिए बढ़ रहा है, मेरे अपने डिपार्टमेंट के लिए बढ़ रहा है, रिसर्च के लिए बढ़ रहा है, वैक्सीनेशन के लिए बढ़ रहा है और न्यूमोकोकल वैक्सीनेशन आदि सभी चीजों के लिए बढ़ रहा है। इसलिए, इसमें हमारे लिए कोई दु:ख की बात कतई नहीं होनी चाहिए।

मुझे आपसे यह भी कहना है, कुछ लोगों ने पूछा भी है और अभी कैबिनेट ने भी अप्रूव किया है, डेडिकेटेड प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि, आप में से किसी ने पूछा कि ये हेल्थ और एजुकेशन का सेस लेते हैं, वह कहां जाता है? जो चार प्रतिशत लिया जाता है, उसका एक प्रतिशत डेडिकेटेडली प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि के लिए रिजर्व फंड में जाता है। उसको कैबिनेट ने भी औपचारिक तौर पर अप्रूव किया है। वह रिजर्व फंड है। वह नॉन लैप्सेबल फंड है। वर्ष 2020-21 में उस फंड में 20,000 करोड़ रुपये जमा हुए। अगले साल तक 25,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। One per cent of that four per cent is exclusively dedicated to health. This is again over and above what we get in health. मुझे नहीं लगता कि आज तक कोई ऐसा प्रधान मंत्री हुआ होगा। प्रधान मंत्री जी ने इस बार एक-एक सेक्टर के जितने स्टेक होल्डर्स थे, यानी कोई कार्पोरेट से है, इंडस्ट्री से है, एकेडेमिक वर्ल्ड से है या दूसरा कोई जो मार्केट से रिलेटेड है, जिनका भी उस विषय के साथ किसी भी तरीके से कंसर्ड है, उनके साथ तीन से पांच घंटे तक ब्रेनस्टोर्मिंग की वर्कशॉप उसी बजट के आने के बाद की। मुझे अपने विभाग का पता है कि 23 फरवरी को उन्होंने कम से कम साढ़े तीन-चार घंटे तक मीटिंग की

थी। सारे स्टेक होल्डर्स उसके अंदर थे। उन सबके और अच्छे सुझाव लिये गए। यदि और भी कोई अच्छे सुझाव हैं, तो हमें दीजिए। अगर, उसमें और इम्प्रूवमेंट करना है, तो इम्प्रूवमेंट भी करेंगे। 1 अप्रैल से हर हालत में जितनी भी घोषणाएं बजट में की गई हैं, उन घोषणाओं को हर तरीके से इम्प्लीमेंट करना है। इसके लिए स्वयं प्रधान मंत्री जी सभी विषयों को मॉनिटर कर रहे हैं। यह अपने-आप में यूनिक है। यह उन्होंने केवल मेरे डिपार्टमेंट के लिए नहीं किया। उन्होंने सारे डिपार्टमेंट्स के साथ तीन से पांच घंटे तक मीटिंग्स की। उन डिपार्टमेंट्स से रिलेटेड सारे स्टेक होल्डर्स को उन्होंने बुलाया और उनके साथ बात की।

यहां बहुत सारे लोगों ने हेल्थ फैसिलिटीज के बारे में कहा कि डॉक्टर्स कहां से आएंगे, कई लोगों ने डॉक्टरों के रेश्यो आदि के बारे में चर्चा की है, मैं उनको बताना चाहता हूं कि रिफॉर्म्स की दृष्टि से हमारी सरकार ने आप सबसे मिलकर डिसकशन करके नेशनल मेडिकल कमीशन बनाया। वह इस हाउस में भी आएगा। हमने कल ही उसे राज्य सभा में पास किया है, जो लांग एवेटेड था। आपको सुनकर आश्चर्य होगा कि वर्ष 1953 से उसके बारे में बात चल रही थी। एलाइड एंड हेल्थ केयर प्रोफेशन्स का जो बिल है, उसको कल राज्य सभा ने पास किया है। यहां भी उस बिल पर चर्चा होगी। उसको हमारी सरकार ने पास किया है। बहुत जल्द नेशनल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी कमीशन, नेशनल डेंटल कमीशन और पब्लिक हेल्थ बिल, जिसके बारे में मनीष तीवारी जी ने चर्चा की है, वह स्टेट के साथ कंसलटेशन में चल रहा है। यहां एक और बड़ा रिफॉर्म दिसम्बर, 2019 में प्रोहिबिशन ऑफ ई-सिगरेट एक्ट का हुआ था। मैं आपको कुछ आंकड़े दूंगा, जिससे आपको ध्यान में आएगा कि वर्ष 2014 यानी देश के आजाद होने से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में 381 मेडिकल कॉलेज थे।

मैं आज वर्ष 2020 का डाटा बता रहा हूं। आजकल जो वैरियस फेजेज़ ऑफ डेवलेपमेंट्स हैं, शायद इसमें उनकी गिनती भी नहीं होगी। वर्ष 2014 में 381 थे और वर्ष 2020 के अंदर 562 हो गए हैं। This is an increase of 47.5 per cent. फिर यूजी सीट्स की बात आई। बहुत से लोगों ने कहा कि डॉक्टर्स कहां से आएंगे? डॉक्टर्स कहां हैं? कैसे होगा? वर्ष 2014 में 54,348 यूजी सीट्स थीं और

अभी वर्ष 2020 में ये यूजी सीट्स बढ़कर 84,649 हो गई हैं। This is again an increase of 48 per cent.

फिर पीजी सीट्स की बात करते हैं। वर्ष 2014 में कितनी पीजी सीट्स थीं, यानी वर्ष 2014 की जो पीजी सीट्स हैं, वह वर्ष 1947 से लेकर वर्ष 2014 तक की हैं। आप यह ध्यान कीजिएगा कि लगभग 65-70 सालों की जो जर्नी है, हम उस लेवल तक पहुंचे हैं। अभी वहां से हम माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में छः साल में कहां तक पहुंचे हैं। पीजी सीट्स 30,191 से बढ़कर 54,275 हो गई हैं। This is again an increase of 79 per cent in PG seats. मैं पीजी के कोर्सेज़ के बारे में जानता हूं। उनको शुरू करना और भी ज्यादा कठिन होता है। मेडिकल कॉलेज खोलना तो फिर भी एक प्रकार की प्रक्रिया है। लेकिन उसमें पीजी के कोर्स स्टार्ट करने के लिए और भी बहुत सारी व्यवस्थाएं करनी पड़ती हैं।

आप सब जानते हैं कि इसके साथ-साथ इसमें जितने दूसरे रिफॉर्म्स हुए हैं, वर्ष 2016 में 'वन नेशन, वन मेरिट' हुआ। जो नीट एग्ज़ामिनेशन है, वह नीचे से लेकर ऊपर तक हर जगह पर एक सिंगल एग्ज़ामिनेशन मेडिकल कॉलेज में एंट्री के लिए, पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए, सुपर स्पेशलिटी कोर्स में एडमिशन के लिए, जितने भी रेग्युलेशंस थे, हमारी सरकार ने नेशनल मेडिकल कमीशन की हेल्प से उसमें इतनी ज्यादा स्ट्रीम लाइनिंग की है। उसके पहले जो बोर्ड ऑफ गवर्नर्स था, स्टैब्लिशमेंट ऑफ मेडिकल कॉलेजेज़ की जो मिनिमम रिक्वॉयरमेंट्स थी, उसके कारण वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2021 के बीच देश में विभिन्न स्टेजेज़ ऑफ डेवलेपमेंट के अंदर 157 मेडिकल कॉलेजेज़ हैं।

इसके साथ-साथ आठ डिसिप्लिन्स के अंदर जो हमारा नया नेशनल बोर्ड ऑफ एग्ज़ामिनेशन्स है, उसमें नए डिप्लोमा कोर्सेज़ स्टार्ट हो रहे हैं। एक डिस्ट्रिक्ट रेजीडेंसीज़ स्कीम है, जिसमें पोस्ट ग्रेजुएशन करते हुए जो रेजीडेंन्ट्स हैं, क्योंकि कई लोगों ने यह इश्यू उठाया है कि वहां डॉक्टर नहीं मिलता है, दूसरी चीजें नहीं मिलती हैं। हमारी सरकार ने ही इसको किया है। यह इसी साल से इम्प्लीमेंट होने वाला है। तीन महीने के लिए पीजी का जो मेडिकल स्टूडेंट होगा, वह कंप्लसरली डिस्ट्रिक्ट हास्पिटल में जाकर काम करेगा।

देखिए, आपने बार-बार सुना है कि प्रधान मंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना इत्यादि। आप सभी जानते हैं, मुझे वैक्सीन्स के बारे में कहने की जरूरत नहीं है। आज भारत किस स्थान पर पहुंच गया है। अभी कुछ लोगों ने वैक्सीन्स के बारे में कहा है। शायद मनीष तिवारी जी ने कहा है कि वह बहुत स्लो है। जो आज सुबह का फिगर था, उसमें 21 लाख था। कल वाला जो फिगर था, उसमें 30 लाख से ऊपर था। तो जिस दिन 30 लाख हुआ था, जब हमारे यहां 3 मिलियन के ऊपर था, उस दिन पूरी दुनिया के अंदर शायद 8 मिलियन के करीब था। पूरी दुनिया के वैक्सीनेशन का 36 प्रतिशत भारत के अंदर हुआ है, यानी आज भी 3.5 करोड़ वैक्सीन लग चुकी है। कल भी 21 लाख वैक्सीन लगी थी। हमारा 60 प्लस का जो ग्रुप है, इसमें हम 15 दिन के अंदर एक करोड़ तक पहुंच गए हैं। हम 73 देशों को 5.94 करोड़ वैक्सीन भेज रहे हैं। कई लोगों ने यह इश्यू रेज़ किया है कि आप दुनिया को बांट रहे हैं। मैंने कल राज्य सभा में भी कहा था कि भारत के लोगों की वैक्सीन की जरूरत के खर्च पर दुनिया के किसी भी देश को वैक्सीन नहीं दी जा रही है।

हर लेवल पर बहुत सीनियर एक्सपर्ट्स ने मिलकर एक बैलेंस स्ट्राइक की है। भारत की सोच है कि हमारे लिए सारा संसार एक परिवार है। हम हमेशा से यह मानते हैं कि टेक्नोलॉजी लोकल हो सकती है, लेकिन साइंस ग्लोबल होती है। उसका बेनिफिट, उसका आउटकम, उसका लाभ सारी मानवता को मिलना चाहिए। उसके कारण आप भारत में आज देख रहे हैं कि किसको किस क्राइटेरिया से वैक्सीन देनी है और वैक्सीन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बनाया गया है। वैक्सीन को दुनिया के सारे एक्सपर्ट्स और विश्व स्वास्थ्य संगठन की अप्रोच को अध्ययन करने के बाद बनाया गया है। आप वेंटीलेटर्स के बारे में, पीपीई किट्स, एन 95 मास्क और जो डायग्नोस्टिक किट्स थे, इन सबके बारे में आप मार्च महीने का ख्याल कीजिए। उस समय चारों तरफ किस प्रकार का शोर मचा हुआ था? देखते ही देखते हम सब आत्मनिर्भर हो गए। इतने आत्मनिर्भर हो गए कि हम इन सारी चीजों को बाहर एक्सपोर्ट करने की स्थिति में आ गए। ये डायग्नोस्टिक किट्स डेढ़-दो हजार रुपये की आती थी, जो अब 50-100 रुपये में आती है। हमने एक लेबोरेटरी से यात्रा शुरू की थी। यह वही टेस्ट है, जो वर्ष 2012 में इस वायरस की किसी भी प्रकार की टेस्टिंग के लिए उसका स्वैब हवाईजहाज के द्वारा अमेरिका के अंदर सेन्टर फॉर

डिजीज कंट्रोल, एटलांटा के अंदर जाता था और वहां से टेस्ट होकर आता था। हम उस एक लैब से 2,416 लैब्स तक पहुंच गए हैं। हमने सारे वायरसेज को आइसोलेट करने का काम किया, उसके बाद म्यूटेंट को आइसोलेट करने का काम किया। हमारी कोलकाता के अंदर कल्याणी में बायो टेक्नोलॉजी की लैब है, हम वहाँ पर मई-जून से जीनोम सिक्वेंसिंग कर रहे थे। हम तब से अब तक सात-आठ जीनोम सिक्वेसिंग कर चुके हैं। अब जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए कंसोर्टियम बना दिया गया है। देश में हमारी कई सारी लैब्स का एनसीडीसी नॉडल पॉइंट है। इसी तरीके से हमने ऑक्सीजन के लेवल तक देश को आत्मनिर्भर बनाया है। डेडिकेटेड प्रेशर स्विंग एड्सॉर्प्शन जनरेशन प्लांट्स होते हैं, यानी जहां एक तरफ एक लाख ऑक्सीजन सिलेंडर्स देशभर की सरकारों को दिए गए, उसके साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया कि अस्पतालों में ऑक्सीजन जनरेशन के प्लांट्स लगकर कैपेसिटी विकसित हो जाए। अभी कुल 45 हजार 804 मीट्रिक टन प्रतिदिन के हिसाब से कैपेसिटी बनाई है। मैं डिटेल्स में नहीं जाता, लेकिन मैंने आत्मनिर्भरता के कुछ उदाहरण दिए हैं।

मैं जन औषधि केन्द्र की बात करता हूँ। ये वर्ष 2008 से लेकर वर्ष 2014 तक देश में 86 खुले थे, यानी 6 साल में 86 थे। वर्ष 2020 में इनकी संख्या 7,300 थीं। अभी 7 मार्च, 2021 को प्रधान मंत्री जी ने 7,500वां तक किया है। हमारा टारगेट है कि हम वर्ष 2024 के अन्दर इसको 10 हजार तक कर दें। इसके कारण वर्ष 2013-14 में इन जन औषधि स्टोर्स पर सेल 7.29 करोड़ रुपये की होती थी, जो वर्ष 2020-21 में 600 करोड़ रुपये की हुई है। इनमें 1449 मेडिसिन्स और 204 सर्जिकल आइटम्स हैं। इसको भी हम वर्ष 2024 तक 2 हजार मेडिसिन्स और 300 सर्जिकल आइटम्स तक के टारगेट तक पहुंचाना चाहते हैं। इनमें 50 प्रतिशत से लेकर 80-90 प्रतिशत तक जेनरिक मेडिसिन्स के अन्दर कमी आती है। हर महीने कम से कम एक करोड़ से लेकर सवा करोड़ लोगों तक की सेविग्स होती है।

महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबित परियोजनाओं को तत्काल पूरा किए जाने की आवश्यकता। (10)

(TOKEN)

कि ग्रामीण विकास मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 296) में 100 रूपये कम किए जाएं।

कोंकण क्षेत्र में रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में "प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना " के अंतर्गत सड़कों का उन्नयन और रख-रखाव किए जाने की आवश्यकता। (3)

(TOKEN)

कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 315) में 100 रूपये कम किए जाएं।

विशेष रूप से कोंकण क्षेत्र सहित महाराष्ट्र राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के विकास के लिए एक ठोस नीति बनाए जाने की आवश्यकता। **(**5)

महाराष्ट्र राज्य सहित देश में अपने बच्चों द्वारा बुजुर्ग व्यक्तियों की उपेक्षा की समस्या को दूर करने के लिए योजना बनाए जाने की आवश्यकता। (6)

(TOKEN)

कि पर्यटन मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 339) में 100 रूपये कम किए जाएं।

महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों सहित कोंकण क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति बनाने की आवश्यकता। (14)

महाराष्ट्र राज्य सहित देश में पर्यटन योजनाओं में किए जा रहे कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की आवश्यकता। (15)

देश में पर्यटन के विकास के लिए राज्य सरकारों को, विशेषकर महाराष्ट्र राज्य को धन आवंटित किए जाने की आवश्यकता। (16)

महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में स्थित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की मरम्मत और रखरखाव के लिए कार्ययोजना तैयार किए जाने की आवश्यकता। (17)

महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में लंबित पर्यटन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए ठोस नीति बनाए जाने की आवश्यकता। (18)

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): मैं प्रस्ताव करता हूं किः

(TOKEN)

कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 103) में 100 रूपये कम किए जाएं।

अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों की अनुपालना में महानगरों में पेड़ लगाने की गति को बढ़ाए जाने की आवश्यकता। (8)

(TOKEN)

कि आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 205) में 100 रूपये कम किए जाएं।

राजस्थान में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कच्चे घरों को पक्के घरों में बदलने के लिए विशेष धनराशि आवंटित किए जाने की आवश्यकता (3)

नागौर शहर में केन्द्रीय निधियों के माध्यम से चलाए जा रहे सीवेज और पेयजल से संबंधित कार्यों की गुणवत्ता की जांच किए जाने की आवश्यकता (4)

राजस्थान में लंबित जल परियोजनाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त निधियां आवंटित किए जाने की आवश्यकता (5)

राजस्थान के नागौर शहर के सौन्दर्यकरण के लिए निधियां जारी किए जाने की आवश्यकता (6)

(TOKEN)

कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 292) में 100 रूपये कम किए जाएं।

केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि का उपयोग करते हुए नागौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सड़कों की स्थिति में सुधार करने की आवश्यकता (11)

नागौर शहर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग-62 (नागौर-बीकानेर) को राष्ट्रीय राजमार्ग-58 (लाडनू-सालासर) के साथ जोड़ने के लिए बाइपास मार्ग के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान किए जाने की आवश्यकता (12)

राजस्थान में फलौदी-नागौर-तारनाऊ-खाटू-नारायणपुर-भाटीपुरा-दौसा सड़क खंड को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने की आवश्यकता (13)

राष्ट्रीय राजमार्ग-89 पर अजमेर और नागौर के बीच बाइपास, रेल उपरि पुल तथा

अन्य लंबित कार्यों के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने की आवश्यकता (14)

केन्द्रीय सरकार के नियमों के अनुसार भारतमाला परियोजना के राजस्थान में किसानों की भूमि के अधिग्रहण के लिए उन्हें मुआवजा दिए जाने की आवश्यकता (15)

श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह): मैं प्रस्ताव करता हूं कि:

(TOKEN)

कि गृह मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 172) में 100 रूपये कम किए जाएं।

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 2004 में आई सुनामी के पीड़ितों के लिए पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने की आवश्यकता (1)

कचन तमिल सेटलर्स के पुनरूद्धार और पुनर्वास की आवश्यकता (2)

(TOKEN)

कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 212) में 100 रूपये कम किए जाएं।

डिग्लीपुर और दिघा के बीच द्वितीय ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाकर सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना में सुधार करके और वहां बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, कॉल सेंटरों की स्थापना करके अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में रोजगार सृजित करने की आवश्यकता। (1)

(TOKEN)

कि विधि और न्याय मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 232) में 100 रूपये कम किए जाएं।

दिल्ली और पुदुचेरी की तर्ज पर अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह हेतु विधान सभा स्थापित किए जाने की आवश्यकता। (1)

(TOKEN)

THAT THE DEMAND UNDER THE HEAD MINISTRY OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS (PAGE 270) BE REDUCED BY RS. 100

Need to establish Ship building/Ship reparing yard in Andaman and Nicobar Islands to generate employmant. (2)

(TOKEN)

कि विद्युत मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 274) में 100 रूपये कम किए जाएं।

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में विद्युत विभाग के निजीकरण को रोके जाने की आवश्यकता। (1)

(TOKEN)

कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 315) में 100 रूपये कम किए जाएं।

वृद्धावस्था विधवा पेंशन और दिव्यांग जन पेंशन को ढाई हजार से बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की आवश्यकता। (1)

(TOKEN)

कि पर्यटन मंत्रालय शीर्ष के अन्तर्गत मांग (पृष्ठ 339) में 100 रूपये कम किए जाएं।

समुद्री पर्यटन, साहसिक पर्यटन, पाक कला पर्यटन, पारिस्थितिकीय पर्यटन, द्वितीय विश्व युद्ध के पर्यटन और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्रता संग्राम पर्यटन शुरू किए जाने की भी आवश्यकता। (8)

(TOKEN)

कि युवक कार्यक्रम और खेल विभाग शीर्ष के अंतर्गत मांग (पृष्ठ 352) में 100 रूपये कम किए जाए।

फुटबॉल, क्रिकेट, साइकलिंग, रोइंग, स्विमिंग और एथलेटिक्स के विकास के साथ-साथ अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में खेल अकादमी का विकास करने के लिए अवसंरचना बनाने की आवश्यकता। (3)

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): मैं प्रस्ताव करता हूं किः

(TOKEN)

कि युवक कार्यक्रम और खेल विभाग शीर्ष के अंतर्गत मांग (पृष्ठ 352) में 100 रूपये कम किए जाए।

पंजाब के अमृतसर जिले के बाबा बकला सब-डिविजन में निर्मित किए जाने वाले हॉकी के मैदान पर एस्ट्रो टर्फ बिछाए जाने की आवश्यकता। (9)

तरन तारन में मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाए जाने की आवश्यकता। (10)

व्यास नदी के किनारे व्यास पर विश्वस्तरीय गोल्फ कोर्स बनाए जाने की आवश्यकता। (11)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जैसी कि परम्परा रही है, अब मैं सभी कटौती प्रस्ताव एक साथ सभा के मतदान के लिए रखता हूँ।

कटौती प्रस्ताव मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

Demands for Grants for 2021-2022 submitted to the vote of the Lok Sabha

संख्यांक No. & Name of Demand		~~सदन की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत की जाने वाली अनुदानों की मांगों की राशि~~ Amount of Demand for Grant submitted to the vote of the House	
1	2	3	
		~~राजस्व~~ Revenue ₹	~~पूंजी~~ Capital ₹
कृषि और कृषक कल्याण मंत्रालय	**Ministry of Agriculture and Farmers Welfare**		
1. कृषि, सहकारिता और कृषक कल्याण विभाग	1 Department of Agriculture, Cooperation and Farmers' Welfare	122961,57,00,000	56,00,00,000
2. कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग	2 Department of Agricultural Research and Education	8513,62,00,000	...
परमाणु ऊर्जा विभाग	**Department of Atomic Energy**		
3. परमाणु ऊर्जा	3 Atomic Energy	16391,20,00,000	11403,20,00,000
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय	**Ministry of Ayurveda, Yoga and Naturopathy, Unani, Siddha and Homeopathy**		
4. आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध तथा होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय	4 Ministry of Ayurveda, Yoga and Naturopathy, Unani, Siddha and Homeopathy (AYUSH)	2970,30,00,000	...
रसायन और उर्वरक मंत्रालय	**Ministry of Chemicals and Fertilisers**		
5. रसायन और पैट्रोरसायन विभाग	5 Department of Chemicals and Petrochemicals	229,64,00,000	3,50,00,000
6. उर्वरक विभाग	6 Department of Fertilisers	83596,77,00,000	444,62,00,000
7. भेषज विभाग	7 Department of Pharmaceuticals	461,29,00,000	9,12,00,000
नागर विमानन मंत्रालय	**Ministry of Civil Aviation**		
8. नागर विमानन मंत्रालय	8 Ministry of Civil Aviation	3184,15,00,000	40,52,00,000
कोयला मंत्रालय	**Ministry of Coal**		
9. कोयला मंत्रालय	9 Ministry of Coal	534,88,00,000	...
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय	**Ministry of Commerce and Industry**		
10. वाणिज्य विभाग	10 Department of Commerce	4699,01,00,000	287,00,00,000
11. औद्योगिक नीति तथा संवर्धन विभाग	11 Department for Promotion of Industry and Internal Trade	6570,66,00,000	1211,58,00,000
संचार मंत्रालय	**Ministry of Communications**		
12. डाक विभाग	12 Department of Posts	34262,38,00,000	910,09,00,000
13. दूरसंचार विभाग	13 Department of Telecommunications	41803,44,00,000	31133,56,00,000
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय	**Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution**		
14. उपभोक्ता मामले विभाग	14 Department of Consumer Affairs	3191,55,00,000	46,05,00,000
15. खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग	15 Department of Food and Public Distribution	251248,34,00,000	52725,96,00,000
कारपोरेट कार्य मंत्रालय	**Ministry of Corporate Affairs**		
16. कारपोरेट कार्य मंत्रालय	16 Ministry of Corporate Affairs	686,13,00,000	51,00,00,000
संस्कृति मंत्रालय	**Ministry of Culture**		
17. संस्कृति मंत्रालय	17 Ministry of Culture	2609,23,00,000	78,76,00,000
रक्षा मंत्रालय	**Ministry of Defence**		
18. रक्षा मंत्रालय (नागरिक)	18 Ministry of Defence (Civil)	30088,23,00,000	7698,41,00,000
19. रक्षा सेवाएं (राजस्व)	19 Defence Services (Revenue)	231945,49,00,000	...
20. रक्षा सेवाओं पर पूंजी परिव्यय	20 Capital Outlay on Defence Services	...	134978,85,00,000
21. रक्षा पेंशन	21 Defence Pensions	115841,73,00,000	...

1	2	3	
		राजस्व Revenue ₹	पूंजी Capital ₹
पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय	**Ministry of Development of North Eastern Region**		
22. पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय	22 Ministry of Development of North Eastern Region	2031,51,00,000	652,49,00,000
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय	**Ministry of Earth Sciences**		
23. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय	23 Ministry of Earth Sciences	1738,69,00,000	163,00,00,000
शिक्षा मंत्रालय	**Ministry of Education**		
24 विद्यालयी शिक्षा और साक्षरता विभाग	24 Department of School Education and Literacy	103673,66,00,000	...
25 उच्चतर शिक्षा विभाग	25 Department of Higher Education	65325,15,00,000	25,50,00,000
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	**Ministry of Electronics and Information Technology**		
26. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	26 Ministry of Electronics and Information Technology	9274,66,00,000	446,00,00,000
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	**Ministry of Environment, Forests and Climate Change**		
27. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय	27 Ministry of Environment, Forests and Climate Change	3014,10,00,000	122,48,00,000
विदेश मंत्रालय	**Ministry of External Affairs**		
28. विदेश मंत्रालय	28 Ministry of External Affairs	16663,95,00,000	1490,75,00,000
वित्त मंत्रालय	**Ministry of Finance**		
29. आर्थिक कार्य विभाग	29 Department of Economic Affairs	4649,12,00,000	94900,41,00,000
30. व्यय विभाग	30 Department of Expenditure	454,74,00,000	...
31. वित्तीय सेवाएं विभाग	31 Department of Financial Services	3710,78,00,000	47800,03,00,000
32. निवेश और लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम)	32 Department of Investment and Public Asset Management (DIPAM)	110,52,00,000	...
33. राजस्व विभाग	33 Department of Revenue	201499,60,00,000	13,02,00,000
34. प्रत्यक्ष कर	34 Direct Taxes	8180,34,00,000	352,00,00,000
35. अप्रत्यक्ष कर	35 Indirect Taxes	20906,77,00,000	452,00,00,000
36. भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग	36 Indian Audit and Accounts Department	5209,97,00,000	24,95,00,000
39. पेंशन	39 Pensions	56473,12,00,000	...
40. राज्यों को अंतरण	40 Transfers to States	71490,77,00,000	10000,01,00,000
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय	**Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying**		
41. मत्स्य पालन विभाग	41 Department of Fisheries	1192,16,00,000	28,68,00,000
42. पशु पालन और डेयरी कार्य विभाग	42 Department of Animal Husbandry and Dairying	3555,59,00,000	44,39,00,000
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	**Ministry of Food Processing Industries**		
43. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	43 Ministry of Food Processing Industries	1308,66,00,000	...
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	**Ministry of Health and Family Welfare**		
44. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग	44 Department of Health and Family Welfare	114771,54,00,000	4355,61,00,000
45. स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग	45 Department of Health Research	2663,00,00,000	...
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय	**Ministry of Heavy Industries and Public Enterprises**		
46. भारी उद्योग विभाग	46 Department of Heavy Industry	927,85,00,000	67,42,00,000
47. लोक उद्यम विभाग	47 Department of Public Enterprises	21,81,00,000	...
गृह मंत्रालय	**Ministry of Home Affairs**		
48. गृह मंत्रालय	48 Ministry of Home Affairs	7333,38,00,000	286,99,00,000
49. मंत्रिमंडल	49 Cabinet	1961,04,00,000	137,00,00,000
50. पुलिस	50 Police	95424,05,00,000	9721,72,00,000
51. अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	51 Andaman and Nicobar Islands	4721,23,00,000	666,17,00,000
52. चंडीगढ़	52 Chandigarh	4530,11,00,000	508,45,00,000
53. दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	53 Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu	2798,76,00,000	764,83,00,000
54. लद्दाख	54 Ladakh	2331,64,00,000	3626,36,00,000
55. लक्षद्वीप	55 Lakshadweep	1238,21,00,000	229,10,00,000
56. दिल्ली को अंतरण	56 Transfers to Delhi	957,50,00,000	1,00,000
57. जम्मू एवं कश्मीर को अंतरण	57 Transfers to Jammu and Kashmir	30757,00,00,000	...
58. पुडुचेरी को अंतरण	58 Transfers to Pudducherry	1729,78,00,000	1,00,000
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय	**Ministry of Housing and Urban Affairs**		
59. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय	59 Ministry of Housing and Urban Affairs	36885,14,00,000	25723,95,00,000

1	2	3	
		राजस्व Revenue ₹	मूंजी Capital ₹
सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय	**Ministry of Information and Broadcasting**		
60. सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय	60 Ministry of Information and Broadcasting	4058,61,00,000	12,62,00,000
जल शक्ति मंत्रालय	**Ministry of Jal Shakti**		
61. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग	61 Department of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation	8756,92,00,000	344,77,00,000
62. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग	62 Department of Drinking Water and Sanitation	128024,45,00,000	...
श्रम और रोजगार मंत्रालय	**Ministry of Labour and Employment**		
63. श्रम और रोजगार मंत्रालय	63 Ministry of Labour and Employment	13269,37,00,000	37,13,00,000
विधि और न्याय मंत्रालय	**Ministry of Law and Justice**		
64. विधि और न्याय	64 Law and Justice	1745,82,00,000	1100,00,00,000
65. निर्वाचन आयोग	65 Election Commission	242,16,00,000	7,00,00,000
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	**Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises**		
67. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय	67 Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises	15329,65,00,000	370,00,00,000
खान मंत्रालय	**Ministry of Mines**		
68. खान मंत्रालय	68 Ministry of Mines	1498,49,00,000	68,33,00,000
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	**Ministry of Minority Affairs**		
69. अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	69 Ministry of Minority Affairs	4657,75,00,000	153,02,00,000
नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	**Ministry of New and Renewable Energy**		
70. नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय	70 Ministry of New and Renewable Energy	5743,00,00,000	10,00,00,000
पंचायती राज मंत्रालय	**Ministry of Panchayati Raj**		
71. पंचायती राज मंत्रालय	71 Ministry of Panchayati Raj	913,43,00,000	...
संसदीय कार्य मंत्रालय	**Ministry of Parliamentary Affairs**		
72. संसदीय कार्य मंत्रालय	72 Ministry of Parliamentary Affairs	65,07,00,000	...
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय	**Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions**		
73. कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय	73 Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions	1829,93,00,000	186,71,00,000
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय	**Ministry of Petroleum and Natural Gas**		
75. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय	75 Ministry of Petroleum and Natural Gas	15866,78,00,000	427,00,00,000
योजना मंत्रालय	**Ministry of Planning**		
76. योजना मंत्रालय	76 Ministry of Planning	1061,99,00,000	78,00,000
77 पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय	**77 Ministry of Ports, Shipping and Waterways**		
पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय	Ministry of Ports, Shipping and Waterways	1859,35,00,000	353,00,00,000
विद्युत मंत्रालय	**Ministry of Power**		
78. विद्युत मंत्रालय	78 Ministry of Power	17727,03,00,000	3180,77,00,000
राष्ट्रपति, संसद, संघ लोक सेवा आयोग और उपराष्ट्रपति का सचिवालय	**The President, Parliament, Union Public Service Commission & the Secretariat of the Vice-President**		
80. लोक सभा	80 Lok Sabha	854,00,00,000	...
81. राज्य सभा	81 Rajya Sabha	445,29,00,000	...
82. उप-राष्ट्रपति का सचिवालय	82 Secretariat of the Vice President	7,43,00,000	...
रेल मंत्रालय	**Ministry of Railways**		
84. रेल मंत्रालय	84 Ministry of Railways	275986,65,00,000	304836,88,00,000
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय	**Ministry of Road Transport and Highways**		
85. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय	85 Ministry of Road Transport and Highways	19668,06,00,000	207840,29,00,000

1	2	3	
		राजस्व Revenue ₹	पूंजी Capital ₹
ग्रामीण विकास मंत्रालय	**Ministry of Rural Development**		
86. ग्रामीण विकास विभाग	86 Department of Rural Development	234019,08,00,000	...
87. भूमि संसाधन विभाग	87 Department of Land Resources	2170,42,00,000	...
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय	**Ministry of Science and Technology**		
88. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग	88 Department of Science and Technology	5949,57,00,000	122,00,00,000
89. जैव प्रौद्योगिकी विभाग	89 Department of Biotechnology	3502,37,00,000	...
90. वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग	90 Department of Scientific and Industrial Research	5202,12,00,000	22,15,00,000
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय	**Ministry of Skill Development and Entrepreneurship**		
91. कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय	91 Ministry of Skill Development and Entrepreneurship	2711,53,00,000	73,70,00,000
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय	**Ministry of Social Justice and Empowerment**		
92. सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग	92 Ministry of Social Justice and Empowerment	10197,62,00,000	370,00,00,000
93. दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग	93 Department of Empowerment of Persons with Disabilities	1171,76,00,000	1,00,000
अंतरिक्ष विभाग	**Department of Space**		
94. अंतरिक्ष विभाग	94 Department of Space	5719,86,00,000	8228,23,00,000
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय	**Ministry of Statistics and Programme Implementation**		
95. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय	95 Ministry of Statistics and Programme Implementation	1396,09,00,000	13,04,00,000
इस्पात मंत्रालय	**Ministry of Steel**		
96. इस्पात मंत्रालय	96 Ministry of Steel	39,25,00,000	...
कपड़ा मंत्रालय	**Ministry of Textiles**		
97. कपड़ा मंत्रालय	97 Ministry of Textiles	3591,61,00,000	40,03,00,000
पर्यटन मंत्रालय	**Ministry of Tourism**		
98. पर्यटन मंत्रालय	98 Ministry of Tourism	2032,04,00,000	...
जनजातीय कार्य मंत्रालय	**Ministry of Tribal Affairs**		
99. जनजातीय कार्य मंत्रालय	99 Ministry of Tribal Affairs	2816,52,00,000	2,00,000
महिला और बाल विकास मंत्रालय	**Ministry of Women and Child Development**		
100.महिला और बाल विकास मंत्रालय	100 Ministry of Women and Child Development	24930,00,00,000	5,00,00,000
युवा मामले और खेल मंत्रालय	**Ministry of Youth Affairs and Sports**		
101.युवा मामले और खेल मंत्रालय	101 Ministry of Youth Affairs and Sports	2549,41,00,000	46,73,00,000
जोड़ राजस्व/पूंजी	**TOTAL REVENUE / CAPITAL**	**2678915,99,00,000**	**971530,76,00,000**

The Motion was adopted.

_____

18.09 hrs

APPROPRIATION (NO. 2) BILL, 2021*

माननीय अध्यक्ष: आइटम नंबर – 33, माननीय वित्त मंत्री जी।

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to authorise payment and appropriation of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2021-22.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

> "कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN : Sir, I introduce** the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 2 dated 17.03.2021

** Introduced with the recommendations of the President.

माननीय अध्यक्ष : आइटम संख्या-34, माननीय मंत्री जी।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, I beg to move:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2021-22, be taken into consideration."

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:-

"कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 से 4 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 से 4 विधेयक में जोड़ दिए गए।

अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

———

श्री मलूक नागर (बिजनौर): अध्यक्ष जी, आजादी के समय देश की कई सीमाएं तय नहीं हुई और आज तक झगड़ा हो रहा है। मुझे तब ताज्जुब होता है, जब हमारे साथी उसका हिसाब-किताब मांगते हैं। बीज भी इन्होंने बोए हैं और ये ही हिसाब-किताब मांग रहे हैं। उसी से संबंधित हमारे यूपी का एक हिस्सा उत्तराखंड है।...(व्यवधान) आपको सही बात सुनने में बहुत दिक्कत हो रही है और जब आप गलत बात करते हैं, तब आपको दिक्कत नहीं होती है। उत्तराखंड यूपी से अलग हुआ है और इनकी बाउंडरी पर सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर आदि शहरों में हमारे जाति के काफी गूजर, जाट, पाल, सैनी, कश्यप, दलित अख्लियत लोग हैं, जिन्हें काफी दिक्कत हो रही है क्योंकि प्रोपर सीमाएं तय नहीं हुई हैं। मैं चाहता हूं कि आपके माध्यम से दोनों प्रदेशों की सरकार और केंद्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करके उस सीमा का पूरी तरह से स्पष्ट कर दें, ताकि रोजाना के झगड़े खत्म हो और किसानों को शांति मिल जाए।

18.13 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

कोरोना की वजह से लोग वैसे ही परेशान हैं। सीमाएं स्पष्ट होने से लोग सुख और शांति से रह सकेंगे।

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): महोदय, मंडल आयोग के अनुसार ओबीसी में कुल आबादी के लगभग 52 परसेंट लोग हैं। वर्ष 1970, 1980 की जनगणना की सूची में पिछड़ी जाति और समुदाय की संख्या 3700 से अधिक थी, जो कि 2006 के अनुसार 5000 तक बढ़ी है और आज इनकी संख्या इससे अधिक हो सकती है। ओबीसी जाति और समुदाय की अलग से जनगणना कभी हुई ही नहीं है। इसके कारण ओबीसी आरक्षण नियमों में कई ओबीसी जातियों और समुदाय वर्ग के लोग वंचित रहे हैं, जबकि इस सदन के माध्यम से काफी सदस्यों ने इसकी मांग रखी है। मैं सदन के माध्यम से सामाजिक और न्याय अधिकारिता मंत्री से अनुरोध करती हूं कि ओबीसी आरक्षण नियमों का सभी जातियों और समुदाय में लाभ दिलाने हेतु ओबीसी जनगणना जातियों और समुदाय के अनुसार की जाए। ऐसा करने से इनकी सही संख्या का आकलन सरकार को होगा और इसका प्रत्येक वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचेगा। इसलिए आने वाली डिजिटल जनगणना में समुदाय और जातीय अनुरूप ओबीसी जनगणना करने के लिए सरकार से निवेदन करती हूं।

श्रीमती हिमाद्री सिंह (शहडोल): धन्यवाद सभापति महोदय। मेरा संसदीय क्षेत्र शहडोल मध्य प्रदेश का एक जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है, जिसमें शहडोल, अनूपपुर, उमरिया जिला सहित कटनी जिले का बदवारा क्षेत्र भी शामिल है। मेरे क्षेत्र में युवा सेना में जाने की रुचि रखते हैं, किन्तु सुविधाओं के अभाव में युवाओं का यह सपना पूरा नहीं हो पाता है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को भी धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने बजट में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा की। मैं आपके माध्यम से सरकार से और माननीय वित्त मंत्री जी से यह आग्रह करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल प्रारम्भ किया जाए, जिससे कि मेरे संसदीय क्षेत्र के युवाओं को राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्राप्त हो। धन्यवाद।

माननीय सभापति: श्री सुनील बाबूराव मेंढे- उपस्थित नहीं।

श्री कीर्तिवर्धन सिंह

श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गोंडा): सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान उतरौला, फैजाबाद, इलाहाबाद राजमार्ग की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। नेपाल सीमा के निकट स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल, देवीपाटन को धर्म नगरी अयोध्या और संगम नगरी प्रयागराज को जोड़ता हुआ यह अति महत्वपूर्ण राजमार्ग है। इस मार्ग पर सामान्य यातायात के अलावा भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों का आवागमन रहता है और विदेश से आने वाले हजारों बौद्ध श्रद्धालु भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। नेपाल से सटा हुआ यह भारत का सीमावर्ती क्षेत्र है। यह आर्थिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र भी है। इस लंबे क्षेत्र में कोई भी रेलमार्ग न होने के कारण इस क्षेत्र की सारी व्यावसायिक गतिविधियां भी इसी राजमार्ग पर निर्भर हैं। अत: आपके माध्यम से मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि यदि उतरौला, फैजाबाद इलाहाबाद राजमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित हो जाए तो यह क्षेत्र देश की मुख्य विकास-धारा से भी जुड़ जाएगा। धन्यवाद।

SHRI MOHAMMED FAIZAL P.P. (LAKSHADWEEP): Mr. Chairman, Sir, I am thankful to you for allowing me to raise a very important matter during 'Zero Hour.'

With a heavy heart, I must say that the people of Lakshadweep are put into a panic situation by the release of certain draft notifications, which are anti-social, anti-people and also anti-environment.

I must admit that I was very happy during the previous five years with whatever welfare schemes and measures were prevailing there in Lakshadweep. They were pro-people and widely accepted by the people of Lakshadweep. But now, suddenly, what arithmetic has gone wrong that the Lakshadweep Administration has come out with a bundle of draft notifications, which are totally anti-social and anti-people? These are highly unjustifiable things, which are being done.

Let me come to my first point. On 28th January, 2021, a draft notification was released by the UTL Administration on 'Prevention of Anti-Social Activity' in Goonda Act in Lakshadweep.

Sir, the Report published of National Crime Records Bureau published by MHA in 2019 in regard to Lakshadweep says that there were zero cases of murder; there were zero cases of kidnapping; there were zero cases of riot; and there were zero cases of any other offences of enmity.

So, in such a calm area, what was the arithmetic wisdom that the UTL Administration was forced to release a draft notification, which is totally unwarranted? Even UN has certified that Lakshadweep is the most peaceful area in the entire country. So, in such a situation, why was such a notification required?

Secondly, there was a notification on Panchayat Regulation Act. I am also a Member of the District Panchayat. The Panchayat Regulation Act has been

amended without consultation of the Panchayat body there. Even I was not consulted. Without any consultation of the local people, the UTL Administration has come out with a notification that the Panchayat Regulation Act is being amended.

Thirdly, there is an Animal Preservation Act. Lakshadweep is a place where no beef is eaten. Even the transportation of animals is also a punishable offence there. In my own house, I am having three milking cows.

This is the anxiety of the people that I am raising before you. As far as the animal preservation is concerned, there are lot many conditions put into it which is directly affecting the people. We are not at all against development. The total area of Lakshadweep is 32.02 square kilometers. In that, one Island will fall around 3 kilometers. In that, the Lakshadweep is being asked to construct a 15-metre broad road. To construct this 15-metre broader road, we have to demolish the properties of the people.

Now, I would like to come to the liquor part, an anti-social part. All our aspiration is that the we should have a peaceful life in that Island.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

SHRI MOHAMMED FAIZAL P.P.: I am concluding, Sir. Now, there is a liquor permission. There is a prohibitory standing order where even on the passenger ship – around 90 per cent of the people are travelling on the passenger ships – the liquor is going to be served.

Under this situation, why are such things happening? It is only because of a new Administrator, who is in-charge, has joined Lakshadweep. On this issue, I

have already met the hon. Home Minister. I have met the hon. Prime Minister two times. I hope that they will, definitely, step into it and find a solution to this problem. That will, definitely, be helpful for the people of Lakshadweep.

श्री आर. के. सिंह पटेल (बांदा): महोदय, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के जनपद बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर में फसलों की सिंचाई हेतु पूर्व में बांध/बंधियाँ बनाई गई हैं, किन्तु उन बांध/बंधियों का जीर्णोधार न होने से उन बांध/बंधियों में भरा पानी बरसात में आता है, वह पानी सीपेज होकर बह जाता है, जिससे किसानों की सिंचाई नहीं हो पाती है। सिल्ट जमा होने से बांधों की सिंचन क्षमता कम हो गई है।

महोदय, मेरे बांदा और चित्रकूट जनपद के ओहन, बरदहा, बरुवा बांधों की सिल्ट/गोंद निकालकर, उनका जीर्णोधार कर कायाकल्प किया जाना आवश्यक है तथा रसिन बांध से बरुवा बांध लिंक नहर बनाकर जोड़ा जाना आवश्यक है। मानिकपुर क्षेत्र के पाठा क्षेत्र में 16 छोटी-छोटी सिंचाई की बंधियाँ बनी हुई हैं, जिनका सीपेज रोककर मरम्मत किया जाना आवश्यक है। बांदा जिले में कई छोटे-छोटे बांध हैं, जिनकी गोंद निकालकर सीपेज क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। साथ ही यमुना नदी से चित्रकूट जिले में एक बड़ी पम्प कैनाल निकालकर चित्रकूट जिले की सिंचाई कराए जाने की आवश्यकता है। पैस्वनी नदी में जो बनकट पम्प कैनाल है, वहाँ तक यमुना नदी का पानी जोड़कर सिंचाई करने की आवश्यकता है।

महोदय, बांदा जिले में केन नहर बहुत पुरानी नहर प्रणाली है, मैं उसका पुनरुद्धार करके सिंचाई क्षमता में वृद्धि किये जाने की माँग करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): महोदय, धन्यवाद। मैं अपने क्षेत्र की एक बहुत बड़ी समस्या के बारे में आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।

महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र गुलाबपुरा में, आगूचा में जिंक माइंस हैं। बहुत लंबी-चौड़ी हजारों बीघा जमीन में जिंक का खनन एक कंपनी द्वारा किया जा रहा है। वहाँ पर मिनी स्मेल्टिंग प्लांट भी लगाया गया है। आसपास की सब जमीनें खराब हो गई हैं, किसान बेरोजगार हो गए हैं। मैं आपसे कह

रहा हूँ कि जिन किसानों की जमीनें जिंक के कारण खराब हुई हैं, वहाँ उनको नौकरी दी जाए। स्थानीय लोगों को उस खनन कार्य में कोई नौकरी नहीं दी जा रही है। सारे व्यक्ति बाहर से लाए जा रहे हैं। इस कारण से स्थानीय निवासियों में आक्रोश बढ़ रहा है। एक तो उनकी खेती की जमीन चली गई, वे कुछ कर नहीं सकते, एक वहाँ सारे काम करने वाले दूसरी जगहों के आ रहे हैं।

मेरा यह आग्रह है कि ऐसे क्षेत्रों में जहाँ खनन हो रहा है, बड़ी कंपनियाँ खनन कर रही हैं, वहाँ 60-70 परसेंट कर्मचारी उसी क्षेत्र से लिया जाए। इसमें ऐसा हो रहा है कि ये ठेके पर काम दे रहे हैं और ठेकेदार अपने आदमी बाहर से ला रहा है। उन पर यह पाबंदी लगायी जाए कि जो भी ठेकेदार वहाँ काम कर रहा है, उसके नीचे काम करने वाले जो कर्मचारी हैं, वे उसी क्षेत्र के हों। यह बहुत आवश्यक है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं, जो कि शायद देश का बड़ा, घना आदिवासी बहुल नक्सल प्रभावित और अविकसित क्षेत्र है। महाराष्ट्र में पूर्व विदर्भ में विशेष तौर से चन्द्रपुर, गड़चिरोली, भंडारा और गोंदिया जिलों से लगकर वैनगंगा नदी बहती है। सितम्बर, 2020 में इस नदी में बहुत बड़ी बाढ़ आ गई। इसका कारण यह है कि मध्य प्रदेश में संजय सरोवर और भंडारा जिले में गोसे खुर्द, इन दोनों डैम का पानी छोड़ने से बहुत बड़ी बाढ़ आ गई। वर्ष 1994 में जो बाढ़ आई थी, उससे कहीं ज्यादा बाढ़ आ आई। इसका नतीजा यह हुआ है कि बाढ़ का पानी गाँवों में, खेतों में, घरों में चला गया है और लगातार तीन दिन तक पानी रहा। इससे किसानों की फसल सड़ गई, जानवर बहकर चले गए। घर में जो भी अनाज था, कुछ बह गया, कुछ सड़ गया और मकानों में पानी जाने से कई क्षतिग्रस्त हो गए।

महोदय, मेरी मांग यह है कि इनको जो मुआवजा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से दिया गया, वह बहुत ही कम है। करीब-करीब 1 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया है और राज्य सरकार की तरफ से केवल 6800 रुपये प्रति हेक्टेयर दिया गया और केन्द्र सरकार की तरफ से 6800 रुपये यानी 13600 रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से यानी 5400 प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया गया। मेरी

मांग है कि यह बहुत ही कम है, क्योंकि भारी मात्रा में नुकसान हो गया है। लोगों और किसानों की मांग है कि करीब-करीब 25 हजार हेक्टेयर के हिसाब से यानी दस हजार एकड़ के हिसाब से मुआवजा देना चाहिए। इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि किसानों और गरीब लोगों को यह राहत देकर उनको मुआवजा दिया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी): महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आज मुझे बजट के दूसरे चरण में बोलने का मौका मिला है। मैं आज अपने लोक सभा क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने जा रहा हूं। जिला कालाहांडी ओडिशा का एक पिछड़ा जिला है, जिसका मुख्यालय भवानीपटना है। यहां एक दूरदर्शन केन्द्र है, जहां पर देश का एक हाई पावर ट्रांसमीटर लगा है। यह पश्चिम ओडिशा के 10 आदिवासी पिछड़े और माओइस्ट जिले को रिप्रेजेंट करता है। दस जिले के लोग दूरदर्शन पर निर्भर करते हैं। लेकिन इन जिलों की कोई भी न्यूज भुवनेश्वर न्यूज डिवीजन से कवरेज नहीं होती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से विनम्र आग्रह करता हूं कि भवानीपटना दूरदर्शन में एक क्षेत्रीय न्यूज सेक्शन खोलने की अनुमति प्रदान करें। धन्यवाद।

माननीय सभापति: श्री जुगल किशोर शर्मा – उपस्थित नहीं।

श्री विजय कुमार दूबे।

श्री विजय कुमार (गया): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय शून्यकाल में उठाने की इजाजत दी है, इसके लिए मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

22 फरवरी, 2021 को दादर नगर हवेली के वरिष्ठ सांसद मोहन देलकर मुम्बई के एक होटल में मृत पाये गये। आज 17 मार्च को मंडी हिमाचल प्रदेश के सांसद श्री रामस्वरूप शर्मा ने दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास में आत्महत्या कर ली। यह जांच का विषय है कि दोनों सांसदों ने आत्महत्या क्यों की? स्वर्गीय मोहन देलकर की विधवा पत्नी ने सांसदों के नाम इस लोकतंत्र के मंदिर से न्याय की उम्मीद रखते हुए पत्र लिखा है, जो इस सदन के अधिकांश सांसद मित्रों को मिला होगा। जो व्यक्ति 7 बार सांसद रहा हो और बराबर संवैधानिक हक की लड़ाई लड़ते हुए अगली कतार में खड़ा दिखा हो, वैसे जांबाज और निर्भीक सांसद आत्महत्या कर लेगें, यह समझ से परे लगता है। उनकी पत्नी ने भी

आशंका जाहिर की हैं। स्वर्गीय देलकर के मरणोपरान्त एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें सांसद को प्रताड़ित और धमकी देने वाले अधिकारियों और लोगों का जिक्र है। यह कहां तक सत्य है, यह बात तो जांच से पता चलेगी। स्व. देलकर दलित, आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखते थे, शायद इसीलिए इनकी मृत्यु अथवा हत्या को मीडिया ने तवज्जोह नहीं दी। महोदय, मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि कोई तीसरा सांसद साथी आत्महत्या न करे, इसके लिए गंभीरता से सरकार को हर बिंदु पर जांच करनी चाहिए। जयहिंद, जय भारत।

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय सभापति जी, कोरोना काल में रायपुर एम्स ने जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ की पूरी जनता की सेवा की, उसके लिए मैं एम्स की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

माननीय सभापति जी, आज भारत सरकार माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आम आदमी तक अच्छी और किफायती स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक बहुत बड़ी योजना बनाकर काम कर रही है ताकि गरीब और आम आदमी को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। बिलासपुर और रायपुर संभाग के डेढ़ करोड़ लोगों के लिए अच्छी और किफायती स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है। कोरोना काल में इन डेढ़ करोड़ लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ी है और बड़ी क्षति उठानी पड़ी है। इसलिए मैं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन जी से बिलासपुर छत्तीसगढ़ में एक एम्स की स्थापना की मांग करता हूं ताकि बिलासपुर और रायपुर संभाग के डेढ़ करोड़ लोगों को अच्छी और किफायती स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। धन्यवाद।

श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह): सभापति महोदय, अंडमान-निकोबार में भारत सरकार की कोलोनाइजेशन स्कीम के तहत वर्ष 1954 से पश्चिम बंगाल और देश के अलग-अलग प्रांतों से काफी लोगों को ले जाकर बसाया गया। उन लोगों को नॉर्थ अंडमान, मिडिल अंडमान, लिटिल अंडमान, साउथ अंडमान, स्वराज द्वीप और सई द्वीप पर बसाया गया था। उनके पास कोई रोजगार नहीं था तो सरकार ने उनको पांच एकड़ एग्रीकल्चर लैण्ड और पांच एकड़ हिली लैण्ड दी थी। वर्ष 1954 से अब तक 66 के करीब हो गए हैं और अंडमान-निकोबार में काफी बारिश होती है। इस बारिश में उनको

दी गयी जमीन में से आधे से ज्यादा जमीन बह गयी है। वहां नाला बन गया है। जिस पर्पज के लिए उनको जमीन दी गयी थी, वह खेती-बाड़ी वे लोग नहीं कर पा रहे हैं। इसमें बहुत सारी जमीन हमारे बंगाली भाइयों की गयी है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह डिमांड करता हूं कि जिनकी भी जमीन गयी है, उन सबका सर्वे हो और उनको अल्टरनेट जमीन दी जाए। साथ ही, जो जमीन जा रही है, उसको रोकने के लिए कंक्रीट की वॉल बनायी जाए। धन्यवाद।

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद): सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद में एक राष्ट्रीय राजमार्ग 730सी निकलता है जो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित गंगा एक्सप्रैस-वे को सहारनपुर के पास जलालाबाद में क्रॉस करता है और दक्षिण की तरफ एनएच-92 से मिलता है जो आगरा, लखनऊ एक्सप्रैस-वे को इटावा के पास बसेर में क्रॉस करता है, जिससे बुंदेलखंड एक्सप्रैस-वे मिलता है। अत: मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि गंगा एक्सप्रैस-वे को और चित्रकूट एक्सप्रैस-वे को, जो यहीं से एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 730सी को जोड़ता है, जिसकी लंबाई मात्र सौ किलोमीटर है, यदि एनएच 730सी को सौ किलोमीटर लम्बे लिंक एक्सप्रैस-वे में विकसित कर दिया जाए तो इससे अति पिछड़े क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों को अभूतपूर्व फायदा होगा। साथ ही साथ हरिद्वार, उत्तराखंड, मेरठ, पंजाब और हरियाणा से आने वाले कई तीर्थयात्रियों को चित्रकूट, खजुराहो इत्यादि जाने के लिए एक छोटा सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में आलू, मक्का, मूंगफली, लहसुन का उत्पादन करने वाले किसानों को उत्तर भारत और दक्षिण भारत तक अपने उत्पादों को आसानी से पहुंचाने और बेचने में आसानी होगी। मेरे संसदीय क्षेत्र में स्थित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा, कम्पिल और बाबा नीमकरोड़ी धाम का पर्यटन की दृष्टि से भी विकास होगा। आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से पुन: मेरा निवेदन है कि 730सी को एक लिंक एक्सप्रैस-वे के रूप में विकसित कर दिया जाए। जिससे हमारे पिछड़े हुए क्षेत्र का विकास हो सके। जय हिंद, जय भारत।

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): सभापति महोदय, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसके माध्यम से करोड़ों किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये सहायता राशि सीधे उनके बैंक के खातों में जमा हो जाती है जो कि निश्चित रूप से किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई है। महोदय, हमारे बिहार राज्य में अभी भी अधिकांश जमीन पूर्वजों के नाम पर है या कागजी रूप से सम्मिलित है, जिनके कारण सभी किसानों का स्वयं के नाम पर जमाबंधी का निर्धारण अब तक नहीं हो पाया है, जिसके कारण उन किसानों के द्वारा प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सम्मिलित हेतु आवेदन किया जाता है, किंतु उनके आवेदन को विभाग द्वारा अस्वीकृत कर दिया जाता है। महोदय, इस हेतु माननीय मंत्री महोदय से आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूँ कि जो पात्र किसान हैं, उनसे वंशावली सरपंच या मुखिया द्वारा प्रमाणित किया जाए या फिर शपथ पत्र ले कर प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सम्मिलित कराने की कृपा की जाए।

महोदय, दरभंगा जिले में किसान हित में मात्र एक दरभंगा सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक है, जो राजद-कांग्रेस के समय से 25 वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूँ कि किसान हित में उस बैंक को चालू करवा दिया जाए।

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI): Thank you very much, Chairman, Sir. Through you, I want to raise a matter of great importance.

The biggest transnational event, which is likely to happen across the world is Olympic Games. The Olympic Games this year are going to be held in Tokyo between 23rd July and 8th August. A total of 74 Indian athletes have already been selected for participation in these games. About 23 athletes have also been selected to participate in the Paralympics. But the unfortunate part is that none of them have received COVID-19 shots. If we understand from the practices across the globe, Israel, Belgium, Singapore and several other countries have already

vaccinated their own athletes with COVID-19 shots. Not only athletes but their managers, coaches and supporting staff also need to be vaccinated.

Sir, we have only four months for preparation. No work has been done yet. The work needs to be done immediately because there should be a gap of certain days between the two shots. Then, there could be mild reaction like fever, etc. The recovery process and post-recovery re-practice process will also require some time. Keeping all this in mind, we need to frame rules. Then, when they come back, they need to be quarantined. India itself is hosting the World Shooting event. Post shooting event, we are also holding another league. We do not have rules in place. Tokyo itself is greatly infected right now.

I would like to draw the attention of the Central Government towards two important things. One, our own athletes are vulnerable. Two, they could be carriers of COVID-19. The dreams can be shattered not only of the Olympians but also of the whole country. In this regard, action needs to do taken with immediate effect. I once again thank you very much for giving me this opportunity to speak on this very important issue.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): सभापति महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी ने महानगरों के विकास के लिए अलग-अलग शहरों में मेट्रो परियोजनाओं को गति देने का काम किया। मैं मुंबई शहर से आता हूँ। जब भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र में सरकार थी, तब मुंबई शहर में भी अलग-अलग मेट्रो परियाजनाओं को कायान्वित किया गया था और अच्छे बड़े पैमाने पर इस मेट्रो परियोजना का काम आगे बढ़ने लगा। लेकिन जैसे ही सरकार बदली, महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व में महाविकास अघाड़ी की सरकार आई तो इन मेट्रो परियोजना के लिए जो कार शेड आवश्यक था, उस कार शेड के स्थान पर जहां पर ऑलरेडी कारशेड का बड़ा काम हो चुका था, लेकिन अपनी जिद के कारण उस कार शेड

की जगह बदली गई और न केवल जगह बदली गई, लेकिन जिस जगह पर कार शेड बनाने की शुरूआत की गई, वह जगह भी केंद्र सरकार या प्राइवेट मालिक की अलग-अलग तरीके से अटकी हुई है और जिसका कोर्ट मैटर हो चुका है।

सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह विनती है क्योंकि यह मेट्रो परियोजना मुम्बई शहर के लिए इसलिए आवश्यक है कि मुम्बई शहर में ट्रैफिक से निजात पाने के लिए जो लोकल ट्रेन सेवा चलती है, उसमें काफी भीड़ रहती है। कोरोना के चलते हम देख रहे हैं कि इन ट्रेनों से भी आवाजाही की संभावना कम है, लेकिन इस मेट्रो परियोजना में देरी हो रही है। कल एक घटना हुई, जिसमें कोस्टल रोड में 600 मीटर के आगे रीक्लेमेशन के लिए 3,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इस मेट्रो परियोजना में देरी होने के कारण बहुत सारा नुकसान हो सकता है। करदाताओं के पैसे बर्बाद हो रहे हैं।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि महाराष्ट्र सरकार को मुम्बईकरों की भावनाओं से अवगत कराएं। यह मेट्रो परियोजना तत्काल कार्यान्वित की जाए, इसे जल्द से जल्द शुरू किया जाए। इसकी लागत में जो इजाफा हो रहा है, उसकी पूरी जिम्मेदारी महाराष्ट्र सरकार की रहेगी।

माननीय सभापति: श्री राजू बिष्ट - उपस्थित नहीं।

श्री राजवीर दिलेर (हाथरस): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र हाथरस की ओर दिलाना चाहता हूं।

महोदय, हाथरस जंक्शन पर एन.सी.आर. व एन.ई.आर. का संगम होता है। ब्रिटिश काल से यहां गाड़ियों का आवागमन होता है। एन.सी.आर. के इलाहाबाद डिवीजन के हाथरस जंक्शन पर कालका मेल तथा महानंदा एक्सप्रेस जैसी गाड़ियों का ठहराव पूर्व में हुआ करता था, जिसे अब निरस्त कर दिया गया है। इससे क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, मेरा रेल मंत्री जी से आग्रह है कि इन रेलगाड़ियों के पुन: ठहराव करने की कृपा करें व जनता की भारी मांग पर मगध एक्सप्रेस, नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस, कालिन्दी एक्सप्रेस तथा

आनन्द विहार-गुवाहाटी एक्सप्रेस के हाथरस जंक्शन पर दो मिनट के ठहराव को शुरू करने की कृपा करें।

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र भन्डारा-गोंदिया की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे क्षेत्र में 94 फीसदी किसान केवल धान की खेती करते हैं, इसलिए इसे 'राइस बाउल' भी कहा जाता है। वहां पर केन्द्र सरकार के माध्यम से महाराष्ट्र शासन की ओर से धान खरीद केन्द्रों पर एम.एस.पी. पर धान खरीद की जाती है। मगर, पिछले एक साल से इन केन्द्रों पर काफी धांधली हो रही है, अनियमितता हो रही है। किसानों से धान नहीं खरीदा जा रहा है। व्यापारियों के धान को किसानों के नाम पर खरीदा जा रहा है। किसानों से खरीदे गए धान के पैसे समय पर नहीं दिए जाते हैं। इस तरह काफी धांधली हो रही है। हमने उसकी शिकायत भी बार-बार की। उस शिकायत में कुछ केन्द्र दोषी पाए गए। इसमें मेरे भन्डारा के क्षेत्र में 75,000 क्विंटल धान कम पाए गए। उसके लिए एफ.आई.आर. भी दर्ज की गई, लेकिन महाराष्ट्र शासन ने अभी तक उसका संज्ञान नहीं लिया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से दरख्वास्त करना चाहूंगा कि वहां अभी भी 30 प्रतिशत किसानों के धान नहीं खरीदे गए हैं। उसकी अंतिम तिथि 30 मार्च है। इससे पहले किसानों के धान खरीदे जाने की पूरी व्यवस्था की जाए। जिन लोगों ने अफरा-तफरी मचाई है, उनकी जांच हो और इसकी जांच केन्द्रीय समिति से कराई जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा): महोदय, मेरा एक सपना था कि मथुरा स्टेशन बहुत ही सुन्दर हो, जिसके लिए मैंने बहुत सारे अच्छे डिजाइंस भी बनाकर हमारे रेल विभाग को दिखाए थे। आज मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज मैं, हमारे रेल मंत्री जी और सारे विभाग को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने इसका ब्यूटीफिकेशन किया। उसे इतना अच्छा किया है कि देश-विदेश से आने वाले लोग बहुत खुश हैं। वहां बहुत सारी सुविधाएं दी गई हैं और यह साफ-सुथरा भी है। लेकिन, मेरी दो मांगें हैं। आगरा फोर्ट से मथुरा होते हुए जो रेलगाड़ी काठगोदाम तक जाती है, उसे पिछले कई सालों से रोक दिया गया है क्योंकि मीटर गेज से ब्रॉड गेज कन्वर्सन के डेवलपमेंट कार्य की वजह से उसे कई सालों से बंद रखा

गया है। अगर उसकी डेवलपमेंट हो गई है तो उस ट्रेन को फिर से शुरू करना चाहिए क्योंकि इसकी वजह से लोगों को बहुत असुविधा हो रही है। इसके न होने से उत्तराखण्ड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आने वाले यात्रियों को मथुरा आने-जाने में तकलीफ होती है और साउथ इंडिया जाने में भी बहुत तकलीफ होती है । मेरी यही माँग है कि इसको जल्दी से जल्दी शुरू कर दिया जाए। यह प्रतिदिन होनी चाहिए।

महोदय, मेरी दूसरी माँग यह है कि मथुरा से अलीगढ़ के लिए कोई डायरेक्ट ट्रेन नहीं है। वहाँ रेलवे ट्रैक भी नहीं है। हमारे मथुरा में आने वाले तीर्थयात्रियों को बहुत असुविधा होती है। अगर यह कनेक्शन मिल जाए तो बहुत अच्छा रहेगा। इसके लिए मेरा सुझाव यही है कि मथुरा-हाथरस के बीच में से उस डायवर्जन को ले सकते हैं। This is my suggestion. अगर आप इसे करेंगे तो मैं भी खुश रहूँगी, हमारे मथुरावासी खुश हो जाएंगे और देश-विदश से आने वाले यात्रियों को भी बहुत अच्छा लगेगा।

*__SHRIMATI. PRENEET KAUR (PATIALA) :__ I thank you, Sir, for giving me the opportunity to speak in Zero Hour on an important issue.

For the last two days, the bank employees and officers throughout the country were on strike. In 1959 and in 1980, 20 banks were nationalized. There is a proposal to privatise these banks. So, in protest, the bank employees had gone on strike.

Let me say sir, these banks opened their branches in the remote and far-flung rural areas to serve the people. The common man could avail the bank facilities. Small savings were mobilized. These banks provided loans etc. to small-scale, medium and micro industries. So, these banks played a vital role in the growth of the economy of our country.

---

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi

Sir, I urge upon the Hon. Prime Minister and Hon. Finance Minister to stop this ill-advised move towards privatization of these banks so that the common man can continue to avail the services of these nationalized banks.

SHRIMATI SARMISTHA SETHI (JAJPUR): Thank you, Sir.

Sir, nature has endowed us with a variety of resources that have economical, medicinal, and other non-economical utilities. One such nature's gift is kendu or tendu leaves. Odisha is the second important kendu leaves producing State in India producing more than 20 per cent of the total kendu leaves produced in the whole country. Kendu leaves are collected in 23 out of 30 revenue Districts of the State. In other words, kendu leaves producing regions constitute about 3/4th of the State's geographical area.

Sir, at present, GST on kendu leaves has been fixed at 18 per cent. The 18 per cent GST includes 9 per cent Central GST and 9 per cent State GST. Central tax on the leaf was earlier zero. Earlier, only sales tax, that is, VAT was levied on kendu leaves. But VAT was not applied everywhere and it varied from State to State. In Odisha, the State levied 5 per cent VAT. This hike from 5 per cent to 18 per cent is a lot. Now, as the tax is high, the traders who get the tender from State corporations to collect kendu leaves will pay even less to the tribals collecting the leaves.

Kendu leaf is the financial lifeline of the tribal and poor people of Odisha. The economic and employment potential of kendu leaves can be measured from the fact that about ten lakh kendu leaf workers got employment, engagement, and

livelihood support during the lean season from March to June, 2020 when no other agricultural activities and employment were available. About 80 per cent kendu leaf workers are women. During the COVID-19 pandemic, the kendu leaves' operations have generated more than 60 lakh mandays, and about Rs. 200 crore have been spent towards their livelihood support.

HON. CHAIRPERSON: Come to the demand straightaway.

SHRIMATI SARMISTHA SETHI: Considering the difficulties of the tribal people and the livelihood problems, hon. Chief Minister of Odisha, Shri Naveen Patnaik Ji in 2018 had requested the then Union Finance Minister to reduce GST on kendu leaves from 18 per cent to 5 per cent. Again, on 10th October, 2020, hon. Chief Minister had written to hon. Prime Minister reiterating the request. But it seems that the Central Government is yet to act on the request of the hon. Chief Minister. The Central Government should place this matter in the GST Council and revise the rate as requested by hon. Chief Minister.

Therefore, Sir, through you, I request the Central Government to reduce GST on kendu leaves from 18 per cent to 5 per cent. Thank you, Sir.

माननीय सभापति: मेरा अनुरोध है कि माननीय सदस्य संक्षेप में एक मिनट में अपनी बात कहें और प्रतीक्षा भी करें, धैर्य रखें।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति: बिल्कुल, आप आराम से बैठे रहिए। 11 बजे तक सदन चलेगा, आप चिंता न करें।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRIMATI SANGEETA KUMARI SINGH DEO (BOLANGIR): Sir, according to the National Crime Records Bureau Report, crimes against children have shown a persistent growth on a pan-India basis. Over the last decade, the crime rate has increased by over 500 per cent with 50 per cent of the crimes being recorded in U.P., M.P., Maharashtra, Delhi and West Bengal.

In Odisha, last year 5,500 children were reported missing, and in the last five years 27,000 children have been reported missing. Last year, in Odisha, a five-year old child was kidnapped, and brutally murdered. The child's eyes and kidneys have been removed showing child organ trafficking being prevalent there.

There have also been growing concerns related to child sexual abuse and child pornography in the country, especially in the backward tribal pockets of Jharkhand, West Bengal and Odisha where people are poverty-stricken.

Child pornography proliferations through end-to-end encryption platforms, like WhatsApp and Telegram need the immediate attention of the regulators, regulation of intermediaries in accordance with international standards, while balancing user privacy and law enforcement.

Our Government has reiterated its commitment to children's safety in the country. Hence, I request the immediate intervention of the hon. Prime Minister and the hon. Home Minister in this grave and urgent matter. Thank you very much.

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत (नन्दुरबार): सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। मेरा संसदीय क्षेत्र नन्दुरबार एक आदिवासी और पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। मेरे क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए बहुत ज्यादा सुविधायें नहीं हैं। नम्दुरबार से कई विद्यार्थी हर

साल पूना पढ़ने के लिए जाते हैं। पूना महाराष्ट्र का ही नहीं, बल्कि पूरे देश का सबसे बड़ा एजुकेशनल हब है। विद्यार्थियों के साथ-साथ व्यापारी भी बड़े पैमाने पर नन्दुरबार से पूना बहुत ही रेग्युलर जाते हैं। नन्दुरबार के कई लोग नौकरी और लेबर के लिए भी पूना जाते हैं। दो साल पहले नन्दुरबार और मुंबई के बीच खानदेश एक्सप्रेस ट्रेन रेल मंत्रालय ने शुरू की थी। यह हफ्ते में तीन दिन होती है और ऑल्टरनेट डेज पर है।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से यह मांग करना चाहती हूं कि जो बचे हुए तीन दिन हैं, उसमें नन्दुरबार और पूना के बीच एक नई ट्रेन शुरू की जाए।

DR. RAJASHREE MALLICK (JAGATSINGHPUR): Mr. Chairman, Sir, thank you.

Puri, the famous Jagannath Dham, is a holy city in the State of Odisha. It is one of the original *Char Dhams* of Hindus. The Sun Temple of Konark, a UNESCO World Heritage site, is just 35 km. away from Puri and Ramachandi. The Chandrabhaga Beach provides a unique experience to national and international tourists.

The famous Chilka Lake and Bhitarkanika National Park are two important international eco-tourism sites. Recently, Puri Beach has been transformed into a Blue Flag Beach with world-class experience for the tourists. The historic Buddhist Heritage at Dhauli, Ratnagiri, etc. attracts Buddhist pilgrims from across the world.

The coastal highway passes through Puri and connects Paradeep Port and the greenfield Astarang Port. There is a great potential for economic synergy along the entire corridor.

The famous Ratha Yatra is a Hindu festival and attracts lakhs of pilgrims and visitors from across the world.

Our hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaik, has also requested hon. Prime Minister of India, *vide* his D.O. letter dated 1.1.2021 for establishment of Sri Jagannath International Airport at Puri. We will provide all necessary support for that.

Through you, I would request the Minister of Civil Aviation to take immediate action on this matter. Thank you so much.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): सभापति महोदय, केन्द्र सरकर द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय रुर्बन अभियान के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र माडंवड, नादगांव तहसील का समावेश किया गया है। रुर्बन योजना जो कि गांव के किसान को सक्षम बनाने में बहुत ही मददगार साबित हुई है।

पोस्ट-हार्वेस्टिंग डेवलपमेंट का इन्फ्रास्ट्रक्चर हो, बेसिक स्कूल और पीएसी के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर हो, कुछ रोड्स हो, इस योजना में समावेश किया जाना अच्छा काम है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल रहा है और लोगों की आमदनी भी बढ़ रही है। इस योजना में जो समावेशी गांव हैं, उसका भी अच्छा विकास हो रहा है।

इस योजना के काम को मार्च 2021 तक पूरा करना है, किन्तु पिछले साल कोविड और तेज बारिश के कारण कुछ काम बंद था, अभी फिर से शुरू हुआ है। इसे पूरा करने में थोड़ा वक्त लग सकता है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूं कि पिछले साल कोविड की आपत्ति को ध्यान में रखते हुए अगर रुर्बन योजना की समय सीमा मार्च 2023 तक बढ़ाई जाए तो इस योजना का उद्देश्य सफल होगा। धन्यवाद।

SHRIMATI SUMALATHA AMBAREESH (MANDYA): I would like to draw the attention of the Government to the Kendriya Vidyalaya building in my Parliamentary constituency of Mandya. This building was originally built as a TB hospital which has hence been converted into a school building as a transit

accommodation. Today, the building is in a severely dilapidated condition. The children attend classes in extremely perilous conditions. When it rains, the roof is leaking and the window panes are broken and the children are forced to take classes outside where snakes roam freely and they are exposed to all kinds of other harmful elements. So, I would urge the Government to take immediate necessary steps to build a new building for KV school in Mandya to impart quality education to the 413 students who deserve it.

श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत (कोरबा): सभापति महोदय, देश के उच्च न्यायालयों में जजों की नियुक्ति केन्द्र सरकार करती है। क्या कारण है कि विभिन्न हाई कोर्ट में बड़ी संख्या में जजों के पद अभी रिक्त हैं। ये कब तक भरे जाएंगे**?**

विधि और न्याय विभाग के बजट में कमी के कारण राज्य सरकारें भी जिला जजों की नियुक्ति करती थीं, वह भी नहीं हो पा रही है।

क्या केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के सिद्धांत एक्सिस टू जस्टिस के तहत राज्यों को जजों की नियुक्ति हेतु अतिरिक्त बजट सहायता करने हेतु विचार कर रही है, यदि हां तो ब्योरा देने का कष्ट करें। यदि नहीं तो कारण बताएं, क्योंकि हमारे क्षेत्रवासियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। धन्यवाद।

श्रीमती रेखा अरुण वर्मा (धौरहरा): सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र धौरहरा का जिला लखीमपुर है। लखीमपुर की विधान सभा गोला है, जहां प्रसिद्ध एवं प्राचीन शिव काशी मंदिर है, यह मंदिर शिवकाशी नाम से जाना जाता है। यहां आने-जाने के लिए गोला से सहजानपुर तक कोई भी ट्रेन सुविधा नहीं है। दिल्ली या कहीं भी जाना है तो हम लोगों को पहले सहजानपुर जाना पड़ता है। यह एक तीर्थ स्थल है इसलिए यहां लोगों का आना-जाना बहुत रहता है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि गोला से सहजानपुर तक नई रेल लाइन देने का कष्ट करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि हमारे लोक सभा क्षेत्र में फतेहबाद जिला है। बड़ोपल में केवी स्कूल पिछले बहुत सालों से मंजूर हो चुका है, लेकिन अभी तक वहां कंस्ट्रक्शन नहीं हुई है। अभी इसे एक प्राथमिक स्कूल के अंदर चलाया जा रहा है।

नौवीं क्लास के लिए सैंक्शन तभी मिलेगी जब वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर होगा। अगर मेरे एरिया को देखा जाए तो यह शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है।

19.00 hrs

मैं आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि केवीएस बड़ौपल पर तुरंत कंस्ट्रक्शन शुरू करवा दें ताकि स्कूल सुचारू रूप से चल सके। इससे मेरे इलाके के बच्चों को बहुत लाभ मिलेगा।

श्री अनुभव मोहंती (केन्द्रपाड़ा): महोदय, लोकसभा में चुनकर आने से पहले मैं राज्य सभा का सदस्य रह चुका हूं। I am really honoured and blessed for this. उस वक्त मैं एम्पावर्नमेंट ऑफ वूमेन स्टैंडिंग कमेटी का मैम्बर था। तब मुझे तिहाड़ जेल जाने का मौका मिला था। वहां कैदी किस तरह रह रहे हैं, स्पेशली वूमेन, तब हमने देखा और हमें जो रिपोर्ट मिली, उसके अनुसार ऐसी बहुत महिलाएं और लड़कियां हैं जो अंडर ट्रायल काफी सालों से जेल में हैं। एक गलती की सज़ा लॉ में तीन साल होती है, लेकिन कई लोग अंडर ट्रायल पांच या दस साल रह चुके हैं। मैं आपको रिसेंटली एक एग्जाम्पल देना चाहता हूं, विष्णु तिवारी ललितपुर गांव से हैं। वर्ष 2000 की बात है, जब इनको गलत रेप केस की वजह से कोर्ट के ऑर्डर के बाद से जेल भेज दिया गया। He was sentenced to life imprisonment for a crime, and he was led off recently. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इनको बाइज्ज़त बरी किया। वह 23 साल की उम्र में जेल गए थे, 20 साल जेल काटने के बाद अब वे 43 साल के हैं और अब कोर्ट ने इनको बरी किया है क्योंकि वह रेप केस फॉल्स था। अब उन्होंने अपने पूरे परिवार को खो दिया। वे अपने पिता के अंतिम संस्कार में भी शामिल नहीं हो पाए। वह मान-सम्मान, इज्ज़त, उम्र, हैल्थ, वक्त और सामाजिक स्थिति सब खो चुके हैं।

मेरी एक छोटी सी विनती है - The victims of wrongful prosecution demand a change in legislation with proper checks and balances to ensure non-concurrence of the same. The National Human Rights Commission in 2020 recommended concealing the identities of sexual offenders until proven guilty. A Report (277) by the Law Commission of India (2018) expressed grave concerns regarding such cases and subsequently suggested amending the CrPC, 1973 with key recommendations and changes in the legislative framework along-with speedy settlement of such cases.

महोदय, हिंदुस्तान दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है। The duty of defence towards its innocents tilts heavier than the offence on the sinners, and the Prison Statistics India had stated 67.2 per cent prisoners as under trials. हिंदुस्तान का कांस्टीटूएशन हमें राइट देता है - prohibition of discrimination on grounds of religion, race, caste, sex or place of birth. भारत के संविधान का सम्मान करते हुए इस पर गौर करना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट करता हूं कि इस पर बहुत गहराई से सोचे।

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत): महोदय, आपको विदित है कि दिल्ली से सहारनपुर रेल लाइन को 120 साल हो गए हैं। यह एशिया की सबसे भीड़ वाली रेल लाइन है। यहां इतनी भीड़ चलती है कि टायलेट में भी खड़े होने की जगह नहीं है। लोग गेट पर खड़े होते हैं, छतों पर बैठते हैं। दिल्ली के चारों तरफ मेट्रो चल गई, आरआरटीएस जा रही है।

मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार, अर्बन डैवलपमेंट और रेलवे मिनिस्ट्री से मांग है कि यहां आरआरटीएस दिल्ली से लेकर कासिमपुर, खेड़ी, बागपत में जल्दी से जल्दी से चलाया जाए। दिसंबर 2016 में दिल्ली से सहारनपुर रेल लाइन डबल करने के लिए माननीय मनोज सिन्हा के द्वारा भूमि पूजन हुआ था, उस दोहरीकरण को पूरा किया जाए।

श्री प्रिंस राज (समस्तीपुर): महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। जैसा कि आप देख सकते हैं – नो मोर 50, मैं बताना चाहता हूं कि यह कोई प्रोटेस्ट नहीं है, अवेयरनेस है। हमारे सहयोगी और मित्र अनुभव मोहंती जी ने इसके बारे में बताया था और अब हम आपके समक्ष यह बात रख रहे हैं।

महोदय, नो मोर 50, मैं अपनी उम्र के बारे में नहीं बता रहा हूं।

वर्ष 1960 में जानवरों के प्रति जो अन्याय होता था, उसको बचाने के लिए 1960 में एक एक्ट निकाला गया था। उसमें 50 रुपये का दंड रखा गया था। अब 60 साल होने जा रहे हैं। वह दंड अभी तक 50 रुपये ही है। उस जमाने में 50 रुपये बहुत ज्यादा होते थे, लेकिन आज के जमाने में 50 रुपये की उतनी ज्यादा वैल्यू नहीं है। मैं आपसे यही आग्रह करूंगा कि 60 साल में एक आदमी भी रिटायर हो जाता है, इसलिए, अब इस 50 रुपये को भी रिटायर हो जाना चाहिए और एक नया कानून आना चाहिए, जिसमें कुछ ऐसे सख्त प्रावधान हों, जिससे क्रुएल्टी टूवार्ड्स एनिमल को रोका जा सके। आज सोशल मीडिया के माध्यम से हम लोग देखते रहते हैं कि किस तरह के वीडियो सामने आते हैं। हम सभी यंग एमपी और सीनियर मोस्ट एमपी से आग्रह करेंगे कि बेजुबान को जुबान देने की कोशिश की जाए।

माननीय सभापति: डॉ. अमर सिंह जी – उपस्थित नहीं।

[*]**SHRI GURJEET SINGH AUJLA (AMRITSAR):** I thank you sir, for giving me the opportunity to speak in Zero Hour on an important issue. I want to draw your attention to a problem faced by us. Beyond river Beas, 4 districts of Pathankot, Gurdaspur, Amritsar and Tran Taran are present. My colleague Jasbir Gill ji is present here. Here, Guru Nanak Dev hospital is present. It is a big hospital. It is facing a lot of problems. Cath lab was set up seven years ago. Stents are being sold here for Rs.14,000/- per stent. But there is no physio here. So, it is not functioning. Forensic operation centre has performed only 3 surgeries in the last

[*] English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

15 years. Similar centre is available only in PGI. Open heart surgery can be performed only in Amritsar. The super-specialist block here is not functioning properly. Bibi Nanki Child Specialist Ward is also not functioning properly. Glucose plant is closed. Oxygen cylinders have to be bought from outside. Ventilators were provided during the times of Covid. Their maintenance has become a major issue.

Sir, the 105 crore Cancer Hospital is not functioning. What is the reason? The Central Government gives the Budget. But the State Government does not have adequate budget to run the hospital. The Government gives costly budget for the hospitals. I urge the Government to grant FDs of 20-25 crores so that these health centres do not remain shut. Bibi Nanki Ward is in shambles due to this very reason. No money is available in the hospital even for getting the ACs repaired. No money is there for purchasing generators. So, I urge upon the Government to appoint a neurosurgeon and a cancer-specialist here.

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल उठाने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति : आप एक मिनट में अपनी बात पूरी कीजिए।

कुंवर दानिश अली: मैं चाहूंगा कि आज आप मुझे थोड़ा ज्यादा समय दीजिए, क्योंकि यह आपके क्षेत्र से भी जुड़ा हुआ मामला है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में गन्ना किसानों की बहुत बड़ी आबादी है। सिम्भावली शुगर मिल पर पिछले साल जो गन्ना किसानों ने दिया था, उसका पेमेंट अभी तक नहीं हुआ है और यह साल पूरा होने जा रहा है।

सभापति महोदय, आपके क्षेत्र के लोग भी उससे जुड़े हुए हैं। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, ये जो शुगर फैक्ट्रीज हैं, ऐसा नहीं है कि ये घाटे में चल रही हैं, इनके पास डिस्टलरीज हैं। सिम्भावली शुगर

फैक्ट्री के पास भी डिस्टलरी है। वेब शुगर फैक्ट्री भी नई डिस्टलरी बना रही है, लेकिन, उसके बावजूद गन्ना किसानों का पेमेंट एक साल से नहीं हो रहा है। मेरा आपके माध्यम से **...(**व्यवधान**)** मैं अपने क्षेत्र की बात कर रहा हूं। 400 करोड़ रुपये बाकी हैं। मैं इसको जानता हूं या आप जानते हैं**? ...(**व्यवधान**)** आप दिलवा दीजिए। सभापति जी, सिम्भावली शुगर फैक्ट्री से पूछिए।**...(**व्यवधान**)** इनके क्षेत्र के लोग हैं। ...(व्यवधान) खाली यहां आकर बात करते हैं।

माननीय सभापति: हमारे पास बहुत लंबी सूची है।

...(व्यवधान)

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): कम से कम गन्ना किसानों के प्रति तो सही रहिए। **...(**व्यवधान**)**

माननीय सभापति: सदन का समय सूची के पूरा होने तक बढ़ाया जाता है।

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : माननीय सभापति जी, माननीय सदस्य ने**...(**व्यवधान**)**

श्री देवजी पटेल (जालौर) : सभापति महोदय, आपका धन्यवाद।**...(**व्यवधान**)**

माननीय सभापति: नहीं-नहीं, आप बैठ जाइए। उनका नाम नहीं लिया है।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय सभापति : अगर कोई गलत शब्द होगा, तो उसको निकाल दिया जाएगा। वह गलत बात है। आपको ऐसा नहीं बोलना चाहिए।

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री देवजी पटेल : सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र के विषय के बारे में बोलना चाहता हूं। महोदय, आपने देखा होगा कि किसान बेहाल है। बेमौसम कभी-भी कुछ भी हो जाता है। मेरे वहां पर जीरे की बहुत बड़ी फसल होती है।**...(**व्यवधान**)** जीरे की फसल बेमौसम खराब हो जाने के कारण मेरे क्षेत्र में जिन किसानों ने प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना करवाई थी, उनको भी उसका लाभ नहीं मिल रहा है। उसका कारण इतना ही है कि राजस्थान के अंदर पटवारी हड़ताल कर रहे हैं।**...(**व्यवधान**)** जब हम राजस्थान में सर्वे की चर्चा करते हैं।**...(**व्यवधान**)** उस समय पटवारी स्ट्राइक पर बैठे हुए

थे।**...(**व्यवधान**)** राजस्थान की सरकार **... *** में बिजी है। राजस्थान में सरकार के विधायक परेशान हैं। हमारे यहां पर जनप्रतिनिधि धरने पर बैठते हैं।**...(**व्यवधान**)**

माननीय सभापति : कृपया आप लोग बाहर चले जाइए।

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री देवजी पटेल : महोदय, जो सरकार के नुमाइंदे हैं, व्यापारी धरने पर बैठते हैं, क्योंकि वहां चोरी-चकारी और बहुत लूटमार बढ़ गई है।**...(**व्यवधान**)** औरतों के ऊपर बड़े अत्याचार हो रहे हैं और वहां सरकार की बात कोई नहीं सुन रहा है।**...(**व्यवधान**)**

महोदय, जैसे मैं अपने क्षेत्र में घूमा और जब मैंने किसानों से चर्चा की थी, तो किसानों ने एक ही रिक्वेस्ट की थी कि इस सरकार से हमें बचाइए।**...(**व्यवधान**)** उनको बचाने के लिए उन्हें यह लग रहा है कि इसमें केन्द्र की सरकार इंटर्वीन करे और उनको प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलवाए। अगर उसके लिए राष्ट्रपति शासन भी लगाना पड़े तो लगाएं और केन्द्र की सरकार वहां के किसानों को बचाने का कार्य करे। इसके लिए मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करता हूं कि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का जो लाभ है, वह उनको जल्द से जल्द दिलवाएं।

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय संबंधित मंत्री जी का ध्यान प्लास्टिक उद्योगों (पोलीमार इंडस्ट्री) की ओर दिलाना चाहता हूं। प्लास्टिक उद्योग एमएसएमई के अंतर्गत आते हैं, लेकिन वे इस वक्त गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत देश में बड़ी संख्या में छोटे-छोटे प्लास्टिक उद्योग विनिर्माण करके देश की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। इन उद्योगों के चलते कच्चा माल (प्लास्टिक दाने) जैसे पीबीसी, रेग्जीन, एलएलडीई, एचडीपीई और पीपी की कीमतों में 95 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ोतरी हुई है।

कोविड काल के पहले इनकी कीमत उदाहरण स्वरूप 70 रुपये प्रति किलो थी। अचानक इनके दामों में 130 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हो गई है, जिससे सारे प्लास्टिक उद्योग संकट में आ गए हैं। कच्चे माल में देश में पूर्णतः एक विशेष कंपनी का एकाधिकार है। पड़ोसी देशों से जो आयात होता था,

---

* Not recorded

वह पूर्णतः बंद है। बढ़ोतरी की गई कीमतों को तत्काल कम किया जाए, अन्यथा बड़ी संख्या में छोटे-छोटे प्लास्टिक उद्योग बंद हो जाएंगे। जिन लोगों ने बैंक से कर्ज लिया है, वे कर्ज नहीं दे पाएंगे। प्लास्टिक से बने हुए उत्पाद के दाम बढ़ जाएंगे, जिससे उपभोक्ता परेशान हो जाएंगे।।

मेरी माननीय मंत्री जी से यह मांग है कि कच्चे माल में बेतहाशा बढ़े हुए मूल्य को नियंत्रित करने के लिए या तो कच्चा माल जैसे पीबीसी, रेग्जीन, एलएलडीई, एचडीपीई और पीपी को पड़ोसी देशों से आयात करने की अनुमति प्रदान की जाए। इसके साथ ही एंटी डम्पिंग ड्यूटी जो बीआईए स्टैण्डर्ड पर लगाई गई है, उसे हटाकर इम्पोर्ट ड्यूटी को कम किया जाए या पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट के निर्यात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, though the tenure of the Mahanadi Water Dispute Tribunal was over on the 12th of this month and is likely to be extended, no decision is finalised. आपको याद होगा कि 16वीं लोक सभा के सत्र में हमारी इस लोक सभा और राज्य सभा में महानदी के पानी को लेकर काफी हंगामा हुआ करता था। Yet after nineteen hearings, Odisha has got no significant benefit from it even after so many years. The problem is really about the flow of water during non-monsoon season because of the construction of barrages in the upstream by the Chhattisgarh Government. Even now, before the advent of summer, Hirakud Reservoir water level has come down by six feet which has caused large scale anxiety among the people of Odisha. More than fifteen districts are covered by the Mahanadi River and water of Mahanadi is used not only for farming but also for drinking water. The canals and waterways are also served by the Mahanadi River. I would urge upon the Government to take urgent steps and impress upon the Chhattisgarh Government to release adequate water to reach Hirakud Reservoir during the non-monsoon period.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): सभापति महोदय, धन्यवाद। मैं एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ। मैं जिस सड़क की चर्चा कर रहा हूँ, वह पांच राज्यों से जुड़ी हुई है और पांच राज्यों में कई जिलों और प्रखण्डों को प्रभावित करती है।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र के दानापुर अनुमंडल के भुसौला-दानापुर से एनएच 98/139 की शुरूआत होती है। यह सड़क पाटलीपुत्र संसदीय क्षेत्र के पटना एम्स, जो बहुत महत्वपूर्ण है, के पास से शुरू होकर नौबतपुर, बिक्रम, कनपा, महाबलीपुर और जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के अरवल जिला के अरवल, मेहंदीया, कलेर तथा काराकाट संसदीय क्षेत्र के औरंगाबाद जिला के दाउनगर, ओबरा एवं औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के औरंगाबाद एनएच 2 पर जाकर मिलती है। यानी कुल मिलाकर के चार से पांच हमारे बिहार राज्य के संसदीय क्षेत्रों को भी जोड़ने का काम करती है। उसके बाद औरंगाबाद जिला के अम्बा होते हुए झारखण्ड के हरिहरगंज, छतरपुर होते हुए डाल्टेनगंज के राजहारा तक जाती है। यह सड़क बिहार में 156 किलोमीटर और झारखंड में 51 किलोमीटर है। यह सड़क बिहार और झारखंड के महत्वपूर्ण स्थानों को पटना एम्स, आईआईटी बिहटा, बिहटा एयरपोर्ट, औद्योगिक क्षेत्र बिहटा, विश्व प्रसिद्ध उलार सूर्यदेव मंदिर, बौद्ध सर्किट के बोधगया और वैशाली को भी जोड़ती है। यह सड़क एनएच 2, एनएच 120, एनएच 110, एनएच 30, एनएच 83 से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिलती है। बिहार के चार संसदीय क्षेत्र पाटलीपुत्र, जहानाबाद, काराकाट और औरंगाबाद से होकर यह सड़क गुजरती है। इस पर ट्रैफिक लोड भी काफी है। मैंने जैसा कहा है कि यह सड़क पांच राज्यों को जोड़ती है। बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ को जोड़ने वाली यह बहुत महत्वपूर्ण सड़क है।

अत: मैं सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी पुन: अनुरोध करता हूँ कि उपर्युक्त वर्णित तथ्यों पर गंभीरतापूर्वक और सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए एनएच 98/139 को जनहित में चार लेन की सड़क बनाने की अनुमति प्रदान की जाए।

माननीय सभापति: आप कृपया समय का ध्यान रखें।

…(<u>व्यवधान</u>)

*__DR. AMAR SINGH (FATEHGARH SAHIB):__ Sir, I want to demand something for my Constituency Fatehgarh Sahib. Earlier too, I had mentioned in this august House that Fatehgarh Sahib is the place where the 2 younger sons of the 10th Sikh Guru Shri Gobind Singh were walled alive by Mughals. So, historically, it is a very important place for the Sikhs.

Sir, I have been repeatedly saying that it is a martyrdom of highest level. Even now, on every 26th and 27th December, 40 to 50 lakh devotees throng this place to pay obeisance. This is an incident that happened 315 years ago in 1705. I urge the Government to bring this place in the International Tourist Circuit. Health centres should be opened here at the earliest. A medical college and a trauma centre should be set up here. Rail connectivity to this place should be increased. Several trains catering to Sikhs are being diverted from Sirhind. Sachkand Express, Hemkund Express and the train from Mumbai are included in it. So, more facilities should be provided for this place. Mandi Gobindgarh near here is a steel town. The industry there is in shambles. Please do something. These are my demands. Thank you.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने शहरी जल मिशन के लिए 2.87 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। मैं आपके माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी का जयपुर संसदीय क्षेत्र में व्याप्त पेयजल की विकट समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। जयपुर का तेजी से विस्तार के कारण पेयजल की

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

काफी समस्या हो गई है। प्राचीन समय से जयपुर का प्रमुख पेयजल स्रोत रामगढ़ बांध रहा है, लेकिन यह बांध आज अतिक्रमण का शिकार होकर अपनी पहचान खोने की कगार पर है।

सभापति महोदय, जयपुर की जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि हो रही है। कालोनियों के बनने के कारण आज अनेक क्षेत्र पेयजल के गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। जयपुर की सबसे बड़ी आवासीय योजना पृथ्वीराज नगर में पेयजल का गंभीर संकट है। साथ ही, जयपुर संसदीय क्षेत्र में स्थित अजमेर रोड, सिरसी रोड, सांगानेर, जगतपुरा, आगरा रोड एवं सीकर रोड सहित अन्य इलाकों में लगभग ढाई हजार मल्टीस्टोरी बिल्डिंग्स बनने के कारण आज वहां पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। वहां आज भी पेयजल कनेक्शन्स नहीं हैं। इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को निजी पेयजल प्रदाताओं से टैंकरों द्वारा पानी प्राप्त करना पड़ता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय जल शक्ति मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि इन क्षेत्रों में पेयजल की गंभीर समस्या को देखते हुए जयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए विशेष पेयजल योजना बनाकर अतिरिक्त धनराशि आवंटित कराएं, ताकि इन क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके। धन्यवाद।

माननीय सभापति: मैं फिर अनुरोध कर रहा हूं कि धैर्य रखिए और किसी को भी सदन से जाना नहीं है।

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति जी, कल भी लोग चले गए थे, लास्ट में केवल पांच लोग रह गए थे। जो कल देर तक रुके थे, उनको तीन-तीन मिनट समय अलग से दीजिए।

माननीय सभापति: ठीक है, आप बैठिए।

श्री दिनेश चन्द्र यादव।

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र हाजीपुर में मध्य रेलवे के अंतर्गत मधेपुरा स्टेशन पर एक रैक प्वाइंट बना हुआ है। उसमें किराना सामान, सीमेंट, दवाई वगैरह तो आती हैं, लेकिन गिट्टी, बालू आदि मंगाने की सुविधा उस पर नहीं है। आज के दिन मधेपुरा में बड़े पैमाने पर कई राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हो रहा है, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग की प्रधानमंत्री

सड़क योजना और मुख्यमंत्री सम्पर्क योजना के अलावा भवन निर्माण और गैर-सरकारी भवनों का भी निर्माण हो रहा है, जिसमें गिट्टी-बालू की बहुत आवश्यकता होती है। वहां के लोगों को मधेपुरा से दूसरे रैक प्वाइंट से सामान मंगवाना पड़ता है या फिर जब ट्रक से सामान आता है तो वह महंगा भी होता है और उसमें समय भी काफी लगता है। मधेपुरा रेलवे स्टेशन के बगल में बुधमा स्टेशन है, जहां पर रेलवे की पर्याप्त जमीन उपलब्ध है और वह एनएच-**107** से जुड़ा हुआ है। बुधमा स्टेशन पर अगर एक रैक प्वाइंट बन जाए तो वहां गिट्टी-बालू आने में काफी सुविधा होगी।

माननीय रेल मंत्री जी से मैं आग्रह करना चाहता हूं कि बुधमा स्टेशन और उसके साथ ही सहरसा के बैजनाथपुर स्टेशन पर, जहां रेलवे की जमीन उपलब्ध है, वहां रैक प्वाइंट की सुविधा उपलब्ध कराएं। मैं आपके माध्यम से यह मांग माननीय रेल मंत्री जी से करना चाहता हूं। धन्यवाद।

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): धन्यवाद, सभापति महोदय।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान राजस्थानी भाषा की तरफ दिलाना चाहूंगा, जिसको संवैधानिक मान्यता प्रदान करने के लिए, आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए पूरे राजस्थान से वर्ष **1936** से लेकर आज तक मांग उठ रही है। किसी भी देश या प्रदेश की संस्कृति को बनाए रखने के लिए वहां की भाषा का होना बहुत जरूरी है। सम्पूर्ण तत्वों में और राजस्थान के करीबन दस करोड़ लोगों द्वारा बोली जाने वाली यह सबसे प्राचीन भाषा – राजस्थानी भाषा है, जिसे आज तक आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। राजस्थानी भाषा आज तक अपने अस्तित्व की तलाश कर रही है। **25** अगस्त, **2003** को राजस्थान विधान सभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था कि राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए, लेकिन यह कार्य अभी भी सुनिश्चित नहीं हो पाया है। राजस्थानी भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए वर्ष **1936** में पहली बार मांग उठी थी। तब से लेकर अब तक इस भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए हमेशा से यह मांग उठती आ रही है। वर्ष **2003** में राजस्थान विधान सभा में भी एकराय बन पाई थी। उसके बाद ओडिशा के एक वरिष्ठ साहित्यकार एस.एम. महापात्रा के नेतृत्व में एक कमेटी बनी, जिसकी रिपोर्ट दो

साल बाद केन्द्र सरकार को भेजी गई। वर्ष **2006** में, तत्कालीन गृह मंत्री जी ने **14**वीं लोक सभा में इसके लिए आश्वासन भी दिया था, परन्तु अभी तक वह रिपोर्ट भारत की संसद में नहीं आई है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि राजस्थान प्रदेश के करोड़ों लोगों द्वारा बोली जाने वाली राजस्थानी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। धन्यवाद।

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा संसदीय क्षेत्र लकड़ी की काष्ठ कला उद्योग के लिए पूरे देश-दुनिया में विख्यात है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी नगीना के हैण्डीक्राप्ट को प्रोत्साहन देने के लिए उत्पाद योजना के अंतर्गत नगीना के हैण्डीक्राफ्ट को जनपद बिजनौर में चुना है। वहां के हजारों व्यापारी प्रतिदिन कारोबार के लिए दिल्ली जाते हैं। यह ट्रेन मुरादाबाद से कांठ, स्योहरा, धामपुर, नगीना, नजीबाबाद होते हुए गजरौला से दिल्ली जा सकती है या दूसरी तरफ लक्सर जंक्शन से चलकर नजीबाबाद, नगीना, धामपुर होते हुए मुरादाबाद से दिल्ली के लिए ट्रेन चलाई जा सकती है। इन दोनों रूट्स पर कहीं भी दिल्ली के लिए ट्रेन चलेगी तो मेरे संसदीय क्षेत्र के आम लोगों और व्यापारियों को बहुत लाभ पहुंचेगा। मेरी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना में एक ट्रेन शीघ्र चलाने की कृपा करें।

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी) : माननीय सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। सबसे पहले तो मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को कोटि-कोटि धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने 'जल जीवन मिशन' को देकर पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए पूरे देश को एक तोहफा दिया है। मैं आपका ध्यान आगरा जनपद, विशेषकर अपने लोक सभा क्षेत्र फतेहपुर सीकरी की ओर दिलाना चाहता हूं। हमारे यहां जल स्तर बहुत नीचे चला गया है और पानी की बहुत ही गम्भीर समस्या है। यह समस्या आज की नहीं है, यह समस्या अकबर के जमाने से चले आ रही है। अकबर फतेहपुर सीकरी को छोड़कर इसलिए चला गया था कि वहां पेयजल की समस्या थी।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि 'जल जीवन मिशन' के लिए हमारे यहां जैसे चम्बल नदी है, चम्बल नदी का जो पानी है, वह क्लीयर, क्रिस्टल है और पीने योग्य है। उसके लिए शोध की कोई आवश्यकता नहीं है। जनता की यह इच्छा है कि जिस प्रकार आगरा शहर को

गंगा के द्वारा गंगा जल मिला है और वहां जल स्तर इतना नीचे चला गया है कि आने वाले समय में अगर हम ओवर हैड टैंक बनाकर पानी देने की व्यवस्था भी करेंगे तो आगे चलकर वे बोरिंग्स फेल हो जाएंगी।

मेरी आपसे प्रार्थना है कि इस गम्भीर समस्या को देखते हुए, पेयजल की समस्या को देखते हुए आगरा जनपद के देहात क्षेत्र को 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत चम्बल नदी से पानी देने की कृपा करें। भरतपुर, राजस्थान को भी चम्बल नदी से 150 किलोमीटर दूर तक पानी जा रहा है, मेरे क्षेत्र में तो चम्बल नदी गुजरती ही है। आप कृपया चम्बल नदी से पानी की व्यवस्था करा दें। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री भगवंत मान (संगरूर) : सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने मुझे समय दिया और मैं इस वाले सेशन में पहली बार बोल रहा हूं। जो नरेगा स्कीम है, उसके तहत एक साल में सौ दिन का काम देने की गारण्टी है। मेरे साथी इस सभा में बैठे हैं और देश की सबसे बड़ी पंचायत इसको कहा जाता है। मेरे ख्याल में ऐसा नहीं होगा कि किसी भी हल्के में या किसी भी लोक सभा इलाके में नरेगा के दिहाड़ीदारों को सौ दिन मिलते होंगे। उनको 20 से 25 का एवरेज भी नहीं आता है। नरेगा में 60 साल की बुजुर्ग महिला काम कर रही है। वह अपने सिर पर 50 किलो के आस-पास मिट्टी का एक टोकरा, जिसको हम पंजाबी में मिट्टी का बट्ठल बोलते हैं, उसे उठाकर इधर-उधर, जो भी नरेगा का काम होता है, वह कर रही है।

महोदय, यहां मंत्री साहब बैठे हैं। वहां उनके पास एक कच्ची कॉपी होती है और उस कच्चे रजिस्टर पर उनका अंगूठा लगवा लिया जाता है, क्योंकि वे ज्यादातर अनपढ़ ही होते हैं। दिहाड़ी किसी और को मिलती है और काम कोई और करता है। यह पंजाब में 241 रुपये है। कम से कम 600 रुपये उनकी दिहाड़ी होनी चाहिए। लास्ट दो लाइनें हैं, जो कविता की लाइनें हैं और मेरे से उम्मीद भी करते हैं कि कुछ कविता बोलूं। गरीबों की दिहाड़ी जो ऐसे लूटते हैं, उनके लिए मैं कहना चाहता हूं। 'जितने मर्जी इकट्ठे कर लो पैसे, हीरे, मोती, मगर ख्याल इतना रहे कि कफन में जेब नहीं होती।' सब कुछ यहीं रह जाएगा। उन गरीबों को उनका हक मिलना चाहिए ।

श्री चंद्र शेखर साहू (बरहामपुर): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बरहामपुर है।...(व्यवधान) सर, वहां वर्ष 1960 से एक केन्द्रीय विद्यालय है। वहां की आबादी पांच लाख से ज्यादा हो गई है। वहां सेंट्रल गवर्नमेंट के ऑफिसेज हैं, एडीजे कंटेनमेंट है और अन्य बहुत ऑफिसेज हैं। मैं आपके माध्यम से एचआरडी मिनिस्टर से बरहामपुर में दूसरा केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए रिक्वेस्ट करता हूं।...(व्यवधान) उसके साथ-साथ एक और असेम्बली कॉस्टिटुएंसी चिकिती है। वह ज्यादा दूर है। वहां एक भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। वहां भी एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से आग्रह करता हूं।

श्री विजय बघेल (दुर्ग): सभापति महोदय, मुझे स्वास्थ्य विभाग जैसे महत्वपूर्ण बजट पर बोलने का अवसर माननीय राकेश सिंह जी ने दिया था, लेकिन समय के अभाव के कारण मुझे बोलने का अवसर नहीं मिला। मैं उसी से संबंधित कुछ बातों को शून्य काल में रखना चाहूंगा।

माननीय महोदय, कोरोना काल में जब विश्व के लोग चिंतित मन से अपने-आपको और दूसरों को बचाने के लिए लगे हुए थे, तो माननीय मोदी जी के कुशल नेतृत्व में उनके निर्देशन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन जी हर स्तर पर व्यवस्था में लगे हुए थे। राज्य सरकारों के मुख्यमंत्रियों के साथ बार-बार बैठक करके माननीय प्रधान मंत्री जी जनता को इस कोरोना महामारी से बचाने में लगे हुए थे, तब ...* भी प्रदान कर रहे थे। छत्तीसगढ़ में सारी व्यवस्था चरमराई हुई थी। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री में संवादहीनता थी। मगर मैं दिवंगत पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को धन्यवाद दूंगा और उनका पुण्य स्मरण भी करूंगा, जिन्होंने हमारे पूर्व माननीय सांसद रमेश वैद्य जी के निवेदन पर एम्स की स्वीकृति प्रदान की थी, जो इस कोरोना काल में छत्तीसगढ़ की जनता के लिए जीवनदायिनी साबित हुआ है। वहां के डायरैक्टर डॉ. नितिन नागरकर जी के नेतृत्व में सभी स्टाफ और डॉक्टर्स ने दिन-रात सेवाएं दे कर कोरोना से मुक्ति दिलाई है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति: बघेल जी, आप अपनी मांग यहां रखिए।

* Not recorded.

श्री विजय बघेल : अन्य अस्पतालों में भी उन्हीं के मार्गदर्शन और केन्द्र द्वारा उपलब्ध की गई संसाधनों से राज्य के डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने भरपूर सेवाएं दी हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि एम्स की व्यवस्था को और दुरुस्त कर, डॉक्टर्स, स्टाफ एवं उपकरणों की और व्यवस्था प्रदान की जाए, ताकि हमारे छत्तीसगढ़ के लोग उसका भरपूर लाभ ले सकें। अगर संभव हो तो आदिवासी बहुल क्षेत्र बस्तर में भी एक एम्स की स्थापना हो।

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से आज शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि मेरा लोकसभा क्षेत्र जो रामायण सर्किट के जनपद अयोध्या, प्रयागराज और चित्रकूट के मध्य में स्थित है। प्रतापगढ़ की नगरीय आबादी वर्तमान समय मे एक लाख से ऊपर की हो गयी है, किन्तु आजादी के 74 वर्षों बाद भी अभी तक मेरे लोकसभा क्षेत्र में शहरी क्षेत्र नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ का सुनियोजित विकास नहीं हो सका है और अभी भी नगर क्षेत्र की जनता शुद्ध पेयजल, सीवर लाइन, विद्युतीकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेल रही है।

वर्तमान समय में नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ के नगरीय क्षेत्र का सीमा विस्तार हो जाने और आबादी एक लाख से अधिक हो जाने के कारण वह भारत सरकार के अमृत योजना के अंतर्गत शामिल होने की क्राइटेरिया में आ गया है।

इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय से मांग करना चाहता हूँ कि मेरे लोकसभा प्रतापगढ़ के नगरीय क्षेत्र नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ को भारत सरकार के अमृत योजना में सम्मिलित कराने की कृपा करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. DNV SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI): Hon. Chairperson, Sir, Vanakkam.

The National Helpline for Children, known as Childline 1098, is an initiative for rescuing and assisting children in distress. This is presently under the Ministry of Women and Child Development. There are plans that this is going to be shifted to the Ministry of Home Affairs. The hon. Minister has also made a statement regarding this. If this is made, then the distress calls will be attended by police personnel instead of social workers. Hon. Chairperson, Sir, children have inhibitions talking to police personnel and they will be comfortable sharing their distress with the social workers and NGOs.

Therefore, in the genuine interest of children, I strongly oppose this move at its initial stage and request that the National Helpline for Children (1098) stays with the Ministry of Women and Child Development. Thank you, Sir.

माननीय सभापति: श्री हनुमान बेनीवाल जी।

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, आपका धन्यवाद। जब आप विराजते हैं, तो लगता है कि निश्चित रूप से हमें बोलने का अवसर मिलेगा। आपके माध्यम से सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए यह बताना चाहता हूं कि उन्होंने अपने पिछले विभिन्न दौरों में राजस्थान में 4,772 किलोमीटर की 50 सड़कों को नेशनल हाइवे घोषित करने की बात कही थी, व जयपुर-दिल्ली नेशनल हाइवे को एक्सप्रेस-वे के रूप में विकसित करने की बात कही थी, मगर अभी तक उन पर अमल नहीं हुआ है।

इसी क्रम में राजस्थान के फलौदी, नागौर, तरनाऊ, खाटू, नारायणपुरा, भाटीपुरा, दूदू, दौसा खण्ड को मंत्री जी ने सैद्धांतिक नेशनल हाइवे की मंजूरी दे रखी है, परन्तु अभी तक नेशनल हाइवे डिक्लेयर का गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है, कृपया इसे नेशनल हाइवे घोषित किया जाए।

माननीय सभापति महोदय, राजस्थान के मामले नियम 377 के माध्यम से पिछली बार भी दिये थे। ये वैसे मामले हैं, जिन पर राजस्थान की सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

माननीय सभापति: आप एक विषय उठा चुके हैं।

श्री हनुमान बेनीवाल: सभापति महोदय, मैं एक मिनट में ही बोल दूंगा। राज्य राजमार्ग 39 पर मुंडवा से झनाणा, खजवाना, रुण, गागुड़ा, फांटा व मेड़ता रोड होते हुए मेड़ता सिटी तक 61.20 किलोमीटर, चातर-माँजरा से ढिंगसरा, भेड़, बैराथल से पांचला सिद्धा तक एमडीआर 37ए श्रेणी की 32 किलोमीटर, वहीं एमडीआर 37बी श्रेणी की सड़क ग्राम मुंदीयाड़ से शीलगांव, डेहरु होते हुए जोरावपुरा तक 16 किलोमीटर, झिंटिया से जड़ाऊ, माँखियास, जेजास, लाम्पोलाई रलियावता, धोलेराव, मोर्रा, रेण होते हुए सांजू तक 38 किलोमीटर, वहीं एमडीआर 224 श्रेणी की जोधपुर जिले के कवासपुरा से पुंदलु, गगराना, इंदावड़, भूरियासनी, कातियासनी, चुंदिया, श्यामपूरा, पांचडोलिया, रासलियावास, हिंदास, जेसास, लाम्पोलाई से गूलर तक 65.45 किलोमीटर, राज्य राजमार्ग 19 पर करणु से भोमासर, पांचोड़ी, देउ, भुण्डेल, चावण्डिया फांटा, गुड़ा, भगवानदास, सुखवासी, सिंगड़ होते हुए गोगेलाव तक 62 किलोमीटर, वहीं राज्य राज्यमार्ग 87 ए पर रंजितपुरा से ओसियाँ तक जाने वाली सड़क पर नागौर जिले में पांचोड़ी-तान्तवास तक 19 किलोमीटर सड़क के निर्माण व बोरावड़ से खाटू सड़क पर कालवा फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के साथ-साथ नागौर-बिकानेर एन.एच. से बाईपास(रिंग रोड), नागौर-फतेहपुर-पाली एन.एच. गोगेलाव की तरफ एक बाईपास जोड़ना है, उसकी स्वीकृति के लिए भी मंत्री जी आदेश दें।

माननीय सभापति: आपने आज चार शून्य प्रहर का समय लिया है।

श्री सय्यद ईमत्याज जलील (औरंगाबाद): माननीय सभापति जी, सुप्रीम कोर्ट का एक ऑर्डर है, जिसमें यह कहा गया है कि once a Wakf always a Wakf. यानी एक जमीन जो वक्फ़ की जाती है,

वह हमेशा के लिए वक्फ़ रहती है। महाराष्ट्र में 93,000 हेक्टेयर्स वक्फ़ की ज़मीन है। यह सिर्फ कागजों पर है। ज्यादातर जमीनें बड़े-बड़े बिल्डर्स और राजनेताओं ने हड़प ली हैं और गैर कानूनी तरीके से बेच दी हैं। इसे बेचने में लैंड रिकॉर्ड ऑफिस, सब रजिस्ट्रार ऑफिस, महानगर पालिका, तहसीलदार, तलाठी ये सभी लोग शामिल हैं।

मेरा आपसे यह कहना है कि औरंगाबाद में वक्फ़ की एक प्राइम प्रॉपर्टी है, जिस पर 100 करोड़ रुपये का एक काम्प्लेक्स बनाया गया है। उसके लिए सभी डिपार्ट्मेंट्स तथा वक्फ़ बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों को... * वक्फ़ बोर्ड को ऑफिशियली 1.50 लाख रुपये दिए गए हैं, जबकि सेठों ने उससे 100 करोड़ रुपये कमाए हैं। ये ज्यादातर जमीनें ... * के दौर-ए-हुकूमत में बेची और खरीदी गई हैं और उन पर कब्जा किया गया है। आज ये सत्ता में दोबारा आए हैं और हमें यह उम्मीद नहीं है कि ये जमीनें हमें वापस मिलेंगी।

इसलिए हम सरकार से यह अनुरोध करना चाहते हैं। चूंकि यह हजारों करोड़ रुपये के जमीन का घोटाला है। इसलिए हम केन्द्र सरकार से यह अनुरोध करते हैं कि इसकी जांच सीबीआई के द्वारा की गई, तो बहुत सारे ... * भी गिरफ्तार होंगे और बड़े-बड़े सेठ भी गिरफ्तार होंगे।

श्री बालक नाथ (अलवर): माननीय सभापति महोदय, मैं सरकार और पूरे सदन का ध्यान, देश की जनता के साथ जो फ्रॉड हो रहा है, इस विशेष मामले की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

हमारे देश में जो मोबाइल निर्माता कम्पनियाँ हैं, इनकी एक बहुत बड़ी मोनोपोली है। Algorithms are manipulated. Monopolisation and duplication of technology are done only by two companies. ये सिर्फ दो कम्पनियाँ चलाती हैं, जिनमें से एक एंड्रॉइड है, जो पूरी तरह से गूगल बेस्ड है और दूसरा आईओएस है, जो आई फोन-एप्पल बेस्ड है।

हम देखते हैं कि जैसे ही मार्केट में फोन्स का नया वर्जन आता है, तो धीरे-धीरे पुराना वर्जन हैंग होने लगता है। उसके कैमरे काम करना बंद कर देते हैं। हमें उसमें तरह-तरह की दिक्कतें महसूस होती

* Not recorded.

हैं। मार्केट में नया फोन आते ही पुराना फोन खराब होने लगता है। ये दो कम्पनियाँ मिलकर देश की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा कर रही हैं।

मैं मांग करता हूँ कि इनकी जाँच होनी चाहिए। इसके साथ-साथ हमारी सरकार का, हमारे प्रधानमंत्री जी का जो सपना है और उनका आत्मनिर्भर भारत का जो लक्ष्य है, वह निश्चित रूप से पूरा होगा। हमें भी अपने देश में एक ऐसी टेक्नोलॉजी को, एक ऐसे प्रोसेसर को बनाना होगा, जो हमारी फोन निर्माता कम्पनियाँ बनाएं और सारे फोन्स उसी प्रोसेसर के द्वारा चलें।

जनता के साथ बहुत धोखा हो रहा है। बहुत ही महंगे फोन्स होते हैं। लेकिन जैसे ही नया वर्जन आता है, तो पुराना वर्जन खराब हो जाता है, उसके कैमरे काम करने बंद कर देते हैं। इसकी जाँच होनी चाहिए। ये दो कम्पनियाँ जनता की जेब से पैसे खींचने का काम कर रही हैं, उनके ऊपर लगाम लगाने का काम हो।

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय सभापति जी, हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलिया ब्लॉक में भानपुर-खजुरिया भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है। यह एक प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। जहाँ से नेपाल स्थित बेल्लोरी, कंचनपुर केन्द्र से कई वस्तुओं का व्यापार होता है। प्रति वर्ष कई करोड़ रुपए का व्यवसाय होने के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलता है। नेपाल ने अपने क्षेत्र के बेल्लोरी में अपना कस्टम ऑफिस स्थापित कर लिया है तथा भारत से आयात-निर्यात पर वहाँ की सरकार टैक्स की वसूली कर रही है। परन्तु उक्त भानपुर-खजुरिया व्यावसायिक केन्द्र पर भारत का कस्टम कार्यालय न होने के कारण राजस्व की भारी हानि हो रही है तथा वर्तमान में कस्टम कार्यालय पलिया से इसे जोड़ने के कारण, जो 40 किलोमीटर दूर है, भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है तथा साफ-सुथरा व्यवसाय करने वाले भारत तथा नेपाल के व्यापारियों को कठिनाई हो रही है। उक्त भानपुर-खजुरिया में नगर उद्योग व्यापार मंडल, खजुरिया व बेल्लोरी उद्योग वाणिज्य संघ, कंचनपुर, नेपाल के व्यापारियों ने उक्त खजुरिया में कस्टम ऑफिस खोलने की मांग की थी।

मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से मांग करता हूँ कि उक्त व्यावसायिक केन्द्र खजुरिया में व्यावसायिक सुगमता, राजस्व वृद्धि तथा भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भानपुर-खजुरिया में कस्टम कार्यालय खोलने की कृपा करें।

SHRI RAM MOHAN NAIDU KINJARAPU (SRIKAKULAM): Thank you Sir for giving me the opportunity to speak in Zero Hour.

Sir, the Central Government is pursuing adverse banking reform policies by privatising public sector banks. The public sector banks are earning good operating profits. So, instead of strengthening them, the Central Government is starving them by not providing required capital, human resources and also proceeding with disinvestment and privatization.

Sir, let me remind the Central Government that privatizing the public sector banks is unjustified and a regressive idea. Sir, the PSBs helped in building the country by supporting infrastructure development, industry advancement, social security, financial empowerment, agricultural growth and many more also. If you see the private banks, the priority is always for corporates whereas for the public sector banks, the priority has always been the common man. We have seen it recently also. They have proved it that when it comes to the point of demonetization, the PSBs led the way in trying to deal with the financial crisis at that point.

Even the most important scheme which the Central Government talks about, Jan Dhan Yojana, that also has been led by the public sector banks and in times like these, the Government has to strengthen the public sector banks network instead of going after privatization which is not a good idea.

I would like to say that the Government is denying its social responsibility by trying to privatize the PSBs, the stakeholders, trade-unions, banking industry and everyone has opposed this idea but the Central Government is trying to be adamant on this. What needs to be done instead is that India's credit to GDP ratio is less than 60 per cent. Yet, the country's banking system has the highest gross non-performing assets.

It is pertinent to note that taking stringent measures to recover this huge corporate stressed asset would be beneficial for the country, instead of privatisation of the PSBs. So, I would like to request the Central Government to look for infusion of capital, human resource and also statutory framework to recover NPAs. This would be better than privatising the Public Sector Banks.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): मान्यवर, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे बहुत ही अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया है।

मान्यवर, नैनीताल जिले के कोटाबाग और रामनगर विकास खंडों के मिलानी भाग में गिरिजा देवी माता का बहुत ही बड़ा शक्तिपीठ है, जिसमें हमारा देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग आते हैं। वह बहुत बड़ा और ऊंचा टीला है, जिसके चारों तरफ कोसी नदी है। पहले उसमें घास पकड़कर ऊपर चढ़ते थे, अब किसी तरह से सीढ़ियां बनाई गई हैं। वहां लोगों का तांता लगा रहता है, लेकिन बरसात में करीब चार महीने तक वहां आवाजाही बंद रहती है। वहां कोई नहीं जा पाता है। उस टीले को भयंकर खतरा पैदा हो गया है, क्योंकि वहां अब मिट्टी, पत्थर, कंकड़ सब गिरने लगे हैं। इस वजह से लोगों में बहुत बड़ी आशंका है कि कहीं यह मंदिर गिर न जाए।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी से यह निवेदन करता हूं कि इतने बड़े शक्तिपीठ को बचाने के लिए, जो हमारी धरोहर है, यहां से कोई टीम भेजने की कृपा करें, ताकि इसका अच्छी तरह से ट्रीटमेंट किया जा सके। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): माननीय सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र का एक अति महत्वपूर्ण विषय है हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, जो भारत सरकार के अधीन है। इसके संबंधी सुरदा माइन्स लगभग एक साल से बंद है। इसके कारण लगभग पांच हजार मजदूरों के लिए रोजगार का भारी संकट और समस्या उत्पन्न हो गई है। झारखंड सरकार द्वारा लीज नवीकरण एवं फॉरेस्ट क्लियरेंस नहीं होने के कारण समस्या उत्पन्न हो गई है। राखा और चापरी, जो दोनों माइन्स हैं, इनका भी टेंडर नहीं होने के कारण उस क्षेत्र में रोजगार की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि इन बंद पड़ी हुई माइन्स को चालू करने एवं नक्सल प्रभावित आदिवासी इलाकों में रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से यथाशीघ्र इन माइन्स को खोलने की कृपा करें। धन्यवाद।

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): माननीय सभापति जी, आपका धन्यवाद। मैं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री माननीय श्री नितिन गडकरी जी का ध्यान इन्दौर की एक समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं। इन्दौर देश का लगभग मध्य का शहर है। इन्दौर देश के सभी प्रमुख शहरों से नैशनल हाईवेज़ के माध्यम से जुड़ चुका है। इन्दौर में जो बाईपास बना हुआ है, वह शहर के मध्य में बसावट होने के कारण आ गया है। यातायात के दबाव को देखते हुए जब से इंटरनेशनल कार्गो सविर्स, इन्दौर शुरू हुई है, तब से ट्रकों और वाहनों का उस रोड पर ज्यादा दबाव हो गया है।

मैं माननीय श्री नितिन गडकरी जी से दो मांग करना चाहूंगा। अभी वर्तमान में जो बाईपास है, उस पर आने वाले समय में यातायात का दबाव देखते हुए और वहां पर आसपास बसावट होने के कारण अब हमें सेकेंड बाईपास की आवश्यकता महसूस हो रही है। इसलिए माननीय मंत्री जी सेकेंड बाईपास के लिए कार्रवाई करें। मेरी दूसरी मांग है कि बाईपास का जो दूसरा रिंग है, जो देवास नाके से सावेर रोड होता हुए और सावेर रोड से देपालपुर होता हुए राऊ और मऊ को जोड़ता है, वह रिंग भी बनाने की आवश्यकता है, ताकि बाईपास की पूरी रिंग बन जाए। इससे शहर में यातायात का दबाव कम रहेगा। मेरी ये दो मांगें हैं, जिनके बारे में मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि वे इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई करें तथा इसे आगे बढ़ाएं। धन्यवाद।

SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU (NARSAPURAM): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me this opportunity to raise an important matter during the Zero Hour. I wanted to make a request regarding the reservations provided to the people belonging to the Economically Weaker Sections. The Government, under the leadership of Shri Narendra Modi, made this provision through the 103rd Amendment to the Constitution on 12th January, 2019. This really helped many people because many people in the forward castes also are economically weak.

Especially in Andhra Pradesh, communities like Brahmins, Kammas, Reddys, Kshatriyas and Vaishyas are not able to enjoy these benefits since long. The Government of India has come up with this particular amendment of ten per cent of reservation in addition to the existing reservation which has really helped many people in getting admission into the Central Government schools and colleges, and employment but they have made amendment to clause 6 under article 16. It says:

> "(6) Nothing in this article shall prevent the State from making any provision for the reservation of appointments or posts in favour of any economically weaker sections of citizens other than the classes mentioned in clause (4), in addition to the existing reservation and subject to a maximum of ten per cent."

They have given the discretion to the State but the problem is, several States and unfortunately my own State, are not able to come up with the regulation adopting this suggestion of the Government of India which is causing a lot of inconvenience to the people of my State.

I urge upon the Government that instead of giving the discretion to the State - almost 80 per cent of the States have already implemented it - there should be an amendment that it should be made mandatory which will help the economically weaker sections who are in the upper caste.

Added to this, I have one more point. My parliamentary constituency is well developed but we do not have a Kendriya Vidyalaya wherein we can get this kind of a school facility. I would request hon. Minister, Shri Ramesh Pokhriyal to kindly sanction one Kendriya Vidyalaya without much delay at Bhimavaram in Narsapur constituency.

DR. UMESH G. JADAV (GULBARGA): Sir, I would like to speak about Gulbarga Railway Division. It is long pending and was announced in 2014. I had a Starred Question to be asked today. Shri Suresh Angadi had promised us that he would sanction us a Division and he told that till the Division is sanctioned, he will not be coming to Gulbarga but today's reply from the Ministry of Railways says:

> "A Committee of senior Railway officers was constituted to analyse and review afresh feasibility of creation of three new Divisions announced in 2014 including one at Gulbarga. The Committee after examining all the relevant issues from operational, administrative, financial and other aspects of the railway working has submitted its Report and *inter alia* concluded that creation of new Division including Gulbarga may be dropped for present. This recommendation has been accepted by the competent authority."

I have received this reply. In 2014, it was announced in the Budget, the officer was appointed and land was allotted in Gulbarga. In spite of all these developments, they have given a negative report. And honourable late Shri Suresh Angadi is not here today. He had also promised that he would not visit Gulbarga till he would get a positive report and till the Division is formed. I had a Starred Question to ask. To my bad luck, unfortunately, one of my colleagues passed away today and I missed an opportunity to put the question.

Sir, this is a burning issue in Gulbarga. There is a lot of commotion, and strikes are going on for a new Railway Division. I would request the hon. Minister, through you, and the Prime Minister to sanction a Railway Division to Gulbarga at the earliest.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): सभापति जी, मैं अपने क्षेत्र अम्बेडकर नगर में स्थित महामाया पोस्ट ग्रेजुएट कालेज के बारे में प्रकाश डालना चाहता हूं। इस मेडिकल कालेज को वर्ष 2007 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार के समय स्थापित किया गया था। आज इस मेडिकल कालेज की हालत बहुत खराब है। यहां जन औषधि केंद्र अच्छी तरह से स्थापित नहीं हुआ है। यहां टीचर्स की बेतहाशा कमी है और इसके साथ-साथ पोस्ट ग्रेजुएशन के डिप्लोमा कोर्सेज हैं, जिनके बारे में माननीय मंत्री जी बता रहे थे कि उन्होंने तमाम मेडिकल कालेजों को पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए संबद्ध कर दिया है, लेकिन मेरे क्षेत्र अम्बेडकर नगर के महामाया मेडिकल कालेज में इस संबद्धता को अभी तक नहीं दिया गया है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वहां डाक्टरों की सुविधा के लिए केंद्रीय विद्यालय खोला जाए और साथ ही साथ उन्हें पीजी कालेज की मान्यता देने का काम किया जाए, तभी मेरा क्षेत्र, जो कि पिछड़ा क्षेत्र है, उसका उत्थान हो पाएगा, तभी वहां टीचर्स आएंगे और पीजी की क्लासेज शुरू हो जाएंगी। इससे मरीजों को भी सुविधा मिलने का काम होगा। धन्यवाद।

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया। मैं आपके माध्यम से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री महोदय जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वर्तमान में शैक्षिक और आर्थिक रूप से पिछड़े तीन वर्ग एससी, एसटी और ओबीसी हैं। वर्ष 2021 में जनगणना होनी है। जनगणना के फॉर्मेट में एससी और एसटी का स्थान तो क्रमश: कॉलम-1 व 2 में है, लेकिन कॉलम 3 में अन्य है। पूरे देश के ओबीसी वर्ग की यह मांग है कि कॉलम-3 में ओबीसी वर्ग को रखा जाए और उनकी जनगणना की जाए तथा कॉलम-4 में अन्य का विवरण रहे, ताकि पूरे देश में जितने भी ओबीसी हों, उनकी गिनती हो और उसके हिसाब से उनका हक उनको प्राप्त हो सके। मेरा आपके माध्यम से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जी से अनुरोध है कि जनगणना के फॉर्मेट में क्रमांक-3 पर ओबीसी की जनगणना कराए जाने हेतु आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): धन्यवाद माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र जहानाबाद में रेल सुविधाओं के विस्तार के संबंध में माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद में रेल सुविधाओं की सख्त आवश्यकता है। मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि जहानाबाद में अरवल मोर राजा बाजार के पास रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। जहानाबाद में कारगिल चौक के पास रेल ओवर ब्रिज बनाया जाए। जहानाबाद-गया रूट पर कोरोना के कारण रेलगाड़ियों को आवागमन रोका गया है, उसे कृपया पुन: शुरू किया जाए और ठहराव को बहाल किया जाए। जहानाबाद से कोलकाता के बीच पटना-धनबाद-गंगा दामोदर एक्सप्रेस को धनबाद की जगह कोलकाता तक विस्तार किया जाए। जहानाबाद से दिल्ली के बीच सीधी रेल सेवा देने के उद्देश्य से महाबोधी एक्सप्रेस को गया की जगह जहानाबाद से आरंभ किया जाए। पटना-गया रेलखंड पर टेहटा रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव और आरक्षित टिकट काउंटर खुलवाया जाए। बिहटा से अनुग्रह नारायण रोड रेल स्टेशन के बीच प्रस्तावित नई रेल लाइन को जल्द बिछाने की व्यवस्था की जाए। नालंदा से गया को जोड़ने के लिए 50 कि.मी. लंबे इस्लामपुर से मानपुर तक नई रेल लाइन बिछाई जाए। पटना-गया रेलखंड पर टेहटा रेलवे स्टेशन पर पटना-हटिया एक्सप्रेस का ठहराव पुनः

बहाल किया जाए। कुछ वर्ष पूर्व जहानाबाद से पटना एवं गया के लिए लोकल पैसेंजर ट्रेन चलती थी, जो बाद में बंद हो गई। इससे यात्रियों को काफी कठिनाई हो रही है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि उस सेवा को पुनः बहाल किया जाए।

श्री भोलानाथ 'बी. पी. सरोज' (मछलीशहर): धन्यवाद सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र-मछलीशहर, जौनपुर, जो कि लगभग 50 लाख की आबादी वाला क्षेत्र है। वहां एक भी केन्द्रीय विद्यालय न होने के कारण यहाँ के निवासियों को अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए वाराणसी व प्रयागराज एवं अन्य जनपदों में भेजना पड़ता है, जो कई किलोमीटर दूर हो जाता है। इससे उनके रहने व खाने पीने का अतिरिक्त बोझ बना रहता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए अत्यंत गंभीर आर्थिक समस्या उत्पन्न हो जाती है। देश में शिक्षा का स्तर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का रुझान देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है। उनकी शिक्षा का स्तर बढाने के लिए एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना करना अति आवश्यक है और केन्द्रीय विद्यालय ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा का एक उचित माध्यम है। हमारा लोक सभा क्षेत्र-मछलीशहर, जौनपुर अत्यंत पिछड़ा हुआ एवं अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। इस संबंध में मैंने माननीय शिक्षा मंत्री जी को पूर्व में भी अवगत कराया है, किन्तु अभी तक इस विषय में कोई प्रगति नहीं हुई है। इससे मुझे अत्यंत निराशा हुई है। अत: मैं माननीय मंत्री जी से पुन: आग्रह करता हूं कि जनपद-मछलीशहर में नया केंद्रीय विद्यालय खोले जाने हेतु जो भी प्रक्रिया है, उसे पूरा करके स्थापित कराए जाने की कृपा करें।

20.00 hrs

[*]**SHRI MOHAMMAD SADIQUE (FARIDKOT):** I thank you, Hon. Chairman Sir for giving me the opportunity to speak in Zero Hour on an important issue.

[*] English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

Sir, kindly give me half a minute extra. This is my appeal to you. I hail from Malwa region of Punjab. It is the land of the great Sufi Saint Baba Farid Shakarganj. In my Constituency, there are four districts – Faridkot, Moga, Shri Muktsar Sahib and Bathinda. I want to draw the attention of Health Minister Shri Harshvardhan. My area's youth and farmers have made this area famous. However, Sir, the under-ground water of this area has become contaminated and poisonous. So, natives of the area are falling ill due to various diseases. Cancer has taken the lives of many people of this region.

So, I urge upon the Hon. Minister to install drinking water RO in each village of my Constituency. Punjab has always been at the helm is defending the country from invaders. It is a border state and we are fulfilling our responsibilities properly. Whether it is the production of foodgrains or defending the country. Punjab has always been at the vanguard.

However, the schemes of Central Government do not reach Punjab. Kindly pay attention of Punjab and its needs. We want Punjab to have greenery and drinking water so that the people of Punjab become prosperous and the youth of Punjab can become proud citizens. Sir, a medical college may also be given to my Constituency Faridkot….

माननीय सभापति: मेडिकल कॉलेज के बारे में आप बाद में कह दीजिएगा। तापिर गाव जी, आप बोलिए।

श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व): महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण इश्यू को इस सदन और इस देश के सामने रखना चाहूँगा। अभी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया को तय करना है कि म्यांमार और इंडिया के बीच में जो बॉर्डर फेंसिंग आज नहीं है, 1,643 किलोमीटर अरूणाचल, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम बॉर्डर पर फेंसिंग नहीं होने के कारण आज रोहिंग्या देश भर में आ गए हैं। आज गोल्ड स्मगलिंग, ड्रग्स स्मगलिंग, स्मॉल आर्म्स अमुनिशंस की स्मगलिंग उस बॉर्डर एरिया से ही हो रही है।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह कहना चाहूँगा कि आज म्यांमार में आर्मी रूल में हर दिन हत्या हो रही है, भारत देश इसको नजरअंदाज न करे। आज भी वहाँ के लोग अपनी जिन्दगी बसाने के लिए मणिपुर के बॉर्डर पर आकर बैठे हैं, मिजोरम के बॉर्डर पर आकर बैठे हैं। जब तक इंडो-म्यांमार बॉर्डर पर 1,643 किलोमीटर की फेंसिंग नहीं होगी, तब तक यह समस्या हमेशा बनी रहेगी।

महोदय, मैं एक पॉइंट कहना चाहूँगा कि म्यांमार में जो भी हो रहा है, वह चाइना की साजिश है। कराची से लेकर यांगून तक चाइना की एक बहुत बड़ी साजिश है। अभी भारत सरकार को तय करना है कि वह म्यांमार और इंडिया के बीच में फेंसिंग लगाना चालू करे। धन्यवाद।

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के गुना जिला मुख्यालय में गुना एरोड्रम स्थित है। वहाँ Sha-Shib Flying Academy स्थित है और वहाँ ट्रेनिंग प्रोग्राम दिया जाता रहा है। महोदय, गुना तथा वहाँ के आस-पास गेल इंडिया, एनएफएल जैसे भारत सरकार के कई पीएसयूज के कार्यालय स्थित हैं। पर्यटन की दृष्टि से भी मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुरी, गुना के साथ-साथ आस-पास के जिलों में अनेक रमणीक जगह हैं, जहां पर्यटक पर्यटन का आनंद उठा सकते हैं। वहीं जिला अशोक नगर में प्राचीन चंदेरी नगर स्थित है, जहां कि चंदेरी की साड़ी विश्वप्रसिद्ध है तथा मुंगावली के करीला धाम में मंदिर है जहाँ पर प्रभु श्री राम के पुत्र लव-कुश का जन्म हुआ था।

महोदय, करीला धाम में प्रत्येक वर्ष रंगपंचमी के मेले पर 15 से 20 लाख लोग शामिल होते हैं। महोदय, आपके माध्यम से माननीय सिविल एविएशन मंत्री जी से मेरा विनम्र अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गुना स्थित हवाई एरोड्रम का विस्तार करने के साथ-साथ यात्री उड़ान का भी परिचालन अगर शुरू किया जाएगा तो इस क्षेत्र मे देश-विदेश से पर्यटकों तथा क्षेत्र की जनता को यातायात में बहुत ही सुविधा मिल सकेगी। धन्यवाद।

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): सभापति महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में स्थित थावे जंक्शन को आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत लाने के लिए आकृष्ट कर रहा हूँ ताकि थावे जंक्शन को विकसित किया जा सके एवं यात्री सुविधाओं, स्टेशन भवन के अग्रभाग में सुधार, विश्रामालय, प्रतीक्षालय, महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय, निर्धारित पार्किंग, पे एंड यूज टॉयलेट्स, फुट ओवर ब्रिज और रेलवे वाशिंग पिट आदि शामिल हैं। आज देश में विकास के लिए 1253 स्टेशनों की पहचान की गयी हैं, जिनमें 1181 स्टेशनों को शामिल किया गया है।

महोदय, थावे जंक्शन को आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किया जाए, ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र के थावे जंक्शन से महानगरों के लिए सुपरफास्ट ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो सके। धन्यवाद।

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): महोदय, मैं अपनी बात कहने से पहले एक खास बात आपसे गुजारिश करना चाहूंगा। धीरे-धीरे समाज का सिस्टम हो, बाजार का सिस्टम हो, कहीं का भी सिस्टम हो, हम उसको धीरे-धीरे सुधारने की कोशिश करते हैं कि क्यू में आइये, लाइन से आइये। मैं आपसे गुजारिश करना चाहता हूं कि जितनी संख्या में … * It is your discretion … * …(*Interruptions*)

माननीय सभापति: यादव जी, आप अपना विषय रखिए।

श्री श्याम सिंह यादव: मैं आपसे विनम्रतापूर्वक गुजारिश करना चाहता हूं कि … *…(व्यवधान)

माननीय सभापति : यह चेयर का अधिकार होता है। आप अपना विषय रखिए।

(<u>व्यवधान</u>) … *

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …**

माननीय सभापति : क्या आपका कोई विषय है?

श्री श्याम सिंह यादव : मेरा विषय है। … * …(व्यवधान)

माननीय सभापति : यादव जी, आप अपना विषय रखिए, अन्यथा मैं दूसरा नाम बोलूंगा।

श्री श्याम सिंह यादव: मैं जनपद जौनपुर से आता हूं, जो जौनपुर सिटी से बदलापुर रेलवे लाइन गई है, वहां नौपेरवा के पास बेलापुर गांव में एक क्रॉसिंग बंद कर दी गई है और उसका ऑल्टरनेट इंतजाम नहीं किया गया। दोनों तरफ के बीसों गाँवो के लोग पाँच-पाँच किलोमीटर बाजार में घूम कर आते हैं। मैं पिछले दो साल से इस मामले को परस्यू कर रहा हूं और बार-बार बताया जाता है कि हमने लखनऊ से दिल्ली रिकमेंड कर दिया है, यहां से होता है वह सैंक्शन कर दिया। इसी में दो साल लग गए। हम अखबार में पढ़ते रहते हैं कि मोदी साहब के जमाने में विकास की गाड़ी बहुत तेज दौड़ी है। अगर विकास की गाड़ी इतनी ही रफ्तार से दौड़ती रहेगी, दो साल तक क्रॉसिंग, अंडर ब्रिज और ओवर ब्रिज बनने का पैसा भी सैंक्शन नहीं होगा, तो हमारी गाड़ी छूट जाएगी। मैं आपके माध्यम से यह दरख्वास्त करना चाहता हूं कि दिल्ली के रेल अधिकारियों को निर्देश देने का कष्ट करें कि जो बेलापार की रेलवे क्रॉसिंग

* Not recorded.

बनी है, उस पर अंडर ब्रिज या आरओबी जो भी सम्भव हो, उसको जल्द से जल्द एक टाइम बाउंड लिमिट के भीतर बनाए। आपसे यही मेरी गुजारिश है। धन्यवाद।

*__SHRI Y. DEVENDRAPPA (BELLARY):__ Hon'ble Chairman, Sir I thank you for allowing my to speak during zero hour.

Sir, Ballary is located in the border of Karnataka state so it is known as *Gadinadu*. The district is paying the highest amount of GST to the government.

Ballary district is reserved Lok Sabha constituency for STs. There is a need of establishing more number of Kendriya Vidyalas. I would also request the government to open atleast three Ekalavya Schools in my district as quality education is very much needed to my people.

I would also like to request that NH 62 which connects Gutti and Ankola, should be upgraded and a bridge needs to be constructed at Kampli to facilitate smooth transportation. The government also should establish a agriculture university to provide training and conduct research in agriculture field to improve overall development of the agriculture of the district of Ballari.

Ballary is famous for production of quality jeans in the country. So

I would like to make humble submission that the government should take steps to encourage the jeans garments industries further development of readymade clothing enterprises in my district.

* English translation of the speech originally delivered in Kannada.

With these few words I once again urge the government to do needful in this regard to help the our people.

Thank you.

SHRI MANNE SRINIVAS REDDY (MAHBUBNAGAR): Thank you very much hon. Chairman, Sir.

We wholeheartedly welcome the announcement about the proposed 348-kilometre Regional Ring Road with an estimated cost of about Rs. 15,980 crore for Hyderabad city in Telangana State which is intended to decongest traffic in the city. It will connect the national highways like NH-65, NH-161, NH-765, NH-44, NH-163 and State Highway-1, Hyderabad to Ramagundam.

Moreover, a number of industrial clusters, IT centres, logistic parts, pharma industries, recreational facilities among others are expected to get established in and around the project road which would provide a big boost to the economy of Telangana.

Our Telangana State Government had proposed to the Centre to take up 25 national highway projects as per an assurance given under the State Reorganisation Act. Out of 25 national highway projects, only 13 were cleared and the balance 12 highways projects are pending for want of NITI Aayog clearance. This may kindly be expedited.

There is a need for RoBs and RuBs at Kothur in our Mahbubnagar Parliamentary constituency including areas of Mudireddypally, Burgula, Vemula in Moosapeta Mandal, Kanimetta in Kothakota Mandal. These are our constituency problems.

With these few words, I would like to conclude. Thank you very much.

इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम): धन्यवाद सभापति महोदय। मैं सबसे पहले हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम आदरणीय मोदी जी और हमारे रेलवे मंत्री परम आदरणीय पीयूष गोयल जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मध्य प्रदेश में रेलवे का बजट दस गुना बढ़ाकर सात हजार करोड़ रुपये कर दिया है। यह हमारे लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेलवे मंत्री जी से दो छोटी-छोटी मांगे रखना चाहता हूं। एक, हमारा इंदौर-दाहोद रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा था जो किन्हीं कारणों से होल्ड पर रखा गया है। इस कार्य को पुन: शीघ्र चालू किया जाए। यह रेलवे प्रोजेक्ट शुरू होने से जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में रोजगार के अवसर खुलेंगे और विकास के द्वार भी खुलेंगे। दूसरा, हमारा रतलाम और मेघनगर रेलवे स्टेशन के बीच में अमरगढ़ रेलवे स्टेशन है। इसके चैन क्रमांक 69 पर एक रेलवे क्रॉसिंग थी, जिसका गेट बंद कर दिया गया है। अब यहां एक अंडर ब्रिज की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से यही दो मांगे माननीय मंत्री जी से करता हूं। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया उसके लिए आपका पुन: धन्यवाद।

डॉ. जयसिधेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र शोलापुर शहर के हैदराबाद रोड परिसर में कृषि उपज मंडी है। इस मंडी में महाराष्ट्र के अलावा कर्नाटक, बीजापुर, गुलबर्गा, हैदराबाद आदि इन शहरों से अनाज के लगभग पांच हजार ट्रक शोलापुर मार्केट में खरीदी-बिक्री के लिए प्रतिदिन आते हैं। परंतु शोलापुर शहर में फ्लाइओवर न होने के कारण इन ट्रकों को आवागमन में समस्याएं होती हैं, क्योंकि शोलापुर मंडी में आनेवाले ट्रकों को केवल दोपहर एक से चार बजे तक प्रवेश की अनुमति है और रात के नौ बजे से लेकर प्रात: छह बजे के बीच आवागमन करने की अनुमति है, जिसके कारण यह ट्रक निर्धारित समय को छोडकर बाकी वक्त के समय शहर के चारों और महामार्ग पर खड़े रहते है। इन ट्रकों को शहर से आवागमन करने के लिए आठ से नौ घण्टे तक रूकना पडता है। इस समस्या के कारण व्यापारी अपना अनाज शोलापुर मंडी में भेजने को टालते हुए अपना अनाज दूसरे शहरों की उपज मंडी में भेज रहे हैं। इस कारण शोलापुर कृषि उपज मंडी में अनाज की खरीदी-बिक्री पर विपरीत परिणाम हो रहा है। जिसके कारण शोलापुर के व्यापार में मंदी आ रही है। दिनभर शहर के चारों ओर ट्रक खडे रहने के कारण शहर के नागरिकों को आवागमन करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पडता है। इसलिये मैं माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि शोलापुर शहर के ओल्ड पुणे नाका से पत्रकार भवन और कृषि उपज मंडी से बीजापुर रोड बाइपास तक फ्लाइओवर बनाकर शोलापुर के व्यापाकार को बढ़ाने में और शहर में यातायात सुचारू रूप से होने के लिए सहायता करें।

SHRI RAMULU POTHUGANTI (NAGARKURNOOL): Thank you, Sir, for giving me this opportunity.

My Nagarkurnool Parliamentary Constituency is a very backward region, comprising of seven Assembly segments, spread over three districts namely, Nagarkurnool, Wanaparthy, and Gadwai. The people of my Constituency depend

upon agriculture. It is learnt that 40 Mega Food Parks (MFPs) are at various stages of implementation under the Mega Food Parks Scheme which is a component of Pradhan Mantri Kisan Sampada Yojana (PMKSY). Out of these, 18 MFPs have been operationalised till date.

I would, therefore, urge upon the Union Government and also the hon. Minister for Agriculture and Farmers Welfare to kindly consider my request for setting up of a Mega Food Park in my Nagarkurnool Parliamentary Constituency of Telangana State. It will be beneficial to the farmers to a great extent.

Thank you.

श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब): चेयरमैन सर, आज मैं यहां पर अपने क्षेत्र की बात या पंजाब की बात नहीं करूंगा, मैं देश की बात करूंगा। सर, कोरोना से हमने लड़ लिया। हमारे साइंटिस्ट्स ने उसकी दवाई बना ली। ठीक है कि उसकी थर्ड वेव आई है, मगर हम जल्दी काबू पा लेंगे, परंतु जितने लोग कोरोना से एक महीने में मरते हैं, उससे ज्यादा लोग आज हमारे देश में कैंसर से मर रहे हैं। आज उससे कहीं ज्यादा लोग डायबिटीज़ से मर रहे हैं। आज उससे कहीं ज्यादा लोग हाइपरटेंशन से मर रहे हैं। आज उससे कहीं ज्यादा लोग मेंटल हेल्थ की वजह से मर रहे हैं, जिसकी हमें ताज़ा मिसाल मिली है कि हमारे दो एमपी एक महीने के भीतर हमसे बिछड़ गए। वह भी मेंटल हेल्थ की एक ऐसी स्टेट रहती है।

सर, चाहे हम इधर बैठे हों, चाहे सामने बैठे हों, चाहे यहां हों, सभी लोग मुझसे सहमत होंगे और हम सबका दायित्व बनता है कि इसे प्रायोरिटी पर सरकार ले। सब कुछ छोड़ कर इन मसलों का हल करना जरूरी है। देश के लोगों को जागरुक करना जरूरी है। हमें हर हॉस्पिटल में इसके कैंप लगाने चाहिए। लोगों को जागरूक करना चाहिए, स्किल करना चाहिए और दवाई का इलाज करना चाहिए। धन्यवाद।

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र नबरंगपुर के चंदाहांडी ब्लॉक एक ड्राउट अफेक्टेड ब्लॉक है। वहां ओडिशा सरकार तेल इंटिग्रेटेड प्रोजेक्ट करना चाहती है, मगर सेन्ट्रल वॉटर कमीशन की क्लियरेंस नहीं मिलने के कारण वह शुरू नहीं हो पाया है।

महोदय, मेरा निवेदन है कि आप एक डायरेक्शन दीजिए, ताकि वह प्रोजेक्ट शुरू हो सके और सेन्ट्रल वॉटर कमीशन से क्लियरेंस दी जाए।

श्री संजय सेठ (राँची): महोदय, मैं झारखण्ड की राजधानी राँची की एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। राँची की आबादी अनुमानित तीस लाख के पार चली गई है। कुछ एक वर्षों में यह पचास लाख हो जाएगी। रोजाना राँची में लगभग पन्द्रह से बीस लाख लोग पूरे झारखण्ड से आते हैं। वहां समस्या बहुत गम्भीर है क्योंकि हमारे यहां फ्लाइओवर्स नहीं हैं, एलिवेटेड रोड्स नहीं हैं। इसलिए रोज जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इससे छात्र, महिलाएं सभी जूझते हैं। अब राँची के ट्रैफिक पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस वजह से वहां जाम की समस्या बिल्कुल आम हो चुकी है। आने वाले वर्षों में जब वहां की जनसंख्या पचास लाख के करीब होगी तो हम वहां कैसे रह पाएंगे**?** अब जरूरत इस बात की है कि वहां मेट्रो परियोजना प्रारम्भ की जाए। मेट्रो सेवा आरम्भ होने से निश्चित रूप से वहां बहुत सुविधा होगी। अब राँची झारखण्ड की राजधानी है। हम आपके माध्यम से यह प्रस्ताव दे रहे हैं कि पिस्का मोड़ से नगरी होते हुए ओरमांझी होते हुए टाटीसिलवे, नामकुम होते हुए एक लाइन स्टेशन और एयरपोर्ट तक हो और दूसरी लाइन हटिया, धुर्वा होते हुए एक मेट्रो रेल परियोजना चलाई जाए, ताकि आने वाले दिनों में जो औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्र है, शैक्षणिक संस्थाएं हैं, उन्हें सुविधा हो। हमारे यहां उद्योग, शैक्षणिक संस्थान बहुत है। अब नया राँची शहर बृहद हो रहा है।

महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि वहां जल्दी से जल्दी मेट्रो परियोजना आ जाए, ताकि हम जैसे पिछड़े लोगों को, जैसे कि हमारा जो ग्रोइंग स्टेट है, उसे आगे बढ़ाने में मदद मिले।

SHRI KARADI SANGANNA AMARAPPA (KOPPAL): Respected Chairman Sir, thank you for allowing me to speak on an urgent topic.

I would like to draw your kind attention to the establishment of Postal Divisional Office at Koppal as well as construction of own building to the post offices.

Sir, in the year, 1997-98, the Government of Karnataka declared seven new districts, including Koppal. Now all the newly declared districts, except Koppal, are having their own Postal Divisional Office and Sorting Office of the Postal Department. Due to this, the people of Koppal are facing a lot of problems as there is a long distance between Gadag and Koppal. Now Koppal is connected to the Gadag Divisional Office for all administration works. It is very difficult both to the public and also to the employees of the post office to get the service done from Gadag Divisional Office which is nearly at a distance of 100 kilometres.

There are 271 running post offices in my constituency. Out of these 271 post offices, only 10 post offices are having their own buildings and the remaining post offices are running in rented buildings. The Government can build its own buildings for these post offices to avoid running from rental buildings.

Sir, through you, I would like to make a request to the Ministry concerned for the establishment of a Postal Divisional Office at Koppal. Thank you very much.

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके प्रति आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया। वास्तव में यह आपकी सदाशयता है कि चाहे देर रात ही क्यों न हो, आप हमेशा सभी मेम्बर्स को समय देते हैं।

माननीय सभापति महोदय, सबसे पहले मैं देश के सम्माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि 'प्रसाद'

योजना के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र राजनंदगांव में माता बमलेश्वरी के स्थान को उन्होंने महत्व दिया। विगत दिनों अभी 2 तारीख को उन्होंने वर्चुअल रूप से भूमि पूजन एवं उद्घाटन किया।

महोदय, एक छोर में माता बमलेश्वरी हैं तो मैकाल श्रेणी की पर्वत श्रृंखला के दूसरे क्षेत्र में भोरमदेव हैं। दर्शनार्थियों, पर्यटकों के मनोरंजन व उनके घूमने-फिरने, देखने के लिए मैं यह कहूं कि यह एक बहुत ही ऐतिहासिक स्थल है।

वह पहाड़ों के बीच में स्थित है। उसके नजदीक में एक शानदार सरोवर है।

महोदय, मैं निवेदन करना चाहूँगा कि वहाँ की जो स्थिति है, वहाँ के शानदार सरोवर में आधुनिक तरीके से बोटिंग की व्यवस्था की जाए। बहुत बड़े भू-भाग पर जो गार्डेन बना हुआ है, वह देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुका है। उसी प्रकार से वहाँ जो पाथ-वे है, जो सड़क है, वह भी जर्जर हो चुका है। उस तालाब के पार में सौन्दर्यीकरण किया जाए। पाथ-वे निर्माण और जीर्णशीर्ण हो चुकी सड़क की भी मरम्मत की जाए। मंदिर का चहूमुखी विकास किस प्रकार से किया जा सकता है, उस पर भी ध्यान दिया जाए।

महोदय, मैं सम्मानीय मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि इसे भी 'प्रसाद' योजना के अंतर्गत शामिल किया जाए। वहाँ बहुत से कार्य हैं, जिनसे पर्यटकों को लाभ होगा।

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के जिला बलरामपुर में बजाज चीनी मिल हिटईमैदा में लगी है। इस मिल में किसानों के गन्ने की पिछले साल की बकाया धनराशि अभी तक उनको नहीं मिली है। इस साल वर्ष 2021 में मिल चालू होकर बंद हो गई है। वहाँ के किसानों द्वारा मुझे बताया गया कि इस साल के उनके गन्ने का भुगतान हो रहा है, लेकिन पिछले साल का भुगतान बाकी है। इसी तरीके से अगले साल का भुगतान उसके अगले साल और उस अगले साल का भुगतान उसके अगले साल यह चीनी मिल कर रही है।

सभापति महोदय, हमारे देश के जो किसान है, उनकी यह मंशा है कि वे कैसे आगे बढ़ेंगे। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से माँग करूँगा, उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान दिलाना चाहूँगा कि

किसानों के गन्ने की बकाया धनराशि का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ-साथ भुगतान में जो विलंब हुआ है, उसको भी ब्याज सहित जोड़कर किसानों को दिया जाए।

सभापति महोदय, एक चीनी मिल हमारे लोक सभा क्षेत्र बलरामपुर नगर में बनी हुई है। यह नगर से सटी हुई है। नगर में जो मेन रोड है, वहाँ हमेशा जाम लगा रहता है। बलरामपुर शहर में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। चीनी मिल की जो चिमनी है, उसकी राख और गंदा पानी उस शहर से निकलता है। कई घरों पर उसकी राख उड़ कर आ जाती है, जिससे जबरदस्त प्रदूषण फैलता है। इससे आम जन मानस में बीमारी बहुत ज्यादा फैलती है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि प्रदूषण की समस्या को देखते हुए मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहूँगा। मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से कहना चाहूँगा कि कम से कम उस चीनी मिल को वहाँ से हटाकर दूसरी जगह लगाया जाए।

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरा लोक सभा क्षेत्र छत्तीसगढ़-ओडिशा की सीमा से लगा हुआ है। वहाँ भारी मात्रा में नशीली पदार्थ, कच्ची शराब और गांजा की तस्करी निकटवर्ती गाँव में हो रही है। हालांकि छत्तीसगढ़ सरकार नशाबंदी की बात कहती है, लेकिन गाँव-गाँव, गली-मुहल्ले में ओडिशा से कच्चे शराब आकर बिक रही हैं। इससे हमारी युवा पीढ़ी नशे की हालत में आकर बर्बाद हो रही है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के महासमुन्द जिले के अरण, नरा, बुंदेली, गरबेड़ा में महिला समूह की बहनें नशाबंदी के लिए काम कर रही हैं। लेकिन, पुलिस प्रशासन के द्वारा उनको पर्याप्त सहयोग न करके उनके लोगों को झूठे मामलों में फँसाया जा रहा है। वे असहाय महसूस करती हैं। वहाँ पर काफी महिला समूह हैं।

मैं आपके माध्यम से आग्रह करता हूँ कि वहाँ महिला बहनें जो नशाबंदी के लिए काम कर रही हैं, छत्तीसगढ़ सरकार को आदेशित करें कि महिला टीम उनके सहयोग के लिए बनायी जाए। उनको महिला पुलिस सहयोग करे और छत्तीसगढ़ को नशे से मुक्ति दिलाई जाए।

श्री सोयम बापू राव (आदिलाबाद): सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर दिया। मेरा क्षेत्र आदिलाबाद जिला, तेलंगाना स्टेट में है। मेरे क्षेत्र में एक भैंसा शहर है। भैंसा शहर में हर साल हिंदू-मुस्लिम के बीच गड़बड़ होती है। उस गड़बड़ में हिंदू लोगों का घर जला देते हैं, उनको पत्थर से मारते हैं, चाकू से मारते हैं और तलवार से मारते हैं। वे हिंदू लोगों के ऊपर बहुत अन्याय कर रहे हैं। इसके बारे में हमने वहां की सरकार को बताया। भैंसा के जो हिंदू लोग हैं, उनको बचाने की कोशिश करने के लिए हमने वहां टीआरएस सरकार को बताया। वहां की सरकार ने, वहां की ... * पार्टी के जो ... * लोग हैं, उनके वोट बैंक के लिए, जो मुस्लिम मॉइनोरिटी लोग हिंदुओं के ऊपर हमला कर रहे हैं, उनके ऊपर केस नहीं लगाते हैं। केवल जिसका घर जलता है, जो मार खाता है, उन हिंदू लोगों के ऊपर केस बनाकर, वहां के हिंदू लोगों के साथ बहुत अन्याय कर रहे हैं।

मैं केंद्र सरकार से विनती करता हूं कि सीबीसीआईडी से इंक्वायरी करायें। जो माइनोरिटी के लोग हैं, वे हर बार भैंसा में हिंदू लोगों के ऊपर हमला कर रहे हैं। इसलिए उनके ऊपर कार्रवाई करके, उनके खिलाफ क्रिमिनल केस लगाकर उन्हें अंदर करने की मैं सरकार से विनती करता हूं।

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): सभापति महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद। बुंदेलखंड क्षेत्र के बारे में इतिहास जानता है कि बुंदेलखंड क्षेत्र के लोग बहुत परिश्रमी, बहुत वफादार और बात के बहुत धनी होते हैं। यह इतिहास में है और सब लोग यह जानते हैं। हमारे यहां हर गांव से लोग भारतीय सेना में हैं। हमारे यहां के श्रमिक, कितनी भी वहां पर आपदा आए, सूखा पड़े, कोई भी कठिनाई हो, कभी गलत काम की तरफ नहीं जाते, वे पूरे देश में बाहर जाकर परिश्रम करते हैं। कोरोना काल में बहुत संकट हुआ।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह है कि हमारे यहां सैनिकों, श्रमिकों और किसानों को रोजगार देने के लिए, वहां यमुना, बेतवा और केन नदी के किनारे काफी जगह उपलब्ध हैं। वहां पर एक औद्योगिक क्षेत्र डेवलप किया जाए, ताकि वहां पर लोगों को ढंग से कारोबार मिल सके। तिंदवारी, कुरारा, भरूआ, सुमेरपुर, जसपुरा में पर्याप्त मात्रा में जमीन है। वहां से गांव-गांव के लोग सेना में जाते हैं।

* Not recorded.

भारत सरकार और माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो 100 सैनिक स्कूल बनाने की बात की है, तो बांदा जनपद के तिंदवारी क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल बनवाया जाए, ताकि वहां से लोग सेना में जा सकें।

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। कोरोना पैनडेमिक के समय में एयर इंडिया के कर्मचारियों ने काम किया। सरकार वंदे भारत योजना लेकर आई, उसमें उन्होंने जो काम किया, खासकर एयर इंडिया, एयर ट्रांसपोर्ट सर्विस में जो कर्मचारी हैं, उन्होंने उसमें जो काम किया, उसकी जितनी सराहना करें, वह कम होगी। वे भी कोरोना योद्धा हैं। उनमें से कुछ कर्मचारियों की मृत्यु भी हुई।

आज वहां ऐसी स्थिति है कि मुंबई एयरपोर्ट पर करीबन 2-3 हजार कर्मचारी हैं। वे 10-12 वर्ष सर्विस कर चुके हैं। अब वहां जेट से कुछ अधिकारी लाए गए हैं। उनको एयर इंडिया ने आसरा दिया है। उनमें कुछ ड्यूटी मैनेजर बने, कोई एयरपोर्ट पर मैनेजर बने, ऐसे अनेक पदों पर जेट से लोग आए हुए हैं। वे लोग हमारे पुराने कर्मचारियों को बहुत अवमानित कर रहे हैं, अपमानित कर रहे हैं। 10-12 वर्ष की सर्विस होने के बाद भी उनका कांट्रैक्ट रीन्यू नहीं हो रहा है, जबकि नये बच्चों का कांट्रैक्ट रीन्यू किया जाता है।

मैं आपसे विनती करना चाहता हूं कि उनको न तो समय पर तनख्वाह मिलती है, न पदोन्नति मिलती है और 10-12 वर्ष के बाद भी न वेतन में कोई वृद्धि होती है। इसके 80-90 प्रतिशत कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। अभी वहां भर्ती हो सकती है। मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं कि ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ के सारे अधिकारीगण, माननीय सिविल एविएशन मिनिस्टर से कहें कि वे इनकी वेदना की तरफ ध्यान दें। जो पुरानी एयर इंडिया के कर्मचारी हैं, उनका कांट्रैक्ट तुरंत रीन्यू करे और उनको काम पर ले ले। मेरी यही प्रार्थना है। आपने मुझे समय दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): सभापति महोदय, मैं अपने लोक सभा आगरा का एक बहुत ही ज्वलंत समस्या के बारे में शून्य पहर में बात कर रहा हूं। आज संयोग है कि आज माननीय पर्यावरण मंत्री जावड़ेकर जी सदन में मौजूद हैं। ताजमहल को प्रदूषण से संरक्षित करने के लिए कुछ याचिकाएं भी

दायर हुई। उस याचिका पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने टीटीजेड इलाका घोषित किया, जिसे ताज ट्रेपेजियम जोन कहते हैं।

उसी दिन से आगरा के औद्योगिक विकास के बुरे दिन प्रारंभ हो गए। माननीय उच्चतम न्यायालय ने काफी छूट दी है और केन्द्र सरकार ने काफी पैरवी की है। मैं यही अनुरोध करना चाहता हूं कि उद्योगों की कैटेगरी नहीं होनी चाहिए कि इस कैटेगरी में ये उद्योग, इस कैटेगरी में ये उद्योग । हमारा कहना है कि कोई भी उद्योग जो प्रदूषण करे, पोल्यूशन रहित कोई उद्योग नहीं है। यह नहीं होना चाहिए। यह ज्यादा प्रदूषण फैलाता है या यह कम प्रदूषण फैलाता है, बल्कि नियम यह होना चाहिए कि जीरो प्रदूषण के साथ कोई उद्योग चले। उनसे बांड भरा लिया जाए कि आप किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं करेंगे, कैटेगरी समाप्त होनी चाहिए।

जब तक ये बाधाएं ठीक नहीं हो रही हैं, जीरो प्रदूषण वाली आगरा के लिए एक आईटी हब स्थापित हो, गारमेंट्स उद्योग भी लगे।

मैं कहना चाहूंगा कि वहां हॉलीवुड की शूटिंग होती है। जब से दादा साहेब फाल्के जी ने सिनेमा शुरू किया तब से उसकी शूटिंग आगरा में होती है, क्योंकि ताजमहल कई सौ साल पुराना है। वहां लाल किला है, यमुना का किनारा है, मथुरा है और चम्बल सफारी है। हॉलीवुड और वॉलीवुड फिल्मों की भी शूटिंग होती है, रीजनल फिल्मों की भी शूटिंग होती है। पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश सरकार ने फिल्म सिटी के लिए हजारों एकड़ जमीन आरक्षित कर रखी है। जिन सज्जन को जमीन दी गई थी, उन्होंने जीरो वर्क किया है, उन्होंने कुछ नहीं किया है।

मेरा आपसे अनुरोध है कि फिल्म सिटी आगरा में बनाई जाए। इस समय भी जब मैं बोल रहा हूं, वहां अभिषेक बच्चन की फिल्म की शूटिंग चल रही है।

[*]**SHRI UNMESH BHAIYYASAHEB PATIL (JALGAON):** Hon. Chairman Sir, thank you I would like to speak in Marathi. During Atal Bihari Vajpayee regime,

[*] English translation of the speech originally delivered in Marathi .

Maharashtra's Shri Ram Naikji was Petroleum Minister in 2003 and a policy regarding bio-fuel ethanol blending was formulated that time. Today, Hon. Prime Minister Shri Narendra Modi ji now putting thrust on it. He has brought National Bio-fuel Policy for its promotion and I would like to congratulate him. But, for implementing this policy in my State Maharashtra, we need to amend certain things like Survey of India licensing and other permissions or procedures as these are playing major hurdles in 20% ethanol blending. Farmers and entrepreneurs are also not getting the benefits of the policy and thus they are unable to increase their income through bio-fuel and sugar industry.

It is Prime Minister's dream scheme, but due to lack of co-ordination between the State and Central Government, the goal cannot be achieved.

Hence, I would like to request the Central Government to take necessary action in this regard.

Thank you.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अधिष्ठाता महोदय, जैसा संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा कि इस सत्र के आज के कार्यदिवस में अंतिम वक्ता के रूप में अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं के समाधन के लिए आपके द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट करा सकूं, इसका आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका हृदय से अनुग्रहित हूं। निश्चित रूप से आज वैश्विक चुनौतियों या आपदा को अवसर में बदलने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। इसके लिए केवल सदन नहीं बल्कि पूरा विश्व या वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन या दुनिया का कोई भी फलक या मंच हो। आज देश का सम्मान भारत के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बढ़ा है।

अगर आपदा नहीं आती, वैश्विक चुनौती नहीं आती, निश्चित तौर से शायद भारत के प्रधानमंत्री जी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने जो की बात कही, वह केवल इन्हीं परिस्थितियों में कही, जब उन्हें लगा कि वायरस वुहान की लेबोरेटरी या मार्केट से आया है। हम पीपी कीट के लिए भी चीन पर निर्भर थे।

हम एनके-95 मास्क तथा वेंटिलेटर नहीं बना पाते थे, लेकिन आज हम आत्मनिर्भर हो गए हैं। हमारी सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना चाहती है। यहां वरिष्ठ मंत्री बैठे हैं, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमें क्षेत्रीय असंतुलन दूर करना है। नीति आयोग से 152 जनपदों को माननीय प्रधान मंत्री जी ने चिह्नित कराया जो इंडेक्स पर दूसरे जनपदों की तुलना में उस पैरामीटर में पीछे थे। उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती जनपद हैं। पहले जहां बिजली चार घंटे नहीं मिलती थी, आज सौभाग्य से उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में चौबीस घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। कानून व्यवस्था जीरो टॉलरेंस है, यानी यहां आज बहुत अच्छी कानून व्यवस्था है।

मैं स्पेशल इकोनॉमिक जोन की मांग करता हूं। जब हम औद्योगिक दृष्टिकोण की बात कर रहे हैं। यहां चार आकांक्षा जनपद हैं। यहां जमीन की उपलब्धता है, कानून व्यवस्था भी ठीक है और बिजली की भी आपूर्ति है, ये आवश्यकताएं किसी भी एक औद्योगिक संकुल के लिए जरूरी होती हैं। जहां तक इसे विशेष आर्थिक क्षेत्र बनाने की बात है, मैं समझता हूं कि यह समीचीन है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश में काशी से लेकर चाहे कालीन का उद्योग हो, चाहे वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट हो, उत्तर प्रदेश सरकार ने हर जनपद को देखा है। इसे गतिशील ढंग से तेजी देनी चाहिए।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि चार आकांक्षा जनपदों में सिद्धार्थ नगर में स्पेशल इकोनॉमिक जोन की स्थापना की जाए।

LIST OF MEMBERS WHO ASSOCIATED THEMSELVES WITH THE ISSUES RAISED UNDER MATTERS OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

सदस्य, जिनके द्वारा अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय उठाये गये।	सदस्य, जिन्होंने उठाए गए विषयों के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया।
Shri Malook Nagar	Shri Girish Chandra Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Mohammed Faizal P.P.	Shri Malook Nagar Shri Ritesh Pandey Shri Kuldeep Rai Sharma Shri Bhartruhari Mahtab Shri Girish Chandra
Shrimati Raksha Nikhil Khadse	Shri Malook Nagar Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shrimati Sangeeta Kumari Singh Deo Dr. Bharati Pravin Pawar	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Dr. Heena Vijaykumar Gavit	Kunwar Pushpendra Singh Chandel

	Shri Kuldeep Rai Sharma
Sushri Sunita Duggal	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shrimati Rekha Verma	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shrimati Preneet Kaur	Shri B. Manickam Tagore Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Kirti Vardhan Singh	Kunwar Pushpendra Singh Chandel
Shri Ashok Mahadeorao Nete	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Manoj Kotak Shri Sunil Baburao Mendhe	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Rajvir Diler	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shrimati Hemamalini	Kunwar Pushpendra Singh Chandel

	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shrimati Meenakashi Lekhi	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Kuldeep Rai Sharma	Shri Malook Nagar Shri Ritesh Pandey
Shri Mukesh Rajput	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Malook Nagar Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Sunil Kumar	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Malook Nagar Shri Girish Chandra
Shri Subhash Chandra Baheria	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Devaji Patel
Shri R.K. Singh Patel	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Malook Nagar
Shri Anubhav Mohanty	Kunwar Pushpendra Singh Chandel

	Dr. Satya Pal Singh Shri Devaji Patel Shri Ramcharan Bohra Shri Malook Nagar Shri Kuldeep Rai Sharma
Kunwar Danish Ali	Shri Malook Nagar Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Prince Raj	Shri Malook Nagar Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Nihal Chand Chouhan	Shri Ramcharan ajay Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Devaji Patel Shri Ramcharan Bohra	Kunwar Pushpendra Singh Chandel
Shri Ganesh Singh	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Girish Chandra	Shri Malook Nagar

	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Ram Kripal Yadav	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Sushil Kumar Singh Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Bhartruhari Mahtab	Shri Malook Nagar Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Chandra Sekhar Sahu Shri Soyam Bapu Rao	Kunwar Pushpendra Singh Chandel
Prof. S.P. Singh Baghel	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Arvind Sawant	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Krishnapalsingh Yadav Shri Ritesh Pandey	Kunwar Pushpendra Singh Chandel
Dr. Jai Sidheshwar Shivacharya Swamiji	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Er. Guman Singh Damor	Kunwar Pushpendra Singh Chandel

	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Sanjay Seth	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Jasbir Singh Gill	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Dr. DNV. Senthilkumar S. Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Tapir Gao	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma Dr. DNV. Senthilkumar S.
Shri k Baburao Mendhe Dr. Satya Pal Singh Shri Gurjeet Singh Aujla	Shri Kuldeep Rai Sharma Kunwar Pushpendra Singh Chandel
Shri Dinesh Chandra Yadav	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Basanta Kumar Panda Dr. Amar Singh	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Arun Sao Shri Bhagwant Mann Shri Chandra Sekhar Sahu Shri Vijay Baghel	Shri Kuldeep Rai Sharma

Shri Sangam Lal Gupta Dr. DNV. Senthilkumar S. Shri Hanuman Beniwal	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Balak Nath	Shri Kuldeep Rai Sharma Kunwar Pushpendra Singh Chandel
Shrimati Himadri Singh Shri Raghu Rama Krishna Raju Dr. Umesh G Jadav Shri Ritesh Pandey	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Vijay Baghel	Kunwar Pushpendra Singh Chandel
Shri Rajkumar Chahar	Kunwar Pushpendra Singh Chandel
Shri Ajay Misra Teni	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Adv. Ajay Bhatt	Kunwar Pushpendra Singh Chandel Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Shankar Lalwani	Kunwar Pushpendra Singh

	Chandel
Shrimati Sumalatha Ambareesh Shrimati Jyotsna Charandas Mahant	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Gopal Jee Thakur Shri Bidyut Baran Mahato	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shrimati Sarmistha Sethi	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Chandeshwar Prasad Shri Krishnapalsingh Yadav Dr. Alok Kumar Suman Shri Shyam Singh Yadav	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Mohammad Sadique	Shri Kuldeep Rai Sharma Dr. DNV. Senthilkumar S.
Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu	Dr. DNV. Senthilkumar S.
Shri Jagdambika Pal	Shri Kuldeep Rai Sharma
Shri Ramesh Chandra Majhi Shri Santosh Pandey Shri Ramshiromani Verma Shri Chandra Sekhar Sahu Kunwar Pushpendra Singh Chandel	Shri Kuldeep Rai Sharma

Shri Manne Srinivas Reddy Shri Ramulu Pothuganti	Shri Kuldeep Rai Sharma

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक 18 मार्च, 2021 को प्रात: 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

20.42 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, March 18, 2021/ Phalguna 27, 1942(Saka).

———————